सूर्योदय : 5:26
सूर्यास्त : 6:40
अधिकतम तापमान : 39.0
न्यूनतम : 24.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-332 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 14 मई 2024
05 ज़िक़ादा, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# मुंबई में आंधी-तूफान के साथ बारिश बनी आफत, आठ मरे

**मौसम की मार**

- 59 लोग घायल, उड़ान सेवा भी प्रभावित
- 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाएं



**मुंबई।** मुंबई में सोमवार 13 मई को दोपहर 3 बजे अचानक मौसम ने करवट ली। धूल भरी आंधी के बाद बारिश भी शुरू हो गई। तेज हवा और आंधी से दिन में ही रात सा नजारा दिखने लगा। अंधेरा छा गया। इसके चलते घाटकोपर के पेट्रोल पंप पर बिलबोर्ड गिरने से 8 लोगों की मौत हो गई और 59 लोग जख्मी हो गए। एनडीआरएफ के मुताबिक, बिलबोर्ड गिरने से फंसे 67 लोगों का रेस्क्यू किया गया। वहीं, मौसम में आए बदलाव का मुंबई एयरपोर्ट के ऑपरेशन पर असर पड़ा। कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को डायवर्ट किया गया, जबकि कुछ का समय बदल गया। मेट्रो, लोकल रेल सर्विस भी प्रभावित हुई। हालांकि, दो घंटे बाद फिर से सेवाएं शुरू हो गईं। मुंबई के घाटकोपर, बांद्रा, कुर्ला, धारावी, दादर,माहिम, मुलुंड और विक्रोली में तेज हवा के साथ बारिश हुई। इनके अलावा, मुंबई के उपनगर ठाणे, अंबरनाथ, बदलापुर, कल्याण और उल्हासनगर में भी धूल भरी आंधी चली। यहां 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। अगले दो दिन ऐसा ही मौसम रह सकता है। पालघर और ठाणे जिलों में अलग-अलग स्थानों पर 50-60 किमी/घंटा की रफ्तार से हवा चल सकती है। कुछ जगहों पर तेज हवाओं के साथ बिजली गिर सकती है। तेज आंधी की वजह से वडाला में अंडर-कंस्ट्रक्शन मेटल पार्किंग टावर गिर गया। इसकी चपेट में कई वाहन आ गए।

## चौथे चरण में मोदी सरकार के छह मंत्रियों की किस्मत ईवीएम में कैद

# 96 सीटों पर 63 प्रतिशत वोटिंग

- बंगाल में हुई बंपर वोटिंग, जम्मू-कश्मीर में सबसे कम
- उत्तर प्रदेश में 56.35 प्रतिशत मतदान हुआ

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 96 निर्वाचन क्षेत्रों में वोटिंग खत्म हो चुकी है। सोमवार शाम 5 बजे तक 62 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। मतदान के साथ ही कुल 1717 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई।

पश्चिम बंगाल में 75.66 प्रतिशत के साथ सबसे अधिक मतदान दर्ज किया गया, इसके बाद मध्य प्रदेश में 68.01 प्रतिशत मतदान हुआ। जम्मू-कश्मीर और महाराष्ट्र क्रमशः 35.75 प्रतिशत और 52.49 प्रतिशत मतदान के साथ फिसड्डी रहे। अन्य राज्यों में, आंध्र प्रदेश में 68.04 प्रतिशत, बिहार में 54.14 प्रतिशत,



झारखंड में 63.14 प्रतिशत, ओडिशा में 62.96 प्रतिशत, तेलंगाना में 61.16 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में 56.35 प्रतिशत मतदान हुआ। पश्चिम बंगाल के बोलपुर (सुरक्षित) लोकसभा सीट पर सबसे अधिक 77.77 प्रतिशत और उसके बाद राणाघाट (सुरक्षित) पर 77.46 प्रतिशत मतदान हुआ। बर्धमान-पूर्व में 77.36 प्रतिशत, कृष्णानगर में 77.29 प्रतिशत, बीरभूम (एससी) में 75.45 प्रतिशत बहरामपुर में 75.36 प्रतिशत, बर्धमान-दुर्गापुर में 75.02 प्रतिशत और आसनसोल में 69.43 प्रतिशत मतदान हुआ। सिंहभूम सीट पर सबसे अधिक 66.11 प्रतिशत, खूंटी सीट पर 65.82 प्रतिशत, लोहरदगा सीट पर 62.60 प्रतिशत और पलामू सीट पर 59.99 प्रतिशत मतदान हुआ। मध्य प्रदेश के देवास में 71.53 प्रतिशत, धार में 67.55 प्रतिशत, इंदौर में

| | 2019 | 2024 |
|---|---|---|
| चरण 1 | 69.96 | 66.14 |
| चरण 2 | 70.09 | 66.71 |
| चरण 3 | 66.89 | 65.68 |
| चरण 4 | 69.12 | 63.89* |

56.53 प्रतिशत, खंडवा में 68.21 प्रतिशत, खरगोन में 70.80 प्रतिशत, मंदसौर में 71.76 प्रतिशत, रतलाम में 70.61 प्रतिशत और उज्जैन में 70.44 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग के अनुसार उत्तर प्रदेश में शाम पांच बजे तक अकबरपुर में 55.22 प्रतिशत, इटावा में 54.35, उन्नाव में 53.97, कन्नौज में 59.05, कानपुर में 50.91, खीरी में 62.75, धौरहरा में 62.72, फर्रुखाबाद में 56.93, बहराइच में 55.97, मिश्रिख 54.37, शाहजहांपुर में 51.52, सीतापुर में 60.90 और हरदोई में 55.73 फीसद मतदान हुआ।

**वाराणसी में पीएम मोदी का रोड शो**

# भगवामय रही काशी

## काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे पीएम मोदी, मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से की पूजा

- हमार काशी-हमार मोदी के लगे नारे
- उमड़ा समर्थकों का हुजूम
- पुष्पवर्षा से हुआ भव्य स्वागत



**वाराणसी।** जय श्री राम... जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे... हमार काशी-हमार मोदी के लगे नारे के गगनभेदी उद्घोष के बीच सोमवार की शाम बीएचयू परिसर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लंका स्थित मालवीय चौराहा पहुंचे तो माहौल भगवामय हो उठा। महामना पंडित मदनमोहन मालवीय की प्रतिमा का माल्यार्पण कर प्रधानमंत्री ने चौतरफा उमड़े जनसमूह का हाथ जोड़ कर अभिवादन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ रोड शो की शुरुआत की। प्रधानमंत्री के रोड शो के मद्देनजर सुबह से ही लंका-गोदौलिया मार्ग पर उत्सव सरीखा माहौल था। चिलचिलाती धूप भी भाजपा समर्थकों के उत्साह के आगे आड़े नहीं आ रही थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो में पूरी काशी भगवामय रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं केसरिया रंग का कुर्ता पहने रहे तो उनके बगल में योगी आदित्यनाथ भगवा कपड़े में दिखे। केसरिया वाहन पर दोनों नेता सवार रहे तो पीले गेंदे की माला इसमें चार चांद लगा रही थी।

**काशी विश्वनाथ मंदिर में किया दर्शन-पूजन**

प्रधानमंत्री का रोड शो काशी विश्वनाथ धाम पहुंचकर समाप्त हुआ। यहां सोमवार को काशी विश्वनाथ मंदिर में उन्होंने पूजन-अर्चन कर बाबा का आशीर्वाद लिया। पूजन के उपरांत प्रधानमंत्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री को नंदी की प्रतिमा भेंट की। इस अवसर पर भी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी मौजूद रहे।

पूरे रास्ते जहां महिलाएं भगवा रंग में रहीं तो केसरिया साफा, टोपी और केसरिया गमछा डाले लोग भी काशी की सड़कों पर दिखा। जहां तक नजर गई, सड़कें भगवा और भाजपा के झंडे से सजी दिखीं। भगवा गुब्बारा और भगवा कपड़ों से रास्ते अलग ही अनुभूति का आनंद करा रहे थे। मोदी भी गले में गमछा डाल काशी की स्टाइल में दिखे। रास्ते भर की गई भव्य सजावट यह अहसास करा रही थी कि काशीवासी तीसरी बार लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन करने आए प्रधानमंत्री को लेकर खासे आतुर हैं। प्रधानमंत्री का रोड शो लंका से बढ़ा तो उन पर जगह-जगह पुष्पवर्षा करने के साथ ही भीड़ में शामिल लोग हर-हर महादेव का उद्घोष कर रहे थे।

# सीबीएसई बोर्ड 10वीं में 93.60 प्रतिशत 12वीं में 87.98 प्रतिशत बच्चे पास

**सफलता**

- 10वीं में त्रिवेंद्रम 99.75 प्रतिशत व 12वीं की तुषारिका जगवानी ने 95.8 प्रतिशत अंक हासिल कर लहराया परचम
- चेन्नई 99.30 प्रतिशत रिजल्ट के साथ तीसरे नंबर पर रहा



**नई दिल्ली।** सीबीएसई बोर्ड ने बहुप्रतीक्षित कक्षा 10वीं और 12वीं के नतीजे घोषित कर दिए हैं। इस बार कक्षा 12वीं में 87.98 प्रतिशत बच्चे पास हुए हैं। 10वीं की परीक्षा में 94.75 प्रतिशत लड़कियां पास हुई हैं। जबकि लड़के 92.71 प्रतिशत पास हुए हैं. लड़कियों का रिजल्ट लड़कों से 2.04 प्रतिशत बेहतर रहा है। वहीं, ट्रांसजेंडर का रिजल्ट 91.30 प्रतिशत रहा है। सीबीएसई बोर्ड 12वीं की परीक्षा में 91.52 प्रतिशत लड़कियां पास हुई हैं. जबकि लड़कों का रिजल्ट 85.12 प्रतिशत रहा है। इस साल 12वीं में लड़कों के मुकाबले लड़कियां 6.40 प्रतिशत अधिक पास हुई हैं। सीबीएसई 10वीं और 12वीं दोनों कक्षाओं में त्रिवेंद्रम (तिरुअनंतपुरम) का रिजल्ट सबसे अच्छा रहा है। 10वीं में त्रिवेंद्रम का रिजल्ट 99.75 प्रतिशत बच्चे पास हुए हैं. विजयवाड़ा 99.60 प्रतिशत के साथ दूसरे नंबर पर है. वहीं, चेन्नई 99.30 प्रतिशत रिजल्ट के साथ तीसरे नंबर पर है। सीबीएसई बोर्ड 12वीं में भी त्रिवेंद्रम नंबर-1 है यहां 99.91 प्रतिशत बच्चे पास हुए हैं। जबकि दिल्ली ईस्ट का रिजल्ट 94.51 फीसदी रहा है। सीबीएसई बोर्ड ने इस साल 10वीं और 12वीं के टॉपर्स की लिस्ट जारी नहीं की है. बोर्ड ने इसका ऐलान पहले ही कर दिया था. टॉपर्स की लिस्ट जारी न करने का मकसद बच्चों को अनहेल्दी कॉम्पिटिशन से बचाना है।

# अपहरण मामले में गिरफ्तार एचडी रेवन्ना को जमानत

- देश छोड़ने की अनुमति नहीं होगी
- रेवन्ना को कई शर्तों के साथ मिली राहत



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मंत्री और जदएस विधायक एचडी रेवन्ना को विशेष अदालत ने सोमवार को जमानत दे दी। एसआईटी ने उनको चार मई को एक महिला के अपहरण के मामले में गिरफ्तार किया था। विशेष अदालत के न्यायाधीश संतोष गजानन भट्ट ने मामले की सुनवाई की और रेवन्ना को सशर्त जमानत दे दी। जमानत देते समय अदालत ने रेवन्ना पर कई शर्तें लगाईं। इसके अनुसार रेवन्ना को पांच लाख रुपये का बांड भरने पर जमानत दी जाएगी। उन्हें देश छोड़ने की अनुमति नहीं होगी और वह पीड़ित या मामले के अन्य संबंधित पक्षों को प्रभावित करने की कोशिश नहीं करेंगे। मंगलवार को उनके जेल से रिहा होने की संभावना है। यह मामला महिला के बेटे की शिकायत के बाद दर्ज किया गया था, जिसने आरोप लगाया था कि रेवन्ना के बेटे प्रज्वल ने उसकी मां का यौन शोषण किया था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रज्वल के खिलाफ गवाही देने से रोकने के लिए महिला का कथित तौर पर अपहरण किया गया था। रेवन्ना की तीन दिन की पुलिस हिरासत आठ मई को समाप्त हो गई थी। इसके बाद उन्हें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया गया, जिसने उन्हें 14 मई तक सात दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

# राहुल को हिंदुओं से डर लगता है: योगी

## राहुल वोट मांगते हैं रायबरेली से और समर्थन मिलता है पाकिस्तान से

**प्रचार**

- कांग्रेस का न्याय पत्र भारत के प्रति साजिश का दस्तावेज
- दादी ने गरीबी हटाओ का नारा दिया था, आज तक पोता वही रट रहा है



**रायबरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को रायबरेली के सरेनी पहुंचे। यहां उन्होंने जनसभा कर प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह को लोकसभा चुनाव में कमल के फूल पर बटन दबाकर विजयश्री दिलाने की अपील की। उन्होंने आह्वान किया कि अबकी बार-400 पार में रायबरेली भी रहेगा, क्योंकि यह अवध केसरी और अयोध्या की पावन धरा का क्षेत्र है। सीएम ने कहा कि पुलवामा में भारत के जवान शहीद हुए थे। पाकिस्तान का मंत्री उस घटना का समर्थन कर रहा था। वह मंत्री आज रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में बयानबाजी करता है। आखिर राहुल गांधी के पाकिस्तान से क्या संबंध हैं। वे रहेंगे हिंदुस्तान में, वोट मांगेंगे रायबरेली से और समर्थन मिल रहा है पाकिस्तान से। सीएम ने विश्वास जताया कि जिसका समर्थन पाकिस्तान कर रहा है, रायबरेली उसका समर्थन नहीं करेगी। मुख्यमंत्री योगी ने रायबरेली के बालेश्वर मंदिर में दर्शन-पूजन का भगवान शिव का आशीर्वाद भी लिया। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने जो न्याय पत्र जारी किया है, वह भारत के प्रति अन्याय पत्र है। यह भारत के प्रति साजिश का दस्तावेज है। इसमें कांग्रेस गरीबी हटाने की बात कह रही है। दादी ने गरीबी हटाओ का नारा दिया था, आज तक पोता वही रट रहा है। वे बता रहे कि गरीबी हटाने के लिए संपत्ति का एक्सरे कराकर विरासत टैक्स लगाएंगे। आपके पूर्वजों की संपत्ति पर कांग्रेस की नजर है। सीएम ने कहा कि कांग्रेस व सपा का गठबंधन देश के लिए खतरनाक है। दो युवाओं की जोड़ी धोखेबाज है। यह कह रहे हैं कि जीतेंगे तो मिलकर लूटेंगे और हारेंगे तो फिर छूटेंगे। यह लोग देश-प्रदेश के साथ अन्याय करने आ रहे हैं। राहुल गांधी उप्र के बाहर प्रदेश और भारत के बाहर देश की निंदा करते हैं। 2010 में यूपीए सरकार के समय अमेरिका के अधिकारी से कहा था कि भारत के अंदर आईएसआई, मुस्लिम कट्टरपंथियों, आतंकियों से नहीं, हिंदुओं से डर है। हिंदुओं को बदनाम करने वाले राहुल हिंदुओं से वोट मांगते हैं। यह जाति के नाम पर लड़ाएंगे, फिर आरक्षण को मुसलमानों में बंटरबांट करेंगे।

# सुशील कुमार मोदी का निधन

**अलविदा**

- सात महीने से कैंसर से जूझ रहे थे
- 72 की उम्र में दिल्ली के एम्स में ली अंतिम सांस



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी का निधन हो गया। वे कैंसर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। उन्होंने 72 साल की उम्र में दिल्ली के एम्स में अंतिम सांस ली। इससे पहले बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी ने पिछले महीने ही राजनीति से संन्यास लिया था। लोकसभा चुनाव के बीच उन्होंने यह एलान किया था। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा था कि पिछले छह माह से कैंसर से संघर्ष कर रहा हूं। अब लगा कि लोगों को बताने का समय आ गया है। लोकसभा चुनाव में कुछ कर नहीं पाऊंगा। प्रधानमंत्री को सब कुछ बता दिया है। देश, बिहार और पार्टी का सदा आभार और सदैव समर्पित। सुशील मोदी, नीतीश कुमार और लालू प्रसाद जेपी आंदोलन के बाद उभरे। यह तीनों नेता जेपी आंदोलन की उपज माने जाते हैं। सुशील मोदी शुरुआत से ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से जुड़े रहे। 1971 में सुशील मोदी ने छात्र राजनीति की शुरुआत की। इसके बाद युवा नेता के रूप में पहचान बनाई। साल 1990 में सुशील ने विधानसभा चुनाव लड़ा और जीतकर विधायक बने। इसके बाद बिहार की राजनीति में उनका कद बढ़ता ही चला गया।

# भारत-ईरान के बीच साइन हुआ चाबहार पोर्ट समझौता

**परिचालन**

- ईरान के चाबहार पोर्ट को भारत ने लीज पर लिया
- साउथ एशिया से सेंट्रल एशिया के बीच खुल गया ट्रेड का नया रुट



**नई दिल्ली।** भारत और ईरान ने चाबहार में स्थित शाहिद बेहश्ती बंदरगाह के टर्मिनल के परिचालन के लिए सोमवार को एक दीर्घकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

भारत और ईरान के बीच चाबहार के शाहिद बेहिश्ती बंदरगाह के सामान्य कार्गो और कंटेनर टर्मिनलों के उपकरण और संचालन के लिए अनुबंध के हस्ताक्षर समारोह में ईरान के सड़क और शहरी विकास मंत्री सोनोवाल और मेहरदाद बजरपाश उपस्थित रहे। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में 23 मई, 2016 को शुरू हुआ महत्वपूर्ण समझौता आज एक दीर्घकालिक अनुबंध में परिणत हो रहा है, जो भारत और भारत के बीच स्थायी विश्वास और निर्भर साझेदारी का प्रतीक है। आज हमने शाहिद-बेहिश्ती पोर्ट टर्मिनल के संचालन के लिए दीर्घकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर होते देखा। आईपीजीएल बंदरगाह को सुसज्जित करने में लगभग 120 मिलियन अमरीकी डालर का निवेश करेगा। भारत ने चाबहार से संबंधित बुनियादी ढांचे में सुधार लाने के उद्देश्य से पारस्परिक रूप से पहचानी गई परियोजनाओं के लिए 250 मिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर आईएन क्रेडिट विंडो की भी पेशकश की है।

**इतिहास** — सरकार बनी तो हर महिला के खाते में प्रतिमाह 8500 रुपया भेजेंगे

# रायबरेली मेरी दो माताओं की कर्मभूमि है: राहुल

**प्रत्याशी**

- अडानी और अंबानी की सरकार बनाने जा रहे हैं मोदी
- भाजपा-आरएसएस संविधान की किताब फाड़ डालेंगे



**रायबरेली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी रायबरेली में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। सोमवार को उन्होंने जिले के महाराजगंज में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मेरी दो माताएं हैं। एक सोनिया गांधी और दूसरी इंदिरा गांधी जिन्होंने मेरी रक्षा की है। मुझे सिखाया है। रायबरेली मेरी दोनों माताओं की कर्मभूमि है। इसलिए मैं यहां से चुनाव लड़ने आया हूं। राहुल ने कहा कि रायबरेली से हमारे परिवार का रिश्ता 100 साल पुराना है। यह चुनाव इतिहास का पहला चुनाव है जिसमें संविधान की रक्षा की लड़ाई कांग्रेस लड़ रही है। भाजपा और आरएसएस संविधान की किताब फाड़ डालेंगे और गरीबों के सारे रास्ते बंद हो जाएंगे। प्रधानमंत्री और भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि यह अडानी और अंबानी की सरकार बनाने जा रहे हैं। इन दो लोगों के लिए ही संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है। राहुल ने कहा कि रायबरेली से हमारे परिवार का रिश्ता 100 साल पुराना है। यह चुनाव इतिहास का पहला चुनाव है जिसमें संविधान की रक्षा की लड़ाई कांग्रेस लड़ रही है। भाजपा और आरएसएस संविधान की किताब फाड़ डालेंगे और गरीबों के सारे रास्ते बंद हो जाएंगे। प्रधानमंत्री और भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि यह अडानी और अंबानी की सरकार बनाने जा रहे हैं। इन दो लोगों के लिए ही संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा नरेंद्र मोदी ने दस साल में 16 लाख करोड़ रुपया 22 अरबपतियों को दे दिया। यह पैसा 70 करोड़ लोगों की इनकम जितना है। यह लड़ाई गरीबों की रक्षा के लिए है। सरकार बनी तो हर महिला के खाते में प्रतिमाह 8500 रुपया भेजेंगे। हर माह की पहली तारीख को खटाखट पैसा खाते में गिरेगा। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने युवाओं को बेरोजगार कर दिया है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर हर युवा को अप्रेंटिसशिप मिलेगी। इस तरह पहली नौकरी पक्की। पब्लिक सेक्टर हो या सरकारी विभाग सरकार बनते ही ठेकेदारी प्रथा बंद होगी। इस दौरान राहुल गांधी और प्रियंका गांधी जनसभा में एक साथ दिखे। दोनों को एक साथ मंच पर देख भीड़ का उत्साह हिलोरे लेता दिखा। जनसभा के जरिए राहुल और प्रियंका ने भाजपा को ताकत का अहसास कराया।

## बारिश की वजह से आधा घंटा मतदान रहा प्रभावित, फिर भी मतदान प्रतिशत पर नहीं पड़ा असर



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** मतदान के दिन सोमवार सुबह बारिश से जहां गर्मी से राहत मिली, वहीं जलभराव और कीचड़ के साथ बिजली संकट ने लोगों को परेशान कर दिया। करीब आधे घंटे की बारिश में मतदान केंद्रों से लेकर सड़कों पर जलभराव और कीचड़ हो गई। संपूर्णानगर सहित कई क्षेत्रों में बारिश के साथ ही ओले भी बरसे। बारिश के चलते सुबह मतदान भी बाधित रहा बारिश की वजह से जनपद के काफी मतदान केंद्र परिसर में जलभराव और कीचड़ हो गया। ऐसे में मतदाताओं को जलभराव व कीचड़ के बीच से गुजकर मतदान करने जाना पड़ा। इसमें बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शहर के मोहल्ला नौरंगाबाद में मतदान केंद्र परिसर में पानी भरने की वजह से वोटरों का झुंड बनाकर खड़ा होना पड़ा मतदान केंद्र मीरपुर का सबसे बुरा हाल रहा। केंद्र पर जाने के दो रास्ते थे, दोनों ही बदहाल। कीचड़ के बीच से लोगों को अपने बूथों तक जाना पड़ा। सलेमपुर कोन में जलभराव से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। नगर पालिका लखीमपुर का मॉडल बूथ बारिश से उजड़ गया। बारिश के बाद गांधी विद्यालय गेट पर पानी भर गया, ऐसे में लोगों ने खुद ही रास्ता बनाकर वोट डालने पहुंचे सोमवार को मात्र 30 मिनट की बारिश ने नगर पालिका की पोल खोलकर रख दी। नाला-नालियों की साफ-सफाई न होने पर सड़कों पर जलभराव हो गया। शायद ही कोई ऐसा मोहल्ला रहा होगा जहां जलराव न हुआ हो। बारिश के बाद काफी देर तब जलभराव होने से जहां नगर पालिका पर सवाल उठे तो वहीं उसका खामियाजा मतदाताओं को भुगतना पड़ा लोकसभा की दोनों सीटों पर सुबह सात बजे से उत्साह पूर्वक मतदान शुरू हुआ था। कई बूथों लंबी-लंबी लाइन लग गई, लेकिन सुबह अचानक मौसम बदला और तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश की वजह से मतदान थम गया, जो लाइन लगी थी वह सिमट गई। बूथों पर सन्नाटा पसर गया। बारिश की वजह से आधा घंटा मतदान प्रभावित रहा हालांकि उसका असर मतदान प्रतिशत पर नहीं पड़ा।

## निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हुआ मतदान

**लखीमपुर खीरी।** सोमवार को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न हुआ, जिसमें मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जहां भी ईवीएम खराबी की सूचना मिली तत्काल उन्हें बदला गया। बूथो पर सीएपीएफ की तैनाती की गई थी चुनाव में खासकर युवाओं का जोश सर चढ़कर बोला। पहली बार बने नए मतदाता और महिलाओं ने भी मतदान करने में विशेष रुचि दिखाई। वहीं, चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में फोर्स लगाई गई थी। जिले की फोर्स के साथ बाहर से आए केंद्रीय बल के जवान भी पूरी मुस्तैदी से लगे हुए थे।

# 100 साल की गेंदा देवी ने डाला वोट

## युवा ही नहीं बुजुर्ग मतदाताओं में भी जबर्दस्त उत्साह




*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** लोकतंत्र के महापर्व का जबरदस्त उत्साह देखा गया। समाज के विभिन्न वर्गों ने महापर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। बुजुर्ग वोट डालने के बाद युवाओं को प्रेरित करते देते हुए दिखाई दिये। 28द्दखीरी लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत पलिया विधानसभा के बगियाखेड़ा मतदान केंद्र पर 100 वर्षीय श्रीमती गेंदा देवी पत्नी गब्दू ने परिजनों के साथ जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### मतदान के दौरान सिंगाही के बूथ पर सेल्फी लेने को लेकर मतदाता का पुलिस से हुआ विवाद

**लखीमपुर खीरी।** निघासन में सोमवार को मतदान के दौरान सिंगाही के बूथ पर सेल्फी लेने को लेकर मतदाता का पुलिस से विवाद हो गया। वहीं चौधरी पुरवा बूथ पर भाजपा कार्यकर्ता की पुलिस से झड़प हो गई दरअसल, सिंगाही के राजाप्रताप विक्रम शाह इंटर कॉलेज में सिंगाही निवासी महेश अग्रवाल की पत्नी मीनाक्षी अग्रवाल गेट पर खड़ी होकर सेल्फी लेने लगी। इसी बीच एक सिपाही आया और उनसे बाहर जाने को कहा इस बात को लेकर सिपाही से उनकी काफी नोकझोंक हो गई उधर चौधरी पुरवा बूथ संख्या 86 पर भाजपा कार्यकर्ता अनुज वर्मा का सुरक्षा में लगे सिपाहियों से विवाद हो गया सुरक्षा कर्मियों के मुताबिक सुबह एजेंट बनने से पहले अनुज वर्मा ईवीएम में छेड़छाड़ कर रहे थे इसको लेकर विवाद हो हुआ अनुज ने बताया कि बूथ पर मौजूद सिपाही गठबंधन को वोट देने को लेकर दबाव बना रहे थे इसको लेकर विवाद हुआ। एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि दोनों बूथों पर शांति है। मामूली बात हुई होगी।

### वोटर पर्ची न मिलने से मतदाताओं को वोट डालने में काफी दिक्कतों का करना पड़ा सामना

### 75 से अधिक शिकायतें की गई दर्ज

**लखीमपुर खीरी।** वोटर पर्ची न मिलने से सोमवार को मतदाताओं को वोट डालने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कंट्रोलरूम में भी पर्ची न मिलने की सुबह 11 बजे तक 75 से अधिक शिकायतें दर्ज की गई शहर से सटे गांव सलेमपुर कोन में सुबह करीब नौ बजे कई मतदाता वोट डालने से वंचित दिखे। गोविंद नगर निवासी मतदाता सुजाता ने बताया कि उनको पर्ची नहीं मिली। वोट डालने पहुंची तो लिस्ट में नाम नहीं मिल सका। ऐसे में वह वोट नहीं डाल सकी। दंपती अशोक और पिंकी को भी इसी समस्या से दो-चार होना पड़ा इसी तरह गांधी विघालय, राजकीय इंटर कॉलेज, नगर पालिका आदि शहर के करीब 10 से 15 केंद्रों पर यही हाल नजर आया। मैगलगंज में वोटर पर्ची न मिलने से लोगों को वोट डालने के लिए भटकना पड़ा। यही हाल खीरी टाउन के राजकीय बालिका इंटर कालेज बूथ संख्या में 134 पर दिखा। पर्ची नहीं मिली तो वोटर परेशान नजर आए। इसी तरह पलिया, निघासन, गोला, धौरहरा आदि लगभग सभी क्षेत्रों में पर्ची की समस्या ने मतदाताओं को परेशान किया।

### खेत पर काम कर रहे ग्रामीणों पर तेंदुए ने किया हमला

**लखीमपुर खीरी।** बाघ और तेंदुओं का आतंक थम नहीं रहा। निघासन तहसील क्षेत्र के सिंगजना गांव में सोमवार को सुबह तेंदुए ने खेत पर काम कर रहे ग्रामीणों पर हमला कर दिया। हमले में किसान छड़ीराम (45) घायल हो गए। उनके हाथ में गहरा जख्म हुआ है। इसके बाद तेंदुआ गांव के करीब पहुंच गया। यहां अपने घर के पड़ोस में काम कर रहे रोशन लाल पर हमला कर दिया। जिससे दोनों घायल हो गए तेंदुए को देखकर ग्रामीणों ने शोर मचा दिया। इस पर खेतों की तरफ भाग गया बताया जा रहा है कि तेंदुआ केले के खेत में घुसा है। सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंच गई है। टीम तेंदुए को रेस्क्यू करने का प्रयास कर रही है। उधर, घायल ग्रामीणों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### खीरी सीट पर पांच बजे तक 62.75 प्रतिशत वोटिंग

**लखीमपुर खीरी।** खीरी सीट पर पांच बजे तक 62.75 प्रतिशत वोटिंग विधानसभावार मतदान प्रतिशत पलिया- 61.05 , निघासन- 66.40, गोला गोकर्णनाथ- 59.73, श्रीनगर- 68.13, लखीमपुर - 59.88, धौरहरा में पांच बजे तक 62.72 प्रतिशत वोटिंग , विधानसभावार मतदान प्रतिशत धौरहरा- 61.65 ,कस्ता- 64.20 ,मोहम्मदी- 64.04, महोली- 60.20 ,हरगांव- 63.98।

### प्रेक्षको ने किया मतदेय स्थलों का भ्रमण

**लखीमपुर खीरी।** आयोग से नामित 28द्दखीरी संसदीय क्षेत्र के लिए सामान्य प्रेक्षक आर. सीतालक्ष्मी और 29द्दधौरहरा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्रीधर चेरुकुरी ने भ्रमणसील रहकर बड़ी संख्या में अपने अपने आवंटित लोकसभा संसदीय क्षेत्र के मतदेय स्थलों का भ्रमण किया। 24 जोनल मजिस्ट्रेट और 207 सेक्टर भ्रमणशील रहे। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से निष्पक्ष एवं निर्विघ्नं संपन्न हुआ।

### दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं ने निभाई अपनी जिम्मेदारी और किया मतदान

**लखीमपुर खीरी।** जिले में लोकसभा चुनाव के मतदान को लेकर मतदाताओं में उत्साह है लोकतंत्र के पर्व में दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं ने अपनी जिम्मेदारी निभाई और मतदान किया। इसके बाद दूसरे मतदाताओं को वोट करने का संदेश दिया। चुनाव में मतदान करने के प्रति दिव्यांगों में भी भारी उत्साह दिखा। दिव्यांग युवक अपने वोट डालकर बोला कि की उसे कई दिनों से मतदान करने का इंतजार था। उसे मतदान करने के बाद बेहद खुशी मिली है।

### 250 ग्राम चरस के साथ दो नशा तस्कर दबोचे



**सहारनपुर।** थाना सरसावा पुलिस ने 02 शातिर नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 250 ग्राम चरस बरामद की है। पकड़े गए नशा तस्कर थाने के हिस्ट्रीशीटर अपराधी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण हेतु अवैध नशीले व मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम एवं इनके कारोबार में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत सरसावा थानाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार राय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर दो अभियुक्त अरविन्द पुत्र बबलू निवासी ग्राम किशनपुरा थाना सरसावा के कब्जे से 130 ग्राम अवैध चरस तथा अभियुक्त सुनील उर्फ काली पुत्र जगदीश निवासी ग्राम किशनपुरा थाना सरसावा के कब्जे 120 ग्राम अवैध चरस सहित गिरफ्तार किया। जिसके सम्बन्ध में थाना सरसावा पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त थाना सरसावा का हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में हम दोंनो मिलकर बाहर से कम कीमत पर अवैध चरस लाते है और सरसावा के आसपास के क्षेत्र में ज्याद दामों में बेचकर मुनाफा कमाते है आज भी हम चरस बेचने के लिये ग्राहक का इन्तजार कर रहा थे कि तभी पुलिस ने हमे अवैध चरस के साथ के साथ पकड लिया। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक चन्द्रपाल सिंह, कांस्टेबल राजू व होम गार्ड सुरेन्द्र शामिल रहे।

### रेप के बाद मासूम बच्ची को मृत समझकर ईख के खेत में फेंका



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** गंगोह कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत एक गांव में भंडारे से प्रसाद पाकर लौटती मासूम बच्ची का अपहरण कर उससे दुष्कर्म करने और मृत समझकर ईख के खेत में फेंके जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एसपी देहात सागर जैन व सीओ मुनीश कुमार के निर्देशन में बच्ची को मुर्च्छितावस्था में ईख के खेत से बरामद किया गया और आरोपित को गिरफ्तार करके जेल भिजवा दिया गया है। बच्ची को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रैफर किया गया है। मासूम बच्ची के अपहरण की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी एचएन सिंह ने पुलिस बल के साथ तुरन्त मौके पर पहुंच पूछताछ शुरु की। इसी दौरान एसपी देहात सागर जैन व सीओ मुनीश कुमार भी मौके पर पहुंच गई। अन्य पडौसी थानों की पुलिस की भी पुलिस को मौके पर बुला लिया गया। तलाशी अभियान के दौरान लहुलुहान हालत में बेहोश बच्ची ईख के खेत में पडी मिली, उसे तुरन्त सीएचसी लाया गया। जहां से चिंताजनक हालत के चलते उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। बच्ची को गांव के ही एक युवक के साथ ले जाने की जानकारी के आधार पर पुलिस ने आरोपित युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने सच्चाई उगल दी। मासूम बच्ची के पिता की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस उसी गांव के निवासी समीर पुत्र साजिद 24 वर्ष के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म व पोक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर उसका चालान कर जेल भिजवा दिया है।

### सिम्भालकी गुर्जर में कृषक ने 10 बीघा में नेपियर घास बोई

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र की अपील पर जनपद की सभी तहसीलों में कृषकों द्वारा नेपियर घास का भारी मात्रा में उत्पादन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत सिम्भालकी गुर्जर में कृषक द्वारा 10 बीघा क्षेत्र में नेपियर घास की बुआई की गई है।

डॉ.दिनेश चंद्र ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि खेती के लिए उपयुक्त सार्वजनिक भूमि पर नेपियर घास का रोपण कराएं। उन्होंने कहा कि नेपियर घास के रोपण का यह उपयुक्त समय है। उन्होंने जनपद के सभी कृषकों से नेपियर घास के अधिक से अधिक उत्पादन करने की अपील करते हुए अन्य कृषकों को भी प्रेरित करने की बात कही। डॉ.दिनेश चंद्र ने निर्देशित किया कि चारागाह की भूमि पर अधिक से अधिक नेपियर घास की बुआई की जाए।

## सीबीएसई बोर्ड की 12वीं कक्षा में आदित्य व 10वीं में अविषि ने किया जिला टॉप

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सीबीएसई की 12वीं स्कूल की परीक्षा में पाईनवुड स्कूल के आदित्य बागला ने कॉमर्स स्ट्रीम में 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि 10वीं की परीक्षा में डीपीएस स्कूल की अविषि अग्रवाल ने 99.2 प्रतिशत अंक हासिल कर जिलें में टॉपर रही। सभी टॉपर व उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को मिष्ठान वितरित खुशी जाहिर की। सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन द्वारा आज जारी किए गए 12वीं कक्षा व 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम को लेकर छात्र-छात्राओं में उत्साह का संचार रहा। जैसे ही बोर्ड प्रशासन द्वारा वैबसाइट पर 12वीं व 10वीं का परीक्षा परिणाम जारी किया गया, तो इन परीक्षाओं में उत्तीर्ण बच्चों के चेहरो पर खुशी दिखायी दी। पाईनवुड स्कूल के 12वीं कक्षा के आदित्य बाग्ला जिले टॉपर रहे। आदित्य बाग्ला ने 500 में



से 492 अंक प्राप्त किए है। जिसमें इंग्लिश में 98, इकोनॉमिक्स 96, गणित 99, बिजनेस स्टेडिज 100 और अकाउंटेंसी में 99 अंक प्राप्त किए है। जबकि उनके चचेरे भाई अनुग्रह बागला 500 में से 491 अंक प्राप्त किये। जिनमें अनुग्रह ने इंग्लिश में 98, गणित 100, फिजिक्स 95, कैमिस्ट्री 99 और कंप्यूटर साइंस में 99 अंक प्राप्त किए। जबकि इसी स्कूल की रियांशी 98.2 प्रतिशत प्राप्त कर दूसरे नंबर पर रही। रियांशी को इंग्लिश कोर में 96, पॉलिटिकल साइंस 98, सोशल साइंस 98, फैशन स्टेडिज 100 अंक प्राप्त किए। जबकि अनिरुद्ध सिंघल ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। अनिरुद्ध को इंग्लिश में 92, इकोनॉमिक्स 97, गणित 98, बिजनेस स्टेडिज 100 और अकाउंटेंसी में 100 अंक मिले हैं। रिद्धि जैन को 96.4 प्रतिशत अंक मिले हैं। आदित्य बाग्ला हॉयर एजुकेशन के बाद अपना भविष्य चुनेंगे। जबकि अनुग्रह बागला इंजीनियर बनना चाहती है। जबकि रियांशी भविष्य में साइंटिस बनना चाहती है। सीबीएसई की 10वीं की परीक्षा में डीपीएस स्कूल की अविषि अग्रवाल ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिला टॉप किया, जिसमें अविषि को इंग्लिश लिटरेचर में 99, संस्कृत 100, गणित स्टैंटर्ड 100 साइंस 98 और सोशल साइंस में 99 अंक मिले हैं।

## आवारा गौवंशों की गौकशी करने वाले चार शातिर गौकश दबोचे

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** आवारा गौवंश को पकड़कर जंगल में गौकशी करने



वाले चार शातिर गौकश को थाना कोतवाली देहात पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से 01 जिंदा गौवंश, गोकशी करने के उपकरण, 02 मोटर साइकिल व 01 स्कूटी बरामद हुयी है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण, गौकशी की घटनाओं की रोकथाम व इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम देवला के पास से जाने वाले कच्चे रास्ते पर कालिया के आम के बाग में 04 शातिर गौकश सलमान पुत्र दिलशाद निवासी ग्राम मढ थाना कोतवाली देहात, शादाब उर्फ शाबाज पुत्र अब्दुल शकूर निवासी खान आलमपुरा थाना जनकपुरी सहारनपुर हाल निवासी ग्राम देवला थाना कोतवाली देहात, सलमान पुत्र सत्तार निवासी ग्राम देवला थाना कोतवाली देहात व बिलाल पुत्र वहीद निवासी दानिश कालोनी थाना कोतवाली देहात को गिरफ्तार किया, जिनके कब्जे से गौकशी करने के उपकरण 01 लकडी का गुटका 02 दाप, 02 छुरे 04 प्लास्टिक के कट्टे व काली पन्नी, 01 जिंदा गौवंश 02 बाईक व 01 स्कूटी एक्टिवा बरामद हुई। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना कोतवाली देहात पर धारा 3/5क/8 गौवध अधिनियम पंजीकृत किया गया। पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्त सलमान पुत्र सत्तार ने बताया कि हम सभी लोग जंगल में घूम रहे अवारा गौवंशो को पकड़कर गोकशी करते हैं और इससे हुए मुनाफे का आपस में बाट लेते हैं। गत् रात्रि को भी ग्राम देवला के जंगल में हम गोकशी करने जा रहे थे कि तभी पुलिस टीम द्वारा हमें पकड़ लिया गया। गौकशों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दीपचन्द यादव, सुनील यादव, संजय शर्मा, हैड कांस्टेबल विवेक कुमार, कपिल राणा, कांस्टेबल मोहित कुमार व अमित कुमार शामिल रहे।

### नगरायुक्त ने जोनल ऑफिस का अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने निगम परिसर में निर्माणाधीन जोनल ऑफिस के भूतल पर जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र आदि कार्यो के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की योजना बनाने तथा पूरे जोनल ऑफिस को कारपोरेट ऑफिस की तर्ज पर विकसित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये है। नगरायुक्त निगम अधिकारियों के साथ आज दोपहर निर्माणाधीन जोनल ऑफिस का निरीक्षण कर रहे थे। जोनल ऑफिस का निर्माण स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल द्वारा कराया जा रहा है। नगरायुक्त संजय चौहान ने जोनल ऑफिस के सभी फ्लोर का निरीक्षण किया। कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के सहायक परियोजना प्रबंधक आकाश चौधरी ने नगरायुक्त को बताया कि प्रथम तल पर नगरायुक्त कार्यालय तथा दूसरे तल पर स्मार्ट सिटी कार्यालय रहेगा।

## गायन प्रतियोगिता में कलाकारों ने बिखेरा अपनी आवाज का जादू

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** संगम कला ग्रुप के तत्वावधान में गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्वरलहरियों ने अपनी मधुर आवाज से श्रोताओं को भाव विभोर कर उनकी तालियां बटोरी। जिसमें सब जूनियर ग्रुप में इशान बिरला, जूनियर ग्रुप में शुभ सैनी, सीनियर ग्रुप में दीपांश ढींगरा, सुपर सीनियर ग्रुप में मदन ढींगरा ने प्रथम स्थान हासिल किया।

दिल्ली रोड स्थित गुर्जर भवन के सभागार में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता योगेश दहिया, संगम कला ग्रुप दिल्ली हेड ऑफिस की नेशनल वाईस प्रेसीडेंट वीणा शर्मा, राष्ट्रीय को-आर्डिनेटर रेणु छाबड़ा ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। इसके पश्चात संगम कला ग्रुप सहारनपुर चौप्टर के पदाधिकारी प्रवेश चौधरी, रविन्द्र गुप्ता, राजबीर सिंह, अनुज जैन, यशपाल रोहिला, सरोज शर्मा, सुशीला जैन, के. के. गर्ग, विनोद शर्मा, प्रवीण चौधरी, उग्रसेन भारती, राकेश पंवार, डा0 रामकुमार द्वारा अतिथियों का बुके व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। प्रतियोगिता को चार वर्गो में विभाजित किया गया था जिसमें स्वरलहरियों ने अपनी मधुर आवाज से प्रस्तुति दी और देहरादून से आए सनव्वर अली ने अपनी विशेष प्रस्तुति देते हुए समां बांधा। प्रतियोगिता के सब जूनियर ग्रुप में इशान बिरला प्रथम, अर्णव द्वितीय, मनस्वी तृतीय, जूनियर ग्रुप में शुभ सैनी प्रथम, हर्सिल गंगा ने द्वितीय व वैष्णवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि सीनियर ग्रुप में दीपांश ढींगरा ने फिल्म, विजय बरला व शाहरूख ने गैर फिल्मी गीतों पर पहला स्थान प्राप्त किया।

## सरस्वती विहार स्कूल की छात्रा कशिश बतरा ने कॉमर्स में किया स्कूल टॉप

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सीबीएसई बोर्ड की 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। सरस्वती बिहार स्कूल की छात्रा कशिश बत्रा ने कॉमर्स में स्कूल टॉप किया जिसमें 95.4 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कशिश जो कि पूर्व भविष्य में भी हमेशा अपने क्लास में टॉप ही करती आई है। गोपाल नगर निवासी दीपक बतरा और सुनैना बत्रा की बिटिया कशिश बत्रा स्कूल टॉप करने पर उनके घर पर बधाई देने वालों का ताता लगा हुआ है। इसके अलावा गुरू तेगहादुर पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम भी 90 प्रतिशत रहा जिसमें विज्ञान विषय में त्रिशा धारिया ने 95 प्रतिशत, लक्ष्य गुप्ता ने 93.2 प्रतिशत, अनया नबी ने 91.2 प्रतिशत, वाणिज्य वर्ग में प्रभजोत सिंह 92.2 प्रतिशत, नित्यम शर्मा ने 91.8 प्रतिशत, कशिश रसवंत ने 91 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसके अलावा ह्यूमिनिटी वर्ग में उज्जवल गर्ग ने 91.8 प्रतिशत अंक हासिल किए। हाईस्कूल में खुशी वर्मा ने 93.4 प्रतिशत, अनया ने 91.4 प्रतिशत, उदय खुराना ने 90 प्रतिशत, नैना शर्मा ने 90 प्रतिशत, मन्नु वर्मा ने गणित विषय में 100 प्रतिशत अंक हासिल किए। विद्यालय की कार्यकारिणी, प्रधानाचार्य व स्टाफ ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इनके अलावा पाईनवुड में कक्षा 10 की छात्रा भव्या टंडन ने 90 प्रतिशत व मानवी सिंधू ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में सर्वोच्च अंक हासिल किए। सैंट मेरी एकेडमी के 10वीं के वंश कपूर पुत्र पंकज कपूर ने 94.4 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

## निगम द्वारा शहर का ट्रैफिक सिस्टम भी सुधारा जायेगा: नगरायुक्त

## नगरायुक्त ने व्यापारियों को समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने कहा कि स्मार्ट सिटी की परियोजनाओं के समापन के साथ ही शहर की सूरत सुधर कर सामने आयेगी। बाजारों में पैदल चलने वाले को फुटपाथ मिले, गाड़ी से जाने वाले को पर्याप्त स्थान मिले तथा टैऊफिक सिस्टम व्यवस्थित हो,यह कोशिश नगर निगम द्वारा की जायेगी। पहले किसी एक बाजार को आदर्श बाजार बनाकर काम शुरु किया जायेगा। धीरे-धीरे सभी योजनाओं को धरातल पर उतारा जायेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी ने स्मार्ट सिटी के साथ सेफ सिटी की अवधारणा को भी विकसित करने पर बल दिया है। नगरायुक्त आज अपने कार्यालय में शहीद गंज, नेहरु मार्किट, चौकी सराय आदि विभिन्न बाजारों के व्यापारियों से वार्ता कर रहे थे। व्यापारियों द्वारा शौचालयों की स्थिति की ओर ध्यान दिलाये जाने पर नगरायुक्त ने कहा कि शहर के लोगों को पेयजल उपलब्ध कराने और शौचालयो की उचित व्यवस्था करना निगम का दायित्व है। व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए उन्होंने व्यापारियों से सहयोग की अपील की। उन्होंने बताया कि शौचालयों में कीमती टोंटियां आदि लगायी जाती है जो सब चोरी हो जाती है। नगरायुक्त ने बताया कि प्रयास किया जा रहा है कि अधिक से अधिक शौचालयों को निगम के कैमरों की रेंज में लाया जाए। उन्होंने कहा कि आम जन और व्यापारियों की चिंता सरकार की चिंता है, नगर निगम की चिंता है। सबका समाधान किया जायेगा। नगरायुक्त ने व्यापारियो से सेफ सिटी के लिए सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सभी बाजारों व प्रमुख स्थानों पर जिन व्यापारियों की दुकानों व प्रतिष्ठानों में कैमरे लगे हैं उनके बाहरी कैमरे की स्टेटिक आईपी यदि वे हमें उपलब्ध करा दें, तो यहां आईसीसीसी कमांड ऑफिस से बाजारों, प्रमुख स्थानों और शौचालयों की निगरानी की जा सकती है। नगरायुक्त ने कहा कि दुकान या प्रतिष्ठान के भीतर के कैमरों से हमारा कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने सुझाव दिया कि पांच-पांच दुकानों के बीच



भी एक कैमरा लगाया जा सकता है। व्यापारियों द्वारा रात में बिजली ऑफ करके जाने के सवाल पर नगरायुक्त ने सोलर बेस कैमरा लगाये जाने का सुझाव दिया। नगरायुक्त ने शहर की टैऊफिक व्यवस्था सुधारने के सवाल पर कहा कि वे पूरे शहर का एक जायजा लेने के बाद टैऊफिक पुलिस व व्यापारियों के साथ बैठक कर सिस्टम विकसित करेंगे। उन्होंने बताया कि कहां वन-वे होना है, कहां से यू-टर्न होना है यह निगम तय करता है, पुलिस का काम केवल सुझाव देना है। इससे पूर्व व्यापारी नेताओं राजकुमार मक्कड़, संजय फुटेला, रवि जुनेजा, विजय चावला, अभिनव अग्रवाल, हरजीत सिंह नरुला व पार्षद मुकेश गक्खड और राजेंद्र कोहली ने नगरायुक्त को बुके भेंट कर उनका अभिनंदन किया और नेहरु मार्किट, शहीद गंज, प्रताप मार्किट, लोहानी सराय, महावीर बाजार, घंटाघर आदि सड़क व फुटपाथ निर्माण सम्बंधी समस्याओं तथा जुबली पार्क व कक्कड़ गंज में शौचालयों सम्बंधी समस्याओं से अवगत कराया।

# युवक की मौत के मामले में उपद्रव करना पड़ा महंगा, 84 के खिलाफ मुकदमा

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** मौरंग खदान में मजदूरी करने वाले युवक की मौत के मामले में राष्ट्रीय राजमार्ग जाम करना जाम करने वालों को महंगा पड़ गया है। देर रात पुलिस ने उपद्रव करने में दो सभासदों सहित 14 नामजद और 70 अज्ञात लोगों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, तोड़फोड़ के अलावा सार्वजनिक सम्पति को क्षति पहुँचाने समेत कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ज्ञातव्य है कि विगत दिनों नगर के मुहल्ला तरीबुल्दा निवासी छोटे निषाद का 17 वर्षीय पुत्र प्रकाश मुहल्ले के पास ही संचालित मौरंग घाट पर ट्रक में मौरंग समतलीकरण का कार्य कर रहा था, इसी दौरान रेलवे पुल के पास मौरंग भरा डम्फर पलट गया था। जिसमें वह भी दब गया था। जानकारी पर मौके पर आये घाट कर्मियों ने उसे जेसीबी से निकाला था लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद मौके पर पहुँची पुलिस उसको लेकर मेडिकल कॉलेज उरई ले गयी थी लेकिन डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। लेकिन अगले दिन घाट में युवक की मौत की खबर नगर और मुहल्ले में फैली तो बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए और घाट संचालक पर हत्या कर शव को गायब करने का आरोप लगाकर उपद्रव करने लगे थे।

पुलिस ने उन्हें समझाने की कोशिश की तो वह उग्र हो गए थे और घाट संचालक पर हत्या का मामला दर्ज करने की मांग कर दुर्गा मंदिर चौराहा पर हाइवे जाम कर दिया था। इस दौरान मौके पर पहुँचे सी.ओ. डॉक्टर देवेन्द्र पचौरी ने भीड़ को समझाने का प्रयास किया तो वह उग्र हो गए और वाहनों पर पत्थरबाजी भी कर दी थी, जिसमें कुछ वाहनों को क्षति भी पहुँची थी और सी.ओ. बाल बाल बच गए थे। हाइवे पर कई किलोमीटर लम्बी वाहनों की कतारें लग गयी थीं जिसमें एम्बुलेंस सहित कई जरूरी सेवा के भी वाहन थे। लगभग दो घंटे तक चली कवायद और कार्यवाही के आश्वासन के बाद मामला शान्त हुआ था। बाद में मृतक युवक के परिजनों ने मौत को महज हादसा मानकर किसी प्रकार की कार्यवाही से इनकार कर दिया था जिससे यह मामला ठन्डे बस्ते में चला गया। लेकिन हाइवे जाम कर उपद्रव करने की घटना पुलिस प्रशासन को खटक रही थी और दो दिनों तक चले विचार विमर्श के बाद विगत रात्रि पुलिस ने महमूदपुरा पुलिस चौकी इंचार्ज सन्तोष शुक्ला की तहरीर पर इस मामले में शामिल महेन्द्र निषाद, अनिल निषाद पूर्व सभासद तरीबुल्दा, मनोज निषाद, के अलावा तरीबुल्दा की सभासद के प्रतिनिधि आशुतोष यादव, महमूदपुरा के सभासद राकेश यादव, रामसिँह, सिद्धनाथ निषाद पूर्व प्रधान शेखपुर गुढा, लक्षमन, सुरेन्द्र श्रीवास, राजकुमार, शिवम, ध्रुवलाल, आफाक सहित 14 नामजदों के अलावा 70 अज्ञात उपद्रवियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सी.ओ. डॉ देवेंद्र पचौरी के अनुसार शीघ्र ही इस मामले में अज्ञात के रूप दर्ज किए गए उपद्रवियों की पहचान सुनिश्चित कर कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

## ग्रामीण क्षेत्र का 10 एमवीए ट्रांसफार्मर में आई तकनीकी खराबी

**उरई (जालौन)।** ग्रामीण क्षेत्र के 10 एम बी ए ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आने पर नगर तथा क्षेत्र की बिजली व्यवस्था चरमरा गई है ।नगर में बिजली की व्यवस्था बनाए जाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। सभी उपभोक्ता धैर्य बनाए रखें और सहयोग करें। यह जानकारी बिजली विभाग के उपखंड अधिकारी ने दी। उपखंड अधिकारी कौशलेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अचानक ग्रामीण क्षेत्र का 10 एम बी ए के ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आ गई है जिसके चलते बिजली की व्यवस्था खराब हो गई है ।टीम द्वारा ट्रांसफार्मर की टेस्टिंग की जा रही है अगर टीम उसकी तकनीक खराबी पकड़ लेती है तो बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से चालू हो जाएगी, अगर खराबी पकड़ में नहीं आती है तो बिजली की कटौती की जाएगी । जिसमें नगर की व्यवस्था का पूरा ध्यान दिया जाएगा लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में समस्या हो सकती है इसके लिए सभी बिजली उपभोक्ताओं से अपील है के धैर्य बनाकर सहयोग करें।

# आठ प्रत्याशियों ने किया नामांकन

अवधनामा संवाददाता





**देवरिया।** बीएसपी प्रत्याशी बोले सब बाहरी है मैं यहीं रहूंगा अब तक कुल 17 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र जमा किया है इसके अतिरिक्त आज प्रत्याशी के प्रतिनिधियों ने दो सेट नामांकन पत्र प्राप्त किया है अब तक कुल 28 प्रत्याशी और उनके जन्म प्रतिनिधियों द्वारा कुल 60 सेट नामांकन पत्र प्राप्त किया जा चुका है।

**अब तक 17 प्रत्याशी भर चुके हैं पर्चा**

बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी संदेश यादव मिस्टर ने दो सेट में नामांकन किया टाउन हॉल स्थित पार्टी कार्यालय से पैदल ही जुलूस की शक्ल में समर्थकों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे संदेश यादव ने भाजपा और इडी एलायंस के प्रत्याशियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एनजीओ चलाते हैं। वह विदेश चले जाएंगे दूसरे प्रत्याशी जीतने के बाद दिल्ली चले जाएंगे मैं स्थानीय हूं ।आपके बीच का ही हूं। मैं ही यहां रहूंगा बहुजन समाज पार्टी बहुत मजबूती से चुनाव लड़ रही है सभी जाति वर्गों का सहयोग मिल रहा है यह सीट हम जीत रहे हैं। मिस्टर यादव ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि मेरे साथ भेदभाव किया गया सभी प्रत्याशियों को गाड़ियों और जुलूस के साथ कलेक्ट्रेट तक जाने दिया गया लेकिन मेरे जुलूस को डीएम आवास के सामने ही रोक दिया गया जब प्रशासन के लोग नहीं माने तब मैं वहीं बैठ गया तब जाकर मुझे जाने दिया गया उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि मैं गरीब का बेटा हूं इसलिए मुझे दबाने का प्रयास किया जा रहा है। लोकसभा सीट से पांचवें दिन 8 प्रत्याशियों ने नामांकन किया बहुजन समाज पार्टी से संदेश यादव उर्फ मिस्टर ने दो सेट में बहुजन मुक्ति पार्टी से मणि यादव उर्फ अन्ना हजारे 2 सीट में राष्ट्रीय भागीदारी पार्टी से पारस गुप्ता 2 सेट में अखिल भारत हिंदू महासभा के अशोक कुमार श्रीवास्तव ने दो सेट में निधन प्रत्याशी घनश्याम यादव ने दो सेट में सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी से विजय ने एक सेट में साने हिंद फोरम से शैलेंद्र सिंह ने एक सीट में तथा मोडरेट पार्टी से राजू चौहान एक सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

# करबला की ज़ियारत मुक़द्दर की बात है



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** इमाम जाफर सादिक़ अ0स0 ने फरमाया अल्लाह जब किसी बंदे के साथ नेकी करता है तो उस के दिल में इमाम हुसैन अ0स0 की मुहब्बत डाल देता है और उनकी ज़ियारत करा देता है।

करबला जाने के लिये दौलत नहीं मुक़द्दर चाहिये। खदीजा टीवी के कैमरा मैन फरमान मिर्ज़ा पर अल्लाह ने खास करम किया और उनके लिये करबला की ज़ियारत आसान कर दी। पूरे लखनऊ में महफिलों, मजलिसों, जुलूसों में खदीजा टीवी के ज़रिये ख़िदमत करने वाले फरमान मिर्ज़ा का करबला जाने का बुलावा आ गया। जशने इमाम अली रज़ा अ0स0 में इमाम हुसैन अ0स0 की ज़ियारत का क़ुरा फरमान मिर्ज़ा के नाम निकला। हम फरमान मिर्ज़ा, उनके घर वालों और ख़दीजा टी वी टीम को मुबारकबाद पेश करते हैं।

## कांग्रेस के लोगों ने अधिवक्ताओं में बांटा न्याय पत्र

**बस्ती।** कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने सोमवार को अधिवक्ताओं के बीच पहुंचकर जनसंपर्क किया और पार्टी का न्याय पत्र बांटा। जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में पार्टी के लोग शास्त्री चौक पर इकट्ठा हुये। यहां से अलग अलग समूहों में निकले पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने अधिवक्ताओं को न्याय पत्र देकर उनका समर्थन मांगा। इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी के लिये वोट अपील करते हुये जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने कहा कांग्रेस की 5 गारण्टियां जनता तक पहुंच चुकी हैं। इण्डिया गठबंधन की सरकार बनते ही सभी गारण्टियां प्राथमिकता के आधार पर लागू होंगी। युवाओं की पहली नौकरी पक्की, अप्रेन्टिस के दौरान 1 लाख रूपया सालाना, हर गरीब परिवार की वरिष्ठ महिला को एक लाख रूपये सालाना, 100 दिनों के भीतर केन्द्र सरकार की नौकरियों में 30 लाख भर्ती, मनरेगा, रसोइया आदि श्रमिकों के मानदेय में बढ़ोत्तरी, महिलाओं को नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण सहित अनेक ऐसी गारण्टियां हैं।

# चर्चित माडरी हत्याकांड का पर्दाफाश

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** ग्राम माडरी में शनिवार की सुबह गंगा प्रसाद के खेत में एक युवक आकाश गुप्ता और गोलू का रक्त रंजित शव बरामद हुआ था, मृतक के पिता विजय नारायण गुप्ता द्वारा जालौन कोतवाली में अज्ञात युवक द्वारा मारपीट कर जान से मार डालने की एफआईआर दर्ज कराई गई थी। इस घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा दो टीमों का गठन किया गया था, जिस पर अपर पुलिस अधीक्षक और सीओ जालौन राम सिंह ने घटना के विभिन्न पहलू की जांच पड़ताल की और सोमवार की सुबह आरोपी अभियुक्त को गांव के बाहर वीरपुर रोड से गिरफ्तार किया।

सीओ राम सिंह व कोतवाल विमलेश कुमार ने घटना का पर्दाफाश करते हुए बताया कि अभियुक्त राम बहादुर उर्फ पल्लू कुशवाहा पुत्र स्वर्गीय रदौली ग्राम माडरी तथा श्रीमती शिवबती पत्नी रामबहादुर ने उक्त घटना को अंजाम दिया है । वहीं अभियुक्त से जब मीडिया कर्मियों ने मर्डर का कारण जानना चाहा तो अभियुक्त ने बताया कि मैं अपनी पत्नी के साथ बाहर कमरे में सो रहा था और रात को अचानक आंख खुल जाने पर देखा कि मेरे घर का दरवाजा खुला है तो मुझे लगा कि शायद चोर चोरी करने के लिए घर के अंदर हैं तो मैं लोहे की रोड उठाकर घर में खोजने लगा और एक कमरे में पर्दे के पीछे छिपे एक व्यक्ति को देखा तो मैने लोहे की रोड से ताबड़तोड़ बार करना शुरू कर दिया, जिससे उक्त युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जब उसकी घर के अंदर ही मौत हो गई तो मैं अपनी पत्नी के साथ शव को एक बोरी में भरकर गांव के बाहर एक खेत में फेंक दिया। पुलिस ने हत्या में उपयोग किए गए लोहे की रॉड, एक मोबाइल फोन, खून से लथपथ कपड़े ,एक बोरी, तथा अभियुक्त का एक टूटा दांत भी बरामद किया है। क्षेत्राधिकारी राम सिंह व कोतवाली प्रभारी विमलेश कुमार ने पत्रकारों को बताया कि अभियुक्त की पुत्री से मृतक गोलू गुप्ता की मित्रता थी। अभियुक्त ने मृतक गोलू गुप्ता को उक्त रात्रि अपनी पुत्री के कमरे में पाकर आवेश में आकर सब्बल के प्रहार से हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी अभियुक्त को पकड़कर मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया है।

## मतदान लोकतंत्र की ताकत है : अमित गुप्ता



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करने हेतु श्री हरभजराम कृपा देवी ट्रस्ट अस्पताल, चारबाग, लखनऊ ने एक अनोखी पहल की है। अपने मताधिकार का प्रयोग करने वालों के लिए यहां चिकित्सक से परामर्श लेने के लिए पर्चा पूरी तरह से निशुल्क बनाया जाएगा। अस्पताल के सचिव अमित गुप्ता ने बताया कि अस्पताल में फ्री पर्चा बनाने की सुविधा मतदाताओं के लिए आगामी 21 से 23 मई तक उपलब्ध होगी। अमित कहते हैं कि मतदान लोकतंत्र की ताकत है इसलिए श्री हरभज राम कृपा देवी धर्मार्थ चिकित्सालय द्वारा यह निर्णय लिया गया कि मतदान बढ़ने से ही लोकतंत्र मजबूत बनता है। अतः ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए लोगों को जागरूक बनाने हेतु तीन दिन तक अस्पताल में कोई भी अपने मतदान की स्याही लगी उंगली दिखाकर फ्री में पर्चा बनाने की सुविधा का लाभ उठाकर किसी भी चिकित्सक से अपने रोग संबंधी परामर्श ले सकता है।

## शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ लोकसभा चुनाव

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** डीएम एसपी की सक्रियता से जिले भर में शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न चुनाव हुआ। डीएम एसपी के नेतृत्व में पूरे दिन पुलिस प्रशासन ने बेहतर ढंग से मतदान कराया। एसपी विकास कुमार के नेतृत्व में जनपद भर में पुलिस फोर्स सक्रिय रहा। संवेदन शील/ अति संवेदन शील बूथों पर शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न चुनाव कराया गया। लोकसभा चुनाव को लेकर एसपी विकास कुमार के नेतृत्व में पुलिस विभाग ने कई महीनों से तैयारी की थी द्य जिसके फलस्वरूप बिना किसी अप्रिय घटना के सकुशल संपन्न चुनाव हुआ द्य चुनाव के दिन शहर क्षेत्र, कायमगंज क्षेत्र, मोम्हदाबाद क्षेत्र सहित कई क्षेत्रों में डीएम एसपी ने भी सुरक्षा व्यवस्था परखी।

## मार्क पोल से पहले ही 31 मशीन हुई खराब

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** ईवीएम के खराब होने की पल-पल आती रही शिकायते, जबकि लोकसभा चुनाव के लिए सुबह मतदान का समय शुरू होने से पूर्व माकपोल के दौरान से ही ईवीएम के खराब होने की शिकायतें आना शुरू हो गई। अभी तक 31 मशीनों के खराब होने की सूचना है। कई स्थानों पर इंजीनियर और सेक्टर जोनल मजिस्ट्रेट ने कनेक्टिविटी की समस्याओं को दुरुस्त कर मतदान शुरू करा दिया। लोकसभा क्षेत्र में खराब होने वाली मशीनों का विवरण इस प्रकार है।

| सीयू | | बीयू | वीवीपीएटी |
|---|---|---|---|
| कायमगंज - | 3 | | 1 -5 |
| फर्रुखाबाद- | 1- | | 1-3 |
| भोजपुर - | 1 | | 1-0 |
| अमृतपुर - | 2 | | 2-4 |
| अलीगंज- | 4- | | 2-2 |

## जोनल पुलिस अधिकारी बनकर कर रहा था सपा का प्रचार

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जोनल पुलिस अधिकारी विधानसभा अमृतपुर लिखी कार से सपा की साइकिल का प्रचार किया जा रहा था। सोशल मीडिया अकाउंट पर अनिल चौहान नाम के व्यक्ति ने रील शेयर की है। डाले गए पोस्ट में गाड़ी चालक के तौर पर अनिल कुमार सिंह का नाम व मोबाइल नंबर लिखा है। इस पोस्ट में सपा प्रत्याशी के समर्थन में गाना लगाकर सपा की साइकिल दौड़ाई जा रही थी। अगले ही पोस्ट में सपा प्रत्याशी के समर्थन में मतदान करने की अपील की जा रही थी। सुत्रों के अनुसार लोकसभा चुनाव में लगाई गई निजी कार का ड्राइवर युवक पोस्ट करने वाला है। नियमों का धज्जियां उड़ाकर विधानसभा अमृतपुर जोनल पुलिस जोनल अधिकारी 05 का स्टीकर लगा कर सपा का गाना बजाकर प्रचार कर रहा था। अमृतपुर थाना क्षेत्र के रतनपुर पमारान के बूथ संख्या 8 पर भाजपा का कोई भी एजेंट नहीं मिला जबकि शाक्य बाहुल्य होने के बावजूद भी कोई एजेंट नहीं दिखाई दिया।

## एसडीएम और सीओ ने देखें मतदान केंद्र

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिले भर में अधिकारी सक्रिय रहे। एसडीएम व सीओ अमृतपुर ने क्षेत्र के मतदान केंद्रों का जायजा लिया। कस्बा अमृतपुर मतदान केंद्र का अधिकारियों ने जायजा लिया 45 से 50 नंबर बूथ की व्यवस्था भी देखी मतदाता सहायता केंद्र पर लगे स्टाफ को सक्रिय रहने के निर्देश दिए हैं एसडीएम व सीओ ने दिव्यांग मतदाताओं को व्हील चेयर तत्काल उपलब्ध कराने के आदेश दिए हैं।

## प्रेक्षको ने बूथ पर पहुंचकर देखी व्यवस्था

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** प्रेक्षक दीपक कुमार मीणा ने बूथ पर पहुंच कर चुनाव की व्यवस्था परखी। प्रेक्षक दीपक कुमार मीणा पीडब्ल्यूडी कार्यालय पहुंचकर मॉक पोल के लिए तैयार टीम का जायजा लिया 6 बजे से मॉक पोल की व्यवस्था शुरू होनी थी और टीम तैयार है लेकिन एजेंट ना आने की वजह से मॉक पोल शुरू नहीं हो पाया है। एजेंट का इंतजार कर रहे हैं कर्मचारी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे प्रेक्षक ने दलबल के साथ व्यवस्था को देखा।

# महिला स्वास्थ्य के मुद्दों पर खुलकर हुई बात, विशेषज्ञों का ध्यान नतीजे बदलने पर

## टेंडर पाम सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल और लखनऊ मेनोपॉज़ सोसाइटी की पहल पर आयोजित हुई सीएमई

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** महिलाओं का उत्तम स्वास्थ्य यानि एक बेहतर समाज की मजबूत नींव। इसी सोच के साथ लखनऊ के सुप्रसिद्ध टेंडर पाम सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल और लखनऊ मेनोपॉज़ सोसाइटी की पहल पर महिलाओं के मासिक धर्म और मध्य आयु में होने वाले शारीरिक-मानसिक बदलावों पर आयोजित सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम (सीएमई) में 100 से अधिक महिला रोग विशेषज्ञ शामिल हुईं। विगत शुक्रवार क्लार्क्स अवध होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञ वक्ताओं के बीच विस्तार से चर्चा हुई।

महिलाओं पर पूरी तरह से केंद्रित इस आयोजन में हार्मोनल परिवर्तन, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में होने वाले बदलाव के साथ-साथ विभिन्न बीमारियों और उनके निदान पर खुलकर बात हुई। मुख्य अतिथि डॉ.चंद्रावती, विशिष्ट अतिथि डॉ. इंदु टंडन, डॉ. एचपी गुप्ता व डॉ. मंजू शुक्ला की मौजूदगी में टेंडर पाम हॉस्पिटल की विशेषज्ञ डॉ. दीपा कपूर, डॉ. पल्लवी धवन, डॉ. प्रतिभा सिंह और डॉ. अंकिता मणि ने मध्य आयु में महिलाओं में होने वाले बदलावों पर अपनी राय रखी। इनमें मासिक धर्म में होने वाले हार्मोनल बदलाव, प्रजनन अंगों में इन्फेक्शन, इनफर्टिलिटी, रजोनिवृत्ति के बाद ऑस्टियोपोरोसिस जैसे गंभीर विषय शामिल रहे। कार्यक्रम में टेंडर पाम सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री विनय शर्मा ने कहा कि इस सीएमई का उद्देश्य है कि महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति स्वयं भी जागरूक हों, क्योकि उनके स्वस्थ होने पर ही उनका परिवार पूरी तरह स्वस्थ रहेगा। उन्होंने कहा कि टेंडर पाम सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल लखनऊ की महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हमारे पास विशेषज्ञों डॉक्टरों की पूरी टीम है, जो सिर्फ महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. अनुभा यादव, चेयरपर्सन, टेंडर पाम सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल ने कहा महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति समाज में जागरूकता जरूरी है। डॉक्टरों और महिला मरीजों के बीच इन विषयों पर खुलकर बात होगी, तो वह दूरी कम होगी, जिसके कारण महिलाएँ इन निजी मुद्दों पर बात करने से हिचकती हैं। टेंडर पाम सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल इन विषयों पर संजीदगी के साथ आगे भी ऐसे प्रभावी कार्यक्रम करता रहेगा।

### कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण

मध्यम आयु वर्ग की महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी विचारों में व्यापक अंतर्दृष्टि। रजोनिवृत्ति के लक्षणों, हार्मोनल परिवर्तन और निवारक देखभाल के प्रबंधन के लिए साक्ष्य-आधारित रणनीतियाँ। मध्य जीवन संक्रमण के दौरान शारीरिक, भावनात्मक और मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए समग्र दृष्टिकोण पर चर्चा। महिलाओं के स्वास्थ्य खोज और चिकित्सा उपचार प्रथाओं में नवीनतम प्रगति की खोज।

# नर्सों ने नर्सिंग डे पर फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर किया माल्यार्पण

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज से सबद्ध संयुक्त जिला अस्पताल में कार्यरत नर्सों ने नर्सिंग डे पर फ्लोरेंस नाइटिंगेल के चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके अलावा केक काटकर खुशियां मनाई। इस मौके पर सभी ने रोगियों के स्वस्थ जीवन की प्रार्थना की। साथ ही जीवन भर स्वास्थ्य कार्य लगन व निष्ठा पूर्वक करते रहने की शपथ ली।

अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग डे के अवसर पर माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज से सबद्ध संयुक्त जिला चिकित्सालय के नर्सिंग स्टाफ ने शनिवार रात 12 बजे नर्सेज हास्टल में केक काटकर खुशियां मनाई। सभी ने कहा कि वह सदैव रोगियों की गोपनीयता को बरकरार रखेंगी और जीवन भर रोगी की सेवा में लगी रहेंगी। अस्पताल की सीनियर नर्सिंग आफिसर उर्मिला गौतम ने बताया कि नर्सिंग की जननी फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म 12 मई 1820 में हुआ था। अंत में एक-दूसरे को बधाई दी। नर्सिंग आफिसर सरोज पांडेय ने कहा कि तमाम चुनौतियों के बीच भी मरीजों को स्वस्थ कर उन्हें घर भेजने में अहम भूमिका निभाया जा रहा है। इस मौके पर नर्सिंग आफिसर रागिनी तिवारी, सुषमा मौर्या, सीमा यादव, सीमा रावत, अजय लक्ष्मी, मीरा, मनोरमा त्रिपाठी, डाली पटेल, कंचन पटेल, अनीता, दीपा आदि की उपस्थिति रही। इसके अलावा रविवार को जिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भी नर्सेज डे मनाया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग आफिसर मोनिका पांडेय ने कहा कि मरीजों की सेवा करते करते अब सेवा करना उनकी आदत में शामिल हो गया है। घर जाकर पड़ोस में भी सेवा करने का अवसर तलाशती रहती हूं।

**जीवन भर स्वास्थ्य कार्य लगन व निष्ठा पूर्वक करते रहने की ली शपथ**

नर्सिंग आफिसर रेनू मिश्रा ने कहा कि मरीजों के बीच उनकी अच्छी सेवा ही हमारी प्राथमिकता होती है। कार्यक्रम में नर्सिंग आफिसर रूकमणि, हिना, पूजा सिंह समेत अन्य स्टाफ सरिता, प्रदीप, आशा, रीना आदि की उपस्थिति रही।

## बल्लभनगर स्थित लॉर्ड कृष्णा स्कूल ने मातृ दिवस को बड़े ही धूमधाम से मनाया



**पीलीभीत अवधनामा संवाददाता।** बल्लभनगर स्थित लॉर्ड कृष्णा स्कूल ने मातृ दिवस को बड़े ही धूमधाम से मनाया सर्वप्रथम विद्यालय के संस्थापिका श्रीमती सीमा दीक्षित जी, प्रबंधक श्री सनी दीक्षित जी व प्रधानाचार्य श्रीमती रोजी दीक्षित जी ने मुख्य अतिथियों डॉ श्रीमती रिचा वार्ष्णेय जी व शहर की वरिष्ठ गायकोनोलॉजिस्ट रश्मि चौधरी जी का स्वागत बुके देकर किया तथा सभी माताओं का मिठाई व बैज लगाकर स्वागत किया। सभी माताएं खुश एवं उत्साहित रही। मातृ दिवस समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन करके किया गया तत्पश्चात विद्यालय के छात्रों ने स्वागत गीत गया व मातृ दिवस को समर्पित नृत्य प्रस्तुत किया।छात्रों द्वारा अर्थ, ओसियन,फायर व सन हाउस द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व अलग-अलग राज्यों का लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। पश्चात सभी माताओं ने रेम्प पर कैटवॉक की व नृत्य प्रस्तुत किया। कुछ माताओं ने रुचि अनुसार जीत गए कला प्रतियोगिता में भी भाग लिया,कुछ ग्रुप गेम्स व सरप्राइज क्वेश्चंस प्रतियोगिता का भी आनंद उठाया। सभी माताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथियों ने सभी माताओं के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथियों ने मातृ दिवस की शुभकामनाएं दी व विद्यालय द्वारा विद्यालय समारोह के लिए सराहना करते हुए इस अच्छे कदम के लिए प्रशंसा की। विद्यालय के संस्थापिका का श्रीमती सीमा दीक्षित जी ने अपने विचार सभी के सामने प्रस्तुत किये उन्होंने मुख्य अतिथियों वी सभी माता को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दी व माताओं को उनके सदैव बिना किसी इच्छा के खुशी के साथ परिवार के समस्त जनों के लिए अपने कर्तव्यों के पालन के लिए प्रशंसा की वह उन्होंने शिक्षक के भी योगदान को संरक्षक व अभिभावक के रूप में सराहना की।

## सपा नेता चौधरी शहरयार कर रहें जनसंवाद



**रुदौली अवधनामा संवाददाता।** रुदौली विधान सभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के नेता एहसान मो अली उर्फ़ चौधरी शहरयार का इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के समर्थन में जन संवाद कार्यक्रम जारी है। चौधरी शहरयार के इस जन संवाद कार्यक्रम में बड़ी तादाद में भीड़ जुट रही है। इसी क्रम में विधान सभा क्षेत्र रुदौली के मवई ब्लॉक के कई गाँव का दौरा कर जन चौपाल का आयोजन किया और सपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने की अपील की। चौधरी शहरयार ने अपने सम्बोधन में कहा 2024 का लोक सभा चुनाव मात्र पार्टियों का नहीं विचारधाराओं का है ।एक तरफ़ नफ़रत के बीज बो कर सत्ता हासिल करने वाली पार्टी है और दूसरी तरफ़ भारत की गंगा जामुनी तहज़ीब को ज़िंदा रख कर उज्जवल भारत बनाने का सपना रखने वाला इंडिया गठबंधन है। जनता देख चुकी है उसे पिछले दस सालों में सिर्फ़ झूठे वादे ही मिले हैं। जनता अब परिवर्तन चाहती है ।किसान महंगाई,नौजवान बेरोज़गारी और शिक्षा के उचित अवसर ना मिलने से परेशान है ।सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार चरम पर है। इस अवसर पर पूर्व प्रधान सिया राम यादव,रति पाल यादव,पूर्व प्रधान माया राम यादव,शुऐब खां,प्रेम चंद रावत,प्रधान अजीमद्दीन,आशा राम यादव,मो इद्रीस सहित सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अवधनामा



# तय रणनीति से आगे बढ़ रही भाजपा को विजय का भरोसा, तो गठबंधन उम्मीदवार के लिए सपा का साथ स्वर्णिम अवसर

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** सपा के गढ़ में कमल खिलाने को आतुर भाजपा नेता व कार्यकर्ताओं का हौसला शीर्ष नेताओं के आने से और बुलन्द होता जा रहा है। यह हाल तब है जबकि पीएम मोदी की जनसभा में अभी 3 दिन बाकी बचे हैं। जानकार कहते हैं कि हमेशा की तरह इस बार भी चुनाव से कुछ वक्त पहले की मोदी की जनसभा गुल खिलाएगी और यहीं से उम्मीदवार के पक्ष में ऊंट करवट लेगा। हालांकि भाजपा के हौसले के बावजूद चुनाव इतना आसान नही है क्योंकि इस बार सामने दो दल एक साथ मुकाबला कर रहे हैं और उनकी तरफ से भी जीत के लिए हर अस्त्र का प्रयोग हो रहा जिससे साफ होता है कि लड़ाई कांटे की होगी। एक चुनाव पीछे जाइये तो आपको याद होगा कि पीएम मोदी की जनसभा भिटरिया में मतदान से थोड़ा पहले ही रखी गई थी और यही जनसभा बदलाव की वजह बन गई। इस बार के चुनाव में अयोध्या में मोदी का रोड शो अवध की सारी सीटो को एक साथ साधने के लिए रखा गया था पर शायद मौजूदा स्थिति को भांपते हुए ही भाजपा नेतृत्व ने जिलेवार जनसभा की रणनीति बनाई, पहले पीएम की मीटिंग 15 मई को तय थी पर ऐन वक्त सपा मुखिया की जनसभा के चलते इसे 17 मई को तय किया गया या फिर 15 मई भाजपा का एक प्रयोग ही था, खैर 17 मई की जनसभा के बाद मतदान की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी, यही भाजपा की मंशा भी थी, मतदाताओं की मनःस्थिति पढ़ने, समझने व उनमें बदलाव लाने के लिए ही सबसे बड़े नाम की जनसभा अंत मे रखी गई। जिसकी तैयारी जारी है। इस बीच यूपी के सीएम योगी की जनसभा हो जाने के बाद, डिप्टी सीएम, गृह मंत्री की जनसभा भी प्रस्तावित है। भाजपा की रणनीति भी यही है, ताबड़तोड़ जनसभाएं कर मतदाता का मन परिवर्तन करना। इस प्रयोग में भाजपा पूर्व से सफल साबित हुई है। चुनावी दौड़भाग के बीच पार्टी नेताओं कार्यकर्ताओं का उत्साह चरम पर है और जमकर मेहनत करते हुए पसीना बहाया जा रहा है। इसी वजह से भाजपा अपनी विजय को लेकर उत्साहित व आश्वस्त है, उनका हौसला बढ़ाने का काम केंद्रीय नेताओं का दौरा कर रहा है अब जोश भरने वाला भाषण, जनसभाओं में उमड़ रही भीड़ मतदान में क्या गुल खिलाएगी बस यही देखना है। बात गठबंधन उम्मीदवार की करें तो तनुज पुनिया इस बार के चुनाव को अपने लिए स्वर्णिम अवसर मानकर चल रहे हैं उस पर से सपा के साथ आने से उनका भरोसा बढ़ा हुआ है। यह बात अलग है कि उन्हें सपा खेमे से कई असहज स्थिति का भी सामना करना पड़ रहा है, कहा जाए कि सपा का साथ और उनको साथ लेकर चलने की कोशिश उम्मीदवार के लिए कम मुश्किल भरा नही है तो गलत न होगा, उस पर हाल ही में जिले विकास पुरूष स्व बाबू बेनी प्रसाद के नाम का उछलना उम्मीदवार को असहज कर गया। कोई कुछ भी कहे पर उम्मीदवार की ओर से जीत अपने पक्ष में करने की हर कोशिश हो रही है।

# 2024 का चुनाव राम भक्तों और राम द्रोहियो के बीचःसीएम योगी

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** राम भक्त कौन और राम द्रोही कौन, यह समझाते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने हैदरगढ़ की चुनावी जनसभा में सपा और कांग्रेस पर जमकर प्रहार किए। सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव की तरफ इशारा करते हुए कहा कि राम भक्तो पर गोलियां चलवाने वाले कहते है कि अयोध्या का श्री राम मंदिर बेकार है और कांग्रेस ने तो राम के अस्तित्व पर ही सवाल उठाए थे।राम मंदिर का विरोध करने वाले आतंकियों की पैरवी करते रहे हैं।कहा यह चुनाव राम भक्तों और राम द्रोहियों के बीच है।इतिहास गवाह है कि राम द्रोही कितना भी शक्तिशाली हो उसका पतन सुनिश्चित है। होइहै वही जो राम रचि राखा दोहे का उल्लेख करते हुए आत्मविश्वास भरे लहजे में कहा राम के भक्त मोदी ही देश के पुनः



प्रधानमंत्री बनेंगे। सीएम योगी सोमवार को भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत के समर्थन में ग्राम्यांचल महाविद्यालय में आयोजित एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सपा और कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा, ये वही लोग हैं जिन्होंने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के निधन पर सहानुभूति के एक शब्द भी नहीं कहे थे जबकि एक माफिया की मौत पर मातम मनाने उसके घर पहुंच जाते हैं।कहा इंडी गठबंधन वाले आतंकियों का महिमामंडन और माफियाओं को गले लगाते है। अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ों के अधिकार में कटौती कर मुस्लिमों को आरक्षण देने की कांग्रेस कुटिल चाल रही है जबकि बाबा आंबेडकर ने धर्म के नाम पर आरक्षण का पुरजोर विरोध किया था। कहा आमजन की गाढ़ी कमाई की संपत्ति पर सपा और कांग्रेस के गुंडों की नजर है।संपत्ति के सर्वे की बात राहुल गांधी स्वयं कह चुके हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि तीन चरणों के चुनाव के बाद सपा - कांग्रेस के नेताओं के चेहरों की उड़ी हवा यह बता रही है कि चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी की सुनामी चल रही है। बताया कि चुनाव प्रचार के क्रम में 9 राज्यो में जाने का अवसर प्राप्त हुआ है।हर जगह एक ही स्वर गूंज रहा है -फिर एक बार मोदी सरकार।जनता कह रही है। सीएम ने जैसे ही महादेवा कॉरिडोर के भव्य निर्माण कराए जाने की बात कही पूरा पांडाल हर हर महादेव और जय श्री राम के नारों से गूंज उठा।उन्होंने कहा देशवासियों ने वह समय भी देखा है जब गरीब भूख से मरता था, किसान आत्महत्या करता था, नौजवान पलायन करता था और विकास के कार्य भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाते थे।जबकि मोदी के नेतृत्व में देश विकास के साथ विरासत पर भी गर्व कर रहा है। उन्होंने मोदी सरकार की अनेकों गरीब कल्याण योजनाओं को गिनाते हुए सुशासन को समझाया। हजारों की संख्या में मौजूद समर्थको से रामराज्य की कल्पना को साकार करने वालों को भारी बहुमत से जिताने का संकल्प

## गोकशी के आरोपी पिता पुत्रों पर लगा गैंगेस्टर

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर द्वारा अपराध नियन्त्रण एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत कुमारगंज पुलिस ने क्षेत्र में अपराध को लेकर लगातार सक्रिय गैंग की तीन लोगों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही कर दी है। प्रभारी निरीक्षक रतन सिंह ने थाना क्षेत्र में सक्रिय संगठित गिरोह जो गोवंशीय पशु को वध करने जैसे जघन्य अपराध कारित करने में संलिप्त गैंग लीडर व गैंग के सदस्यों के विरुद्ध थाना धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोह बन्द अधिनियम एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपियों में मो मकसूद उर्फ लादेन पुत्र रोधे व अमजद पुत्र मो मकसूद तथा मो मारुफ पुत्र मो मकसूद निवासी मक्खू का पुरवा धनैचा शामिल है। बता दें कि अभी दो माह पूर्व उपरोक्त तीनों पिता पुत्र प्रतिबंधित पशु का वध करके मांस बिक्री कर रहे थे।

# सिसवा बाजार में भाजपा पिछड़ा वर्ग सम्मेलन आयोजित



**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** सिसवा बाजार स्थित एक मैरेज हाल में भाजपा पिछड़ी जाति मोर्चा की बैठक आयोजित की गई। जिसके मुख्य अतिथि भाजपा विधायक सुरेन्द्र चौरसिया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पं.दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ हुआ। इस दौरान कार्यक्रम को पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह,सिसवा नगरपालिकाध्यक्ष शकुंतला जायसवाल व उनके प्रतिनिधि गिरिजेश जायसवाल ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री ओमप्रकाश पटेल ने किया।इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रवि कांत पटेल, ब्लॉक प्रमुख कोदई निषाद, दीपक चौधरी,नागेन्द्र मल्ल, रामेश्वर जायसवाल, दुर्गा गुप्त,संजय पांडेय,सभासद प्रमोद जायसवाल,शंकराचार्य पटेल,उत्पल बिस्वास, मदन राजभर सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता मोजूद रहे।

# अधिक आयु दिव्यांग मतदाताओं को उनके घर पर डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद अयोध्या में अवस्थित 54 फैजाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में सम्मिलित जनपद की चार विधानसभाओं यथा 271 रुदौली, 273 मिल्कीपुर, 274 बीकापुर तथा 275 अयोध्या में निवासित 85 वर्ष आयु वर्ग से अधिक तथा दिव्यांग मतदाताओं को उनके घर पर डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिसके लिए उक्त चारों विधानसभाओं में कुल 15 पोलिंग पार्टियों द्वारा 11 व 12 मई को मतदाताओं के घर-घर जाकर आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद कि उक्त चार विधानसभा में कुल 304 (85 वर्ष आयु से अधिक कुल 206 तथा दिव्यांग कुल 98) मतदाता हैं। जिसमें विधानसभा रुदौली में 85 वर्ष से अधिक के 41 तथा दिव्यांग 30, मिल्कीपुर में 85 वर्ष से अधिक के 53 व दिव्यांग 23,



बीकापुर में 85 वर्ष से अधिक के 49 व दिव्यांग 18 तथा अयोध्या में 85 वर्ष से अधिक के 63 व दिव्यांग 27 मतदाता सम्मिलित हैं।12 मई 2024 को आयोग के निर्देशानुसार जनपद की 54 फैजाबाद के अंतर्गत आने वाली उक्त चार विधानसभा में गठित 15 पोलिंग पार्टियों द्वारा घर-घर जाकर 45 (85+ के 34 व दिव्यांग 11) मतदाताओं का मतदान कार्य कराया गया। जिसमें विधानसभा रुदौली में 85 वर्ष से अधिक के 01, मिल्कीपुर में 85 वर्ष से अधिक के 19 व दिव्यांग 09, बीकापुर में 85 वर्ष से अधिक के 11 व दिव्यांग 02 तथा अयोध्या में 85 वर्ष से अधिक के 03 मतदाताओं ने अपने अपने घर पर मतदान किया। उन्होंने बताया कि 11 मई 2024 को आयोग के निर्देशानुसार जनपद की 54 फैजाबाद के अंतर्गत आने वाली उक्त चार विधानसभा में गठित 15 पोलिंग पार्टियों द्वारा घर-घर जाकर 231 (85+ के 162 व दिव्यांग 69) मतदाताओं का मतदान कार्य कराया गया था। जिसमें विधानसभा रुदौली में 85 वर्ष से अधिक के 38 तथा दिव्यांग 30, मिल्कीपुर में 85 वर्ष से अधिक के 29 व दिव्यांग 14, बीकापुर में 85 वर्ष से अधिक के 36 व दिव्यांग 15 तथा अयोध्या में 85 वर्ष से अधिक के 59 व दिव्यांग 10 मतदाताओं ने अपने अपने घर पर मतदान किया था।

इस प्रकार भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 11 व 12 मई को जनपद में 54 फैजाबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत स्थित चारों विधानसभाओं में कुल 304 (85 वर्ष आयु से अधिक कुल 206 तथा दिव्यांग कुल 98) मतदाताओं के सापेक्ष कुल 276 (85 वर्ष आयु से अधिक कुल 196 तथा दिव्यांग कुल 80) मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया।

# ताइक्कांडो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाए खिलाड़ी सम्मानित



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जिला स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर किंग जॉर्ज इंटर कॉलेज के खिलाड़ियों को प्रधानाचार्य श्रीमती रूमा तिवारी ने मेडल पहनकर सम्मानित किया। लखपेड़ाबाग लॉन में आयोजित जिला स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में करीब 90 खिलाड़ियों ने विभिन्न स्कूलों से प्रतिभागी किया। जिसमें किंग जॉर्ज इंटर कॉलेज का प्रथम स्थान रहा दूसरा स्थान आकाश ग्लोबल इंटर कॉलेज तथा तीसरा स्थान ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल का रहा। किंग जॉर्ज इंटर कॉलेज के प्रशिक्षक राकेश धानुक राष्ट्रीय पदक विजेता को प्रधानाचार्य ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ताइक्कांडो एसोसिएशन बाराबंकी के मुख्य प्रशिक्षक अनिल कुमार धानुक राष्ट्रीय रेफरी विकास धानुक, विजेंद्र कुमार, मनीष दत्त, अवंतिका रावत धीरज पांडे शिवेंद्र रस्तोगी धीरेंद्र मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का होगा आगमन, करेंगे जनसभा



**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मंगलवार को जिले में आएंगे व इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी के पक्ष में चुनावी जनसभा करेंगे। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबह 11:45 पर गोरखपुर एयरपोर्ट पर आएंगे 12:15 पर हेलीकाप्टर से जवाहरलाल नेहरू पीजी कॉलेज में पहुंचेंगे तथा लगभग 1 घंटे चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। दोपहर 1:20 पर बांसगांव के लिए प्रस्थान करेंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का महराजगंज जिले में प्रथम आगमन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में काफी जोश तथा उत्साह है।

## मातृ दिवस पर मां शांति सेवा फाउंडेशन द्वारा राहगीरों को किया ठंडा पानी एवम बिस्कुट का वितरण




**अयोध्या।** मां शांति सेवा फाउंडेशन द्वारा राम की नगरी के राम पथ के अंगूरी बाग बस स्टॉप पर राहगीरों , ठेले रिक्शे एवं जरूरतमंद लोगों को भीषण गर्मी में प्यास बुझाने के लिए पानी की बोतल एवम बिस्कुट का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एडवोकेट आनंद सिंघल प्रबंधक साकेत महाविद्यालय का स्वागत संरक्षक बसंत राम ,अध्यक्ष नेहा कुमारी, संयोजक प्रज्ञा श्रीवास्तव द्वारा माला व पट्टिका पहना कर किया गया गया। मुख्य अतिथि आनंद सिंघल ने कहा कि अपनेजीवन की कार्यशैली के साथ-साथ मानवता भी अत्यंत जरूरी है सेवा से समाज में प्रेम भाव बढ़ता है। संस्था संरक्षक बसंत राम ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रचंड गर्मी को देखते हुए प्यास बुझाने हेतु जरूरतमंद राहगीर एवं ठेले, रिक्शावाले को पानी की बोतल साथ में बिस्किट वितरित किया गया सेवा कार्य से लोगों में सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ती है और खुद को आत्म संतुष्टि का अनुभव प्राप्त होता है। अध्यक्ष नेहा कुमारी ने बताया कि संस्था के सहयोगियों के सहयोग से पानी वितरण कार्य हुआ जल वितरण में 1000 पानी की बोतल एवं 500 बिस्किट का पैकेट वितरण कार्य हुआ, साथ ही समाजसेविका श्रीमती प्रज्ञा श्रीवास्तव को समाज सेवा कार्य हेतु उनको अयोध्या गौरव सम्मान से सम्मानित भी किया गया । इस अवसर पर सहयोग में राम शंकर अध्यक्ष कोरी बनौधा धर्मशाला, सुबोध श्रीवास्तव पत्रकार,श्रीमती सुषमा श्रीवास्तव पूर्व अध्यापिका, रेनू जायसवाल, एकता रस्तोगी, रोली श्रीवास्तव सुषमा गुप्ता अमरेश सिंहा, राज श्रीवास्तव, सारस्वत, नीता श्रीवास्तव, साधना गुप्ता, संदीप मध्यान, सहित संस्था पदाधिकारी एवमसदस्य गण शामिल रहे।

# भाजपा ने फैजाबाद लोकसभा के लिए झोंकी अपनी ताकत

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** फैजाबाद लोकसभा 54 के भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के लिए अब जबरदस्त जनसंपर्क लगातार जारी है इसी क्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय योजनाओं की जानकारी दी और भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह के पक्ष में मतदान करने की अपील की इस दौरान मीडिया से बात करते हुए अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व लोकसभा प्रभारी अशफाक हुसैन जिया ने कहा कि



उपाध्यक्ष लोकसभा प्रभारी अशफाक हुसैन जिया का लगातार तूफानी दौरा जारी इसी क्रम में बीकापुर विधानसभा क्षेत्र में कई गांव में मुस्लिम क्षेत्रों में भ्रमण कर भाजपा की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया तो वही रुदौली विधानसभा क्षेत्र में भी कई गांव का भ्रमण कर मुस्लिम क्षेत्रों में बीजेपी की लाभकारी मुस्लिम क्षेत्रों में भाजपा को भरपूर समर्थन मिल रहा है उन्होंने कहा केंद्र और राज्य सरकार की कई कल्याणकारी योजना जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना आयुष्मान कार्ड फ्री राशन फ्री शौचालय 24 घंटे बिजली कानून और व्यवस्था मुस्लिम महिलाओं के लिए तीन तलाक जैसे मुद्दे अल्पसंख्यकों को काफी

# जागरुकता शिविर में डालसा के सचिव ने बताएं बंदियों के अधिकार

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की मंशानुरूप दिनेश चन्द जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन में आज जिला कारागार, में प्रस्तावित विषय प्ली बार्गेनिंग एवं बंदियों के अधिकार पर जागरूकता शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कृष्णचन्द्र सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस शिविर में श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा प्ली बार्गेनिंग के बारे में बताया गया कि किसी व्यक्ति द्वारा किया गया ऐसा अपराध जिसकी सजा 7 साल या उससे कम है या अभियुक्त ने पहली बार अपराध किया है वह अपनी सजा में सौदेबाजी कर सकता है, छोटे अपराधों में पीड़ित और अभियुक्त



आपसी सामंजस्य से सौदेबाजी कर सकते है इसे ही प्ली बारगेनिंग कहा जाता है। सचिव द्वारा बंदियों के अधिकार के बारे मे विस्तारपूर्वक बताया गया। जेलर, जिला कारागार आलोक शुक्ला द्वारा बताया गया कि जिन बन्दियों के पास अपने मुकदमें की पैरवी करने हेतु अधिवक्ता नही है

## मतदान केंद्रों पर होगी प्रतीक्षा कक्ष की सुविधा

**बाराबंकी।** जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मानपुर के कक्षा 10 के छात्र शिवमोहन द्वारा बनाए गए बाराबंकी बी कार्टून के माध्यम से बताया गया है कि यदि कोई मतदाता जानना चाहता है कि मतदान केंद्रों पर अपनी बारी के इंतजार में बहुत समय तक खड़ा रहना पड़ता है, क्या मतदान केंद्रों पर बैठने की सुविधा नहीं होगी। इसका जवाब देते हुए बाराबंकी बी ने बताया कि निश्चिंत होकर मतदान केंद्र पर जाएं, इस बार मतदान केंद्रों पर प्रतीक्षा कक्ष की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है।

## आकार संस्था के 50 कलाकारों ने गीता रामायण की प्रस्तुति से रामायण काल की अद्भुत सैर कराई

**अयोध्या।** लेखक और वरिष्ठ कवि जी.डी. माडगुलकर द्वारा लिखित, आदर पूर्वक (आधुनिक वाल्मिकी) कही जाने वाली और महान संगीतकार सुधीर फड़के की आवाज से अमर हुई गीत रामायण हर मराठी मानस पर अंकित है।अयोध्या बाईपास पर स्थिति श्री राम ऑडिटोरियम मे प्रितमेश कुलकर्णी के सहयोग से हुए कार्यक्रम मे रविवार को भारी संख्या मे दर्शक पहुँचे और गीतरामायण के भाव मे डूबे दिखे गीतरामायण की भारत गौरव यात्रा कार्यक्रम के रूप में आकार संस्थानी के 50 कलाकारों ने महाराष्ट की संस्कृति का अनमोल गौरव बालक और सखी गीतरामायण को हिंदी में प्रस्तुत कर प्रशंसकों को रामायण काल मंत्रमुग्ध सैर कराई। कार्यक्रम की शुरुवात संस्थापिका आकार संस्था चित्रा देशपांडे ने दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन के साथ किया गया।

# परिवार पर्ची, वोटर पर्ची तथा योजनाओं के पत्रक लेकर हर घर-हर मतदाता से करें सम्पर्कः विजय प्रताप

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह व विधानसभा प्रवासी मधू शर्मा ने साथ महानगर के दीनदयाल वार्ड में पन्ना प्रमुख तथा बूथ समितियों के साथ बैठक की। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ग्राम सभा अंजना में जनचौपाल लगाया। जानकी घाट में बूथ समिति व पन्ना प्रमुख के साथ बैठक की। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने पूरा बाजार के खुनवावा, नारायण पुर तथा हरिनारायणपुर में जनचौपाल लगाया। पन्ना प्रमुख व बूथ समिति की बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह ने कहा कि बूथ विजय ही चुनाव विजय का मूल मंत्र है। मतदान के दिन में बहुत कम दिन शेष है बूथ के सभी कार्यकर्ता व्यापक स्तर पर जनसम्पर्क में जुट जाएं। परिवार पर्ची, वोटर पर्ची तथा सरकार की योजनाओं के पत्रक लेकर हर घर-



हर मतदाता से सम्पर्क करें। ग्राम सभा नारायणपुर में आयोजित जनसभा में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि पीएम मोदी ने देश में सभी को न्याय, सभी के लिए घर, जल, पढ़ाई, दवाई, सुरक्षा व सम्मान के साथ विकसित भारत की गारंटी दी है। संविधान की मजबूती, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के मार्ग पर चलते हुए पिछड़ों और अनुसूचित जाति के आरक्षण की रक्षा भी मोदी जी की गारंटी है। जानकी घाट में बूथ समिति व पन्ना प्रमुख की बैठक में महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि सरकार के पत्रक व मतदाता पर्ची को लेकर कार्यकर्ता हर घर की कुण्डी खटखटाएं। घर-घर संपर्क के दौरान सभी मतदाताओं को भाजपा के संकल्प पत्रों में लिखे मोदी की गारंटी के बारे में समझाएं और उनसे फीडबैक भी लें। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित करें कि सभी घरों के दरवाजों पर भाजपा का स्टीकर लगाएं और मतदान का मार्जिन बढ़ाने पर भी फोकस करें। खुनवावा में जनसभा के दौरान दिनेश मिश्र, शम्भूनाथ सिंह दीपू, दीपेन्द्र सिंह, देवता पटेल, राजेश पाठक, दीनदयाल वार्ड में पन्ना प्रमुखों की बैठक में आलोक द्विवेदी, सुबोध चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष शशि प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष त्रिपुरारी, अनुपम पांडेय, शकुंतला गौतम सहित बूथ समिति के पदाधिकारी , पन्ना प्रमुख उपस्थित रहे ।

## ला स्टूडेंट के लिए इंटर्नशिप एक जून से,फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 25 मई

अयोध्या। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से विधि के छात्र छात्राओं के लिए ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप कार्यक्रम का आयोजन 1 जून से किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव / अपर जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार वर्मा की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अयोध्या जनपद स्थित विश्वविद्यालय व महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के लिए एक माह के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जो 1 जून से 30 जून तक की अवधि तक चलेगा।

## कमिश्नर ने चुनाव तैयारियों का निरीक्षण कर दिया निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** कमिश्नर गोरखपुर अनिल ढींगरा और डीआईजी गोरखपुर रेंज एएस कुलकर्णी ने कलेक्ट्रेट परिसर महराजगंज में स्ट्रांग रूम, इवीएम वेयर हाउस, पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल और मतगणना स्थलों का निरीक्षण किया गया। साथ उनके निस्तारण की भी जानकारी ली। नोडल अधिकारी सी-विजिल ने बताया कि अबतक 85 शिकायते प्राप्त हुई हैं और सभी का निस्तारण एफएसटी के माध्यम से कराया जा चुका है। कमिश्नर ने सी-विजिल कार्यप्रणाली पर संतोष व्यक्त किया। इसके उपरांत दोनो अधिकारियों ने विधानसभावार स्ट्रांग रूम को देखा



ही दोनो अधिकारियों ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय प्रथम महराजगंज को भी देखा।कलेक्ट्रेट परिसर में कमिश्नर और डीआईजी ने सबसे पहले सी-विजिल का निरीक्षण किया और एफएसटी टीमों के लोकेशन को पोर्टल पर देखा। उन्होंने प्रभारी सी-विजिल और एआर कॉपरेटिव सुनील गुप्ता से अब तक प्राप्त शिकायतों और और सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी आदि को भी देखा। इसके उपरांत कमिश्नर महोदय ने पोलिंग पार्टी रवानगी और मतगणना स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कमिश्नर ने बीएलओ पूनम पटेल, चंद्रकला, उषा यादव से बूथ पर मतदाताओं की संख्या की जानकारी ली।

## मेधावी छात्रों का किया सम्मान



**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर के मोहल्ला सकरावल मे मोहम्मद अयाज़ गुल्लु ट्रस्ट की जानिब से यूपी बोर्ड मे सर्वोच्च अंक पाने वाले मेधावी छात्रों का एक सम्मान समरोह का ट्रस्ट के अध्यक्ष नदीम अंसारी पोली के नेतृत्व मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि टांडा पालिका की लोकप्रिय अध्यक्ष शाबाना नाज़ व विशिष्ट अतिथी के रूप मे कार्यक्रम मे आये टीएनपीजी कालेज के प्राचार्य रमेश चंद्र पाठक मदरसा मंज़रे हक़ के प्रबंधक हाजी अशफ़ाक़ मिश्री लाल आर्य कन्या इंटर कालेज के सचिव भूपेंद्रनाथ मेहरोत्रा आदर्श जनता विद्यालय के प्रबंधक लालजी पटेल नगर के वरिष्ठ चिकित्सक एमडी मेडिसिन आसिफ अख्तर डॉ आतिफ़ रेडीयोलॉजिस्ट डॉ गुलरेज़ अंसारी आदि को शाल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया सम्मान समारोह के दौरान मदरसा के छात्रों द्वारा हिफ़्ज़ व फज़ीलत की शिक्षा मे सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर उनको उपहार व मेडल देते हुए छात्रों का अथितियों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की सम्मान समारोह कार्यक्रम का संचालन मास्टर कुवेश ने किया जिस दौरान सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को प्राचार्य रमेश चंद्र पाठक ने कहा कि यही बच्चे आगे चलकर इंजिनियर डॉक्टर व अन्य प्रशासनिक सेवाओं की मन लगाकर तैयारी करें जिससे उनके जीवन मे एक नया आयाम आ सके और ट्रस्ट की जानिब से किया गया ऐसे सम्मान समारोह का आयोजन छात्रों का उत्साह बढ़ाता है ऐसे कार्यक्रम छात्रों के जीवन के आगे बढ़ने के लिये अति आवश्यक है। सम्मान समारोह मे उपहार पाकर छात्रों के चेहरे खिल गये कार्यक्रम का सफलता पूर्वक आयोजन पर ट्रस्ट के अध्यक्ष नदीम अंसारी हाजी जावेद हाजी अजमल हाजी अकरम ने कार्यक्रम मे आये अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# जिले के अस्तित्व व सम्मान को बचाने के लिए बहरियों को भगाना होगा : हेमंत

**अवधनामा संवाददाता**



**आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी चौधरी अमर सिंह को हेमंत चौधरी ने दिया समर्थन**

**सिद्धार्थनगर।** जिले के अस्तित्व व सम्मान को बचाने के लिए बहरियों को भगाना होगा। बाहरी प्रत्याशियों के चुनाव जीतने के कारण ही इस जिले में विकास शून्य है। सभी दलों द्वारा डुमरियागंज संसदीय सीट से बाहरी प्रत्याशी उतारा गया है, क्या सपा, भाजपा व बसपा में स्थानीय नेताओं का अकाल हो गया है, जो यह बाहर से प्रत्याशी लाकर यहां थोपते हैं। क्या इन दलों में ऐसा जिले का कोई ऐसा नेता नहीं है जो सांसद बनने लायक हो।

उक्त बातें राष्ट्रीय जनसरदार यह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमन्त चौधरी ने कहीं। वह सोमवार को मुख्यालय स्थित एक होटल में आजाद समाज पार्टी (भीम आर्मी) पार्टी प्रत्याशी चौधरी अमर सिंह को समर्थन देने के उपरांत आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इससे बड़ी बिडंबना क्या होगी कि आज पार्टियों को गोरखपुर व बस्ती से प्रत्याशी उतरना पड़ रहा है। इससे साफ प्रदर्शित है कि यह पार्टियां स्थानीय मतदाताओं को अपना वोट बैंक समझने के सिवाय कुछ नहीं मानती हैं तथा विकास का बड़ा-बड़ा दावा करके केवल मतदाताओं को बेवकूफ बनाने का काम करती हैं।

यह जिला पिछड़ी से अति पिछड़े में किस श्रेणी में आ गया है इससे बड़ी उपलब्धि और क्या होनी चाहिए। यहां के मतदाताओं को बाहरी प्रत्याशियों का विरोध कर पार्टियों को सबक सिखाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज आपके बीच आपके व जिले के विकास के लिए आपके ही बीच का नेता चुनाव में लड़ रहा है। हम सभी जिलेवासियों को एकजुट होकर उसे जीतने की आवश्यकता है, ताकि हमारा व जिले का विकास हो सके। बाहरी लोग कब तक यहां लूट-खसोट मचाते रहेंगे।

इस जनपद के अस्तित्व व सम्मान को बचाने के लिए बहरियों को भगाना होगा। हमारी पार्टी राष्ट्रीय जनसरदार पार्टी भीम आर्मी से प्रत्याशी अमर सिंह चौधरी को समर्थन दे रही है तथा हम वह हमारे कार्यकर्ता जी जान लगाकर अमर सिंह चौधरी को जीताने का कार्य करेंगे।

## सीबीएसई परीक्षा में अनन्या ने लहराया परचम



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सोमवार को सीबीएसई बोर्ड द्वारा जारी हाईस्कूल का रिजल्ट देख परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र- छात्राएं खुशी से झूम उठे। सनई स्थित गंगा नेशनल पब्लिक स्कूल की छात्रा अनन्या पुत्री राजेश कुमार अग्रहरि निवासी बांसी ने भी अच्छे अंको से हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण किया। अनन्या ने परीक्षा में 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने पिता सहित माता रीता देवी का भी मान बढ़ाया। अनन्या ने अपने इस उपलब्धि का श्रेय अपने पिता को देते हुए बताया कि डाक्टर बनकर रोगियों की सेवा करना भविष्य का सपना है।

## एसडी मदर स्कूल के छात्र बेलाल ने मारी बाज़ी



**बसखारी अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेंकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) ने 10वीं और 12वीं का रिजल्ट घोषित कर दिया है। परिणाम देखकर छात्रों के चेहरे खिले हुए थे। वहीं बात करें जनपद अंबेडकरनगर की तो रामनगर में स्थित एसडी मदर इंटरनेशनल स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा हैं और सैयद मो बिलाल पुत्र सैयद ज़ैद ने 90 प्रतिशत अंक हासिल करके माता-पिता औऱ स्कूल का बहुत ही सहयोग उनको मिला है। छात्र सैयद मो. बिलाल से जब बात हुई तो उन्होने बताया कि मैं इसके लिए स्कूल स्टाफ और खासतौर पर अपने प्रिंसिपल इंद्रमणि मिश्रा का बहुत आभारी रहूंगा क्योंकि उन्होने हर मुश्किल में मेरा साथ दियाज साथ ही मैं उन सभी को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने इस समय मेरी मदद की और भविष्य में भी मैं हमेशा ऐसा ही प्रदर्शन करूंगा और अपने जिले के साथ साथ देश का नाम भी रोशन करूंगा आगे कहा कि यह अंत नहीं है यह तो बस एक शुरुआत है। इस साल का कुल पास प्रतिशत 93.60 प्रतिशत रहा है। जो कि पिछले साल के मुकाबले 0.48 प्रतिशत बेहतर है। साल 2023 का पास प्रतिशत 93.12त्न रहा था. साल 2024 में कक्षा 10वीं की परीक्षा के लिए, 2251812 स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था, जिसमें से 2238827 स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी थी। इनमें से 2095467 स्टूडेंट्स पास हुए हैं।

# देश में दलितों का सम्मान मोदी जी के नेतृत्व में : गौतम

**अवधनामा संवाददाता**



**कांग्रेस ने दलितों का उपयोग कर वोट बैंक समझा : बृजलाल**

**सिद्धार्थनगर।** जिले के डुमरियागंज तहसील मुख्यालय पर सोमवार को भाजपा ने अनुसूचित वर्ग सम्मेलन का आयोजन किया। भाजपा प्रत्याशी जगदम्बिका पाल के समर्थन में आयोजित इस सम्मेलन में राज्यसभा सांसद पूर्व डीजीपी बृजलाल और उत्तर प्रदेश की मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि दलितों का सम्मान मोदीजी के नेतृत्व मे हुआ है। कांग्रेस ने दलितों का उपयोग कर वोट बैंक समझा। इस मौके पर भाजपा के प्रत्याशी जगदम्बिका पाल जिला अध्यक्ष कन्हैया पासवान सहित भाजपा के कई पदाधिकारी मौजूद रहे। अनुसूचित वर्ग सम्मेलन को संबोधित करते हुए सभी वक्ताओं ने इंडि गठबंधन बंधन में शामिल सपा और कांग्रेस को आड़े हाथो लिया। बाद में हुए प्रदेश की मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल में गरीबों अनुचित और ओबीसी वर्ग के लोगों के लिए जो सराहनीय कार्य किये है। आज तक की किसी भी सरकार ने वह नहीं किया उन्होंने कहा कि गरीबों के लिए बहुत सी कल्याणकारी योजनाएं सरकार द्वारा चलाई गई और सरकार बनने के बाद अनुसूचित वर्ग पिछड़ों गरीबों और अल्पसंख्यकों के लिए सरकार के पास और बहुत सी योजनाएं हैं जिससे उनका कल्याण होगा और वह मुख्य धारा में शामिल हो जाएगें। सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व डीजीपी राज्यसभा सांसद बृजलाल ने अखिलेश यादव और सपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यह सरकार गुंडे और माफियाओं की सरकार रही है सपा की सरकार में ऐसे ऐसे निर्णय लिए गए जो देश के लिए घातक हैं उन्होंने कहा कि बनारस गोरखपुर सहित कई शहरों में हुए आतंकवादी ब्लास्ट में जो लोग शामिल थे उन पर से मुकदमे वापस लेने का निर्णय सपा सरकार ने किया था जिस पर कोर्ट सरकार को आड़े हाथों लिया था उन्होंने कहा कि आज भाजपा सरकार पर आरोप लगा रहा है कि वह लोगों के पीछे पड़ी है बीजेपी पीछे पड़ी है तो आतंकवादियों के अगर भाजपा के शासनकाल में बुलडोजर का इस्तेमाल हो रहा है तो गुंडों और माफियाओं पर हो रहा है उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव और इंडि गठबंधन का कहना है कि यह संविधान बचाने का चुनाव है उन्होंने कहा कि संविधान को सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस ने पहुंचाया है भाजपा संविधान के अनुसार चल रही है और काम कर रही है सांसद प्रत्याशी जगदिम्बिका पाल ने कहा जिले का समुचित विकास कर आप के बीच आया हू आगे भी विकास ही प्राथमिकता होगा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा यह चुनाव देश के विकास के लिये चुनाव है विपक्षी दल गठबंधन कर अपना विकास करना चाहते है मौके पर हरिचरण कुशवाहा समीर त्रिपाठी रामकुमार कुमार न राजेंद्र प्रसाद पांडे उदयपाल वर्मा जीपी तिवारी सच्चिदानंद पांडे मुक्ति नाथ राजभर ने भी सभा को संबोधित किया मौके पर अमरेंद्र त्रिपाठी विनय पाठक अवधेश चौधरी रमेश द्विवेदी श्याम सुंदर नश अशोक अग्रहरि विरेंद्र राव बृजेश राव चंद्र प्रकाश गौतम अजय शिव प्रकाश विकास गौतम मनोज गौतम धर्मेंद्र गौतम अजय गौतम रामकुमार गौतम प्रदीप गौतम कन्हैया गौतम राम प्रकाश गौतम सुभाष पासवान मायाराम गौतम दीपचंद गौतम सरबजीत पासवान गौतम सागर भारती राम नारायण सिद्धार्थ गौतम रामदेव अयोध्या आज मौजूद रहे।

## पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय की छात्र विधि द्विवेदी ने 12वीं व तन्मय सिंह ने दसवीं में लहराया परचम





**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** सीबीएसई ने कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षा परिणाम सोमवार को घोषित किया। पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय सिद्धार्थनगर के प्राचार्य नीरज कुमार शुक्ल ने बताया कि दसवीं एवं बारहवीं दोनो कक्षाओं का विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

विद्यालय की होनहार छात्रा विधि द्विवेदी ने कक्षा बारहवीं में 420 अंक (84 प्रतिशत) प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं 418 अंक पाकर समीक्षा सिंह दूसरे एवं 409 अंक प्राप्त कर पवन कुमार तीसरे स्थान पर रहे। कक्षा दसवीं में 464 अंक (92.8) अंक प्राप्त कर तन्मय सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि 453 अंक प्राप्त कर शुभि द्विवेदी दूसरे एवं 450 अंक प्राप्त कर शुभम कन्नौजिया तीसरे स्थान पर रहे। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देकर विद्यार्थियो के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया।

## सालाना मजालिस की तैयारियां अंतिम पड़ाव में

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** सराय चौक स्थित रौज -ए- हजरत कासिम में होने आगामी 27 मई से आयोजित होने वाली चार दिवसीय सालाना तब्लीग़ी मजालिस की तैयारियां जोरों पर है। 27,28,29 एवं 30 मई तक चलने वाली सालाना तब्लीगी मजालिस में देश के कई प्रांतों से उल्मा व जाकिर शिरकत करेंगे।समिति के संयोजक इब्ने अली जाफरी ने बताया कि कमेटी के पदाधिकारियों को मजालिस से सम्बंधित जिम्मेदारियां सौंप दी गई है। उन्होंने बताया कि पूर्वांचल में अपनी अलग सनाख्त रखने वाली सालाना तब्लीगी मजालिस इस बार इतिहासिक होगी।सालाना तब्लीगी मजालिस में मौलाना सैयद गुलज़ार जाफरी तारागढ़ अजमेर,मौलाना सैयद नामदार अब्बास दिल्ली, मौलाना हाफिज सैयद मोहम्मद रज़ा रिज़्वी दिल्ली, मौलाना वसी हसन खां, मौलाना रजी हैदर हैदरी मंगलौर उत्तराखंड, मौलाना उरूजुल हसन मीसम, मौलाना इब्ने अब्बास बाराबंकी, मौलाना जावेद आब्दी दिल्ली, मौलाना मेंहदी हसन वाइज, मौलाना नदीम रज़ा फैजाबाद, मौलाना मोहम्मद मेंहदी आजमगढ़ के अलावा दर्जन भर से अधिक उल्मा व जाकिर मजलिस को खिताब करेंगे। मजलिस के अंतिम दिन 30 मई को रात्रि में हुसैन-डे उत्सव का आयोजन होगा। जहां दर्जनों उलमा-ए-करआम व शायर अपने कलाम से कर्बला के शहीदों की जिंदगी पर रौशनी डालेंगे। कार्यक्रम के संयोजक इब्ने अली जाफरी ने बताया कि कार्यक्रम की भव्यता को देखते हुए इसमें शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने व खान पान की व्यवस्था के लिए समितियों का गठन कर लिया गया है। सैफ़ अब्बास राजू, जानिसार हुसैन कर्बलाई, मास्टर अलमदार हुसैन, अंसार हुसैन, अमीर हैदर, कौसर अली, सिब्ते हसन, अली असगर, अली अकबर पतारे, जाफरान, जाफर मेंहदी, मेंहदी रज़ा, जावेद समेत सभी पदाधिकारियों को कार्यों का बंटवारा कर जिम्मेदारियां सौंप दी गई।

# आयुष ओल्ड एज क्लब के व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय अंतर्गत छतहरा स्थित हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर पर सोमवार को आयुष ओल्ड एज क्लब के व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक औषधि उपलब्ध कराई गई। बुजुर्गों की स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण बातों की सलाह दिया गया। आयुष्मान आरोग्य मन्दिर हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर के हर्बल गार्डन में उपलब्ध औषधीय पौधों के महत्व व उसके सेवन के बारे में भी बुजुर्गों को जानकारी दी गई। जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ अजय कुमार ने कहा कि बुजुर्गों को सप्ताह में एक बार विशेषज्ञ उन्हें स्वस्थ्य रहने की टिप्स बताते हैं। जिसका लाभ बुजुर्ग महिला व पुरुषों को उठाना चाहिए। केन्द्र पर 60 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को स्वस्थ रहने और उनके बीमारी के इलाज के बारे में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ कविता राजपूत ने कहा कि हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर संचालित योगा कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक नैंसी वर्मा व शंखनाथ यादव द्वारा योगा के माध्यम से शरीर को स्वस्थय रखने का तरीका बताया जाता है। कहा कि सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को 60 साल से अधिक उम्र वाले क्लब के लोगों को योग के महत्व, साफ सफाई, उचित खानपान के बारे में भी जानकारी दी जाती है। स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम में फार्मासिस्ट रवि प्रकाश गुप्ता, वरिष्ठ नागरिक आयुष क्लब से जुड़े श्यामलाल शर्मा, श्याम देव, सत्येंद्र कुमार श्रीवास्तव, उर्वशी, श्याम दुलारी देवी, मुन्नी देवी आदि मौजूद रहे।

## घर घर जाकर चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने जगदंबिका पाल के पक्ष में किया लोगों से मतदान करने की अपील



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा चुनाव 2024 में नगर पंचायत बढ़नी में प्रचार अभियान के दौरान चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने डोर टू डोर जाकर लोगों से निवर्तमान सांसद जगदंबिका पाल के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सोमवार को भाजपा नेता व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरि ने लोगों को भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए अधिक से अधिक लोगों को नगर के वार्ड नं 7 बढ़नी खास में मतदान करने के लिए जागरूक किया और जगदंबिका पाल के पक्ष में आगामी 25 मई को मतदान करने की अपील की। कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही जनता की सबसे हितैशी है। कहा कि धरातल पर दिखने वाली योजनाएं इससे पहले नहीं दिखाई पड़ती थी, मोदी जी के नेतृत्व में ही भारत विकसित राष्ट्र बनेगा और जनता के बहुमूल्य वोटो से 4 जून को कमल खिलेगा। इस दौरान अतुल सिंह, अमित मौर्य, ध्रुव चतुर्वेदी, बृजेश अग्रहरी, अभिषेक यादव, कन्हैया पासवान, राहुल अग्रहरी, आर्यन, चंदी बाबा आदि लोग मौजूद रहे।

# मोदी राज में देश का हर वर्ग परेशान है: अविनाश

**अवधनामा संवाददाता**




**अम्बेडकरनगर।** जबसे नरेन्द्र मोदी प्रधानमन्त्री बने हैं उन्होंने देश के संवैधानिक ढांचे को हर स्तर पर ध्वस्त किया है सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर विपक्ष के बड़े नेताओं, विपक्षी राजनैतिक दलों और पत्रकारों का बेइंतिहा उत्पीड़न किया है अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव और उप्र प्रभारी अविनाश पांडे इंडिया गठबंधन की समन्वय बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि 2014 के पूर्व किसी भी प्रधानमंत्री ने धर्म और हिंदुत्व के नाम पर राजनीति को विकृत नहीं किया लेकिन नरेन्द्र मोदी ने देश को हिंदू-मुस्लिम, धर्म और राष्ट्रवाद के नाम पर गुमराह किया और देश पाताल, भूतल और आकाशीय संपदा को दो उद्योगपतियों के हाथ में दिया .कांग्रेस महासचिव अविनाश पांडे ने कहा कि 2014 तक जहाँ बीपीएल के लगभग 24 करोड़ लोग सस्ते दर पर राशन चीनी मिट्टी का तेल पा रहे थे मोदी ने 140 करोड़ देशवासियों की सरकारी संपत्ति चंद उद्योगपतियों को देकर 80 करोड़ देशवासियों को सरकारी राशन पर निर्भर बना दिया जहाँ अमीर और अमीर होता जा रहा है और मध्यम वर्ग तथा गरीब और गरीब होता जा रहा है। कांग्रेस महासचिव अविनाश पांडे ने कहा कि पूरे देश में अहंकारी लोकतंत्र विरोधी सत्ता द्वारा संविधान और लोकतंत्र के समर्थकों का उत्पीड़न देख देश के लिए, देश में सामाजिक समरसता और भाईचारा बहाल करने के लिए भय और नफरत का माहौल खत्म करने के लिए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के रास्ते पर कन्याकुमारी से कश्मीर तक, मणिपुर से मुम्बई तक भारत जोड़ो यात्रा न्याय यात्रा की आज अम्बेडकर नगर लोकसभा में पूर्व मंत्री लालजी वर्मा इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी हैं और जैसा कि मैं 67 लोकसभा क्षेत्र में होते हुए अम्बेडकर नगर पहुंचा हूँ यह चारों ओर स्पष्ट दिख रहा है कि आम जनता ने भाजपा को नकार दिया है इसलिए आप सभी का दायित्व बढ़ जाता है कि जो 63 प्रतिशत मत भाजपा के खिलाफ है वह एक एक वोट इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व मंत्री लालजी वर्मा के लिए मतदान के दिन बूथ पर पहुंचकर वोट करे। अखिल भारतीय कांग्रेस के महासचिव और उप्र प्रभारी अविनाश पांडे इंडिया गठबंधन की समन्वय बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुये उनके साथ उप्र सहप्रभारी सत्य नारायण पटेल, सचिव अखिल भारतीय कांग्रेस मौजूद रहे।

# निर्वाचन कार्य अत्यन्त महत्वपूर्ण, समय से पूर्ण करना सबकी जिम्मेदारी : एसडीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** निर्वाचन का कार्य अति महत्वपूर्ण एवं समय बद्ध है इसे सावधानी पूर्वक एवं समय से पूर्ण करना सबकी जिम्मेदारी है।उक्त बातें उपजिलाधिकारी/एआरओ डॉ ललित कुमार मिश्र ने कही वह तहसील नौगढ़ के सभाकक्ष में वर्किंग कापी तैयारी की समीक्षा कर रहे थे। सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2024 का मतदान 25 मई को है इसके लिए कपिलवस्तु विधान सभा सुरक्षित के में कुल 501 बूथों के लिए मतदाता सूची का प्रत्येक पेज को चेक किया जा रहा है कि कही मिस प्रिंट तो नही है अगर किसी प्रकार की त्रुटि है तो उसे दुरुस्त किया जा रहा है।

छह सेट मिलान कर वर्किंग कापी तैयार की जा रही है। हर पेज पर एआरओ के हस्ताक्षर का मोहर लगाया जा रहा है। मुख्य पृष्ठ पर महिला एवं पुरुष मतदाताओं की संख्या लिखी जा रही है। इस अवसर पर तहसीलदार पीयूष श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, माधुर्य यादव, नवीन श्रीवास्तव, राजस्व निरीक्षक शीतल द्विवेदी, राजेश गुप्ता, अब्दुल गफ्फार, गयादीन मौर्य, अरुण श्रीवास्तव, अब्दुल कयूम, गिरीश मिश्र, श्यामनारायन, अशोक श्रीविष्णु, सचिन्द्र श्रीवास्तव, लेखपाल रामकरन गुप्ता, सुधीर श्रीवास्तव, नवीन श्रीवास्तव, कृष्णा नन्द चौधरी, महेन्द्र, मुन्नीलाल, मनोज, अरविन्द चौबे,कमलेश पाण्डेय, उमेश, राजीव गुप्ता, अरुण, सुबोध, रमेश, पंकज, अजय, बिन्दुसार, राजेश, विनोद, विजय, अशोक, अनिल श्रीवास्तव, श्रद्धा सुमन, माधुरी शुक्ला, नीतू विश्वकर्मा, प्रीति लता पाण्डेय, प्रियंका सेंगर, सोनू शुक्ला, गरिमा मिश्रा, सोनाली, ज्योति सिंह सहित सभी राजस्व कर्मी अपने ड्यूटी पर उपस्थित रहे।

# महंगाई बेरोज़गारी व भष्ट्राचार के मुद्दे पर भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने के लिये जनता ने मन बना लिया है: अम्बिका

**अवधनामा संवाददाता**



**अम्बेडकरनगर।** तीन चरणों के चुनाव में जनता की नाराजगी देख भाजपा घबरा गई है। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भाजपा के भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता इस सरकार के खिलाफ निकल पड़ी है। भाजपा के लोग घबराये हुए हैं। उपयुक्त बाते अंबिका चौधरी ने चौधरी ने समाजवादी पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही उन्होंने कहा भाजपा के कुकर्मो से आम जनमानस परेशान है इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही दो महीना के अंदर 30 लाख नौकरियां को नियम अनुसार भरने की कार्रवाई शुरू कर दिया जाएगा उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह से उन्हें सूचनाओं मिल रही है की अंबेडकर नगर का जिला प्रशासन संदेह के घेरे में है उन्होंने पत्रकार साथियों से विनती करते हुए कहा कि ऐसे गंभीर मुद्दों को जनता के बीच लाने का कार्य करिए, सविधान को बदलने के लिए जिस तरह से बीजेपी के नेता बोल रहे है उससे लगता है कि यह लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। अगर लोकतंत्र को बचाना है तो बीजेपी को बाहर करना होगा। जनहित के मुद्दों को लेकर बीजेपी जवाब नहीं देना चाहती है, बेरोजगारी, महंगाई जैसे मुद्दे पर जनता को गुमराह करना चाहती है बीजेपी के बड़े नेताओं के भाषणों से अंदाजा लगाया जा रहा है की वो खुद सत्ता के बाहर जाने वाले है। प्रशासन संदेह के घेरे में है ऐसे में पत्रकारों साथियों से मदद की अपील की है। किसानों के लिए और इंडिया गड़बंधन ने जो वादा किया गया है उसको हर हालत में पूरा करा जाएगा। भाजपा ने दस सालों में सत्ता का दुरुपयोग किया है। जनता से विश्वासघात किया है। समाज में नफरत फैलायी। हर स्तर पर भेदभाव किया। किसानों, नौजवानों को धोखा दिया। संविधान और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाया है। भाजपा बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के बनाए संविधान को बदलना चाहती है। संविधान में मिले वोट और आरक्षण के अधिकार को छीनना चाहती है। यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने का चुनाव है। किसानों, नौजवानों और देश के भविष्य को बचाने का चुनाव है। हम समाजवादी लोग संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। इस लड़ाई में एक तरफ संविधान की रक्षा करने वाले संविधान के रक्षक है तो दूसरी तरफ संविधान बदलने की साजिश करने वाले संविधान भक्षक है। प्रेस वार्ता के समय मुख्य रूप से समाजवादी प्रत्याशी लाल जी वर्मा , पूर्व विधायक जय शंकर पांडेय, पूर्व एम एल सी हीरालाल यादव, जिला अध्यक्ष जंग बहादुर यादव, फरहत अब्बास, मुजीब अहमद सोनू आदि मौजूद रहे।

## ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस छटाई कार्य का किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**अंबेडकरनगर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के उपरांत सामान्य जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा विधानसभा क्षेत्र जलालपुर का ईवीएम/वीवी पैट वेयर हाउस से निकालकर छटाई का कार्य बूथ वार किया जा रहा है का निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचन संबंधी अन्य तैयारियां का भी जायजा लिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सीसीटीवी कैमरा तथा अन्य व्यवस्थाएं देखी गई। सभी व्यवस्थाएं मौके पर ठीक पाई गई।

निरीक्षण के दौरान मौके पर सहायक रिटर्निंग ऑफिसर/उप जिलाधिकारी जलालपुर सुभाष सिंह, तहसीलदार जलालपुर तथा निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# विविधता में 'नस्लवाद' नहीं

बेशक सत्यनारायण गंगाराम पित्रोदा को 'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस' के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देना पड़ा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे को उसे स्वीकार करना पड़ा, लेकिन तब तक सैम सलाहकार नस्लवाद, रंगभेद का जहर उगल चुके थे। सैम पित्रोदा अमरीका में रहते हैं। बेशक वह मूलतः ओडिशा के हैं। क्या उन्होंने कभी अपना चेहरा आईने में देखा है और खुद को 'चीनी' माना है? सैम बहुराष्ट्रीय हो सकते हैं, लेकिन बार-बार भारत की चिंता क्यों करते हैं? भारत पर बार-बार अनाप-शनाप क्यों बकते रहते हैं? कभी पुलवामा आतंकी हमले पर, कभी बालाकोट हवाई आक्रमण पर, कभी विरासत कर को लेकर वह बिन मांगे ही सुझाव देते रहे हैं। उनकी टिप्पणियां भी अस्वीकार्य रही हैं, लिहाजा माफी भी मांगनी पड़ी है। दरअसल हमारा सरोकार तो यह है कि भारत और भारतीय उनके कथनों की परवाह ही क्यों करते हैं? उन्हें 'ब्लैंक' क्यों न कर दिया जाए? उनके बयान और उपमाओं पर भारत के प्रधानमंत्री पलटवार हमला करेंगे या गुस्सा जताएंगे, तो निश्चित है कि वह कथन मीडिया की सुर्खियों में होगा, नतीजतन असंख्य नागरिक भी टिप्पणियां करने लगेंगे। सैम पित्रोदा का हमारे लिए कोई सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और पेशेवर अर्थ नहीं है। कांग्रेस की सरकार बनेगी, तो वह उन्हें फिर से रणनीतिकार और सलाहकार बना सकती है। राजीव गांधी और डॉ. मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री कार्यकालों में सैम को कैबिनेट मंत्री का ओहदा मिलता रहा। दरअसल वह गांधी परिवार के लिए 'मार्गदर्शक' की भूमिका में रहे हैं। वही रिश्ता सोनिया-राहुल गांधी के दौर में निभाया जा रहा है, लिहाजा सैम कुछ न कुछ बकते रहे हैं। सैम पित्रोदा ने एक विदेशी, अंग्रेजी अखबार के साथ साक्षात्कार में भारत की विविधता की व्याख्या की है। हमें भारत की 'विविधता में एकता' पर उनका लाइसेंस नहीं चाहिए था, लेकिन कांग्रेस की अपनी राजनीति थी। भारत ऐसा देश है, जिसमें संप्रदाय, धर्म, मत, जातियां, चेहरों की पहचान, भाषा-बोलियां, इलाके, नस्लें आदि विविध हैं, लेकिन 144 करोड़ से अधिक लोग खुद को 'भारतीय' ही मानते हैं। आज तक एक भी विशेषज्ञ और मनोवैज्ञानिक इतिहासकार ने ऐसी उपमाएं नहीं दीं, जैसी सैम ने देने का दुस्साहस किया है। उन्होंने साक्षात्कार में कहा- 'भारत में उत्तर के लोग गोरे, पूर्व के लोग चीनियों की तरह, पश्चिम के लोग अरबी और दक्षिण के लोग अफ्रीकी लगते हैं। यहां हर कोई एक-दूसरे के लिए थोड़ा-बहुत समझौता करता है। हम 70-75 साल से इकट्ठे रह रहे हैं। हम सभी भाई-बहन हैं।' सैम ने विविधता और पहचान का आधार चमड़ी के रंग को बना दिया। भारतीयों के डीएनए पर भी सवाल किए हैं। प्रधानमंत्री मोदी की तल्ख प्रतिक्रिया स्वाभाविक थी। उन्होंने चमड़ी के रंग को देश के लिए 'गाली' समझा। प्रधानमंत्री ने कहा- 'मैं बेहद गुस्से में हूं। आप मुझे गाली दे लो, मैं सहन कर लूंगा, लेकिन देश का ऐसा अपमान बर्दाश्त नहीं करूंगा।' प्रधानमंत्री ने कहा कि अब उन्हें समझ आया है कि राष्ट्रपति पद के लिए कांग्रेस ने द्रौपदी मुर्मू का विरोध क्यों किया था? यह विषय भारत के अस्तित्व का है, लिहाजा राहुल गांधी खामोश क्यों हैं? अलबत्ता पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सैम की उपमाओं को 'दुर्भाग्यपूर्ण' करार दिया और कांग्रेस ने पल्ला झाड़ लिया।

## जबरन धर्मांतरण पर इस्लाम की स्थिति को समझना

**इंशा वारसी**

हाल के दिनों में, 'लव जिहाद' शब्द ने ध्यान आकर्षित किया है, जिससे विभिन्न मंचों पर बहस और चर्चाएं शुरू हो गई हैं। इस प्रवचन के केंद्र में एक बुनियादी सवाल हैः जबरन धर्मांतरण के बारे में इस्लाम वास्तव में क्या कहता है? यह अन्वेषण इस्लामी शिक्षाओं और हमारे देश के मूलभूत मूल्यों के साथ उनकी प्रतिध्वनि पर प्रकाश डालता है।

इस्लाम के मूल में आस्था के मामलों में स्वतंत्र इच्छा और व्यक्तिगत पसंद का सिद्धांत निहित है। कुरान में स्पष्ट रूप से कहा गया है, धर्म (इस्लाम) में कोई बाध्यता नहीं होनी चाहिए क्योंकि सत्य झूठ से स्पष्ट रूप से अलग है। (Quran 2:256). यह मूलभूत कविता विवेक की स्वतंत्रता के प्रति इस्लाम की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है और विश्वास के मामलों में किसी भी प्रकार की जबरदस्ती या मजबूरी को खारिज करती है। इस्लाम विश्वास के मामलों में स्वतंत्र इच्छा और व्यक्तिगत पसंद के महत्व पर जोर देता है। किसी को धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर करने की धारणा इस्लामी शिक्षाओं के सार के विपरीत है। अल्लाह ने, इस्लामी शिक्षाओं के अनुसार, अपने ज्ञान में, मानव जाति को अपना मार्ग चुनने की स्वतंत्रता प्रदान की, इस बात की पुष्टि करते हुए, यदि यह आपके रब की इच्छा होती, तो वे सभी विश्वास करते-जो धरती पर हैं! तो क्या तुम लोगों को उनकी इच्छा के विरुद्ध विश्वास करने के लिए विवश करोगे? (Quran 10:9).

आलोचक अक्सर जबरन धर्मांतरण के इस्लाम के समर्थन के अपने दावों का समर्थन करने के लिए संदर्भ से बाहर कुछ कुरानिक छंदों और हदीस का हवाला देते हैं। हालांकि, इन स्रोतों की गहन जांच से एक अलग कथा का पता चलता है। उदाहरण के लिए, कुरान 2:190-193 और कुरान 8:38-39 जैसी आयतों को अक्सर गैर-विश्वासियों के खिलाफ हिंसा की वकालत करने के रूप में गलत समझा जाता है। वास्तव में, ये छंद विशिष्ट ऐतिहासिक संदर्भों में प्रकट हुए थे, जो मुख्य रूप से आक्रामकता और उत्पीड़न के खिलाफ आत्मरक्षा को संबोधित करते थे। इसके अलावा, इस्लामी इतिहास धार्मिक सहिष्णुता और सह-अस्तित्व के सिद्धांत का गवाह है। सदियों से, मुस्लिम बहुल समाजों ने बहुलवाद और आपसी सम्मान के लोकाचार को बढ़ावा देते हुए विविध धार्मिक समुदायों को अपनाया है। इस्लाम की सहिष्णुता की समृद्ध विरासत सभी व्यक्तियों के धार्मिक अधिकारों और स्वतंत्रताओं का सम्मान करने की अनिवार्यता को रेखांकित करती है।

इसके अलावा, इस्लाम बौद्धिक जांच और सत्य की खोज को प्रोत्साहित करता है। विश्वास थोपा नहीं जाता है बल्कि चिंतन, समझ और दृढ़ विश्वास के माध्यम से खोजा जाता है। भारत में मुसलमानों को भारत के मूल्यों का सम्मान करना चाहिए, जो विविधता में एकता और सभी धर्मों के लिए आपसी सम्मान के सिद्धांतों को बनाए रखते हैं। उन्हें प्यार के नाम पर अन्य धर्मों से गलत धर्मांतरण में शामिल नहीं होना चाहिए, क्योंकि इस्लाम स्पष्ट रूप से जबरन धर्मांतरण की मनाही करता है। इसके अतिरिक्त, यह अनिवार्य है कि मुसलमान अन्य समुदायों की लड़कियों को जबरदस्ती इस्लाम में परिवर्तित करने या प्रलोभन के माध्यम से उन्हें लुभाने से बचें। इस संदर्भ में, इस्लाम भारतीय समाज के ताने-बाने के भीतर विविध समुदायों के सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व की वकालत करता है। भारत में मुसलमान समावेशिता और सहिष्णुता के लोकाचार को अपनाते हैं, यह मानते हुए कि धार्मिक विविधता राष्ट्र में समृद्धि लाती है।

अंत में, इस्लाम आस्था के मामलों में जबरन धर्मांतरण और जबरदस्ती की धारणा को स्पष्ट रूप से खारिज करता है। सच्चा विश्वास दृढ़ विश्वास और ईमानदार विश्वास से पैदा होता है, न कि मजबूरी या हेरफेर से। सभी नागरिकों के अधिकारों और स्वतंत्रताओं को बनाए रखना अनिवार्य है, चाहे उनकी धार्मिक मान्यताएं कुछ भी हों।

नागरिकों के रूप में, यह हमारा दायित्व है कि हम सहिष्णुता, समझ और धार्मिक विविधता के प्रति सम्मान की संस्कृति को बढ़ावा दें। इस्लाम के शांति, करुणा और न्याय के संदेश को अपनाकर, हम उन मूल्यों का सम्मान करते हैं जो हमारे राष्ट्र की पहचान को परिभाषित करते हैं और आपसी सम्मान और समझ में निहित एक सामंजस्यपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण में योगदान करते हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने हाल में `विश्व साइबर अपराध सूचकांक' तैयार किया है। जिसके अनुसार साइबर अपराध के मामले में भारत दुनिया में 10वें स्थान पर है। इस सूचकांक में 100 देशों को शामिल किया गया है। ऐसे अपराधों के मामले में रूस शीर्ष पर है और फिर यूक्रेन, चीन, अमेरिका, नाइजीरिया, रोमानिया और उत्तर कोरिया हैं। भारत में कई तरह के साइबर अपराध होते हैं। हाल के वर्षों में कॉल फॉरवर्डिंग के जरिये अपराध करने की घटनाओं में तेजी आयी है। कॉल फॉरवर्डिंग एक ऐसा फीचर है। जिसकी मदद से एक कोड डायल कर सेवा शुरू या बंद की जा सकती है।

# साइबर क्राइम पर लगेगी लगाम

इन्टरनेट की दुनिया ने मानव जीवन को जीतना सुगम और सरल बना दिया उतना ही खतरनाक भी बना दिया है। साइबर क्राईम इसी का एक हिस्सा है। पिछले कुछ वर्षो में साइबर क्राइम इस कदर बढ़ा कि इसकी चपेट में अच्छे खासे पढ़े लिखे और जानकार चपेट में आए। साइबर ठगों ने क्या जज, क्या डाक्टर सभी वर्ग के लोगों को लपेट लिया। अब एक नया साइबर क्राइम सामने आने लगा है। फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर



प्रेम शर्मा

साइबर लुटेरे लोगों को उनकी फर्जी शिकायत के आधार पर घरों में बंधक बनाकर उनसे धन उगाही कर रहे है। ऐसे ही एक मामले का खुलासा उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुआ। हालाकि पुलिस की तत्परता से इसके आरोपी पकड़े गए और महिला लुटने से बच गई। लेकिन देश में ऐसे लाखों मामले है जिनका पुलिस खुलासा नही कर पाई। हालाकि देश के दूरसंचार विभाग के हालिया जिन संदिग्ध मोबाईलों को बंद करने तथा लाखो मोबाईल नम्बरों का सत्यापन करने का निर्देश दिया है उससे कुछ न कुछ राहत अवश्य मिलने की उम्मीद है। बहरहाल जानकारों की माने तो जिस हिसाब से आम जनजीवन में इंदरनेट और सोशल मीडिया की जरूरत बढ़ी है। इससे जुड़े अपराधों में बढ़ोत्तरी हुई है। उसके आधार पर सरकार एवं सरकारों ने अपने संसाधनों में बढ़ोत्तरी नही की। आज इसका परिणाम है कि साइबर लुटेरे सामान्य सी ट्रिक लगातार रोजना देश में दस से 50 की संख्या तक साइबर अपराध कर रहे है। वैसे देखा जाए तो सरकार के जो साइबर क्राईम थाने बनाए गए है उसमें इंटरनेट, मोबाईल, कम्प्यूटर शिक्षा के विशेषज्ञों की भारी कमी है। पिछले लम्बे अरसे से सरकार द्वारा राज्य एवं केन्द्र के गृह मंत्रालयों द्वारा ऐसा कोई विज्ञापन या भर्ती नही कि है जिसमें साइबर क्राईम को रोकने या इसमें विशेषज्ञता रखने वाले शिक्षा प्राप्त योग्यता वालों को वरियता दी गई हो। आज भी पुलिस या गृह मंत्रालया में आम शिक्षा के मुताबिक प्रतियोगियो को आमंत्रित किया जा रहा है। जबकि साइबर क्राईम के आकड़े बताते है कि इस तरह के अपराधों को रोकने लिए बीसीए और एमसीए से लेकर हेंकर रोकने और मोबाईल ट्रक करने वाले सहित साइबर अपराधियों की काट करने वाले युवाओं की भर्ती की जानी चाहिए। साइबर सेल के हर थाने में कम से कम पॉच विशेषज्ञ तैनात किये जाने चाहिए।

एक सूचना के अनुसार गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस के एक विश्लेषण से पता चला है कि साइबर अपराधों में 28,200 मोबाइल हैंडसेट का दुरुपयोग किया गया था। डीओटी ने आगे विश्लेषण किया और पाया कि इन मोबाइल हैंडसेटों के साथ 20 लाख नंबरों का उपयोग किया गया था। यह आंकड़े आश्चर्यजनक रूप से हैरान करने वाले थे। गृह मंत्रालय और पुलुस के साथ बैठक के बाद, दूरसंचार विभाग ने देश भर के दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को 28,200 मोबाइल हैंडसेटों को ब्लॉक करने और इन मोबाइल



हैंडसेटों से जुड़े 20 लाख मोबाइल कनेक्शनों का तत्काल पुनरू सत्यापन करने तथा पुनरू सत्यापन में विफल रहने पर कनेक्शन काटने के निर्देश जारी किए। पुलिस का कहना है कि सार्वजनिक सुरक्षा और दूरसंचार बुनियादी ढांचे की अखंडता की रक्षा करने के साथ-साथ एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण सुनिश्चित करने के लिए यह प्रयास किए जा रहे हैं। तीनों विभागों का सम्मिलित प्रयास उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। तकनीकि के बढ़ने उपयोग के साथ साइबर फ्रॉड की घटनाएं भी बढ़ी हैं। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से नकली आवाज निकालकर बच्चों को किडनैप करने का दावा किया जाता है और उनके माता-पिता से पैसे लूट लिए जाते हैं। इसके अलावा भी कई तरह के फ्रॉड किए जा रहे हैं। एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने हाल में 'विश्व साइबर अपराध सूचकांक' तैयार किया है। जिसके अनुसार साइबर अपराध के मामले में भारत दुनिया में 10वें स्थान पर है। इस सूचकांक में 100 देशों को शामिल किया गया है। ऐसे अपराधों के मामले में रूस शीर्ष पर है और फिर यूक्रेन, चीन, अमेरिका, नाइजीरिया, रोमानिया और उत्तर कोरिया हैं। भारत में कई तरह के साइबर अपराध होते हैं। हाल के वर्षो में कॉल फॉरवर्डिंग के जरिये अपराध करने की घटनाओं में तेजी आयी है। कॉल फॉरवर्डिंग एक ऐसा फीचर है। जिसकी मदद से एक कोड डायल कर सेवा शुरू या बंद की जा सकती है. कॉल फॉरवर्डिंग के जरिये स्कैमर कॉल कर उपभोक्ता को कहता है कि हम आपकी टेलीकॉम प्रोवाइडर कंपनी से बोल रहे हैं। हमने नोटिस किया है कि आपके नंबर पर नेटवर्क की समस्या है। इसे दूर करने के लिए आपको 'स्टार 401 हैशटैग' डायल करना होगा। इसके बाद उपभोक्ता को अनजान नंबर पर कॉल करने के लिए कहा जाता है। जैसे ही उपभोक्ता कॉल करता है, उसके सभी कॉल और मैसेज स्कैमर के पास पहुंच जाते हैं। जिसमें बैंक और क्रेडिट कार्ड से हुए लेन-देन के ओटीपी भी शामिल होते हैं। इनका इस्तेमाल स्कैमर उपभोक्ता के खाते से पैसे निकालने, सोशल मीडिया में एक्सेस करने और नया सिम जारी करवाने में करते हैं। ऐसे अपराधों को रोकने के लिए सरकार ने 15 अप्रैल से यूएसएसडी बेस्ड कॉल फॉरवर्डिंग की सेवा बंद कर दी है। उपभोक्ताओं को भी सतर्क रहने को कहा है।

विगत वर्षों में डिजिटलाइजेशन के साथ-साथ साइबर अपराध में तेज वृद्धि हुई है। सोशल मीडिया भी ठगी के साधन बन गये हैं। जहां फर्जी प्रोफाइल बनाकर ऐसा किया जा रहा है। गूगल सर्च इंजन पर लोग अपने हर प्रश्न का जवाब ढूंढने लगे हैं। ठग नामचीन भुगतान एप, जैसे- गूगल पे, फोन पे, पेटीएम आदि, के नाम से अपना नंबर इंटरनेट पर सहेज रहे हैं। जिसके कारण लोग हैकर्स के जाल में फंस जाते हैं। अब तो ब्राउजर एक्सटेंशन के डाउनलोडिंग के जरिये भी साइबर अपराध किये जा रहे हैं। यह काम वायरस के सहारे किया जाता है। सार्वजनिक चार्जर पोर्ट के माध्यम से भी मोबाइल एवं लैपटॉप संक्रमित हो जाते हैं। क्रोम, मोजिला आदि ब्राउजर के जरिये हुए ऑनलाइन लेन-देन ब्राउजर के सर्वर में सेव हो जाते हैं। जिन्हें सेटिंग में जाकर डिलीट करने की जरूरत होती है। लेकिन अमूमन लोग ऐसा नहीं करते हैं और इसका फायदा साइबर ठगों को मिल जाता है। फिशिंग के तहत किसी बड़ी या नामचीन कंपनी या फिर यूजर की कंपनी की फर्जी बेवसाइट बनाकर, जिसका स्वरूप असली बेवसाइट जैसा होता है। उससे लुभावने मेल किये जाते हैं। मोबाइल का चलन बढ़ने के बाद हैकर्स एसएमएस या व्हाट्सएप के जरिये भी ऑफर वाले मैसेज भेजते हैं। जिसमें संक्रमित लिंक होता है। मैलवेयर कंप्यूटर या मोबाइल या टैब के सॉफ्टवेयर को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ यूजर की वित्तीय जानकारी चुरा लेता है। यह फर्जी ईमेल भी भेज सकता है और इसके जरिये ठगी के साथ-साथ संवेदनशील जानकारी अवांछित लोगों को बेची भी जा सकती है तथा किसी की सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल की जा सकती है। आजकल साइबर अपराधी कॉल या मैसेज से लोगों को बिना कर्ज लिये ही कर्जदार बताकर वसूली कर रहे हैं। ऐसी ब्लैकमेलिंग छोटी राशि के लिए ज्यादा की जा रही है, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लोग पुलिस में शिकायत नहीं करें।

# भारतीय मूल्यों की चिंतन परम्परा

भारतीयता की जो संकल्पना धर्मपाल जी द्वारा प्रयोग की जाती थी वह मानवीय प्रेरक एवं स्वदेश परक थी जिसका उल्लेख करते हुए धर्मपाल जी लिखते हैं कि-'स्वदेशी वह भावना है जिससे कि हम अपने आस-पास के परिवेश से ही अपनी अधिकतम आवश्यकताएं पूरी करते हैं और उनसे ही अधिकाधिक व्यवहार सम्बन्ध रखते हैं तथा स्वयं को उनका सहज अभिन्न समझते हैं, न कि दुरस्त लोगों और वस्तुओं से स्वयं को जोड़ने लगते हैं।

आज भारतीय समाज में हमारी ज्ञान परम्परा नकल आधारित होती जा रही है, भारतीय संस्कृति के मूल्यों से प्रेरित और उसके स्वत्व को स्थापित करने के लिए अनेक विचारकों ने अपना योगदान दिया, इन्हीं विचारकों में धर्मपाल जी भी हैं। ऐसे समय में जब नफरत और जातिवाद ने लोगों के मन में वैमनस्यता भर दी है, स्व ज्ञान परम्परा और वैदिक ज्ञान परम्परा का स्थान तकनीकि



डॉ रामेश्वर मिश्र

ज्ञान पम्परा ने ले लिया है, हर व्यक्ति इस मशीन के युग में मानवीय मूल्यों से च्युत होता जा रहा है, भाई-चारे एवं अपनेपन का स्थान नफरत एवं ईर्ष्या ने ले लिया है, तब ऐसे में समाज को भारतीय बंधुत्व और भारतीय ज्ञान परम्परा के मूल्यों से जोड़ने का कार्य भारतीय मूल्यों से प्रेरित धर्मपाल जी के विचारों ने किया। धर्मपाल जी ने भारतीय ज्ञान, विज्ञान, समाज, राजनीति और शिक्षा को लेकर बहुत ही महत्वपूर्ण शोध किया है, धर्मपाल जी भारतीय सभ्यता, संस्कृति में विदेशी व्यवस्था के घुसपैठ से चिंतित थे जो बाद में भारतीय व्यवहार परम्परा के पतन के लिए महत्वपूर्ण कारण बना।

धर्मपाल जी ने भारतीय परम्परा में निहित मानवीय सृजन की प्रेरणा एवं संस्कृति के अपनेपन को पुष्ट करने के लिए अनेक विषयों को भारत की परम्पराओं से लेकर पुस्तकों में लेखबद्ध किया। आज ये पुस्तकें-'भारतीय चित्त मानस एवं काल', '18 वीं शताब्दी में विज्ञान एवं तंत्र ज्ञान', 'भारतीय परम्परा में असहयोग', 'रमणीय वृक्ष', '18 वीं शताब्दी में भारतीय शिक्षा', 'पंचायती राज एवं भारतीय राजनीति तंत्र', 'भारत में गोहत्या का अंग्रेजी मूल', 'भारत की लूट एवं बदनामी', 'गांधी को समझे', 'भारतीय परम्परा', 'भारत का पुनर्बोध' आदि पुस्तकें भारतीयों को विश्व पटल पर एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाने में सक्षम हैं, इन पुस्तकों के सार में किसी भी समस्या का समाधान निहित है। भारतीय शिक्षा, चिकित्सा, विज्ञान, समाजनिष्ठता, समावेशी व्यवस्था को कमतर आंकने वाले लोगों के लिए ये संकलन सम्पूर्ण जबाब हैं। समाज के बदलते स्वरूप, टूटती सामजिक व्यवस्था, अन्धाधुंधकरण की नीति में भटके युवा पीढ़ी के लिए ये संकलन पथ प्रशस्त करने वाले हैं। भारतीयता की जो संकल्पना धर्मपाल जी द्वारा प्रयोग की जाती थी वह मानवीय प्रेरक एवं स्वदेश परक थी जिसका उल्लेख करते हुए धर्मपाल जी लिखते हैं कि-'स्वदेशी वह भावना है जिससे कि हम अपने आस-पास के परिवेश से ही अपनी अधिकतम आवश्यकताएं पूरी करते हैं और उनसे ही अधिकाधिक व्यवहार सम्बन्ध रखते हैं तथा स्वयं को उनका सहज अभिन्न समझते हैं, न कि दुरस्त लोगों और वस्तुओं से स्वयं को जोड़ने लगते हैं। स्वदेशी की यह भावना जब होगी तब हम अपने पूर्वजों के धर्म को आगे बढ़ाएंगे न कि किसी अन्य धर्म को अपनाने लगेंगे, अपने धर्म में जो वास्तविक कमी आयेगी उसे सुधारेंगे,



राजनीति में हम स्वदेशी संस्थाओं का ही उपयोग करेंगे, उनकी कोई सुस्पष्ट कमियां होंगी तो उसे दूर करेंगे। आर्थिक क्षेत्र में आस-पास के लोगों तथा स्वदेशी परम्परा और कौशल द्वारा उत्पादित वस्तुओं का ही उपयोग करेंगे और उन्हें ही सक्षम तथा श्रेष्ठ बनायेंगे।' यह वही स्वत्व की कल्पना थी जिसमे अपने समाज में अपनों के लिए जुड़ाव था, जिसमे अपनों के लिए संघर्ष था, जिसमे अपनों को श्रेष्ठ बनाने का संकल्प था।

इन्हीं संकल्पों के साथ प्रत्येक राष्ट्र की अपनी पहचान होती है, उसकी जीवन शैली होती है, परम्परा, मान्यता, दैनंदिन व्यवहार के साथ शिक्षा और संस्कृति होती है, ऐसे में यदि किसी समाज पर आक्रमण कर दिया जाय और उसके शिक्षा व्यवस्था को भंग कर दिया जाय तो वह देश गुलाम हो जायेगा। हमारी निष्क्रियता, आलस्य, परावलम्बी बनने की प्रकृति और अपने सामाजिक व्यवस्था के प्रति अरुचि और भारतीय शिक्षा का भूमंडलीकरण जैसी नीतियों के चलते हमारे स्व का पतन होता जा रहा है इसलिए न केवल उत्पादन और वस्तु निर्माण के क्षेत्र में स्व का ह्रास हमारे यहाँ हो रहा है वरन दर्शन, समाज चिन्तन, विधि-विधान, राजनीति शास्त्र, आत्मचिंतन, शिक्षा, आर्थिक चिंतन आदि सभी क्षेत्रों में हम यूरोपीय बुद्धि से शासित होते चले गए। यह सब हमारी उपेक्षित नीतियों का फल है जिससे मानवीय संवेदनाओं जिसके मूल में स्व की भावना थी का ही पतन होता चला रहा है। भारतीय स्व की मूल भावना बंधुत्व आधारित समाज में निहित थी जिसका लक्ष्य सम्पूर्ण मानव समाज में व्याप्त वैमनस्य को समाप्त कर एकता के सूत्र में पिरोना था जिसको आज आधुनिकतावाद की वकालत करने वालों के द्वारा प्रेम आधारित मानवीय मूल्यों को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है। उस एकता के स्वरूप को हम कैसे प्राप्त करेंगे इसका पथ प्रशस्त करने के लिए स्व के विचारकों के मानवीय प्रेम के रास्ते को प्राण मिल सकता है। अपनों को समझने और पहचानने के लिए भारतीय ज्ञान परम्परा आधारित समाज और जीवन के भौतिक तथ्यों को जानना बहुत आवश्यक है, हमे आज पहला कार्य यह करना होगा कि अपने लोगों के बीच आत्मसम्मान, साहस, परस्परता और सामूहिक स्वतंत्रता को शीघ्रात-शीघ्र स्थापित करना होगा। इन्ही स्थितियों से आगे बढ़ते हुए हमें अपने देश की परम्पराओं, मान्यताओं, विद्याओं और भारतीय स्वाभाव के आधार पर नया भारत बनाना होगा। मानवीय मूल्यों पर आधारित बंधुत्व केंद्रित देश निर्माण के लिए कार्य करना होगा, अब जब देश सुरक्षित है, देश में आधुनिकतावाद को बढ़ाने या अपनी कोई नयी दिशा निर्धारित कर उस तरफ चलने के लिए हमारे पास पर्याप्त साधन एवं क्षमताएं हैं तब हम सब मिलकर यह सोंच सकते हैं कि हमारा स्वधर्म क्या है? हमारे पूर्वजों का शील और सौंदर्य क्या रहा है? अपने देश के समस्त नागरिकों के भले के लिए और भारत के पडोसी बन्धु देशों के भले के लिए हमें श्रेयष्कर पथ को जानना, पहचानना और अपनाना होगा। भारतीय संस्कृति एक बड़ी संस्कृति है, स्थिति और आकर की दृष्टि से भी भारत बड़ा देश और बड़ा समाज है। हमें इन सभी जिम्मेदारियों और कर्त्तव्यों का विचार करते हुए अपना मार्ग खोजना और बनाना है।

स्वधर्म का मानवीय मूल्य 'जीयो और जीने दो' की परम्परा पर आधारित था, जिसके मूल मे प्रेम था जिसमे आटें की हाथ की चक्की थी, जिसमे तेल पेराई में गांव की खुशबू थी, जिसमे गन्ने की पिराई में अपनेपन की मिठास थी, मिट्टी की घड़े की सोंधी खुशबू थी, पत्तल दोने में खाना खिलाने वाली आत्मीयता थी, गौ-वंश के प्रति लगाव था। इस स्व में गावों में मिलने वाले मठ्ठे का स्वाद था जिसके सृजन का स्रोत हमारी गांव की व्यवस्था थी, जिसमे हमारे संस्कार, संस्कृति, सभ्यता का धरोहर सुरक्षित था। ऐसे स्वस्थ्य समाज के निर्माण के लिए हम सभी को अपनी सभी प्रकार के दुर्बलताओं, दुर्भावनाओं, पूर्वाग्रहों तथा अन्यान्य मानसिक विकारों तथा विकृतियों से विनिर्मुक्त होकर एक प्रांजल स्वस्थ्य निर्मल तथा मानवीय सदगुणों से युक्त होकर लोक मंगल की कामना के लिए कार्य करना होगा।

# अव्यवस्थित सड़क निर्माण भी विकास को प्रभावित करता है

करीब एक हजार की आबादी वाला गांव मनोहरपुरा गाँव राजस्थान के पर्यटन नगरी उदयपुर शहर से मात्र चार किमी की दूरी पर आबाद है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति बहुल यह गांव समुदाय के अनुसार अलग अलग बस्तियों में बंटा हुआ है। गाँव में प्रवेश करते ही आपको विकास की एक खूबसूरत तस्वीर नजर आएगी। सालों भर पर्यटकों से गुलजार रहने वाले उदयपुर शहर के करीब होने का लाभ इस गांव को भी मिलता महसूस होगा। यहां प्रवेश करते ही सीमेंट से बनी पक्की सड़क स्वागत करती नजर आएगी। सड़क के दोनों ओर पक्की नालियों को देखकर महसूस होगा कि यह गाँव विकास की दौड़ में तेजी से आगे निकल रहा है।

देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे फेज़ के वोटिंग प्रक्रिया भी समाप्त हो चुकी है। शहरी क्षेत्रों के साथ साथ देश के ग्रामीण क्षेत्रों में भी इस बार के चुनाव में विकास के जिन बुनियादी मुद्दों पर जनता अपनी राय व्यक्त कर रही है उसमें बिजली, पीने का साफ पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ साथ उन्नत सड़कें अहम है। पिछले कुछ दशकों में सरकारों ने सड़कों को बेहतर बनाने में विशेष ध्यान दिया है। देश में सड़कों का जाल बिछाया गया है। न केवल



वासुदेव डेण्डोर

नेशनल और राज्य मार्ग बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों को भी बेहतर और पक्के बनाने का काम किया गया है। वर्ष 2000 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरुआत ने देश के ग्रामीण सड़कों की हालत को बदल दिया है। पिछले वर्ष दिसंबर में ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार पीएमजीएसवाई के अंतर्गत अब तक तीन चरणों में काम हुआ है। जिसके तहत 8,14,522 किमी की लंबाई की 1,86,541 ग्रामीण सड़कों के निर्माण को स्वीकृति दी जा चुकी है। इसमें अब तक लगभग 7,49,363 किमी की लंबाई की 1,77,628 ग्रामीण सड़कों का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है।

यह आंकड़े बताते हैं कि सड़कों के माध्यम से देश के ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास के लक्ष्य को पूरा किया जा रहा है। लेकिन प्रश्न उठता है कि क्या केवल गाँव गाँव तक पक्की सड़कों का जाल बिछा देने से विकास के अंतिम लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है? क्या गाँव में सड़क निर्माण के समय नालियों के निकासी की व्यवस्था को नजरंदाज कर कार्य को पूर्ण माना जा सकता है? यह प्रश्न इसीलिए उठता है क्योंकि देश के कुछ गाँव ऐसे हैं जहां पक्की सड़कें तो पहुंच गई हैं लेकिन नाली निकासी की उचित व्यवस्था को नजरंदाज कर दिया गया, परिणामस्वरूप सड़कों पर बहता नाली का पानी विकास की आधी अधूरी गाथा को बयां करता है। इसकी एक मिसाल राजस्थान के उदयपुर स्थित मनोहरपुरा गांव का रंगा स्वामी बस्ती है, जहां अव्यवस्थित सड़क निर्माण ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है।

करीब एक हजार की आबादी वाला गांव मनोहरपुरा गाँव राजस्थान के पर्यटन नगरी उदयपुर शहर से मात्र चार किमी की दूरी पर आबाद है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति बहुल यह गांव समुदाय के अनुसार अलग अलग बस्तियों में बंटा हुआ है। गाँव में प्रवेश करते ही आपको विकास की एक खूबसूरत तस्वीर नजर आएगी। सालों भर पर्यटकों से गुलजार रहने वाले उदयपुर शहर के करीब होने का लाभ इस गांव को भी मिलता महसूस होगा। यहां प्रवेश करते ही सीमेंट से बनी पक्की सड़क स्वागत करती नजर आएगी। सड़क के दोनों ओर पक्की नालियों को देखकर महसूस होगा कि यह गाँव विकास की



दौड़ में तेजी से आगे निकल रहा है। लेकिन जैसे जैसे गाँव के अंदर बढ़ते जाएंगे पक्की नाली कहीं नजर नहीं आएगी। कच्चे और टूटी नालियों से उफनता गंदा पानी सड़क पर फैला हुआ नजर आएगा। तो कुछ सड़क किनारे बने घरों में भी बहता नजर आ जाएगा। विशेषकर गांव के अंदर बने प्रताप गौरव केंद्र के आसपास के घरों में नाली से निकला गंदा पानी बहता है।

ग्रामीण बताते हैं कि मनोहरपुरा में लोग पिछले 60 वर्षों से रह रहे हैं। गाँव का अंतिम छोड़ एक छोटे से सामुदायिक केंद्र प्रताप गौरव केंद्र के पास जाकर समाप्त होता है। जिसके आसपास अधिकतर रंगा स्वामी समुदाय के लोग आबाद हैं। जिनका पुश्तैनी काम भिक्षा मांगना रहा है। हालांकि इस समुदाय की नई पीढ़ी ने भिक्षा मांगने की जगह स्वरोजगार को प्राथमिकता दी है। लेकिन शिक्षा और जागरूकता के अभाव में इस समुदाय के अधिकतर पुरुष उदयपुर शहर जाकर दैनिक मजदूरी का काम करते हैं। कुछ पड़ोसी राज्य गुजरात के सूरत और अहमदाबाद जाकर बिल्डिंग निर्माण में मजदूरी का काम करते हैं। जबकि समुदाय के अधिकतर लड़के और लड़कियां स्कूल जाने की जगह कचड़ा बीनने का काम करते हैं। शिक्षा से यही दूरी समुदाय के विकास में भी रोड़ा बन रहा है।

इस संबंध में रंगा स्वामी समुदाय की 35 वर्षीय संगीता बाई कहती हैं कि नई पीढ़ी में शिक्षा के लिए कुछ रुझान बढ़ा है, लेकिन बहुत अधिक नहीं है। इसीलिए समुदाय के कुछ ही बच्चे दसवीं तक पढ़ सके हैं। जबकि किशोरियां 8वीं से अधिक नहीं पढ़ सकी हैं। जिसके कारण ही आज भी यह समुदाय अपने अधिकारों के लिए आवाज नहीं उठा पाता है। वह बताती हैं कि हमारे गांव में सड़क तो बनी है, लेकिन उसका होना या नहीं होना बराबर है क्योंकि उस पर हर समय नाली का पानी बहता रहता है। जिससे आने जाने में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। घर पुराना होने के कारण अब सड़क मेरे घर से ऊपर होती जा रही है। जिससे अक्सर नाली का पानी घर में प्रवेश कर जाता है। मच्छर और गंदगी से हमारा जीना दुश्वार हो गया है। इसके कारण अक्सर बच्चे बीमार हो जाते हैं। इस संबंध में कई बार पंचायत में शिकायत भी की लेकिन आज तक समस्या का स्थाई समाधान नहीं हुआ है। समझ में नहीं आता है क्या करें? गाँव की एक अन्य महिला 45 वर्षीय बसंती बाई कहती हैं कि गाँव के अंदर तक पक्की सड़कें बनी हुई हैं लेकिन नालियों की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण इसका पानी सड़क पर बहता रहता है। इतना ही नहीं कई बार ज्यादा बहाव के कारण यह सड़क किनारे उन पुराने घरों में प्रवेश कर जाता है जो नई सड़क बनने के बाद अब उससे नीचे आ गए हैं। इससे जहां उन घर वालों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है वहीं सड़क से पैदल गुजरने वाले लोगों के लिए भी यह मुसीबत से कम नहीं होता है। वह बताती हैं कि इस प्रताप गौरव केंद्र के आसपास अनुसूचित जनजाति परिवार आबाद हैं। इनमें से अधिकतर के पास अपनी जमीन का पट्टा भी नहीं है। हालांकि यह लोग पिछले छह दशकों से यहीं आबाद हैं, लेकिन आज भी इनमें से कई परिवार ऐसे हैं जिनके पास उचित दस्तावेज़ नहीं होने के कारण सरकार की कई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल सका है।

बसंती की बातों को बीच में काटते हुए उनके बगल में बैठी 70 वर्षीय बुजुर्ग जुगरी बाई कहती हैं कि योजनाओं का लाभ कैसे मिलेगा, जब हमें इसे प्राप्त करने की सही जानकारी भी नहीं है? कौन सी योजनाएं किसके हित के लिए हैं और और इसे प्राप्त करने के लिए क्या करना होगा किसी को मालूम नहीं है। कुछ एक दो परिवार हैं जिन्होंने पंचायत के लोगों से मिलकर योजनाओं का लाभ उठाया है लेकिन बाकी को इसके किसी प्रक्रिया के बारे में कुछ भी मालूम नहीं है। वह कहती हैं कि जब गाँव में सड़क बन रही थी तो ऐसा लग रहा था कि अब सभी समस्याओं का सामाधान हो जाएगा और गाँव में भी विकास होगा।

# 12 मुख्यमंत्रियों के साथ आज नामांकन करेंगे पीएम मोदी

अवधनामा संवाददाता



■ सांसद और विधायक भी रहेंगे मौजूद

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को देश के 12 मुख्यमंत्रियों के साथ नामांकन करेंगे। इसमें भाजपा शासित और गठबंधन वाले राज्यों के मुख्यमंत्रियों के नााम शामिल हैं। कई मुख्यमंत्रियों का कार्यक्रम भी जिला प्रशासन के पास आ गया है। उसी हिसाब से तैयारियां भी कर ली गई हैं। राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी भी रहेंगे।

भाजपा नेताओं के मुताबिक नामांकन में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बिहार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के विष्णु देव साय, महाराष्ट्र के एकनाथ शिंदे, राजस्थान के भजन लाल शर्मा, असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा, हरियाणा के नायब सिंह सैनी, गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री मानिक साह नामांकन में शामिल होंगे। इसके अलावा गृहमंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी नामांकन में शामिल होंगे। लोजपा के प्रमुख चिराग पासवान, अपना दल एस की अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल, सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर मौजूद रहेंगे।

2014 में नामांकन के तत्कालीन उप्र प्रभारी अमित शाह और रविशंकर प्रसाद व मुख्तार अब्बास नकवी मौजूद रहे थे। वहीं 2019 के नामांकन में तत्कालीन भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल, तत्कालीन गृहमंत्री राजनाथ सिंह, तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज, मेघालय के मुख्यमंत्री सीके संगमा, नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो, उप्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बिहार मुख्यमंत्री नीतिश कुमार, तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, अपना दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल, पीयूष गोयल, जेपी नड्डा, लोजपा प्रमुख रामविलास पासवान, शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे, पूर्व सांसद मनोज सिन्हा, शाहनवाज हुसैन, मनोज तिवारी समेत कई नेता मौजूद रहे थे।

# लखनऊ के कई स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप

अवधनामा संवाददाता

■ सूचना मिलते ही भागे-भागे स्कूल पहुंचे अभिभावक



**लखनऊ।** लखनऊ के कई स्कूलों में बम मिलने की सूचना के बाद सोमवार सुबह से अफरातफरी मची हुई है। बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूल प्रबंधन ने एक दिन की छुट्टी कर दी है। अभिभावक अपने बच्चों को लेकर घर चले गए। पुलिस और बम निरोधक दस्ता सभी जगह जांच में जुटी हुई है। किसी भी जगह से कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है।

लखनऊ में सबसे पहले गोमतीनगर विबग्योर स्कूल में बम से उड़ाने की सूचना मिली। इसके बाद स्कूल की तुरंत छुट्टी कर दी गई। जो अभिभावक स्कूल छोड़कर घर लौटे थे, तुरंत सूचना मिलने पर भागे भागे स्कूल पहुंचे और अपने बच्चों को लेकर घर आए। स्कूल परिसर को खाली कर दिया गया। बम निरोधक दस्ते की जांच में स्कूल से कुछ नहीं मिला।

विबग्योर के अलावा राजधानी में एलपीएस, सेंट मेरीज स्कूल और जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में इस तरह का धमकी भरा पत्र मिला है। जीडी गोयनका की बसों की चुनाव में ड्यूटी लगने की वजह से बच्चों की आनलाइन पढ़ाई चल रही है। इसलिए स्कूल पहले से ही खाली रहा। सभी स्कूलों में बम निरोधक दस्ते की जांच में कुछ नहीं मिला है। अभी कुछ दिन पहले ऐसी ही धमकी नोएडा के कुछ स्कूलों में भी आई थी।

# सीबीएसई ने अचानक जारी किया परिणाम, विद्यार्थियों के चेहरे खिले

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सोमवार को अचानक हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का रिजल्ट जारी कर दिया। इसके बाद स्टूडेंट्स ने अपने रिजल्ट देखने शुरू किए। बोर्ड ने इस बात मेरिट नहीं जारी की है।

इंटरमीडिएट में राजधानी में आरएलबी की आरती यादव और दिव्या शर्मा ने एक बराबर 98.6 फीसदी अंक हासिल किए। इसके अलावा बड़ी संख्या में राजधानी के स्टूडेंट्स ने 90 फीसदी से ज्यादा नंबर हासिल किए। इंटरमीडिएट का रिजल्ट सुबह 11 बजे तो हाईस्कूल का दो बजे के करीब जारी हुआ। परीक्षा में एक बार फिर से विज्ञान के साथ ही मानविकी वर्ग के विद्यार्थियों ने अच्छे नंबर हासिल किए। कई विषयों में विद्यार्थियों ने शत प्रतिशत अंक भी हासिल किए।

वहीं, ग्रेटर नोएडा वेस्ट में पंचशील ग्रीन्स 1 की सिया भारद्वाज को 97.8 और एसकेए ग्रीनआर्च सोसायटी की तनुश्री मेहरा को 95.8 को अंक हासिल हुए हैं। इनकी सफलता को लेकर केवल परिवार ही नहीं, पूरे सोसायटी में खुशी का माहौल है। सभी लोग बधाई दे रहे हैं। वहीं, इंदिरापुरम की निहो स्कॉटिश गार्डन सोसायटी में रहने वाले गीतांजलि मिश्रा को 95.4 अंक मिले हैं।

खास बात यह है कि ये तीनों लड़कियां रेली इंटरनेशनल स्कूल, इंदिरापुरम गाजियाबाद की छात्राएं हैं। स्कूल की ओर से भी इन्हें शुभकामनाएं दी गई है। स्कूल की ओर से जानकारी के अनुसार, सिया भारद्वाज ने 97.8 प्रतिशत के साथ स्कूल में पहला स्थान हासिल किया। उसके बाद तनुश्री मेहरा 95.8 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। गीतांजलि मिश्रा ने 95.4 प्रतिशत स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

# राहुल-अखिलेश की जोड़ी पर डिप्टी सीएम ने कसा तंज



अवधनामा संवाददाता

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर संसदीय सीट से एनडीए प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल के नामांकन से पूर्व बीएलजे ग्राउंड में आयोजित सभा में संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने राहुल-अखिलेश की जोड़ी पर तंज कसा। कहा कि दो लड़कों की जोड़ी पहले भी आई थी, लेकिन कुछ दिनों से गड़बड़ चल रहा है। पिछली बार गठबंधन परास्त हुआ तो एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे थे। एक दूसरे को कह रहे थे कि आपकी वजह से विपक्षी गठबंधन को जीत मिली है।

डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रथम चरण का चुनाव हुआ उसके बाद गठबंधन की ज्वॉइंट रैली नहीं हो पाई। लखनऊ में प्रस्तावित अखिलेश- राहुल की रैली नहीं हो पाई। कांग्रेस और समाजवादी गठबंधन ने अपनी हार को सुनिश्चित मानकर एक दूसरे पर हार का तोहमत मढ़ने का रास्ता निकालने का काम कल से शुरू कर दी है।

# लखनऊ विवि में तीन जून से गर्मी की छुट्टी, 15 जुलाई से खुलेग कैंपस

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश तीन जून से 14 जुलाई तक रहेगा। सोमवार को कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने इसका पत्र जारी कर दिया है। इस अवधि में विश्वविद्यालय की सभी परीक्षाएं पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार संचालित रहेंगी। इस अवधि में जो शिक्षक परीक्षा एवं प्रवेश कार्य के दौरान ड्यूटी पर रहेंगे, उन्हें प्रतिकर अवकाश विश्वविद्यालयों के नियमों के अनुसार दिए जाएंगे। विश्वविद्यालय की परीक्षाएं एवं अन्य प्रशासनिक कार्य सकुशल कराने की जिम्मेदारी कालेज के प्राचार्य की होगी। इसकी सूचना लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, हरदोई और लखीमपुर खीरी के सम्ब्द्ध कालेजों के प्राचार्यों को भेज दी गई है। हाल ही में लखनऊ विश्वविद्यालय सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआक्टा) ने ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित करने के लिए कुलपति को पत्र भेजा था।

# बीएचयू के डॉक्टरों व नाविकों ने बचाई कर्नाटक के युवक की जान

अवधनामा संवाददाता



■ चार महीने पहले घाट पर मिला था बेहोश

**वाराणसी।** आईएमएस बीएचयू के डॉक्टरों की टीम ने कर्नाटक के उस युवक की जान बचाई है, जो कि चार माह पहले घाट पर बेहोश होकर गिर गया था। नाविकों ने उसे 26 दिसंबर को बीएचयू अस्पताल में भर्ती कराया। जहां न्यूरोलॉजी विभाग के डॉक्टरों की टीम ने उसका इलाज किया। बीएचयू अस्पताल में चार महीने तक इलाज चलने के बाद अब उसके शरीर के अंग काम करने लगे हैं। मरीज और उसके परिजनों ने जहां डॉक्टर के इलाज की सराहना की है वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी इसके लिए बधाई दी है कि उनकी पहल पर बनी सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक में उन्हें बेहतर सुविधाएं मिलीं।

कर्नाटक के बेल्लारी से दिसंबर में काशी भ्रमण पर अकेले आए युवक गोपी (29) घाट पर अचानक गिर गए। वे बेहोशी हालत में पड़े थे। घाट पर मौजूद नाविकों की नजर पड़ी तो उन्होंने पहले गोपी को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। उसके बाद उन्हें बीएचयू इमरजेंसी लाया गया जहां न्यूरोलॉजी विभाग के डॉक्टरों ने उनका उपचार शुरू किया।

न्यूरोलॉजी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर बीएन मिश्रा, डॉ. अभिषेक पाठक ने अपनी टीम के साथ मरीज का इलाज शुरू किया। प्रो. मिश्रा के अनुसार करीब चार महीने के इलाज के दौरान डेढ़ महीने आईसीयू में इलाज हुआ। फिर वार्ड में शिफ्ट किया गया। अब मरीज के हाथ, पैर सहित शरीर की अन्य नसें काम करने लगी हैं। डॉक्टर अभिषेक पाठक कहना है कि मरीज को जीबी सिंड्रोम हो गया था। इसको गिया बारी सिंड्रोम कहा जाता है। इसमें मरीज की नसों में सूजन आता है और काम करना बंद कर देती हैं। मरीज के इलाज में न्यूरोलॉजी विभाग की टीम के साथ ही आईसीयू की टीम ने भी पूरा सहयोग किया।

# विद्युत उपभोक्ताओं के लिए ब्याज का आदेश जारी

अवधनामा संवाददाता

■ जमा सिक्योरिटी पर मिलेगा 6.75 प्रतिशत ब्याज

**लखनऊ।** प्रदेश के लगभग 3 करोड 30 लाख विद्युत उपभोक्ताओं को उनकी जमा सिक्योरिटी पर ब्याज दिए जाने का रास्ता अंततः साफ हो गया है उपभोक्ता परिषद की सजगता इस बार काम आई और अंततः उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं की उनकी जमा सिक्योरिटी पर ब्याज दिए जाने का आदेश जारी कर दिया है इस बार प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को वर्ष 2023-24 में उनकी जमा सिक्योरिटी पर 1 अप्रैल 2024 भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अधिसूचित 6.75 प्रतिसत की दर से ब्याज मिलेगा उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा प्रदेश के करोडों विद्युत उपभोक्ताओं के लिए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष समय से आदेश जारी करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार व निदेशक कमर्शियल अमित कुमार श्रीवास्तव का आभार व्यक्त किया वहीं निर्देशक कमर्शियल ने कहा कि इस महीने के अंतिम सप्ताह से प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को उनकी जमा सिक्योरिटी पर ब्याज का समायोजन उनके बिलों में दिखने लगेगा पावर कारपोरेशन ने अपने बिलिंग सॉफ्टवेयर में सभी विद्युत उपभोक्ताओं को ब्याज दिए जाने की व्यवस्था सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली है। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा विद्युत अधिनियम 2003 के प्रावधानों के अनुसार बनाए गए विद्युत वितरण संहिता -2005 के तहत 1 अप्रैल को बैंक दर पर जो भी ब्याज अनुमन्य है वह विद्युत उपभोक्ताओं के बिजली बिल में अप्रैल-मई जून के महीने में हर हाल में मिल जाना चाहिए।

# टीएमयू में जल्द स्थापित होगी टीबीआई : प्रो. वीके जैन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कुलपति प्रो. वीके जैन ने नेशनल तकनीकी डे की थीम पर बोलते हुए कहा, इन्नोवेशन के लिए उम्र की कोई सीमा नहीं है। नवाचारों के विकास और उपयोग के लिए राष्ट्रीय पहल- निधि के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए बोले, यह केन्द्र सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के नवाचार और उद्यमिता प्रभाग की ओर से परिकल्पित और विकसित किया गया एक व्यापक कार्यक्रम है। सफल स्टार्टअप में ज्ञान-आधारित और प्रौद्योगिकी-संचालित नवाचार एवम् टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर- टीबीआई नवाचारों को स्टार्ट-अप में परिवर्तित करना निधि परियोजना के घटकों में से एक है। उन्होंने बताया, टीएमयू में भी जल्द ही टीबीआई स्थापित होगी, क्योंकि इसके प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। समाज की समस्याओं के समाधान के लिए टेक्नोलॉजी महत्वपूर्ण है। प्रो. जैन तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की ओर से आयोजित राष्ट्रीय तकनीकी दिवस पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

इससे पहले वीसी प्रो. वीके जैन ने बतौर मुख्य अतिथि, एफओईसीएस के निदेशक प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. गुलिस्ता खान, श्री आरपी पांडे आदि ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके एलटी-6 में कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कुलपति प्रो. जैन ने तिलक मेहता के जीवन की घटनाओं, मुंबई डिब्बा वाले की यात्रा, कागज और पेंसिल उद्यमी आदि जैसे विभिन्न उदाहरणों पर चर्चा की। उन्होंने एक उद्यमी की जीत और बलिदान की सच्ची कहानी पर आधारित श्रीकांत बोला का उदाहरण देकर स्टुडेंट्स को स्टार्ट अप के लिए प्रेरित किया। प्रो. जैन बोले, डेटा एनालिटिक्स की जरूरत हर जगह है। वर्तमान में 20 से अधिक प्रौद्योगिकियां हैं और इन पर काम करने में 20 साल लगेंगे।

# लॉन टेनिस में सीएमएस छात्रा अरुंधति को डबल्स खिताब

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस के कक्षा-10 की प्रतिभाशाली छात्रा अरूंधति सिंह डागुर ने प्रयागराज में आयोजित अण्डर-18 नेशनल लॉन टेनिस चैम्पियनशिप के अन्तर्गत डबल्स प्रतियोगिता में विजेता ट्रापी जीतकर अपनी खेल प्रतिभा का परचम लहराया है। अरुंधति ने यह डबल्स खिताब बिहार की हर्षिका सिंह के साथ जीता है। चैम्पियनशिप का आयोजन डायरेक्टोरेट ऑफ स्पोर्टस, यूपी एवं उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस उदीयमान टेनिस खिलाड़ी के उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस चैम्पियनशिप में देश भर के प्रतिष्ठित विद्यालयों के चुने हुए छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अरुंधति ने अपने दमखम व अभूतपूर्व खेल प्रतिभा की बदौलत डबल्स खिताब जीतकर साबित कर दिया कि सी.एम.एस. की यह छात्रा आने वाले समय में देश का नाम अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर रोशन करने को संकल्पित है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं।

# सीएमएस के नये 'शालीमार वन वर्ल्ड कैम्पस' में 'समर कैम्प' का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



■ मनोरंजक शैक्षिक गतिविधियों, खेलकूद व गीत-संगीत में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**लखनऊ।** गोमती नगर स्थित सिटी मोन्टेसरी स्कूल के नये 'शालीमार वनवर्ल्ड कैम्पस' में गर्मी की छुट्टियों के सर्वश्रेष्ठ सदुपयोग एवं छात्रों की सृजनात्मक प्रतिभा को निखारने हेतु इन दिनों समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जहाँ विद्यालय के छात्र अपनी रूचि के अनुसार निःशुल्क खेलकूद, जूडो-कराटे, टेबल-टेनिस, नृत्य-संगीत, वाद्य यंत्र, ऐरोबिक्स, पेन्टिंग आदि विभिन्न विधाओं में पारंगत हो रहे हैं। समर कैम्प का उद्देश्य छुट्टियों के दौरान छात्रों को उनकी रुचि के अनुसार विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों के माध्यम से व्यस्त रखना, उनकी फिजिकल फिटनेस को बनाये रखना एवं मजेदार तौर-तरीकों से उनकी क्षमताओं को बढ़ाना है। इस दौरान छात्र रूचिपूर्ण शैक्षिक गतिविधियों के साथ नई-नई चीजें सीख रहे हैं। छात्रों के अभिभावक समर कैम्प के आयोजन से अत्यन्त प्रसन्न हैं एवं विद्यालय के इस अभिनव प्रयास की भूरि-भूरि प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रबन्धन के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

सी.एम.एस. शालीमार वन वर्ल्ड कैम्पस की प्रधानाचार्या सुश्री प्रियंका अग्रवाल ने कहा कि समर कैम्प में बच्चों की नैसर्गिक प्रतिभा को उभरने का अवसर मिलता है, जहाँ छात्र मनोरंजन के साथ ही अपनी रुचि की चीजें सीख सकते हैं। सुश्री अग्रवाल ने जोर देते हुए कहा कि छात्रों का सर्वांगीण विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए हम कोई कोर-कसर बाकी नहीं रखेंगे। सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. का यह नया 'शालीमार वनवर्ल्ड कैम्पस' अमर शहीद पथ, सेक्टर-6, गोमती नगर में स्थित है, जिसमें शुरूआत में अभी प्री-प्राइमरी से कक्षा-7 तक के बच्चे उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं तथापि आने वाले समय में और कक्षाओं का विस्तार होगा।

# एक्सीलिया स्कूल में बच्चों ने मनाया कामयाबी का जश्न



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सीबीएसई बोर्ड के 12वीं और 10वीं के परिणाम आते ही बच्चों ने एक्सीलिया स्कूल में आकर अपनी कामयाबी का जश्न मनाया। परीक्षा में बैठे सभी छात्र-छात्राओं को सफलता मिली। एक्सीलिया स्कूल की कक्षा बारहवीं की छात्रा शिवानी मौर्या और 10वीं के छात्र विश्वेश मिश्रा ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों का सम्मान किया गया और शिक्षकों ने उन्हें बेहतर भविष्य के शुभकामनाएं दीं। 12वीं की छात्रा शिवानी मौर्या ने 92.2 फीसदी , ओजस सिंह और दीपा ममतानी ने 90 फीसदी अंक अर्जित किए। वहीं 10वीं में विश्वेश मिश्रा ने 95 फीसदी , अर्नव तिवारी ने 93 फीसदी और आयुषी शाक्य ने 92 फीसदी अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती प्रियंका दूबे, मार्गदर्शक डॉ. एसके मिश्रा, श्रीमती रोली पाण्डे समेत अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# बिना लखनऊ आए पहुंचे कानपुर से अयोध्या

## आउटर रिंग रोड को किया गया कनेक्ट, जाम से मिलेगा छुटकारा

अवधनामा संवाददाता



■ अगले साल जुलाई तक कानपुर एक्सप्रेस वे पर भरिए फर्राटा

**लखनऊ।** अगर आप कानपुर से अयोध्या जाना चाहते हैं तो लखनऊ शहर में कैंट, शहीद पथ और गोमतीनगर की व्यस्त सड़कों पर जाम में फंसने की जरूरत नहीं है। कानपुर से लखनऊ आते समय जहां पर 18वें किमी. का माइल स्टोन दिखे वहीं से इंटर सेक्शन के जरिए दाहिने तरफ मुड़कर सुलतानपुर हाई वे को छोड़ते हुए अयोध्या रोड पर बीबीडी के पास उतर जाएं।

इसी तरह अगर सीतापुर रोड से अयोध्या, वाराणसी या कानपुर जाना है तो बख्शी का तालाब के पास आउटर रिंग रोड को कनेक्ट किया गया है। यहां बीकेटी से रिंग रोड पर चढ़ सकते हैं। यह सड़क कुर्सी रोड व देवा रोड को क्रास करते हुए अयोध्या रोड से कनेक्ट हो जाएगी। हरदोई की तरफ से आ रहे वाहनों को भी शहर के भीतर आने की जरूरत नहीं है।

हरदोई से आते समय काकोरी शहीद स्मारक के पास रिंग रोड इंटर सेक्शन प्वाइंट आएगा, जहां से बाएं मुड़कर बीकेटी से रिंग रोड पर चढ़ सकते हैं। आगरा एक्सप्रेस वे से भी आउटर रिंग रोड को कनेक्ट किया गया है। यात्रियों का सफर आसान हो इसके लिए बेहटा से स्लिप रोड के जरिए जोड़ा गया है।

यह संभव हुआ है 105 किलोमीटर की आउटर रिंग रोड के शुरू होने से। आउटर रिंग रोड के शुभारंभ के बाद बाहर से आने वाले वाहनों को अपने गंतव्य तक जाने के लिए लखनऊ शहर के भीतर आने की जरूरत नहीं है। केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से बनी आउटर रिंग रोड ने वाकई राजधानी को जाम से बड़ी राहत दी है।

लखनऊ से कानपुर के बीच बन रहा एक्सप्रेस वे जुलाई 2025 तक तैयार हो जाएगा। एक्सप्रेस वे बन जाने से लखनऊ और कानपुर के बीच सफर में लगने वाला समय भी कम होगा। एक्सप्रेस वे का करीब पचास फीसद काम पूरा हो चुका है। परियोजना निदेशक सौरभ चौरसिया का कहना है कि काम पूरा करने का निर्धारित समय अगस्त 2025 है लेकिन इससे पहले ही 63 किमी. के एक्सप्रेस वे को तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है।

मौजूदा समय में चार लेन पहले से ही राष्ट्रीय राजमार्ग चल रहा है और फिर एक्सप्रेस वे छह लेन का होगा। कुल मिलाकर दस लेन हो जाएगी। एक्सप्रेस वे लखनऊ के 11 और उन्नाव के 32 गांवों से गुजरेगा वहां पर विकास की संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं।

# हार के डर से बौखलाई भाजपा मीडिया को चुप कराने पर उतरी : माले

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने रायबरेली में रविवार को गृह मंत्री अमित शाह की चुनावी रैली में दिल्ली से कवर करने आये यूट्यूब न्यूज चैनल के पत्रकार राघव त्रिवेदी की बर्बर पिटाइ पर कहा है कि हार के डर से बौखलाई भाजपा मीडिया को जबरन चुप कराने पर उतर आई है।

माले के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने एक बयान में कहा कि गृह मंत्री की रैली में पत्रकार की पिटाई भाजपा की गुंडई है। इसकी कड़ी निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए अमित शाह और भाजपा को माफी मांगनी चाहिए। दोषियों पर कार्रवाई हो। माले नेता ने कहा कि भाजपा का चुनाव प्रचार झूठ की बुनियाद पर टिका है। वह सच्चाई को सामने आने देना नहीं चाहती है। राघव त्रिवेदी गृह मंत्री की रैली के दौरान जनता से और भाजपाइयों से सवाल पूछकर अपने कर्तव्यों का ही निर्वहन कर रहे थे। रैली में आई कुछ महिलाओं ने त्रिवेदी को बताया था कि ग्राम प्रधान उन्हें 100-100 रुपये देकर लाया है। इसपर भाजपा नेताओं से सवाल पूछने पर जवाब देने के बजाय उनकी पिटाइ भाजपा के इशारे पर की गई। इससे स्पष्ट है कि भाजपा को लोकतंत्र की परवाह नहीं है। यह स्थिति तब है, जब चुनाव चल रहे हैं। यह सब मोदी के बाद दूसरे नंबर के भाजपा नेता की जनसभा में हुआ। यह आशंका बेबुनियाद नहीं है कि तीसरी बार सत्ता में लौटने पर भाजपा बचे-खुचे लोकतंत्र और संविधान के खत्म कर देगी।

# डीपीएस के तेजस मिश्रा ने किया जनपद इटावा टॉप



## डीपीएस के राघवेंद्र प्रताप सिंह ने किया 10 वीं में टॉप

**इटावा।** एक बार फिर से शिक्षा जगत में अलग ही सुर्खियां बटोरते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा के होनहार छात्र राघवेंद्र प्रताप सिंह ने 10 वीं कक्षा में 97.6 प्रतिशतअंको के साथ स्कूल टॉपर और जनपद के द्वितीय टॉपर होने का गौरव हासिल कर लिया। इसी क्रम में डीपीएस के ही अभिनव वर्मा ने 97.4 प्रतिशतअंको के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रूद्र प्रताप शाक्य ने 96.6 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान, सात्विक गुप्ता 96 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ, तेजस्वी यादव एवम निष्ठा शुक्ला 95.6 प्रतिशतअंकों के साथ पांचवे स्थान पर रहे। उदिता यादव 95 प्रतिशत अंकों के साथ छटवे स्थान

**■ राघवेंद्र प्रताप सिंह बने जनपद के दूसरे टॉपर**

पर, मृदुल दीक्षित 94.8 प्रतिशतअंको के साथ सातवें स्थान पर, गौरव यादव 94.6 प्रतिशत अंको के साथ आठवें स्थान पर , हर्ष यादव 93.2 प्रतिशतअंको के साथ नौंवे स्थान पर, आराध्या सिंह 92.4 प्रतिशतअंको के साथ दसवें स्थान पर रहीं। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन डॉ विवेक यादव एवम वाइस चेयरमैन डॉ.प्रीति यादव ने 12 वीं के परिणाम घोषित होते ही परीक्षा में सफल हुए छात्र-छात्राओं का विद्यालय में माल्यार्पण के साथ मिठाई खिलाकर स्वागत और उत्साहवर्धन किया साथ ही सबको ऐसे ही मेहनत करते हुए भविष्य में आगे बढ़ते रहने के लिए आशीर्वाद दिया।

इस मौके पर शिक्षक गणों में रवि शंकर वर्मा, श्रेष्ठा श्रेष्ठ, सोनल द्विवेदी, पवन अग्निहोत्री, गुंजन निगम, विमलेश कुमार गुप्ता, रनदीप कौर, सौरभ चौहान, दीप्ति, सिमरन आदि शिक्षकगण मौजूद रहे। प्रिंसिपल भावना सिंह ने भी सभी सफल हुए बच्चों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी।

**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल हमेशा से ही अपने उत्कृष्ट शैक्षिक परिणाम और अनुशासन के लिए जाना जाता है। सोमवार को विद्यालय के कक्षा 12 के (PCM) के होनहार छात्र तेजस मिश्रा ने सीबीएसई के घोषित परिणाम में बाजी मारते हुए शानदार 97.20 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय सहित जनपद भी टॉप कर दिया। उक्त जानकारी कॉलेज द्वारा दी गई है। जानकारी देते हुए बताया गया कि इससे पूर्व भी इसी मेधावी छात्र तेजस मिश्रा ने जेईई मैंस में भी 99.64 पर्सेंटाईल के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया था। इसी क्रम में डीपीएस के सोहम लूथरा(PCM ग्रुप)ने 93.20 प्रतिशतअंको के साथ दूसरे नंबर पर सफलता प्राप्त की। छात्र रोहित यादव(PCMग्रुप) ने 92.40 प्रतिशतअंकों के साथ तीसरे नंबर पर सफल रहे। वहीं कृष्णा वर्मा(PCB ग्रुप)ने 90.80 प्रतिशतअंकों के साथ शानदार अंक अर्जित किए तो वहीं अन्य छात्र आयुष यादव(PCM ग्रुप) ने 90.60 प्रतिशतअंको के साथ शानदार सफलता प्राप्त की। अन्य छात्र छात्राओं में सौम्या धनगर, अंबालिका सिंह (कॉमर्स), हर्ष कुमार, गर्व चौबे आदि ने शानदार अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन डॉ.विवेक यादव एवम वाइस चेयरमैन डॉ.प्रीति यादव ने 12 वीं के परिणाम घोषित होते ही परीक्षा में सफल हुए छात्र-छात्राओं का विद्यालय में माल्यार्पण के साथ मिठाई खिलाकर सभी टॉपर्स का स्वागत और उत्साहवर्धन किया साथ ही सबको ऐसे ही मेहनत करते हुए भविष्य में आगे बढ़ते रहने के लिए आशीर्वाद दिया। इस मौके पर गणित विभाग के विभागाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा सहित विमलेश कुमार गुप्ता, अखिलेश कुमार यादव, गुंजन निगम, पवन अग्निहोत्री, प्रियांशु गुप्ता, विकास कुमार, रेहान अजीज, रनदीप कौर आदि शिक्षकगण मौजूद रहे।

प्रिंसिपल भावना सिंह ने भी सभी सफल हुए बच्चों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## माउण्ट लिट्रा की छात्रा कशिश 10 वीं की परीक्षा में 97 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रही



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** सीबीएसई की 10 वीं बोर्ड परीक्षा में माउण्ट लिट्रा जी स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। स्कूल की छात्रा कशिश ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता और स्कूल का नाम रौशन किया। इसी के साथ अम्बर राज ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और अनुष्का यादव ने 95.6 प्रतिशत, अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी के साथ प्रिंसी ने 95.4 प्रतिशत, वासुदेव यादव ने 95.4 प्रतिशत, अर्श प्रताप सिंह, अमन वर्मा और चन्द्र देव ने 95.2 प्रतिशत, वैभवी शुक्ला, पौशाली सिंह ने 94 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल का और अपने माता-पिता का नाम रोशन किया। स्कूल के 76 प्रतिशत बच्चों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की जिसमें से 15 प्रतिशत बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये और 44 प्रतिशत बच्चों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये, स्कूल का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शत्-प्रतिशत् रहा। स्कूल के चेयरमैन अतिवीर सिंह यादव, वाइस चेयरमैन विकास यादव और प्रधानाचार्य पंकज शर्मा ने सभी बच्चों, उनके अभिभावकों और अध्यापकों को बधाई दी और बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दीं। इस मौके पर सलिल यादव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी मनोज श्रीवास्तव, विनयशील पठानिया नें बच्चों को उनकी सफलता के लिए हार्दिक अभिनन्दन किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टॉफ मौजूद रहा।

## सुदिति ग्लोबल एकेडमी के छात्र निखिलेंद्र बने जनपद टॉपर

**■ छात्र निखिलेंद्र सीबीएसई की हाई स्कूल परीक्षा में 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया जनपद टॉप**



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** जनपद के प्रतिष्ठित विद्यालय सुदिति ग्लोबल एकेडमी के कक्षा 10 वीं के छात्र निखिलेंद्र यादव ने सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा में 97.8 प्रतिशत अंक पाकर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उक्त जानकारी कॉलेज द्वारा दी गई है। जानकारी देते हुए बताया गया कि इसके अतिरिक्त छात्र अजिताभ सिंह ने 97.02 प्रतिशत अंक, युवराज सिंह ने 96.8 प्रतिशत अंक, छात्रा तनिष्का ने 96 प्रतिशत, अंशिका पाल ने 95.6 प्रतिशतएवं शिवांश यादव ने 95.6 प्रतिशतअंक प्राप्त किए। विद्यालय के लगभग 15 छात्र छात्राओं ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सतीश कुमार, निर्देशक मयंक कुमार एवं प्रधानाचार्य कमल कुमार ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को मिठाई खिलाकर हर्ष जताया। विद्यालय के प्रबंधक सतीश कुमार ने कहा विगत वर्षो से हमारे विद्यालय का परीक्षा परिणाम हमेशा उत्कृष्ट ही आता रहा है और इस वर्ष भी कक्षा दसवीं में छात्र ने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है उन्होंने सभी अभिभावकों से वार्ता करते हुए विश्वास दिलाया कि भविष्य में निरंतर अच्छा शिक्षण कार्य एवं अन्य क्रियाकलापों में और भी अच्छा करने का प्रयास विद्यालय परिवार करेगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री कमल कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं को अपना शुभाशीष देते हुए कहा कि जीवन में सफलता की यह एक प्रथम सीढ़ी है तथा इसी तरह आप निरंतर प्रयास करते रहेंगे तो ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। अच्छा परीक्षा परिणाम प्राप्त करने के लिए छात्रों की विद्यालय में प्रतिदिन उपस्थित रहना एवं दो से चार घंटे तक अध्ययन करना पड़ेगा। उन्होंने उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## नारायन कॉलेज की कक्षा 12 की ऐश्ति वर्मा 95.8 प्रतिशत अंकों के साथ व कक्षा 10 के अभिनय कुमार 94.4 प्रतिशत अंकों के साथ बने स्कूल टॉपर




**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के विद्यार्थियों ने सी.बी.एस.ई. की कक्षा 10 वीं व 12 वीं की परीक्षा में शानदार प्रर्दशन किया। सी.बी.एस.ई.द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विज्ञान, कला और कॉमर्स सभी तीनों संकाय के छात्रों ने उल्लेखनीय परिणाम दिया। जिसमें कक्षा 12 की ऐश्ति वर्मा ने 95.8 प्रतिशत अंक पाकर व कक्षा 10 के अभिनय कुमार ने 94.4 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कक्षा 12 के अनुष्का 94.8 प्रतिशत, दिया अग्रवाल 94.6 प्रतिशत, श्रेया राजपूत 92.6 प्रतिशत, अदिति सिंह 92.4 प्रतिशत, विकल्प अग्रवाल 91.8 प्रतिशत, सक्षम मिश्रा 91.8 प्रतिशत, अनुराग तिवारी 91.8 प्रतिशत, राधा पाल 91.2 प्रतिशत, अवनीश भदौरिया 90.8 प्रतिशत, प्रभव सिंह चौहान 90.6 प्रतिशत व अन्य छात्रों ने भी अच्छे अंक प्राप्त किये। इसी क्रम में कक्षा 10 की लवी यादव व दिव्याशं कुमार ने 92.6 प्रतिशत, विशाल चतुर्वेदी ने 91.8 प्रतिशत, आध्या वर्मा ने 89.6 प्रतिशत, साक्षी सिंह ने 86.6 प्रतिशत, दिव्यांशु तिवारी ने 84.4 प्रतिशत, अंशी व दीक्षा ने 84.2 प्रतिशत, उज्जवल पाण्डेय ने 82.6 प्रतिशत व अक्षय दुवे ने 82.4 प्रतिशत अंक पाकर समस्त विद्यालय परिवार को गौरवान्वित होने के क्षण प्रदान किये। विद्यालय के शानदार प्रदर्शन पर प्रधानाचार्य डॉ0धर्मेन्द्र शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि विगत वर्षा की भांति इस वर्ष भी नारायन कॉलेज ने सर्वश्रेष्ठ परिणाम दिया। इसके लिये विद्यालय के सभी योग्य शिक्षकों की मेहनत, लगन और समर्पण की भूरि-भूरि प्रशंसा की जानी चाहिये। विद्यालय के चैयरमेन इं0हरि किशोर तिवारी, इं0अंकित तिवारी व डॉ0श्रेता तिवारी ने प्रधानाचार्य डॉ0धर्मेन्द्र शर्मा एवं समस्त शिक्षकों को इस शानदार प्रदर्शन के लिये बधाई दी।

डॉ.धर्मेन्द्र शर्मा ने विद्यालय टॉपर लिस्ट में स्थान पाने वाली कक्षा 12 की ऐश्ति वर्मा व कक्षा 10 के अभिनय कुमार को विशेष सम्मान देकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं को माला पहना कर आर्शीवाद दिया। साथ ही इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी अर्जुन सिंह, पी.टी.आई.यादवेन्द्र पाल सिंह, मसरूर अली एवं सभी शिक्षक व शिक्षिकायें मौजूद रहे।

# मतदान: बाजारों की गलियों में पसरा सन्नाटा

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** सोमवार को मतदान के दौरान शहर के भीड़भाड़ वाले इलाकों में सन्नाटा पसरा रहा। मुख्य बाजार समेत अधिकांश गलियों में सन्नाटे की वजह से अधिकतर युवा क्रिकेट खेलते नजर आए। जिन जगहों पर लोग क्रिकेट नहीं खेल रहे थे वहां लूडो या ताश खेल का समय बिता रहे थे। नया शहर चौराहा, नौरंगाबाद, साबितगंज व आसपास के इलाकों में सामान्य दिनों में जाम की स्थिति रहती है, लेकिन सोमवार को मतदान के चलते यहां सन्नाटा पसरा रहा। कुछ लोग वोट डालने निकले तो कुछ लोग दुकानों के बाहर बैठे नजर आए हालांकि दुकान बंद होने से भी सन्नाटे की स्थिति देखने को मिली।

### बूथ प्रभारी करते रहे चाय नाश्ते का इंतजाम, पब्लिक का कम रहा रुझान

**इटावा।** प्रमुख राजनीतिक दलों के वस्तुओं पर बूथ प्रभारी उपस्थित कार्यकर्ताओं व बूथ एजेंट के लिए चाय नाश्ते का प्रबंध करते नजर आए। शहर के अधिकांश बस्तों पर मतदाताओं की कमी देखने को मिली। दरअसल चुनाव आयोग द्वारा ऑनलाइन पर्ची उपलब्ध कराने के साथ ही मोबाइल पर भेजे गए एसएमएस के माध्यम से भी मतदाताओं को इनको उनके बूथ, भाग संख्या, क्रमांक आदि की जानकारी उपलब्ध करा दी गई थी। इसके अलावा शहर में अधिकांश बीएलओ ने पर्ची भी घर-घर जाकर बांटी थी लिहाजा लोगों को राजनैतिक दलों के बस्तों पर जाकर पर्ची बनवाने की आवश्यकता महसूस नहीं हुई। जिसके चलते समाजवादी पार्टी व भारतीय जनता पार्टी के साथ ही बसपा प्रत्याशियों के बस्तों पर कम संख्या में मतदाता पहुंचे। ऐसे में बूथ प्रभारी पूरे दिन मौजूद कार्यकर्ताओं व नेताओं के लिए चाय नाश्ते और मोबाइल पर चुनाव संबंधी जानकारी साझा करने में जुटे रहे। वहीं शहर में सर्वाधिक बूथों के आसपास भाजपा व सपा के ही बस्ते नजर आए जबकि बहुजन समाज पार्टी व अन्य निर्दलीय प्रत्याशियों के बस्तों की संख्या काफी कम रही। दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों ने बूथ पर मौजूद पुलिस कर्मियों से लेकर अन्य कर्मचारियों के लिए चाय नाश्ते का भी बीच में प्रबंध किया।

### दिन भर आबाद रहने वाली गलियां भी रही सूनी

**इटावा।** शहर के लाइनपार रामनगर विजयनगर के साथ रामगंज, होमगंज बाजार, पचराहा, छैराहा, छपेटी, पटी गली जैसी गलियों में दिन में भी बड़ी संख्या में लोग बैठे नजर आते हैं, सामान्य दिनों की तुलना में सोमवार को इन गलियों में भी सन्नाटा था। कुछ जगहों पर गलियों में बनें बूथ के आसपास लोगों की चहल कदमी नजर आई लेकिन इसके अतिरिक्त सभी गलियां सुनी थी। मुस्लिम बहुल इलाकों में भी कुछ ऐसी स्थिति देखने को मिली, अधिकांश लोग केवल वोट डालने निकले पुलिस की गस्ती के चलते भी लोग घरों से कम ही संख्या में निकले, बेवजह घूमने वाले लोगों की संख्या भी सोमवार को कम नजर आई।

## मिडे मिल के खाने में निकली गिड़ार

**मथुरा।** नौहझील ब्लाक के प्राथमिक विद्यालयों में बांटे जाने वाले मिड मिल के खाने में कीड़े निकलने से हड़कंप मच गया। अक्षय पात्र संस्था द्वारा उपलब्ध कराये गए इस खाने को एक विद्यालय के छात्रों ने आज नहीं खाया। इस कारण गर्मी के मौसम में छात्र विद्यालय समय में भूखे रहे। प्राथमिक स्कूल रामगढ़ी ब्लॉक नौहझील की शिक्षा मित्र ऊषा ने बताया कि सोमवार को अक्षय पात्र के द्वारा मिडे मिल के खाने की सब्जी में बड़ी गिड़ार निकल आई। इस खाने को आज किसी भी बच्चे ने नहीं खाया। उसने इसकी सूचना मिडे मिल के सुपरवाईजर ने अरविंद को दी। इस संबंध में विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक योगेश ने बताया कि आज वह अवकाश पर थे। क्योंकि उनका स्वास्थ्य खराब था।

# मीडिया की दशा-दिशा पर चिंतन जरूरी: उपमन्यु

**■ आध्यात्मिक सशक्तिकरण में मीडिया की अहम भूमिका**

**अवधनामा संवाददाता**

**बलदेव (मथुरा)।** आज दुनिया में हो रही तमाम गतिविधियों से नकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न हो रही है और मीडिया को इसी नकारात्मक ऊर्जा के बीच काम करना होता है जिससे बचाव के लिए मीडिया को आध्यात्मिक चेतना को जागृत करना होगा।

यह विचार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बलदेव के अंतर्गत आयोजित मीडिया गोष्ठी आध्यात्मिक सशक्तिकरण में मीडिया की भूमिका विषय पर कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों व सभा में उपस्थित सभी पत्रकार बंधुओ का स्वागत व सम्मान बीके रेनू बहिन, बीके रश्मि बहिन ने किया। मुख्य अतिथि एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष एवं एनयूजे उत्तर प्रदेश के संरक्षक डॉ. कमलकान्त उपमन्यु एडवोकेट ने कहा मीडिया समाज का आधार है। आज चारों ओर जहां नकारत्मकता का माहौल है ऐसे में मीडिया को समस्या के साथ समाधान पर भी बात करनी होगी, तभी समृद्ध भारत का निर्माण हो सकेगा। जब मानव का स्वभाव देव तुल्य हो जाएगा तो इस धरा पर स्वर्णिम भारत आ जायेगा। मीडिया की दशा-दिशा पर चिंतन जरूरी।

ब्रह्माकुमारीज के जनरल कोऑर्डिनेटर बी.के.अमर भाई ने कहा कि आध्यात्मिक और देश दोनों को सशक्त बनाने के लिए देव ऋषि नारद जी की तरह मीडिया को अपनी भूमिका अदा करनी होगी। इस अवसर पर हाथरस जिला प्रभारी राजयोगिनी बीके सीता दीदी बलदेव नगर पंचायत के अध्यक्ष मुरारी लाल अग्रवाल ने भी विचार व्यक्त किए।

वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके भावना बहिन ने अपने उद्बोधन में कहा अध्यात्म और मीडिया ऐसे शब्द हैं जिसका अर्थ समझना और कहना दोनों मुश्किल मगर नामुमकिन नहीं है। कार्यक्रम में मीडिया जगत से आये अतुल जिंदल, राकेश पचौरी कोमल पारासर, मुनेश कुमार, पवन गोयल, राजेश पाठक, सुरेंद्र चौधरी, तुलसीराम, अमित भारद्वाज, नारायण सिँह, अमित भारद्वाज, सुनील शर्मा, डिम्पल गोयल, अनुज उपमंन्यु आदि मौजूद रहे।

# भाजपा से मतदाताओं का मोहभंग मतदान के घटते प्रतिशत का बड़ा कारण: हिन्दू महासभा

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने लोकसभा चुनाव के तीन चरण बीत जाने के बाद मतदान के घटते प्रतिशत को चिन्ता का विषय बताया है। उन्होंने कहा कि चिन्ता इसलिए भी, क्योंकि मतदान का घटता प्रतिशत भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अबकी बार 400 पार के नारे को ध्वस्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि कहीं मतदान का घटता प्रतिशत भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से मतदाताओं का मोह भंग तो नहीं ? राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने कहा कि प्रतीत होता है कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मोह भंग होने वाले मतदाताओं ने मतदान न करने का निर्णय लिया है, जो मतदान के घटते प्रतिशत का एक प्रमुख कारण हो सकता है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के एक बड़े वर्ग के मोह भंग होने के अनेक कारणों में से भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने, मुसलमानो का अल्पसंख्यक का दर्जा समाप्त करने, घुसपैठियों को उनके देश वापस भेजने, समान नागरिक संहिता, समान शिक्षा नीति और समान जनसंख्या नीति जैसे मूलभूत विषयों पर मोदी सरकार की विफलता प्रमुख कारण हो सकते हैं।ऐसे मतदाता कांग्रेस या अन्य छद्म धर्मनिरपेक्ष दलों को वोट दे नहीं सकते और मोहभंग होने से भाजपा को वोट देना नहीं चाहते। इसी कारण लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत घट रहा है। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने आज जारी बयान में यह जानकारी देते हुए मोहभंग होने वाले मतदाताओं से आह्वान करते हुए कहा कि मतदान का बहिष्कार उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता। मतदान प्रतिशत बढ़ाकर नरेंद्र मोदी को पुनः सत्ता में वापस लाना ही समाधान का मार्ग प्रशस्त कर सकता है । उन्होंने कहा कि संविधान में परिवर्तन किए बिना कुछ समस्याओं का निदान संभव नहीं हो सकता और परिवर्तन के लिए दो तिहाई से अधिक बहुमत की सरकार का होना अनिवार्य होता है। नरेंद्र मोदी के पास अभी तक दो तिहाई बहुमत नहीं था,इसलिए मोदी सरकार कुछ मूलभूत विषयों पर चाहकर भी कुछ कर पाने में असमर्थ रही है। हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार शर्माऔर ब्रज प्रांत अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी और राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी के वक्तव्य का समर्थन करते हुए भाजपा और मोदी सरकार से मोहभंग रखने वाले सभी मतदाताओं से मतदान के लिए आगामी चरणों में घरों से निकलकर भारी संख्या में मतदान करने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दो तिहाई से अधिक बहुमत से सत्ता सौंपने का आह्वान किया।

## व्यक्तित्व विकास एवम कौशल उन्नयन प्रशिक्षण का बीएसए में समापन

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास एवम रोजगार विभाग द्वारा बी एस ए कॉलेज में उन्नति इंफोसिस फाउंडेशन बैंगलुरु के सहयोग से विद्यार्थियों के भावी नियोजन को दृष्टिगत रखते हुए 30 दिन की अवधि का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षक के रूप में उन्नति इंफोसिस फाउंडेशन बैंगलुरु से चेंज मेकर डॉ रश्मि अग्रवाल द्वारा विद्यार्थियों को स्पोकन इंग्लिश, एम्प्लॉयबिलिटी स्किल, लाइफ स्किल एवम वैल्यू सिस्टम इत्यादि विषयों में कुल 165 घंटे की ट्रेनिंग प्रदान की गई। इस प्रशिक्षण के अपरांत सभी स्नातक विद्यार्थियों को उन्नति फाउंडेशन द्वारा रोजगार का आश्वासन दिया गया। महाविद्यालयीन विद्यार्थियों ने इस प्रशिक्षण में उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह का शुभारंभ प्राचार्य डॉ ललित मोहन शर्मा, डॉ एस के रॉय, डॉ एस के सिंह, डॉ एस के कटारिया, डॉ उमा रानी एवम डॉ मुकेश चन्द्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

# सुबह से ही लाइनों में लग गए वोटर मौसम भी हुआ अनुकूल

**अवधनामा ब्यूरो**




**इटावा।** इटावा लोकसभा क्षेत्र पर सोमवार को सुबह 7:00 बजे मतदान शुरू कराया गया तो वोटरों में सुबह-सुबह उत्साह दिखाई दिया। कई स्थानों पर तो सुबह मतदान शुरू होने से पहले ही बड़ी संख्या में मतदाता पहुंच गए थे और लाइन लग गई थी। युवा और बुजुर्ग सभी मतदाता सुबह के समय ही मतदान केंद्र की ओर जाते दिखाई दिए। के के डिग्री कॉलेज फ्रेंड्स कॉलोनी में ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज जनता इंटर कॉलेज में 7:00 बजे से पहले ही काफी संख्या में मतदाता पहुंचे थे और उनकी लाइन लगी हुई थी। सोमवार को सुबह मतदान के दिन मौसम भी अच्छा हो गया सुबह बादल छाए थी और 7:30 बजे के करीब बूंदाबांदी होने लगी इसके चलते माहौल में गर्मी बिल्कुल नहीं थी बूंदाबांदी से मौसम और भी बेहतर हो गया। इसका नतीजा यह निकला कि वह अपने घरों से निकाल कर मतदान केंद्र पर पहुंचे। मौसम को देखते हुए ऐसी उम्मीद की जा रही है कि इस बार अधिक संख्या में मतदाता वोट डालेंगे और मतदान के प्रतिशत में भी सुधार होगा। प्रशासन और पुलिस की ओर से सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम किए गए हैं सभी मतदान केदो पर पुलिस के साथ ही केंद्रीय बलों की जवान तैनात हैं। इटावा लोकसभा क्षेत्र की इटावा विधानसभा में 420 तथा भरथना विधानसभा क्षेत्र में 470 बूथ बनाई गई है इन सभी पर सोमवार की सुबह 7:00 बजे मतदान शुरू हो गया। पहले मतदान फिर जलपान के नारे पर अमल करते हुए मतदाता सुबह-सुबह ही मतदान केदो की ओर जाते दिखाई दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में भी यही स्थिति रही भरथना बकेवर चकरनगर लखना तथा इकदिल में भी सुबह से मतदाता मतदान केंद्र पर दिखाई दिए।

## अवैध रूप से भट्ठा संचालित करने वालों में खलबली

**मथुरा।** एनजीटी ने मथुरा में संचालित अवैध ईट भट्ठों के निरीक्षण के लिए पैनल का गठन करने का आदेश दिया है। यह पैनल निरीक्षण कर दो माह में अपनी रिपोर्ट देगा। इस आदेश के बाद अवैध भट्ठा संचालकों में खलबली मच गई है। इधर, कुछ अधिकारियों के माथे पर भी पसीना आ गया है। मथुरा में अवैध रूप से ईट भट्ठा संचालन की शिकायत लंबे समय से शासन से लेकर स्थानीय प्रशासन तक होती रही हैं। पंजीकृत ईट भट्ठा संचालकों की एसोसिएशन भी अवैध संचालन के खिलाफ रही है। एनजीटी के इस आदेश के बाद अवैध रूप से भट्ठा संचालित करने वालों में खलबली मच गई है। यह भट्ठे मानकों को ताक पर रख संचालित हो रहे हैं। इधर, अवैध भट्ठा संचालकों को संरक्षण देने की बात भी कई बार सामने आई है। मगर, कोई ठोस जांच अब तक नहीं हुई है। अब एनजीटी के आदेश पर होने वाली जांच से उम्मीद जताई जा रही है कि इसमें कई अधिकारियों की करगुजारियां भी सामने आ सकती हैं।

# जय कन्हैया लाल की उद्घोषों से केएम प्रांगण हुआ गुंजायमान

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** के.एम. विश्वविद्यालय पाली डूंगरा में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस विश्वविख्यात भागवत भाष्कर श्रीकृष्ण चन्द्र शास्त्री श्रीठाकुर जी महाराज ने प्रह्लाद चरित्र तथा पांच वर्ष की अवस्था में तपस्या में लीन भक्त ध्रुव की चर्चा की, उन्होंने कहा कि ध्रुव ने पांच वर्ष की अवस्था में भक्ति के द्वारा भगवान को प्राप्त कर लिया। समुद्र मंथन का वर्णन करते हुए कहा कि समुद्र से चौदह रत्न निकले, उन रत्नों में एक रत्न है अमृत, जब अमृत निकला तब राक्षस अमृत का कलश लेकर भागने लगे, तब भगवान मोहिनी रूप धारण करके अपनी मोहिनी रूप से सभी को मोहित कर देवताओं को अमृत पिला दिया, जब राक्षसों को पता चला तो राक्षसों ने देवासुर संग्राम किया। सारे देवताओं को हराकर बली इन्द्र की गद्दी पर बैठ गए, इसलिए व्यक्ति को जीवन में चिंतन करना चाहिए न कि चिंता किंतु चिंतन हम करते नहीं, चिंता हम छोड़ते नहीं। राक्षसों के गुरु शुक्राचार्य ने बली से कहा कि सौ यज्ञ करो। बली निनन्यान्वें यज्ञ पूर्ण करने लगे तो भगवान स्वयं वामन रूप में पधारे। हमारे भगवानों के अवतारों में दो प्रमुख हैं, श्रीराम और श्रीकृष्ण, दोनों ही क्षत्रिय

**■ चिंतन हम करते नहीं, चिंता हम छोड़ते नहीं: श्रीकृष्ण**

हैं। श्रीराम अवतार की कथा का विस्तार करते हुए भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा का वर्णन किया। जैसे ही प्रांगण में नंद घर आनंद भयौ जय कन्हैया लाख की गूंजा, सारा पांडाल श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। शास्त्री जी के श्रीमुख से प्रवाहित भक्ति-रसधारा में डूब हजारों भक्तों ने खूब गोते लगाए। आरती के साथ कथा का विश्राम किया। आरती में मुख्य अतिथि विश्व विख्यात भागवत प्रवक्ता अनिरूद्धाचार्य जी महाराज, परम पूज्य श्रीमद्भागवत पीपाद्वाराचार्य श्रीबलराम दास देवाचार्य जी महाराज, केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी, उनकी धर्मपत्नी श्रीमती संजू चौधरी,पुत्र पार्थ चौधरी एवं दाऊजी मंदिर के रिसीवर आरके पांडेय शामिल रहे। इस अवसर पर कुलाधिपति के पिता मोहन सिंह, उनकी मां ननगी देवी, भाई देवी सिंह, हितेश चौधरी, रवि चौधरी सहित परिवार के सभी सदस्य एवं इसके अलावा विश्वेन्द्र रमेश चौधरी, गौरव अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण राजेश फौजदार, कृष्णनाथ, छिद्दी लाल, वीरेन्द्र बंसल, प्रताप चौधरी, मनोज कुमार, चौधरी बुद्धि सिंह, सरमन सिंह बौहरे, लक्ष्मन सिंह प्रधान, राजवीर सिंह,चौधरी नेत्रपाल सिंह (महामंत्री पिछड़ा वर्ग), वीरेन्द्र सिंह, शिव कुमार, अमर सिंह, शंकर सिंह, सूरज भान, लीलाधर, रामनिवास, गोपी, जसवन्त सिंह, नितीश कुन्तल, महेश चन्द्र के साथ-साथ विवि के वाइस चालंसर डा. डीडी गुप्ता, प्रो वाइस चांसलर डा. शरद अग्रवाल, रजिस्ट्रार पूरन सिंह, सीओई डॉ मनोज ओझा, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे, डीन डॉ धर्मराज सिंह, विवि के प्रोफेसर, शिक्षक शिक्षिकाएं तथा विवि और हॉस्पीटल का स्टाफ तथा हजारों की संख्या में महिला-पुरुष और बच्चे मौजूद रहे।

# टोली में निकले मुस्लिम वोटर, कुछ भी बोलने को नहीं हुए तैयार

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** इटावा लोक सभा सीट पर लगभग 1.20 लाख से अधिक मुस्लिम वोटर है ऐसे में मुस्लिम बाहुल्य इलाकों में टोली में मुस्लिम महिलाएं वोट करने निकली, हालांकि किसी भी मुस्लिम महिला ने किस सोच और विचारधारा के बल पर वोट करने आयीं हैं के सवाल पर कोई जवाब नहीं दिया। उनका कहना था कि वह वोट डालने आए हैं और उन्हें राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। मुस्लिम



बाहुल्य इलाकों में बनाए गए बूथों पर भी सुबह व शाम के समय मुस्लिम वोटरों की संख्या अधिक रही कुछ जगहों पर मतदाताओं ने वोटर लिस्ट में नाम न होने की शिकायत की। वहीं कुछ जगह पर्ची न पहुंचने से भी मतदाता परेशान रहे, हालांकि विभिन्न विकल्पों व बूथ पर बैठे बीएलओ ने उनकी मदद करते हुए वोट डलवाया। वहीं शहर में अधिकांश मुस्लिम मोहल्ले में लोग बड़ी संख्या में वोट के लिए टोली बनाकर निकलते हुए देखे गए। इनमें पुरुष व महिलाओं के साथ युवा भी शामिल थे। शहर के इस्लामिया इंटर कॉलेज, इस्लामिया बालिका विद्यालय, एसडी इंटर कॉलेज, नगरपालिका, महाराणा प्रताप जूनियर हाईस्कूल, शाहकार विद्यालय, तहसील जैसे बूथों पर बड़ी संख्या में लोग मतदान के लिए पहुंचे।

# टी 20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद रोहित शर्मा टी20 फॉर्मेट को कहेंगे अलविदा!

बीसीसीआई हार्दिक पंड्या को आगे इसलिए टी20 टीम का कप्तान बनाना चाहती है, क्योंकि वे ऑलराउंडर हैं। इसी कारण से उनको टी20 वर्ल्ड कप जैसे मेगा इवेंट के लिए उपकप्तान बनाया गया है। इसके अलावा रोहित शर्मा के पास खुद को शॉर्ट फॉर्मेट में साबिक करने का भी आखिरी मौका है।

जून में टी20 वर्ल्ड कप का आगाज होने जा रहा है। जिसके लिए दुनिया की 20 टीमों ने कमर कस ली है। इसके साथ ही भारतीय टीम की अगुवाई रोहित शर्मा करेंगे, जिसके बाद वो टी20 फॉर्मेट को अलविदा कह सकते हैं। दरअसल, माना जा रहा है कि भारतीय टीम रोहित शर्मा की कप्तानी में टी20 वर्ल्ड कप में जो भी आखिरी मुकाबला खेलेगी, वह उनका आखिरी टी20 इंटरनेशनल मैच होगा। इसके पीछे का कारण ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या हैं।



एक रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई हार्दिक पंड्या को आगे इसलिए टी20 टीम का कप्तान बनाना चाहती है, क्योंकि वे ऑलराउंडर हैं। इसी कारण से उनको टी20 वर्ल्ड कप जैसे मेगा इवेंट के लिए उपकप्तान बनाया गया है। इसके अलावा रोहित शर्मा के पास खुद को शॉर्ट फॉर्मेट में साबिक करने का भी आखिरी मौका है। रोहित शर्मा भले ही टीम इंडिया के कप्तान हैं, लेकिन वे हार्दिक पंड्या की कप्तानी में मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहे हैं।

10 साल तक मुंबई इंडियंस के कप्तान रहे रोहित शर्मा को फ्रेंजाइजी ने कप्तानी से हटा दिया और हार्दिक पंड्या को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंप दी। इसके बाद से ही रोहित शर्मा और हार्दिक पंड्या के बीच कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। यहां तक मुंबई इंडियंस प्लेऑफ की रेस से भी बाहर हो गई है। इससे फैंस भी नाखुश हैं और वे एमआई को उस तरह से सपोर्ट नहीं कर रहे हैं।

वहीं रोहित शर्मा के रिटायमेंट के पीछे उनकी उम्र भी है। रोहित शर्मा 37 के पार हो चुके हैं जबकि हार्दिक पंड्या अभी 30 के करीब हैं। ऐसे में भविष्य को देखते हुए हार्दिक पंड्या को बीसीसीआई कम से कम टी20 टीम का कप्तान बनाने के बारे में सोच ही है। क्योंकि वे सिर्फ व्हाइट बॉल क्रिकेट में नजर आते हैं। टी20 क्रिकेट भी रोहित शर्मा ने नवंबर 2022 के बाद से ज्यादा नहीं खेला। वे तीन मैच टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले खेले हैं, जिनमें दो बार वे शून्य पर आउट हुए और एक मैच में शतक जड़ा। आईपीएल 2024 में भी रोहित शर्मा की फॉर्म अच्छी नहीं है। हालांकि, शुरुआत उन्होंने अच्छी की थी।

# भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे सात्विक-चिराग



सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेगी। पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक की दावेदार भारत की इस शीर्ष वरीय जोड़ी को थॉमस कप में इंडोनेशिया और चीन के खिलाड़ियों की सर्विस का सामना करने में थोड़ी मुश्किल हुई थी।

सात्विक और चिराग की जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत नूर मोहम्मद अजरिन अयूब अजरिन और टेन वी कियोंग की मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ करेगी तो उनकी नजरें अपने प्रदर्शन में सुधार पर टिकी होंगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके खिलाड़ियों ने अपने कौशल को निखारने पर काम किया है और बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं में उन्हें अपने नए शॉट और बदलाव को परखने का शानदार मौका मिलेगा।

विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय को मौजूदा सत्र में स्वास्थ्य समस्याओं से जूझने के बाद लय हासिल करनी होगी। इंडोनेशिया के एंथोनी गिनटिंग के खिलाफ जीत से प्रणय का आत्मविश्वास बढ़ा होगा लेकिन चीन के शी युकी के खिलाफ हार से वह परेशान होंगे क्योंकि उन्हें करीबी मुकाबले जीतने की जरूरत है। किरण जॉर्ज और सतीश कुमार करूणाकरण भी एकल वर्ग में चुनौती पेश कर रहे हैं जबकि लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू पिछले हफ्ते टूर्नामेंट के ड्रॉ की घोषणा से पहले प्रतियोगिता से हट गए।

किरण को पहले दौर में चीन के ऑस्ट्रेलिया ओपन विजेता वेंग होंग यैंग से भिड़ना है जबकि सतीश अपने अभियान की शुरुआत क्वालीफायर के खिलाफ करेंगे। सिंधू की गैरमौजूदगी में महिला एकल में भारत की नजरें अश्मिता चालिहा, मालविका बंसोड़ और आकर्षी कश्यप पर रहेंगी। अश्मिता को पहले दौर में इंडोनेशिया की ईस्टर नुरूमी त्री वारडोयो से भिड़ना है जबकि मालविका को चीन की शीर्ष वरीय हेन युई के खिलाफ खेलना है। आकर्षी का सामना पहले दौर में थाईलैंड की बुसानन ओंगबैमरुंगफान से होगा।

युवा उन्नति हुड्डा और इमाद फारूकी को भी क्रमशः बेल्जियम की लियाने टेन और चीन की गोवा फेंग जेई के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद होगी। महिला युगल में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की चौथी वरीय भारतीय जोड़ी को पहले दौर में बाई मिली है।

# शतरंज : भारत के 85वें ग्रैंडमास्टर बने श्याम निखिल

पी श्याम निखिल हाल ही में दुबई पुलिस मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में अपना तीसरा और अंतिम ग्रैंडमास्टर (जीएम) नॉर्म हासिल करके भारत के 85वें ग्रैंडमास्टर बन गए। आठ साल की उम्र में शतरंज खेलना शुरू करने वाले श्यामनिखिल को तीसरे नॉर्म के साथ इस उपलब्धि के लिए 12 साल का इंतजार करना पड़ा। श्यामनिखिल को लंबे समय से प्रतीक्षित जीएम नॉर्म पूरा करने के लिए सिर्फ एक जीत और आठ ड्रॉ की जरूरत थी, जो उन्होंने दुबई में खेले गये टूर्नामेंट में हासिल किया।



इस 31 वर्षीय खिलाड़ी ने 2012 में दो ग्रैंडमास्टर नॉर्म के साथ आवश्यक 2500 ईएलओ रेटिंग अंक हासिल कर लिये थे जो जीएम बनने के लिए न्यूनतम आवश्यकता है। उन्हें हालांकि तीसरे नॉर्म को पूरा करने के लिए 12 साल तक इंतजार करना पड़ा। तमिलनाडु के नगरकोली के इस खिलाड़ी ने जीएम उपलब्धि हासिल करने के बाद कहा मैंने आठ साल की उम्र में खेलना शुरू किया था। मेरे माता-पिता ने मुझे इस खेल को सिखाया है लेकिन मैं तीन साल तक कोई टूर्नामेंट नहीं खेल सका था। अंडर-13 राज्य चैंपियनशिप जीतने के बाद मेरे लिए अवसर खुल गए क्योंकि मैं एशियाई और आयु वर्ग विश्व चैंपियनशिप खेल सकता था।

श्यामनिखिल ने मुंबई मेयर्स कप 2011 में अपना पहला जीएम नॉर्म हासिल किया था। उन्होंने इसके कुछ समय के बाद 19 साल की उम्र में इंडियन चैंपियनशिप के दौरान दूसरा नॉर्म हासिल किया और फिर 2012 की शुरुआत में रेटिंग की आवश्यकता पूरी की। वह 2012 में दुबई ओपन में अपना अंतिम नॉर्म हासिल करने से चूक गये। वह इसके बाद अब तक कई मौकों का फायदा उठाने में विफल रहे। उन्होंने कहा मैंने 2017 में ही यूरोप में टूर्नामेंट खेले थे, तब तक मैं वियतनाम या यूएई में खेलने की कोशिश कर रहा था और फाइनल नॉर्म हासिल करने की कोशिश कर रहा था, लेकिन ये जगहें इतनी आसान नहीं हैं क्योंकि टूर्नामेंट बहुत मजबूत हैं। साल 2022 के इस राष्ट्रमंडल चैंपियन ने कहा अब मैंने जीएम नॉर्म हासिल कर लिया है, ऐसे में मैं अधिक आजादी से खेल सकता हूं।

## आईपीएल 2024 में विराट कोहली का कमाल, इस मामले में रोहित शर्मा को पछाड़ा

आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की आईपीएल 2024 में बेहतरीन फॉर्म जारी है। वह इस सीजन में सबसे ज्यादा रन जड़ने के मामले में भी पहले नंबर पर हैं। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए मैच में भी कोहली ने काफी तेज शुरुआत की, लेकिन जल्द आउट हो गए। वहीं उन्होंने एक खास रिकॉर्ड अपने नाम करते हुए रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में विराट कोहली ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की। इस दौरान उन्होंने 13 गेंदों में 27 रन की पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 1 चौका और 3 छक्के भी निकले। इसी पारी के साथ कोहली ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल में 1057 रन भी पूरी किए। अब इसी के साथ किंग कोहली आईपीएल में दिल्ली के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले ये रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम पर दर्ज था। इनके नाम आईपीएल में इस टीम के खिलाफ1034 रन बाने का रिकॉर्ड दर्ज है।

# चेन्नई में धोनी के मंदिर बनाए जाएंगे पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने दिया हैरान करने वाला बयान



चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व खिलाड़ी अंबाती रायडू ने ये दावा करके सनसनी फैला दी है कि आने वाले सालों में चेन्नई में एमएस धोनी के मंदिर बनाए जाएंगे। उनका ये बयान सीएसके की राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अहम जीत के बाद आया है, जिससे उनकी आईपीएल 2024 प्लेऑफ की उम्मीदें बरकरार हैं। अंबाती रायडू ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए कहा कि, वह चेन्नई के भगवान हैं और मुझे यकीन है कि आने वाले समय में चेन्नई में धोनी के मंदिर बनाए जाएंगे। वह ऐसे शख्स हैं, जिन्होंने भारत को 2 वर्ल्ड कप का आनंद दिलाया और चेन्नई को कई आईपीएल और चैंपियंस लीग खिताब दिलाए। वह एक ऐसे शख्स हैं, जो अपने खिलाड़ियों पर विश्वास दिखाते हैं, जिसने हमेशा टीम, देश और चेन्नई के लिए ऐसा किया है।

एमएस धोनी की मौजूदा फिटनेस और उनकी बढ़ती उम्र को देखकर कयास लगाए जा रहे हैं कि चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल 2024 आखिरी सीजन होने वाला है। अगर ये सही है तो उन्होंने सीएसके के लिए चेन्नई में आखिरी मुकाबला खेल लिया है और धोनी भी यही चाहते थे। अगर चेन्नई दूसरे क्वालीफायर और फाइनल तक पहुंचती है तो चेन्नई के फैंस एक बार फिर उन्हें होम ग्राउंड पर देख पाएंगे।

# भोजपुरी इंडस्ट्री छोड़कर इन अभिनेत्रियों ने टीवी पर बनाई पहचान, आज कर रही हैं टीवी पर राज



श्वेता तिवारी पहले भोजपुरी फिल्मों में काम किया करती थीं। लेकिन भोजपुरी सिनेमा से उन्हें कोई खास पहचान हासिल नहीं हुई। इसके बाद श्वेता ने भोजपुरी सिनेमा को छोड़कर टीवी सीरियल्स में काम किया। उनका सबसे हिट टीवी शो कसौटी जिंदगी की था। इस सीरियल में श्वेता ने प्रेरणा का किरदार निभाया था। इस टीवी सीरियल के बाद से श्वेता घर-घर में प्रेरणा के नाम से प्रसिद्ध हो गई थीं। उनकी पहचान टीवी के जरिए ही बनी। इसके बाद श्वेता ने बिग बॉस 4, मेरे डैड की दुल्हन, बाल वीर जैसे कई शोज किये और शोहरत हासिल की।

रश्मि देसाई ने भी कई भोजपुरी फिल्मों में काम किया है। रश्मि एक समय पर भोजपुरी सिनेमा का बड़ा नाम थीं। इसके बाद उन्होंने छोटो पर्दे की ओर रुख किया। रश्मि को टीवी सीरियल उतरन से लोगों के बीच पहचान मिली। इस टीवी शो में रश्मि ने तपस्या ठाकुर नाम की लड़की की भूमिका निभाई थी। इस एक टीवी सीरियल ने रश्मि को टीवी की बड़ी स्टार बना दिया।

मोनालिसा भोजपुरी का वो नाम है जो साशल मीडिया पर अक्सर छाया रहता है। मोनालिसा ने अपने करियर की शुरुआत भोजपुरी सिनेमा से की थी। बाद में मोनालिसा ने अपना रुख छोटे पर्दे की ओर किया। अब मोनालिसा ने कॉमेडी नाइट्स बचाओ और नजर जैसे टीवी सीरियल्स से अपनी पहचान छोटे पर्दे पर बनाई है।

छवि पांडे ने अपने अभिनय की शुरुआत भोजपुरी सिनेमा से की थी। इसके बाद उन्होंने छोटो पर्दे पर अपनी पहचान बनाना शुरू किया। छवि फेमस टीवी सीरियल अनुपमा में अभिनय करती हैं। धिरे-धिरे छवि छोटे पर्दे पर अपनी बेहतरीन अदाकारी से लोगों का दिल जीत रही हैं। संभावना सेठ भोजपुरी सिनेमा का काफी बड़ा नाम है, लेकिन संभावना ने भी कई टीवी शोज के जरिए छोटे पर्दे पर अपनी खास पहचान बनाई है। काफी समय से संभावना टीवी से दूर हैं क्योंकि वह इन दिनों यूट्यूब के जरिए कमाई कर रही हैं।


## जरा हटके जरा बचके फिल्म जियो सिनेमा प्रीमियम पर 17 मई को रिलीज होगी




विक्की कौशल और सारा अली खान की फिल्म जरा हटके जरा बचके जियो सिनेमा प्रीमियम पर 17 मई को रिलीज होगी। जियो सिनेमा ने यह जानकारी दी। लक्ष्मण उटेकर द्वारा निर्देशित रोमांटिक कॉमेडी दो जून, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई करने वाली सफल फिल्म थी। इंदौर की पृष्ठभूमि पर आधारित, जरा हटके जरा बचके एक विवाहित जोड़े कपिल और सौम्या की कहानी है जिनकी भूमिका विक्की और सारा ने निभाई है।

फिल्म की कहानी नायक-नायिका के तलाक पर आधारित है। रविवार को जियो सिनेमा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने आधिकारिक पेज से फिल्म की डिजिटल रिलीज की जानकारी दी। जियो सिनेमा के सब्सक्राईबर्स प्रति महीने 29 रुपये की राशि का भुगतान कर विज्ञापन मुक्त सामग्री देख सकते है। मैडॉक फिल्म्स और जियो स्टूडियोज द्वारा निर्मित जरा हटके जरा बचके फिल्म में इनामुल्हक़, सुष्मिता मुखर्जी, नीरज सूद, राकेश बेदी और शारिब हाशमी ने भी अभिनय किया हैं।

## अक्षय कुमार की कोर्ट रुम ड्रामा मूवीज, जिन्हें देखकर आज भी आप तालियां मारने पर हो जाएंगे मजबूर



बड़े मियां छोटे मियां के बाद अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म जॉली एलएलबी 3 को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में एक्टर ने राजस्थान में अपनी फिल्म की शूटिंग शुरू की है। सेट से फिल्म के कई वीडियो और फोटो सामने आए थे। हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब अभिनेता किसी कोर्ट रूम ड्रामा में नजर आएंगे। इससे पहले भी अक्षय कई काल्पनिक फिल्मों में काम कर चुके हैं जो न्यायिक प्रक्रियाओं और उनकी बहसों के बारे में जानकारी देती हैं।

***अक्षय कुमार अभिनीत लोकप्रिय कोर्टरूम ड्रामा ओएमजी और ओएमजी 2***

अक्षय कुमार की सुपरहिट फेंचाइजी में ह्स्ल का नाम जरूर शामिल है। दोनों ही कोर्टरूम ड्रामा फिल्में थीं, जिन्हें दर्शकों ने खूब पसंद किया। पहले पार्ट में खिलाड़ी कुमार के साथ परेश रावल नजर आये थे। वहीं फिल्म के दूसरे पार्ट में पंकज त्रिपाठी ने अपनी परफॉर्मेंस से लोगों का दिल जीत लिया।

***जॉली एलएलबी 2***

जॉली एलएलबी के बाद इस फेंचाइजी के दूसरे पार्ट में अक्षय कुमार मुख्य अभिनेता के तौर पर नजर आये थे। लखनऊ की पृष्ठभूमि पर बनी यह फिल्म दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाने में कामयाब रही। सुभाष कपूर के निर्देशन में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई।

***रुस्तम***

अक्षय कुमार की हिट फिल्मों में रुस्तम का नाम भी शामिल है. इस फिल्म में वह एक नौसेना अधिकारी की भूमिका में नजर आये थे। फिल्म में उनके साथ इलियाना डिक्रूज भी थीं. सुरेश टीनू देसाई के निर्देशन में बनी इस कोर्टरूम ड्रामा फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था।

***एतराज***

इस लिस्ट में अब्बास मस्तान द्वारा निर्देशित फिल्म एतराज़ का नाम भी शामिल है। इसमें करीना कपूर खान और प्रियंका चोपड़ा भी अहम भूमिका में नजर आई थीं। इस कोर्टरूम ड्रामा फिल्म को दर्शकों का खूब प्यार मिला। फिल्म की कहानी से लेकर इसके गाने तक लोगों को इस फिल्म का हर पहलू पसंद आया।

## कन्नड़ अभिनेता चेतन चंद्रा भीड़ के हमले में गंभीर रूप से घायल, सोशल मीडिया पर खून से लहूलुहान तस्वीर शेयर की



कन्नड़ अभिनेता चेतन चंद्रा ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम प्रोफाइल पर एक दिल दहला देने वाली घटना साझा की। एक्टर ने सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में उनके चेहरे से लेकर कपड़ों तक खून नजर आ रहा है. वीडियो में चेतन को कन्नड़ में बोलते हुए और पूरे हादसे का खुलासा करते हुए देखा जा सकता है। इसके अलावा उन्होंने इस वीडियो के जरिए न्याय की भी गुहार लगाई है।

***एक्टर पर जानलेवा हमला***

आपको बता दें कि कन्नड़ अभिनेता चेतन चंद्रा राजधानी और जरासंध जैसी लोकप्रिय फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। एक्टर ने अपना वीडियो शेयर करते हुए बताया कि वह कल रात अपनी मां को मंदिर लेकर गए थे। लेकिन जब वह दर्शन कर लौट रहे थे तो करीब 20 लोगों ने कथित तौर पर उन पर जानलेवा हमला कर दिया। एक्टर के मुताबिक, वे उन्हें लूटने की कोशिश कर रहे थे। सबसे पहले नशे में धुत एक शख्स ने उनकी कार में टक्कर मार दी। इसके बाद कई लोगों ने उनकी कार का पीछा करना शुरू कर दिया। इसके बाद कगालीपुरा के पास एक बड़ा समूह इकट्ठा हुआ और उन पर हमला कर दिया। वीडियो में आप देख सकते हैं कि एक्टर घायल दिख रहे हैं और उनकी नाक भी टूटी हुई नजर आ रही है। वीडियो में एक्टर ने न्याय की मांग पर जोर देते हुए कहा कि उन्होंने घटना के संबंध में नजदीकी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है।

***कौन हैं चेतन चंद्रा?***

आपको बता दें कि चेतन चंद्रा केबी रामचंद्र और बीएन अनुसूया के बेटे हैं। केबी रामचन्द्र मलेशिया में माइनिंग इंजीनियर हैं। चंद्रा इंफॉर्मेटिक्स इंजीनियरिंग में स्नातक हैं। एक्टर ने अपने करियर की शुरुआत 2008 में फिल्म पीयूसी से की थी, हालांकि उन्हें सफलता 2010 में आई फिल्म प्रेमिज्म से मिली। फिलहाल एक्टर के साथ हुए इस हादसे ने उनके फैंस को सदमे में डाल दिया है।

# राजकुमार राव स्टारर ने तीसरे दिन की बंपर कमाई

श्रीकांत बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट- डायरेक्टर तुषार हसनंदानी की मोस्ट अवेटेड फिल्म श्रीकांत कल सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। इस फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है। राजकुमार राव, ज्योतिका और अलाया एफ अभिनीत श्रीकांत ने भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छी शुरुआत हासिल की है। इस बीच श्रीकांत के तीसरे दिन के कलेक्शन की ताजा रिपोर्ट सामने आई है। आइए जानते हैं कि रविवार को श्रीकांत ने कितना बिजनेस किया है।



***राजकुमार राव स्टारर इस फिल्म ने तीसरे दिन बंपर कमाई की***

श्रीकांत ने पहले दिन धीमी शुरुआत की। राजकुमार राव स्टारर इस फिल्म ने पहले दिन 2.25 करोड़ रुपये कमाए। शनिवार को श्रीकांत ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी खासी बढ़त हासिल की और ओपनिंग डे के मुकाबले लगभग दोगुना बिजनेस किया है. श्रीकांत ने दूसरे दिन 4 करोड़ रुपये कमाए। और अब फिल्म ने अपने पहले रविवार यानी तीसरे दिन बंपर कमाई की है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, श्रीकांत ने 5.50 करोड़ रुपये की कमाई की है। ऐसे में कहा जा सकता है कि ओपनिंग वीकेंड को ध्यान में रखते हुए राजकुमार राव की ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है।

***श्रीकांत का कलेक्शन ग्राफ***

*पहला दिन - 2.25 करोड़*
*दूसरा दिन - 4.00 करोड़*
*तीसरा दिन - 5.50 करोड़*
*कुल- 11.95 करोड़*

विक्रांत मैसी की सुपरहिट फिल्म 12 फेल के मुकाबले श्रीकांत का कलेक्शन बेहतर रहा है। दोनों ही फिल्में बायोपिक हैं और दोनों की कहानियां प्रेरणादायक हैं। जहां एक तरफ 12वीं फेल ने रिलीज के पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 1.10 करोड़ रुपये की कमाई की थी, वहीं दूसरी तरफ श्रीकांत ने 2.25 करोड़ रुपये की ओपनिंग हासिल की है।

***फिल्म के बारे में***

श्रीकांत में, राजकुमार ने नाममात्र के उद्योगपति की भूमिका निभाई है, जिसने दृष्टिबाधित होने के बावजूद अपने सपनों को पूरा किया और अंततः बोलैंट इंडस्ट्रीज की स्थापना की। फिल्म में ज्योतिका, अलाया एफ, शरद केलकर और जमील खान भी होंगे। फिल्म का निर्देशन तुषार हीरानंदानी ने किया है।

# मेघालय के विदेशी प्रशिक्षण नोड में शुरू हुआ भारत-फ्रांस सैन्य अभ्यास शक्ति




**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारत-फ्रांस संयुक्त सैन्य अभ्यास 'शक्ति' का 7वां संस्करण सोमवार से मेघालय के विदेशी प्रशिक्षण नोड में शुरू हो गया है। मेघालय के उमरोई में विदेशी सेनाओं को प्रशिक्षण देने के लिए आधुनिक सेंटर बनाया गया है। यहां 26 मई तक होने वाला सैन्य अभ्यास द्विवार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जो वैकल्पिक रूप से भारत और फ्रांस में आयोजित किया जाता है। पिछला संस्करण नवंबर, 2021 में फ्रांस में आयोजित किया गया था।

पूर्ण रूप से विकसित विदेशी प्रशिक्षण नोड में संयुक्त अभ्यास के उद्घाटन समारोह में भारत में फ्रांस के राजदूत थिएरी माथौ और 51 सब एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल प्रसन्ना सुधाकर जोशी ने भाग लिया। भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व 90 कर्मियों वाली राजपूत रेजिमेंट की एक बटालियन अपने हथियारों के साथ कर रही है। भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना के पर्यवेक्षक भी अभ्यास का हिस्सा बनेंगे। फ्रांसीसी टुकड़ी में भी 13वीं फॉरेन लीजन हाफ-ब्रिगेड (13वीं डीबीएलई) के 90 सैन्य कर्मी हैं।

सैन्य 'शक्ति' अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र जनादेश के अध्याय VII के तहत एक उप पारंपरिक परिदृश्य में बहु-डोमेन संचालन करने के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना है। यह संयुक्त अभ्यास अर्ध-शहरी और पहाड़ी इलाकों में संचालन पर केंद्रित होगा। संयुक्त प्रशिक्षण से हासिल किए जाने वाले उद्देश्यों में उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, सामरिक स्तर पर संचालन के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना शामिल है। अभ्यास के दौरान आतंकवादी कार्रवाई का जवाब देना, संयुक्त कमांड पोस्ट की स्थापना, खुफिया और निगरानी केंद्र की स्थापना, हेलीपैड/लैंडिंग साइट की सुरक्षा शामिल होंगे।

अभ्यास के दौरान विशेष हेलीबोर्न ऑपरेशन, घेरा और तलाशी अभियान के अलावा ड्रोन और काउंटर ड्रोन सिस्टम का उपयोग भी शामिल है। दोनों पक्ष संयुक्त अभियान चलाने की रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं में अपने अनुभवों को साझा करेंगे। संयुक्त अभ्यास से दोनों देशों के सशस्त्र बलों के कर्मियों के बीच अंतर-संचालन, सौहार्द्र और सौहार्द्र विकसित करने में मदद मिलेगी।

## मतदान केंद्र पर बुर्का हटवाकर चेक करने पर प्रत्याशी माधवी लता के खिलाफ एफआईआर



**हैदराबाद/ नई दिल्ली (हि.स.)।** हैदराबाद से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी माधवी लता विवादों में घिर गई हैं। एक मतदान केंद्र पर महिला मतदाताओं का बुर्का हटवाकर चेक करने पर माधवी लता के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। माधवी लता के खिलाफ मलकपेट पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है।

हैदराबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए रिटर्निंग अधिकारी और कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने ट्वीट कर बताया कि उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 171सी, 186, 505(1)(सी) और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 132 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मतदान केंद्र पर बुर्का पहने महिलाओं की वोटर आईडी चेक करने का उनका एक वीडियो खूब वायरल हो रहा है। बुर्का पहनी महिलाओं के चेहरे की जांच करने पर माधवी लता ने कहा, मैं उम्मीदवार हूं और मुझे चेहरे की पुष्टि करके पहचान जांचने का अधिकार है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई इसे मुद्दा बनाने की कोशिश कर रहा है तो वह डरा हुआ है।

# वाईएसआर कांग्रेस विधायक ने की मतदान करने आए व्यक्ति से मारपीट

**मारपीट**

**आंध्र प्रदेश के गुंटूर में मतदान के बीच आरोप है कि वाईएसआर कांग्रेस विधायक व प्रत्याशी ए शिवकुमार ने वोट देने आए एक व्यक्ति के साथ मारपीट की।**



**नई दिल्ली (हि.स.)।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में मतदान के दौरान मतदाताओं के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट की एक एक घटना सामने आई है। इससे संबधित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। यह घटना आंध्रप्रदेश के तेनाली मतदान केंद्र की है।

आंध्र प्रदेश के गुंटूर में मतदान के बीच आरोप है कि वाईएसआर कांग्रेस विधायक व प्रत्याशी ए शिवकुमार ने वोट देने आए एक व्यक्ति के साथ मारपीट की। वोट डालने के लिए कतार में खड़े एक मतदाता ने विधायक ए शिवकुमार को लाइन कूदने की कोशिश पर आपत्ति जताई । इससे क्रोधित विधायक ने उस मतदाता के साथ मारपीट की। वीडियो में सबसे पहले मतदाता को विधायक थप्पड़ मारते हुए देखे जा रहे हैं , इसके बाद उस विधायक को थप्पड़ मारते मतदाता दिख रहा है। तभी विधायक के कार्यकर्ताओं ने उस मतदाता घेर लिया। दूसरा वीडियो कांग्रेस नेता नागेश शेतकर जहीराबाद के कांग्रेस उम्मीदवार सुरेश शेतकर के भाई की है। इस वीडियो में कांग्रेस नेता नागेश शेतकर जो जहीराबाद के कांग्रेस उम्मीदवार सुरेश शेतकर के भाई हैं, तीखी बहस के बाद एक मतदाता को उसकी बाइक को लात मारते हुए नजर आ रहे हैं।

## सासंद स्वाति मालीवाल ने पुलिस से की शिकायत, कहा- मुख्यमंत्री आवास में हुई मारपीट



**नई दिल्ली** (हि.स.)। राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने पुलिस से शिकायत की है कि दिल्ली मुख्यमंत्री आवास में उनके साथ मारपीट हुई है। पुलिस ने मामले की पुष्टि की है।

उत्तरी दिल्ली पुलिस उपायुक्त मनोज कुमार मीणा ने बताया कि सुबह 9:34 बजे सिविल लाइंस पुलिस थाने में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें एक महिला ने कहा कि उसके साथ मुख्यमंत्री आवास में मारपीट की गई है। कुछ देर बाद सांसद मैडम (स्वाति मालीवाल) थाना सिविल लाइंस आईं, लेकिन बाद में शिकायत देने की बात कहकर चली गईं।

दिल्ली पुलिस ने रोजनामचा में स्वाति मालीवाल की शिकायत दर्ज की है, ÷मैं अभी सीएम के घर पर हूं। उन्होंने अपने पीए वैभव कुमार से मुझे बुरी तरह पिटवाया है।÷

दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि वे इस घटना की निंदा करते हैं और पूरी घटना की जांच की मांग करते हैं। किसी भी महिला के साथ इस तरह का बर्ताव होने पर उसे न्याय मिलना चाहिए।

# इतिहास के पन्नों में 14 मईः लिट्टे पर भारत ने लगाया प्रतिबंध

भारत ने पड़ोसी देश श्रीलंका के विद्रोही संगठन लिट्टे पर प्रतिबंध लगाया था। भारत ने गैरकानूनी गतिविधियां संबंधी अधिनियम के तहत लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) पर 14 मई 1992 को प्रतिबंध लगाया था। यूरोपीय संघ, कनाडा और अमेरिका में भी इस संगठन पर प्रतिबंध था। श्रीलंका सरकार के विरुद्ध लिट्टे के संघर्ष के दौरान शांति बहाली के लिए द्विपीय देश गई भारतीय सेना को वहां बल प्रयोग करना पड़ा था। लिट्टे का गठन 1976 में वेलापुल्लई प्रभाकरण ने किया था। स्वतंत्र तमिल राज्य की स्थापना के मकसद से इसका गठन किया गया था। शुरुआत में इस संगठन का मकसद पूर्वी श्रीलंका में एक स्वतंत्र तमिल राज्य की स्थापना करना था। श्रीलंका में वर्षों तक चले गृह युद्ध के लिए यही संगठन जिम्मेदार है। श्रीलंका की सेना ने 2009 में लिट्टे संगठन को खत्म कर दिया था।



**अन्य अहम घटनाएंः**

2012- इजरायल की जेलों में बंद 1500 फिलिस्तीनी कैदी भूख हड़ताल खत्म करने पर सहमत।

2010- भारत-रूस के बीच रक्षा, परमाणु ऊर्जा, हाइड्रोकार्बन, व्यापार एवं निवेश आदि में 22 समझौते।

2008-टाइम्स एनआईई ने इंटरनेशनल न्यूजपेपर मार्केटिंग एसोसियेशन (इनमा) अवार्ड-2008 जीता।

2007- जापान ने अपने शांतिवादी संविधान में संशोधन संबंधी विधेयक को मंजूरी दी।

2001- भारत और मलेशिया में सात समझौते।

1999- सदी के आखिरी विश्व कप क्रिकेट की लॉडर्स (इंग्लैंड) में शुरुआत हुई।

1992- भारत ने लिट्टे पर प्रतिबंध लगाया।

1981- नासा ने स्पेश व्हिकल स-192 लांच किया।

1973- अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट ने सेना में महिलाओं के समान अधिकार को मंजूरी दी।

1963- कुवैत संयुक्त राष्ट्र का 111 वां सदस्य बना।

1955- वारसा संधि पर हस्ताक्षर। सोवियत संघ और पूर्वी यूरोप के उसके सहयोगी देशों ने पोलैंड की राजधानी वारसा में इस संधि पर हस्ताक्षर किए।

1948- इजराइल ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता की घोषणा की।

1944- ब्रिटिश सैनिकों ने कोहिमा पर कब्जा किया।

1879- थॉमस एडिसन यूरोप की एडिसन टेलीफोन कंपनी से जुड़े।

1811- पराग्वे स्पेन की पराधीनता से मुक्त हुआ।

1607- उत्तरी अमेरिका में अंग्रेजों ने अपना पहला स्थायी अड्डा स्थापित किया। इसे जेम्स टाउन, वर्जीनिया का नाम दिया गया।

**जन्म**

1984- फेसबुक के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग।

1981-भारतीय आविष्कारक और कंप्यूटर वैज्ञानिक प्रणव मिस्त्री।

1923- में आज ही के दिन भारतीय फ़िल्मों के प्रसिद्ध निर्माता व निर्देशक मृणाल सेन का जन्म हुआ था।

1922 में 14 मई के दिन ही क्रोएशिया के राष्ट्रपति फ्रांजो टडमैन का जन्म हुआ था।

1883 में आज ही के दिन प्रसिद्ध न्यायविद और शिक्षाशास्त्री अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर का जन्म हुआ था।

1892 में 14 मई के दिन ही प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी और राजनीतिक कार्यकर्ता अरुण चन्द्र गुहा का जन्म हुआ था।

1657 में आज ही के दिन शिवाजी के ज्येष्ठ पुत्र और उत्तराधिकारी संभाजी का जन्म हुआ था।

**निधन**

2011- किसान नेता महेन्द्र सिंह टिकैत।

2010- ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित मराठी कवि वृंदा करंदीकर।

1978- प्रसिद्ध नाटककार जगदीशचन्द्र माथुर।

1963- प्रख्यात विद्वान और राजनीतिक नेता डॉक्टर रघुवीर।

1923- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष एन.जी.चन्दावरकर।

## क्षेत्रीय दल सत्ता में आएंगे : के चंद्रशेखर राव

**नई दिल्ली (हि.स.)।** तेलंगाना के पूर्व सीएम और बीआरएस प्रमुख के चंद्रशेखर राव ने सिद्दीपेट के चिंतामडका में एक मतदान केंद्र पर अपना वोट दिया। उन्होंने कहा कि देश में अब एक गुट जैसा कुछ नहीं है, क्षेत्रीय दल भारत में सत्ता में आएंगे। मतदान करने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मतदान प्रतिशत कम से कम 65-70 प्रतिशत होना चाहिए।

के चंद्रशेखर राव ने यह भी कहा कि देश में क्षेत्रीय दलों की भूमिका बढ़ रही है, यही स्थिति बनी है, इसमें कोई शक नहीं है। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए आज आांध्रप्रदेश और तेलंगाना में भी मतदान हो रहा है।

## 5 किलो सोने के साथ दो भारतीय युवा गिरफ्तार

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल के रास्ते सोने की तस्करी के रोज नए तरीके आजमाए जा रहे हैं। ताजा मामले में सोने की तस्करी के लिए पूरे कपड़े पर सोने की लेप चढ़ा कर लाने की बात सामने आई है।

काठमांडू स्थित त्रिभुवन अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल पर पुलिस ने दो भारतीय युवाओं को 5 किलो से अधिक सोने के साथ गिरफ्तार किया है। एयरपोर्ट पर रहे नेपाल पुलिस के एसएसपी कृष्णहरि शर्मा ने बताया कि इन दोनों युवकों ने जो कपड़े पहने थे, उसमें भीतर से सोने को गीला कर उसका लेप लगाया गया था। यहां तक कि भीतरी वस्त्रों में भी सोने का लेप चढ़ाया गया था। विमानस्थल पर गिरफ्तार भारतीय युवाओं की पहचान 33 वर्षीय सुरेश कुमार और 32 वर्षीय मोहन कुमार गणेशन के रूप में की गई है। दोनों दुबई से नेपाल के रास्ते भारत जाने की कोशिश में थे। फ्लाई दुबई के विमान से काठमांडू पहुंचने के बाद एक्साइज चेकिंग के दौरान इन्हें गिरफ्तार किया गया।

## नेपाल से आईपीएल खेलों में क्रिप्टो करेंसी के मार्फत 200 करोड़ रुपये से अधिक की सट्टेबाजी, एक गिरफ्तार

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल से आईपीएल खेलों में सट्टेबाजी के मामलों में रोज नए खुलासे हो रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस ने काठमांडू से एक व्यक्ति को 200 करोड़ रुपये से अधिक की सट्टेबाजी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

नेपाल पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक युवक को क्रिप्टो करेंसी के मार्फत ऑनलाइन सट्टेबाजी कराने के आरोप में गिरफ्तार किया है। भारत में चल रहे आईपीएल खेलों में सट्टेबाजी कराने के आरोप में 24 वर्षीय अनिल ढुंगाना को गिरफ्तार किया गया है। काठमांडू क्राइम ब्रांच के एसएसपी सानुराम भट्टराई ने बताया कि अपने मोबाइल नंबर से 56 बैंक खातों को ऑपरेट कर आईपीएल में सट्टेबाजी लगाया करता था। उन्होंने बताया कि एक ही व्यक्ति के अलग-अलग मोबाइल नंबर से 11 कनेक्ट आईपीएस को जोड़कर ऑनलाइन सट्टेबाजी खेलाता था। इसके लिए आरोपी ने 15 ई वालेट भी संचालित करता था।

एसएसपी भट्टराई के मुताबिक आईपीएल में खेलों के दौरान



रविवार तक आरोपी ढुंगाना ने 201 करोड़ 98 लाख रुपये की सट्टेबाजी कर चुका है। उन्होंने बताया कि पुलिस की प्रारम्भिक जांच से यह भी पता लगा है कि बेटएक्स, बेट 365 जैसे एप के माध्यम से आरोपित ढुंगाना नेपाल, भारत सहित दक्षिण एशिया के कई देशों से जुड़े लोग इसमें ऑनलाइन सट्टेबाजी करते थे। अब तक की जांच से यह पता लगा है कि इसमें 243 प्रकार के अलग-अलग क्रिप्टो करेंसी का प्रयोग किया गया था। 200 करोड़ से अधिक के सट्टेबाजी कारोबार में क्रिप्टो के मार्फत 134 करोड़ का कारोबार का पता चला है।

# पीएम प्रचंड की पार्टी को बड़ा झटका

## उप-प्रधानमंत्री उपेंद्र यादव का इस्तीफा, सरकार से वापस लिया समर्थन

**काठमांडू।** नेपाल के उप-प्रधानमंत्री उपेंद्र यादव ने सोमवार को पीएम पुष्प कमल दलह प्रचंड को अपना इस्तीफा सौंपा। उनकी पार्टी ने सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है।

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार का बड़ा झटका लगा है। दरअसल नेपाल के उप प्रधानमंत्री और वरिष्ठ मधेसी नेता उपेंद्र यादव ने अपना इस्तीफा दे दिया है। उनकी पार्टी ने सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया। बता दें कि उपेंद्र यादव के पास स्वास्थ्य मत्रालंय भी था। उन्होंने सोमवार सुबह प्रधानमंत्री प्रचंड को अपना इस्तीफा सौंपा। मधेसी नेता के करीबी सूत्रों का कहना है कि यादव के साथ साथ वन एवं पर्यावरण मंत्री दीपक कार्की ने भी इस्तीफा दिया है। कार्की भी उपेंद्र यादव की पार्टी के नेता हैं।



**दो हिस्सों में बंटी उपेंद्र यादव की पार्टी**

जनता समाजवादी पार्टी नेपाल (जेएसपी-नेपाल) के अध्यक्ष उपेंद्र यादव का इस्तीफा ऐसे समय में आया है, जब उनकी पार्टी दो हिस्सों में बंट गई। जेएसपी-नेपाल के वरिष्ठ नेता अशोक राय ने जनता समाजवादी पार्टी (जेएसपी) नाम से अपने अलग दल का गठन किया है। चुनाव आयोग द्वारा जेएसपी को मान्यता दे दी गई है। बता दें कि उपेंद्र यादव की पार्टी जेएसपी-नेपाल के हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव (एचओआर) में कुल मिलाकर 12 विधायक थे। पार्टी के दो हिस्सों में बंटने के बाद अब एचओआर में उनके महज पांच विधायक रह गए हैं। उधर, अशोक राय की पार्टी में छह विधायक और केंद्रीय समिति के 30 सदस्य शामिल हो गए हैं।

**पीएम प्रचंड के पास अभी भी बहुमत**

प्रधानमंत्री प्रचंड के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन के पास अभी भी बहुमत है। उनकी पार्टी को सीपीएन-यूएमएल के 77, माओवादी सेंटर के 32, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के 21, नवगठित जनता समाजवादी पार्टी के सात और सीपीएन-यूनिफाइड की 10 विधायकों का समर्थन हासिल है। बता दें कि 275 सदस्यीय एचओआर में बहुमत के लिए 138 सीटों की आवश्यकता होती है।

**सरकार गिराने की कोशिशों में विपक्षी दल**

पूर्व पर्यावरण मंत्री और सीपीएन माओवादी सेंटर के नेता सुनील मनंधर का कहना है कि जेएसपी-नेपाल के समर्थन वापस लेने से पीएम प्रचंड के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। हालांकि, लंबे समय के लिए सरकार की स्थिरता पर असर पड़ सकता है। ये भी खबरें हैं कि विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार को गिराने की कोशिशें हो रही हैं।

## इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप में बाढ़ से 37 लोगों की मौत



**पडांग (हि.स.)।** इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर भारी बारिश और अचानक बाढ़ आ जाने से कम से कम 37 लोगों की मौत हो गई और 12 से अधिक लोग लापता हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने कहा कि मॉनसून की बारिश और माउंट मारापी की ठंडे लावे वाली ढलानों से कीचड़ के प्रवाह से हुए भूस्खलन के कारण शनिवार मध्यरात्रि को एक नदी में उफान के कारण पश्चिम सुमात्रा प्रांत के चार जिलों के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए। उन्होंने बताया कि कई लोग बाढ़ में बह गए और 100 से अधिक घर और इमारतें जलमग्न हो गईं। ठंडा लावा, ज्वालामुखीय सामग्री और मलबे का मिश्रण है जो बारिश में ज्वालामुखी की ढलानों से बहता है।

राष्ट्रीय तलाश एवं बचाव एजेंसी ने एक बयान में कहा कि रविवार दोपहर तक बचावकर्मियों ने अगम जिले के सबसे अधिक प्रभावित कैंडुआंग गांव में 19 शव बरामद किये और पड़ोसी जिले तनाह दातर में नौ अन्य शव बरामद किए गए हैं। एजेंसी ने कहा कि पडांग में आई भीषण बाढ़ के कारण आठ लोगों की मौत हो गई। इसमें कहा गया है कि बचावकर्मी 18 लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं।

## भारत से मिले हेलीकॉप्टर को उड़ाने के लिए मालदीव के पास सक्षम पायलट नहीं



**माले (हि. स.)।** मालदीव को भारत से मिले हेलीकॉप्टर को उड़ाने को लेकर संकट खड़ा हो गया है। इसका कारण मालदीव के पास सक्षम पायलट की कमी होना है। ज्ञात रहे कि हाल ही में भारत के 76 रक्षा कर्मियों की अंतिम खेप के साथ मालदीव छोड़ दिया है। इसकी पुष्टि रक्षा मंत्री घासन मौमून ने की है।

घासन मौमून ने शनिवार को यहां राष्ट्रपति कार्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की। उन्होंने दो हेलीकॉप्टर और एक डोर्नियर विमान संचालित करने के लिए मालदीव में तैनात भारतीय सैनिकों की वापसी और उनके स्थान पर भारत के असैनिकों के आने से जुड़े सवाल पर यह टिप्पणी की। घासन ने कहा कि मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) के पास मालदीव का कोई सैन्यकर्मी नहीं है जो भारतीय सेना द्वारा दान में दिए गए तीन विमानों को संचालित कर सके। हालांकि कुछ सैनिकों को पिछली सरकारों के समझौतों के तहत उड़ान का प्रशिक्षण देना शुरू किया गया था। चीन समर्थक नेता माने जाने वाले मुइज्जू द्वारा 10 मई तक मालदीव में तीन विमानन प्लेटफॉर्म का संचालन करने वाले सभी भारतीय सैन्य कर्मियों को वापस भेजने पर जोर देने के बाद दोनों देशों के संबंधों में गंभीर तनाव पैदा हो गया। भारत पहले ही 76 सैन्य कर्मियों को वापस बुला चुका है।

## महंगाई को लेकर पीओके में चौथे दिन भी तनावपूर्ण स्थिति, पीएम शहबाज बुला सकते हैं उच्चस्तरीय बैठक

**इस्लामाबाद।** जम्मू कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) क्षेत्र में बिजली के प्रावधान, गेहूं के आटे पर सब्सिडी समेत अन्य विशेषाधिकारों को समाप्त करने की मांग कर रही है। जेएएसी के नेतृत्व में सोमवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की राजधानी मुजफ्फराबाद के लिए रैली निकाली गई।

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में बिजली बिल, टैक्स और आटे की कीमतों में भारी वृद्धि के खिलाफ सोमवार को भी स्थिति तनावपूर्ण रही। महंगाई के खिलाफ क्षेत्र में पूर्ण हड़ताल चौथे दिन भी जारी रही। बिगड़ते हालात के बीच शनिवार को सुरक्षाकर्मियों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हो गई। इस झड़प के बाद पाकिस्तान की सरकार स्थिति को शांत करने की दिशा में जोर दे रही है।

क्षेत्र में शनिवार को हुई इस झड़प में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई थी। प्रदर्शन के दौरान 100 के करीब घायल भी हुए, जिसमें ज्यादातर पुलिसकर्मी ही थे। शुक्रवार से ही क्षेत्र में पूर्ण हड़ताल जारी है। इस तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक बुला सकते हैं। बैठक में महंगाई को लेकर बातचीत होने की संभावना है।

जम्मू कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) क्षेत्र में बिजली के प्रावधान, गेहूं के आटे पर सब्सिडी समेत अन्य विशेषाधिकारों को समाप्त करने की मांग कर रही है। जेएएसी के नेतृत्व में सोमवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की राजधानी मुजफ्फराबाद के लिए रैली निकाली गई। रावलकोट के एक प्रदर्शनकारी नेता ने सरकार पर टालमटोल की रणनीति अपनाने का आरोप लगाया।

स्थानीय मीडिया के अनुसार, प्रदर्शनकारी पहले ही कई स्थानों पर धरना दे चुके हैं।

## सर्गेई शोइगु रूस के नए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव नियुक्त

**मॉस्को (हि. स.)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने निकोलाई पेत्रुशेव की जगह सर्गेई शोइगु को रूस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का सचिव नियुक्त किया है। पुतिन ने इस संबंध के आदेश पर हस्ताक्षर किया है।

शोइगु के स्थान पर आंद्रेई बेलौसोव को देश का रक्षा मंत्री बनाए जाने के प्रस्ताव के बाद यह नियुक्ति की गई है। शोइगु वर्षों तक रक्षा मंत्री रहे हैं। राष्ट्रपति के रूप में पुतिन का पांचवां कार्यकाल शुरू होने के बाद यह फेरबदल किया गया है।

# प्रयागराज में पीएम कुसुम योजना का सौ फीसदी लक्ष्य पूरा

## किसानों को कम खर्च में बिजली उपलब्ध कराने का जरिया बन रही है पीएम कुसुम योजना

**नए वित्तीय वर्ष में पंजीकरण की प्रक्रिया हुई शुरू**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** किसानों की आमदनी बढ़ाने और खेती की लागत कम करने के लिए सरकार कई तरह से प्रयास कर रही है। किसान सिंचाई के लिए डीजल पंप या बिजली का उपयोग करते हैं। डीजल की कीमतों में हो रही बढ़ोत्तरी की वजह से किसानों की खेती की लागत अधिक आती है। किसानों की सिंचाई की लागत को कम करने के लिए पीएम कुसुम योजना वरदान साबित हो रही है। प्रयागराज जनपद में इस योजना ने सौ फीसदी का लक्ष्य हासिल किया।

कृषि में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देना और डीजल और बिजली पर निर्भरता को कम करने में पीएम कुसुम योजना मददगार साबित हो रही है।

प्रयागराज में इस योजना के लिए बड़ी संख्या में किसान आगे आए हैं। प्रयागराज के कृषि उप निदेशक एसपी श्रीवास्तव बताते हैं कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रयागराज में 894 सोलर पंप लगवाने का लक्ष्य तय किया था जिसका सौ फीसदी लक्ष्य हासिल हो चुका है। जिले में किसानों ने ट्यूबबेल के लिए सौर पैनल लगवाने में गहरी रुचि दिखाई है जिसे देखते हुए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 970 सोलर पम्प लगवाने का लक्ष्य तय किया गया है। उप निदेशक कृषि के मुताबिक इसके लिए पंजीकरण का कार्य भी पूरा हो चुका है।

### सरकार दे रही है फीसदी सब्सिडी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार इस योजना के तहत वर्ष 2024-25 के लिए प्रदेश के 54,000 से अधिक किसानों को रियायती दरों पर सौर पंप प्रदान करेगी। पीएम कुसुम योजना के तहत किसानों को अपने खेतों पर सोलर पैनल लगाने से सरकार की ओर से 90 फीसदी तक की मदद मिलती है।

इस योजना के तहत केंद्र सरकार की ओर से किसानों को 30 प्रतिशत , राज्य सरकार की तरफ से 30 प्रतिशत और अन्य वित्तीय संस्थानों की तरफ से 30 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाती है। इस तरह योजना में सिर्फ 10 प्रतिशत ही किसानों को देना होता है। इस योजना का सबसे बड़ा फायदा ये है कि किसानों का बिजली और डीजल का खर्च नहीं होता है और बिजली के ऊपर निर्भरता भी कम होती है। इससे खेती की लागत काफी हद तक कम होती है। इसके लिए किसान को सरकार की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इसका ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

किसान इससे पैदा होने वाली सौर ऊर्जा बेचकर भी कमाई कर सकता है। सोलर पंप का उपयोग सिर्फ खेती और सिंचाई में ही नहीं बल्कि बिजली उत्पादन में भी किया जा सकता है। इस योजना के जरिए बिजली या डीजल से चलने वाले सिंचाई पंप को सोलर एनर्जी से चलने वाले पंप में बदला जा सकता है। इसके बाद जो भी बिजली बचती है उसे वितरण कंपनियों को बेचा जा सकता है।

# श्रृंगवेरपुर धाम मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की कर्मभूमि: वैभव करवारिया

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** श्रृंगवेरपुर धाम मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्म कारक कर्म एवं विजय संकल्प की भूमि है जहां प्रत्येक मानव की संकल्प सिद्धि होती है। इसी स्थल पर भगवान श्री राम जीने वन गमन के समय प्रस्थान व वन वापसी के समय मां भगवती गंगा जी की पूजन अर्चन कर अपने संकल्प एवं मनौती को पूर्ण किया था। यह विचार पूर्व सांसद पंडित कपिल मुनि करवरिया के सुपुत्र समाजसेवी वैभव करवरिया ने रामायण मेला आयोजन समिति श्रृंगवेरपुर धाम द्वारा आयोजित साप्ताहिक विशेष भव्य गंगा आरती के पश्चात अपने विचार व्यक्त किये। जहां उपस्थित सैकड़ो की संख्या में युवाओं ने पुष्पमाला से उनका स्वागत किया। सर्वप्रथम राष्ट्रीय रामायण मेला के महामंत्री उमेश चंद्र द्विवेदी ने श्रृंगवेरपुर धाम की महत्ता व भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज के साथ ही करवरिया परिवार के योगदान की प्रशंसा की। इस अवसर पर आर्यावर्त सनातन सभा के जिला अध्यक्ष पवन शुक्ला, भाजपा नेता समाजसेवी ऋतुराज पांडे, पिंटू दुबे, घनश्याम शुक्ला, अशोक भट्ट, डॉ रमापति त्रिपाठी, अवधेश मिश्रा, बसंत लाल उपाध्याय, दिलीप पांडे, मुकेश मिश्रा, प्रधान संजय शर्मा, प्रधान जितेंद्र मिश्रा, अधिवक्ता आलोक त्रिपाठी, शेषनारायण द्विवेदी, संजीव तिवारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की संपूर्ण व्यवस्था व संचालन रामायण मेला आयोजन समिति के संयुक्त मंत्री अमित द्विवेदी के द्वारा किया गया तथा सहकारी संघ विकासखंड कौड़िहार श्रृंगवेरपुर धाम के अध्यक्ष कृष्ण चंद्र पांडे ने आए हुए समस्त जनों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# देश की सबसे बड़ी पंचायत में फिर कमल खिलेगा: हार्दिक

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं गुजरात के विधायक हार्दिक पटेल प्रयागराज प्रवास के दौरान फूलपुर केंद्रीय चुनाव कार्यालय जॉर्ज टाउन क्लब में कार्यकर्ताओं से भेंट किया। प्रयागराज प्रवास के दौरान उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी पंचायत में प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलेगा और हाथ का पंजा सिर्फ दर्शक दीर्घा में दिखाई देगा। उन्होंने कहा कि अबकी बार 400 पार फिर बने मोदी सरकार का नारा सिर्फ नारा नहीं देश की आवाम की बुलंद आवाज बन चुकी है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है और भारत पूरी दुनिया में सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने लिए नहीं बल्कि राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने के लिए राजनीति कर रहे हैं और दूसरी तरफ राहुल गांधी, अखिलेश यादव, लालू यादव, ममता बनर्जी, मायावती, एवं इंडी एलाइंस घटक दल के सभी नेता अपने परिवार के लिए राजनीति कर रहे हैं। उनके लिए राजनीति पेशा है लेकिन मोदी जी के लिए राजनीति मां भारती के लिए सेवा करना है। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि गुजरात के भाजपा विधायक हार्दिक पटेल एक हफ्ते के लिए प्रयागराज में प्रवास करेंगे। दोनों लोकसभा में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में कैंपिंग करेंगे। प्रयागराज आगमन पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान फूलपुर लोकसभा के संयोजक विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी, चुनाव संचालन समिति के मीडिया प्रमुख आनंद वैश्य सुदर्शन उनके साथ रहे। स्वागत करने वालों में पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष आनंद जायसवाल, विक्रम सिंह भदौरिया, प्रशांत शुक्ला, राकेश भारती, शत्रुघ्न जायसवाल, राम जी शुक्ला, राकेश जैन, आदि अन्य कार्यकर्ता रहे।

# पीपल के पेड़ के पास पड़ा मिला युवक का शव

**प्रयागराज।** झूंसी में निर्माणाधीन पुल के पास रहकर मजदूरी करने वाले एक युवक का शव मिला है। उसका शव पीपल के पेड़ के पास पड़ा मिला। दो दिन पहले ही वह बिहार से लौटा था। किन परिस्थितियों में उसकी मौत हुई है इसकी जानकारी करने में पुलिस जुटी है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

बिहार के खगड़िया जिले का रहने वाला विशाल शाह झूंसी में निर्माणाधीन पुल पर मजदूरी करने वालो के लिए खाना बनाने का काम करता था। दो दिन पहले ही वह बिहार से काम पर लौटा था। उसके साथ काम करने वाले चाचा ने बताया कि रात में खाना खाने के बाद सभी सो गए। इसी दौरान विशाल टीन शेड के कमरे से बाहर निकाल गया। सुबह उसका शव पास के पीपल के पेड़ के पास पड़ा मिला। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# 45 वर्ष की उम्र के बाद हड्डियों की विशेष देखभाल जरूरी: डॉ. निमिष

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** इलाहाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में अतिथि वक्ता वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ निमिष अग्रवाल ने अस्थि स्वास्थ्य पर व्याख्यान देते हुए कहा कि अस्थियां शरीर को संरचना प्रदान करने का महत्वपूर्ण कार्य करती हैं। शरीर के विभिन्न अंगों की रक्षा करना, मांसपेशियों को ठीक करना और कैल्शियम का भंडारण करना अस्थियों के अन्य प्रमुख कार्य हैं।

अधिकांश लोग 30 साल के उन्होंने कहा कि आसपास अपने चरम अस्थि द्रव्यमान तक पहुंचते हैं । 45 वर्ष की उम्र के बाद अस्थिक्षरण या ऑस्टियोपोरोसिस से बचाव लिए हड्डियों की विशेष देखभाल जरूरी होती है। हमें आहार और शारीर में कैल्शियम की मात्रा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। शारीरिक व्यायाम नियमित रूप से करना अनिवार्य है।शरीर में कैल्शियम के अवशोषण के लिए विटामिन डी आवश्यक है।

डॉ निमिष अग्रवाल ने बताया कि कैल्शियम का सेवन प्रति दिन 1000 मिलीग्राम से 1200 मिलीग्राम होना चाहिए। कैल्शियम के प्रभावी अवशोषण के लिए शरीर को 600 ढ्ढ से 800 ढ्ढ विटामिन डी की भी आवश्यकता होती है। नियमित रूप से व्यायाम अनिवार्य है। शराब एवं तम्बाकू का सेवन बहुत अधिक हानिकारक है। प्रश्नोत्तर सत्र में डॉ निमिष अग्रवाल ने सदस्यों की समस्याओं का समाधान किया और मिथ्या धारणा दूर की।

इलाहाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि प्रकाश ने डॉ निमिष अग्रवाल को स्मृति चिह्न भेंट किया और पी.आर.ओ. डॉ. शान्ति चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में इलाहाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य जी. के. खरे, डी.यू. गुप्ता, ओ.पी. गोयल, राजीव महेश्वरी, राकेश अग्रवाल, अपूर्व आगा, आलोक साह समेत अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मनाया गया इंटरनेशनल नर्सिंग डे



**प्रयागराज।** सृजन इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस कॉलेज सड़वा खुर्द में इंटरनेशनल नर्सिंग डे मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के डायरेक्टर डॉ अभिजित भागवत मोहिते उपस्थित रहे। संस्था के विद्यार्थियों ने फ्लोरेंस नाइटेंगल से संबंधित कई कार्यक्रम प्रस्तुत किया एवं संस्था के डायरेक्टर बच्चों को फ्लोरेंस नाइटेंगल के जीवन के बारे में बताया तथा आज की वर्तमान परिदृश्य में नर्स की भूमिका समझाया। कॉलेज की प्राचार्य ऋतु तोबित ने कॉलेज में पढ़ रहे नर्सिंग विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में अवनीश केवट, रीता सिंह, युवत कुमारी, विभा कुशवाहा, अर्पिता सिंह, अतुल पाल, निशी तिवारी, ज्योति श्रीवास्तव, प्रिंसु मिश्रा, रत्नेश यादव, सौरभ मिश्रा समस्त शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

### व्यापारियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**प्रयागराज।** नटखेड़ा रोड युवा व्यापार मंडल ने जयप्रकाश नगर चौराहे से आलमबाग नटखेड़ा रोड चौराहे तक मतदान करने को लेकर जागरूकता पैदल मार्च निकाला। सभी दुकानदारों से वोट डालने की अपील की और छुट्टी नहीं मनाएंगे मतदान करने अवश्य जाएंगे नारे लगाकर सबको जागरूक किया। पैदल मार्च में आलमबाग परिक्षेत्र व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष एवम आलमबाग नटखेड़ा रोड युवा व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनीष अरोड़ा, वरिष्ठ महामंत्री राजेश बत्रा, महामंत्री उपकार सिंह, कोषाध्यक्ष कुशल खटवानी, संगठन मंत्री गौतम नागपाल, विकास अरोड़ा, शिवराज भाटिया, सचिन सोनकर, कुंदन बागवानी, सुदामा सेहत्या, महेश, लविश शामिल थे।

### किताब 'फूल मुख़ातिब हैं' बना रही रिकार्ड



**प्रयागराज।** नगर के युवा शायर इम्तियाज़ अहमद ग़ाज़ी की पुस्तक 'फूल मुख़ातिब हैं' नया रिकार्ड बनाने की ओर अग्रसर है। इस किताब को 'इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड' में दर्ज़ कर लिया गया है। इसके साथ ही 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड' में दर्ज़ होने की प्रक्रिया में है। रिकार्ड दर्ज़ करने के लिए गिनिज बुक कमेटी की तरफ से पड़ताल की जा रही है। गौरतलब है कि इस किताब में इम्तियाज़ अहमद ग़ाज़ी ने 'फूल' पर 301 शेर लिखा है। उर्दू और हिन्दी शायरी की दुनिया में अब तक किसी भी शायर ने फूल पर इतने शेर नहीं लिखा है। जिसकी वजह से यह किताब चर्चा का विषय बनी हुई है। किताब के बारे में मशहूर मुनव्वर राना ने लिखा है-'शायरी में नेचर से दूर होते हुए मौसम में कुछ सरफिरे हैं जो आज भी ग़ज़ल की शाखों पर शेरों के फूल खिलाते रहते हैं। किसी एक टॉपिक पर 301 शेर लिख देना, मुश्किल ही नहीं बहुत मुश्किल काम है।

### प्रेक्षकों ने मुंगराबादशाहपुर व बदलापुर क्षेत्र में किया निरीक्षण

**जौनपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु 73-जौनपुर लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक सी0बी0 बलात ने विधानसभा क्षेत्र मुंगराबादशाहपुर के प्राथमिक विद्यालय ऊकनी के बूथ संख्या 197, प्राथमिक विद्यालय इटहरा के बूथ संख्या 209, 210, प्राथमिक विद्यालय चोरहा के बूथ संख्या 175, 176, प्राथमिक विद्यालय धनअवा की बूथ संख्या 172, प्राथमिक विद्यालय कटका के बूथ संख्या 170 का निरीक्षण करके की गयी तैयारियों का जायजा लिया। व्यय प्रेक्षक 73-जौनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र मुंडे राजेश बालाजी राव कुसुम ने बदलापुर में एसएसटी कार्यों का निरीक्षण करते हुये एसएसटी टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

### सीबीएसई बोर्ड में वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के छात्र छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन



**आजमगढ़।** सीबीएसई बोर्ड के तहत 10वीं की परीक्षा परिणामों में एक बार फिर जिले के सर्वोत्तम विद्यालयों में से एक वेदांता इंटरनेशनल स्कूल के छात्र छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया जिसमें 10वीं कक्षा के छात्र आयुष चौहान ने विद्यालय का नाम जिले में रोशन करते हुए 92.2 प्रतिशत अंक खुशी 91.8, मुस्कान यादव 88 हुजैफा नेयाज 85.8 आदित्य यादव 85.8, अभय गोंड 84.4 प्रतिशत हिमांशु यादव 84.4 प्रतिशत स्कंद यादव 83.2 प्रतिशत अखिलेश कुमार 83.0 प्रतिशत दिशांत यादव 82.4 तथा शुभांगी सिंह 82.0 प्रतिशत अंक प्राप्त किए । 50 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थियों प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए स विद्यालय के प्रबंध निदेशक शिव गोविंद सिंह और प्रधानाचार्या डॉली शर्मा ने सभी बच्चों को बधाई व शुभकामनाए दी । बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी।

### इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने की अपील

**आजमगढ़।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस कमेटी आर0टी0आई0 विभाग की एक आवश्यक बैठक आर0टी0आई0 विभाग की हुयी। जिसकी अध्यक्षता श्यामदेव यादव प्रदेश महासचिव व आजमगढ़ मण्डल प्रभारी व जिलाध्यक्ष ने की तथा संचालन हरश्चिन्द्र शास्त्री जिलाउपाध्यक्ष ने किया। प्रदेश सचिव श्यामदेव यादव ने कहा कि प्रदेश व मण्डल के सभी जिलाध्यक्षों को यह निर्देशित किया गया कि सभी जिलाध्यक्ष अपने-अपने जिले के गठबंधन (सपा तथा कांग्रेश) प्रत्याशी बनाये गये नेताओं को जिताकर लोग सभा में भेजने का काम करें।

# शाहगंज में पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की गोली मारकर हत्या

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (शाहगंज)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के इमरानगंज बाजार में सोमवार की सुबह लगभग साढ़े नौ बजे अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर सबरहद गांव निवासी पत्रकार एवं भाजपा नेता आशुतोष श्रीवास्तव की हत्या कर दिया। दिनदहाड़े हुई हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गयी। घटनास्थल पर जिले के तमाम आलाधिकारी भी पहुंच गये जहां से लाश को अन्त्य परीक्षण हेतु भेजवा दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय क्षेत्र के सबरहद निवासी आशुतोष श्रीवास्तव पत्रकार के साथ भाजपा की राजनीति भी कर रहे थे। इसके अलावा गो तस्करों एवं भू-माफियाओं के खिलाफ आये दिन आवाज उठाते थे। हत्या क्यों की गयी और किसने किया, इसकी छानबीन पुलिस कर रही है। फिलहाल इस हत्याकाण्ड से पत्रकारों में जबरदस्त आक्रोश है। सूत्रों के अनुसार आशुतोष विगत एक माह पहले ही क्षेत्राधिकारी शाहगंज और कोतवाल शाहगंज को जरिये पत्र अपने जानमाल की रक्षा के लिए गुहार लगाये थे लेकिन पुलिस ने कोई ध्यान नहीं दिया और न ही प्रार्थना-पत्र पर कोई विचार किया। इसी का परिणाम रहा कि दबंग बदमाशों ने सोमवार की सुबह आशुतोष को गोली मारकर हत्या कर दिया। घटना के बाद पुलिस की लापरवाहीपूर्ण कार्यशैली को लेकर शाहगंजवासियों में जबरदस्त आक्रोश है। लोग सड़क जाम कर प्रदर्शन भी कर रहे हैं। वहीं शाहगंज पुरुष अस्पताल पहुंचने पर शाहगंज के पत्रकारों व पुलिस टीम के बीच कहासुनी हो गयी। उधर जिला मुख्यालय पर भी पत्रकारों ने घटना की निंदा करते हुए विरोध दर्ज कराया। वहीं पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा मौके पर पहुंचकर मौका-मुआयना करते हुये कुछ लोगों से पूछताछ किया। साथ ही मृतक के परिजनों से 48 घण्टे के अन्दर हत्या का पर्दाफाश करने का आश्वासन भी दिया।

### शाहगंज कोतवाल के निलम्बन एवं सीओ को हटाने की उठी मांग



पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की हत्या के बाद जौनपुर के कलेक्ट्रेट स्थित पत्रकार भवन में पत्रकारों की आपात बैठक हुई जहां उपस्थित पत्रकारों ने एक सुर में घटना की निन्दा किया। साथ ही वारदात के पीछे पुलिसिंग की नाकामी बताया। पत्रकारों का कहना है कि आशुतोष पर हमले की सूचना पुलिस को पहले से ही थी। इसके बावजूद आशुतोष को सुरक्षा नहीं दी गयी। उन्हें भगवान भरोसे छोड़ दिया गया। पुलिस की इसी उदासीनता से बदमाशों के हौंसले बुलंद हो गये। आखिरकार उन्होंने सोमवार को इमरानगंज चौराहे पर घेरकर आशुतोष को मौत के घाट उतार दिया। पत्रकारों ने शाहगंज कोतवाल तारकेश्वर राय के निलम्बन और क्षेत्राधिकारी शाहगंज को तत्काल हटाने की मांग किया। हमले की पूर्व सूचना होने के बाद भी पत्रकार की हत्या हो जाने पर लापरवाही बरतने के आरोप में दोषी कोतवाल तारकेश्वर राय को निलम्बित करने और क्षेत्राधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की मांग किया। इस दौरान उपस्थित पत्रकारों ने मृत साथी के आत्मा की शान्ति के लिये 2 मिनट का मौन धारण करके ईश्वर से प्रार्थना किया। इस अवसर पर राजेश श्रीवास्तव, राजकुमार सिंह, शशिराज सिन्हा, शम्भूनाथ सिंह, अजीत सिंह, राकेशकान्त पाण्डेय, जावेद अहमद, रामजी जायसवाल, जुबेर अहमद, अरशद अब्बास, देवेन्द्र खरे, दीपक उपाध्याय, प्रमोद गुप्ता, आदित्य भारद्वाज, अखिलेश श्रीवास्तव, अजीत चक्रवर्ती, संतोष राय, संजय चौरसिया, नीतीश राहुल, अजीत गिरी, अहमद हसन, शशि मौर्या, भोले विश्वकर्मा, संजय सिंह, संजय अस्थाना, कृपाशंकर यादव सहित तमाम पत्रकार उपस्थित रहे।

# सिटी पब्लिक स्कूल में हाई स्कूल व इंटर में मेधावियों ने लहराया परचम

**10वीं व 12वीं में 90 प्रतिशत के ऊपर पाने वाले छात्रों की फीस होगी आधी: आलोक**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (मुंगरा बादशाहपुर)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के हाई स्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा फल सोमवार को घोषित हो गया। जिसमें सिटी पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज का 10वीं व 12वीं परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। उत्कृष्ट परिणाम आने पर विद्यालय परिवार ने जश्न मनाया। जिसमें हाई स्कूल में सुहाना केसरवानी 94.4 प्रतिशत,सौरभ यादव 94.2, हर्षवर्धन तिवारी 94, आयुष यादव 93.8 प्रतिशत, व ऋषिका त्रिपाठी 93.2 प्रतिशत सर्वाधिक अंक हासिल किया है। इंटरमीडिएट के छात्रा श्रुति गुप्ता 92.4 प्रतिशत, अनुप्रिया यादव 91.2, विनायक मणि त्रिपाठी 90.4 प्रतिशत, आर्यन राज व हर्षित तिवारी 89 प्रतिशत अंक हासिल किया है।विद्यालय प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता पिंटू ने हाई स्कूल व इंटरमीडिएट में सफल होने वाले मेधावियों की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में 90 प्रतिशत के ऊपर अंक प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को आधी फीस माफ करने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रबंधक आलोक गुप्ता पिंटू, प्रधानाचार्य शिवचंद तिवारी, रमेश मिश्रा,सुभाष मिश्रा,आनंद चौहान, अभिषेक तिवारी, सुशील पांडे व रंजीत गुप्ता आदि लोगों ने मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई दी।

# विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों के कड़ी मेंहनत का परिणाम है: राजेंद्र यादव

अवधनामा संवाददाता




**आजमगढ़।** आज केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद, दिल्ली ने कक्षा 10 वीं तथा 12 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया । जिसमें सर्वोदय पब्लिक स्कूल हरबंशपुर, आजमगढ़ के 12 वीं कक्षा से कामर्स वर्ग की शिवाली श्रीवास्तव ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 95.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इसके अतिरिक्त प्रियांशी सिंह ने 93.8 प्रतिशत मानवी पाठक ने 93 प्रतिशत तथा पल्लवी यादव ने 92.8 प्रतिशत मानविकी वर्ग से अंक प्राप्त किया। कृतिका अस्थाना एवं आदर्श यादव ने संयुक्त रूप से गणित वर्ग से 90.6 प्रतिशत, तथा नितेश यादव ने बॉयोलाजी वर्ग से 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। साथ ही साथ 10 वीं कक्षा से पवन्या यशस्वी ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इसके अतिरिक्त फ्रूटी यादव ने 96.8 प्रतिशत, गरिमा यादव ने 95.2 प्रतिशत विशेष गुप्ता ने 92.6 प्रतिशत नवदिव्यांशु तिवारी ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किया ज्ञात हो कि सर्वोदय पब्लिक स्कूल सम्पूर्ण रिजल्ट उत्कृष्ट व सत प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षकों एवं बच्चों ने कठिन परिश्रम किया जिसका उन्हें उत्कृष्ट परिणाम मिला है।विद्यालय के बच्चों के उत्तम प्रर्दशन पर विद्यालय के संस्थापक ध् प्रबंधक श्री राजेन्द्र प्रसाद यादव जी ने बच्चों को उनकी उत्कृष्ट सफलता पर हार्दिक बधाई दी एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की संबोधन में कहा कि यह परीक्षाफल विद्यालय के शिक्षकों एवं बच्चों के अथक एवं सतत प्रयास का परिणाम है एवं हम भविष्य में भी उत्कृष्ट परीक्षाफल देने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

# अनियन्त्रित बाइक खम्भे से टकरायी, युवक की मौत, दो जख्मी

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (सुइथाकला)।** सरपतहां थाना क्षेत्र के मदारीपुर भेला गांव के पास अनियन्त्रित बाइक खम्भे से टकरा गयी जिसमें बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दो अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार रबिवार की रात लगभग 8 बजे स्थानीय क्षेत्र के पलिया गांव निवासी समरनाथ उर्फ कुलदीप (25) पुत्र राज नाथ तथा विजय गौतम पुत्र राम सूरत अपने मित्र ईशापुर निवासी दीपक पुत्र सुरेश बिन्द के साथ निमन्त्रण में जा रहे थे कि उक्त स्थान पर तेज गति से बाइक सड़क के किनारे खम्भे से टकरा गयी और बाइक सवार तीनों युवक गम्भीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोग घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुइथाकला ले जाने का प्रबंध कर रहे थे कि समरनाथ उर्फ कुलदीप की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। वहीं गम्भीर रूप से घायलो का उपचार शाहगंज स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा है। कुलदीप की मौत से परिवार में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। लगभग एक वर्ष पूर्व पिता की हुई मौत के बाद पूरे परिवार के भरण पोषण की जिम्मेदारी कुलदीप के सिर पर थी। युवक की मौत से जहां पत्नी लीलावती देवी का सुहाग उजड़ गया। वहीं 5 साल के शौर्य, 3 वर्ष का सार्थक तथा डेढ़ साल के सिध्दार्थ के सिर से पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया। माता सुमित्रा का रो रोकर बुरा हाल है जबकि पत्नी रोते-रोते बेसुध हो जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल के जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया नाम किया रोशन

**आजमगढ़।** सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल, जाफरपुर आजमगढ़ के कक्षा-10 के छात्र प्रज्जवल पाण्डेय ने 97.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं विद्यालय का नाम रोशन किया। वेदांश मिश्रा ने 95.80 प्रतिशत अंको के साथ विद्यालय में द्वितीय स्थान, संयुक्त रूप से प्रांन्जल राय व आदित्य यादव ने 94.40 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान, संयुक्त रूप से हर्षित श्रीवास्तव, कु0 प्रज्ञा राय व आदित्य बरनवाल ने 94.20 प्रतिशत के अंको के साथ चतुर्थ स्थान, शुभम यादव ने 94.00 प्रतिशत के अंको के साथ पंचम स्थान, अभिषेक यादव ने 93.40 प्रतिशत के अंको के साथ छठा स्थान, ऋषभ यादव ने 93.00 प्रतिशत के अंको के साथ सातवॉ स्थान, सयुक्त रूप से उज्जवल प्रकाश राय व वैभव सिंह ने 92.60 प्रतिशत के अंको के साथ आठवॉ स्थान, अंशुमान सिंह ने 91.40 प्रतिशत के अंको के साथ नौवॉ स्थान एंव कु0 अनुष्का तिवारी ने 90.20 प्रतिशत के अंको के साथ दसवॉ स्थान प्राप्त किया।

## सोने के भाव में मामूली गिरावट, चांदी में तेजी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज सप्ताह के पहले दिन ही सोने की कीमत में गिरावट नजर आ रही है। हालांकि चांदी में आज मजबूती नजर आ रही है। आज के काराबोर में सोना करीब 50 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हुआ है। इस गिरावट के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 73,350 रुपये से लेकर 73,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 67,240 रुपये से लेकर 67,490 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। वहीं, चांदी के भाव में तेजी आने के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 86,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,630 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 67,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 73,400 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 67,290 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 73,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 73,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 67,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 73,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 67,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 73,500 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज मामूली गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 73,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## वित्त मंत्री ने राहुल गांधी की खटाखट योजनाओं पर उठाए सवाल, कांग्रेस से पूछा कहां से आएगा फंड

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान कांग्रेस पार्टी को उसकी विभिन्न योजनाओं की घोषणाओं को लेकर आड़े हाथ लिया है। सीतारमण ने कांग्रेस से सवाल उठाते हुए पूछा कि गरीबी रेखा से नीचे परिवारों की महिलाओं को सालाना एक लाख रुपये देने समेत कई सामाजिक कल्याण योजनाओं को लागू करने की लागत को पूरा करने की योजना पार्टी कैसे बना रही है।

वित्त मंत्री ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार के राजकोषीय प्रबंधन (विशेषकर कर्ज को लेकर) हाल के दिनों में बहुत कुछ कहा गया है। उन्होंने कहा कि कई बार सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि पर विचार किए बिना पूर्ण आंकड़ों की तुलना की गई है, जबकि हम जीडीपी के आधार पर कर्ज की गणना करते हैं।

सीतारमण ने आगे लिखा है कि मैं कांग्रेस के उलट एक स्पष्ट तस्वीर सामने



रखना चाहूंगी। कांग्रेस ऊंचे-ऊंचे वादों के पीछे चीजों को छिपाती है, जो कतई पारदर्शी नहीं हैं और वास्तविकता से कोसों दूर है। उन्होंने कहा, ''क्या कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में किए गए ऊंचे-ऊंचे वादों की लागत पर विचार किया है? क्या उन्होंने गणना की है कि 'खटाखट' योजनाओं की वित्तीय लागत कितनी होगी? क्या वे उनके लिए बड़े पैमाने पर उधार लेंगे या वे इसके लिए कोष देने के लिए कर बढ़ाएंगे?

वित्त मंत्री ने पूछा, ''क्या राहुल गांधी इन सवालों का जवाब देना चाहेंगे और बताएंगे कि उनकी राजकोष के मोर्चे अधिक खर्चे वाली योजनाएं बिना कर बढ़ाए या भारी उधार लिए और अर्थव्यवस्था को गिराए बिना कैसे काम करेंगी? अच्छा यह होगा कि वह देश के लोगों के लिए इन सवालों का जवाब दें। यह उनके लिए एक चुनौती है।

सीतारमण ने वित्त वर्ष 2003-04 से 2013-14 तक के यूपीए शासन के दौरान कर्ज के बारे में याद दिलाया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का कर्ज 2004 के 18.74 लाख करोड़ रुपये से 3.2 गुना बढ़कर 2014 में 58.59 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि एनडीए का कर्ज 2.5 गुना बढ़ा है, जो यूपीए से कम है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2013-14 और वित्त वर्ष 2023-24 के बीच यह कम वृद्धि कोरोना महामारी के प्रभाव के बावजूद हुई। सीतारमण ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में यह बढ़कर 172.37 लाख करोड़ रुपये (संशोधित अनुमान) हो गया। इसमें 2.9 गुना वृद्धि हुई है, जो यूपीए सरकार के शासन के दौरान बढ़ोतरी से कम है। उस दौरान राजस्व में कमी के बावजूद केंद्र ने जरूरतमंद लोगों को राहत देने के लिए उधार लिया। वित्त मंत्री ने कहा कांग्रेस ने चुनाव में मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए लोकलुभावन वादा किया है।

## सीबीएसई रिजल्ट में चमके लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एण्ड कॉलेजेज के बच्चे

**लखनऊ।** आज सीबीएसई कक्षा- 10 एवं 12, वर्ष 2023-24 के परीक्षा परिणाम जारी किये गये। कक्षा-12 में एलपीएस, वृन्दावन योजना शाखा की सुहानी सिंह ने 97.00 प्रतिशत एवं वृन्दावन योजना शाखा की अनुष्का धनंजय पाठक, आम्रपाली शाखा की दिव्या शुक्ला एवं मो. रहीम खान, गोमती नगर शाखा की वेदान्त मुरारका ने 96.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया।

कक्षा-10 में एलपीएस, वृन्दावन योजना शाखा के किशन तिवारी 97.60 प्रतिशत, गोमती नगर ब्रांच के प्रत्यूष मिश्रा ने 97.40 प्रतिशत और आम्रपाली शाखा की प्रगती सिंह ने 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संस्थापक महाप्रबंधक डॉ एस.पी. सिंह ने सभी बच्चों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं प्रधानाचार्याओं को हार्दिक बधाई दी तथा बच्चों को यह संदेश दिया कि परिश्रम का कोई विकल्प नहीं है7 बेहतर पढ़ाई से ही जीवन बेहतर हो सकता है, इसलिए बच्चों को पूरे लगन और परिश्रम से अपने पाठ्यक्रम को अच्छे ढंग से तैयार करना चाहिए।

## बड़ी गिरावट के बाद संभला बाजार, सेंसेक्स में करीब 1,000 अंक की छलांग

**नई दिल्ली (हि.स.)।** घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी लेकिन दिन के पहले सत्र में शेयर बाजार जबरदस्त गिरावट का शिकार हो गया। बाद में खरीदारों ने जोर लगाया, जिसकी वजह से शेयर बाजार रिकवरी करके हरे निशान में पहुंचने में सफल रहा। आज के कारोबार में सेंसेक्स ने इंट्रा-डे में करीब 1 हजार अंक की छलांग लगाई। इसी तरह निफ्टी भी निचले स्तर से 300 अंक से अधिक उछलने में सफल रहा। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.15 प्रतिशत और निफ्टी 0.22 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार के दौरान मेटल, फार्मास्यूटिकल और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। दूसरी ओर ऑटोमोबाइल और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.36 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, स्मॉल कैप इंडेक्स में 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज मिडकैप शेयरों में हुई खरीदारी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 1 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 397.55 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 396.56 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 99 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,086 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,780 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,176 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 130 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,294 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 915 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,831 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 16 शेयर बढ़त के साथ और 14 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 26 शेयर हरे निशान में और 24 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 187.82 अंक की कमजोरी के साथ 72,476.65 अंक के स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में यह सूचकांक पहले डेढ़ घंटे के कारोबार में ही 798.46 अंक टूट कर 71,866.01 अंक तक गिर गया। लेकिन इसके बाद बाजार में खरीदार एक्टिव हो गए और चौतरफा लिवाली शुरू कर दी। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक निचले स्तर से 997.55 अंक उछल कर 199.09 अंक की बढ़त के साथ 72,863.56 अंक के स्तर पर पहुंच गया।

## निसान मोटर इंडिया और स्माइल ट्रेन ने सर्जिकल पहल से 290 बच्चों का जीवन बदला

**नई दिल्ली।** निसान मोटर इंडिया ने स्माइल ट्रेन इंडिया के साथ अपनी सफल कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) साझेदारी का जश्न



मनाया है। इसके तहत बच्चों और उनके परिवारों के साथ नई दिल्ली के संत परमानंद अस्पताल में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम मेंवंचित समुदाय के बच्चों की क्लेफ्ट सर्जरी की दिशा में साझा प्रयासों के प्रभाव पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में निसान मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री सौरभ वत्स, स्माइल ट्रेन इंडिया के प्रतिनिधियों और प्रसिद्ध प्लास्टिक सर्जन डॉ. एससी सूद ने भाग लिया।

इस साझेदारी के तहत निसान के समर्थन से वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में 290 क्लेफ्ट सर्जरी को अंजाम दिया गया। इससे समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों के लिए उनका जीवन बदलने वाला उपचार प्राप्त करना संभव हुआ। बच्चों की सर्जरी स्माइल ट्रेन इंडिया के सहयोगी अस्पतालों में की गईं, जिससे जरूरतमंद लोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण इलाज तक पहुंच सुनिश्चित हुई।

कार्यक्रम में निसान मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री सौरभ वत्स ने कहा, स्माइल ट्रेन इंडिया के साथ हमारा जुड़ाव कॉर्पोरेट नागरिकता, सामाजिक जिम्मेदारी और समावेशन के प्रति निसान की प्रतिबद्धता का एक उदाहरण है। इस साझेदारी के माध्यम सेहमने इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य समस्या का समाधान करने और इससे प्रभावित लोगों के जीवन में सार्थक बदलाव लाने का लक्ष्य रखा है। हमने गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा का प्रभाव प्रत्यक्ष रूप से देखा है और हमने सामूहिक रूप से जो सकारात्मक बदलाव हासिल किया है, उस पर हमें बेहद गर्व है।


स्माइल ट्रेन की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और एशिया की रीजनल डायरेक्टर ममता कैरोल नेइस समस्या के समाधान की दिशा में समर्थन के लिए निसान मोटर इंडियाका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, निशुल्क, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण क्लेफ्ट ट्रीटमेंट का समर्थन करना स्माइल ट्रेन इंडिया की पहली प्राथमिकता है। हमारे सीएसआर साझेदार इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। निसान मोटर इंडिया के साथ सहयोग ने न केवल प्रभावित बच्चों को स्वस्थ एवं पूर्ण जीवन जीने में सक्षम बनाया है, बल्कि उनके माता-पिता एवं परिवार के सदस्यों के जीवन की गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय वृद्धि की है।

जन्म के समय से ही ऊपरी होंठ और/या तालू के बीच अंतर को क्लेफ्ट या कटे हुए होंठ की समस्या कहा जाता है। 700 शिशुओं में से एक इससे पीड़ित होता है।

## जोमैटो को चौथी तिमाही में 175 करोड़ रुपये का हुआ मुनाफा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** ऑनलाइन ऑर्डर लेकर खाना पहुंचाने वाली कंपनी जोमैटो लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त जनवरी-मार्च चौथी तिमाही में कंपनी ने 175 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में कंपनी को 188 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ था।

जोमैटो ने सोमवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी की एकीकृत परिचालन आय 3,562 करोड़ रुपये रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 2,056 करोड़ रुपये था। कंपनी के मुताबिक 31 मार्च, 2024 को समाप्त जनवरी-मार्च तिमाही में जोमैटो का कुल खर्च 3,636 करोड़ रुपये रहा है, जो इससे पिछले वित्त




वर्ष की समान अवधि में 2,431 करोड़ रुपये था।

वित्त वर्ष 2023-24 में जोमैटो का एकीकृत शुद्ध लाभ 351 करोड़ रुपये रहा है, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 971 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ था। इसके अलावा वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कंपनी की एकीकृत परिचालन आय 12,114 करोड़ रुपये रही।

## फीनिक्स पलासियो में देश के सबसे बड़े रैबिट इंस्टालेशन के साथ बिखरा बनी लैंड का जादू

**लखनऊ।** सोमवार को राजधानी के फीनिक्स पलासियो मॉल में भारत के सबसे बड़े रैबिट इंस्टालेशन (खरगोश कलाकृति) का अनावरण किया गया। मॉल में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में तनीषा मुखर्जी, मीरा



चोपड़ा, पूजा चोपड़ा, चाहत खन्ना और मंजरी फड़नीस जैसी ग्लैमर जगत की मशहूर हस्तियों ने शिरकत की, जिससे इस कार्यक्रम में चार चाँद लग गए। इस अनोखी कलाकृति में 60,000 फूलों से बनी 40 फुट ऊँची खरगोश की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र है। मॉल में आने वाले लोग इस प्रतिमा के साथ यादगार तस्वीरें खींच सकेंगे और एक अनोखे अनुभव का आनंद ले सकेंगे। सिर्फ प्रतिमा ही नहीं, पूरा शॉपिंग मॉल को रैबिट थीम पर सजाया जाएगा, जिसमें सुंदर सजावट, खास चीज़ें और मज़ेदार डिस्प्ले शामिल हैं। इससे पूरा मॉल रैबिट-थीम वाले वंडरलैंड में तब्दील हो गया है। फीनिक्स मिल्स के वरिष्ठ केंद्र निदेशक संजीव सरीन ने बताया, ÷फीनिक्स पलासियो मॉल में बना बनी लैंड न केवल पूरे देश में सबसे बड़ा है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि हम अपने ग्राहकों को हमेशा एक यादगार अनुभव देना चाहते हैं।

शानदार रैबिट इंस्टॉलेशन के अलावा, फीनिक्स पलासियो मॉल 17 मई 2024 से रैबिट थीम पर आधारित बच्चों की गतिविधियों की भी शुरुआत करेगा, जो एक महीने तक चलेगी। ये गतिविधियाँ बच्चों को आकर्षित करने और उन्हें खुश करने के लिए बनाई गई हैं, जो फीनिक्स पलासियो मॉल में उनके जादुई अनुभव को और बढ़ाएँगी। श्री सरीन ने कहा, हमारा लक्ष्य शॉपर्स के लिए एक ऐसा मनमोहक और यादगार आकर्षण बनाना है जो फीनिक्स पलासियो को खरीदारी और मनोरंजन के लिए एक प्रमुख स्थान के रूप में स्थापित करे। इस कलात्मक सजावट में विशेष फोटो स्पॉट और सेल्फी स्टेशन भी शामिल हैं, जो शॉपर्स को बनी लैंड की मनमोहक सजावट में को जाने के लिए आमंत्रित करता है।÷ इस इंस्टालेशन ने फीनिक्स पलासियो को एक रोमांचक और आकर्षक स्थान में तब्दील कर दिया जहाँ लोग न केवल खरीदारी कर सकते हैं, बल्कि एक यादगार अनुभव भी प्राप्त कर सकते हैं।

## खुदरा महंगाई दर अप्रैल में मामूली गिरावट के साथ 4.83 फीसदी पर आई



**नई दिल्ली (हि.स.)।** अप्रैल में खुदरा महंगाई दर में मामूली गिरावट आई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर घटकर 4.83 फीसदी पर आ गई है। इससे पिछले महीने मार्च में खुदरा महंगाई दर 4.85 फीसदी रही थी, जबकि अप्रैल, 2023 में यह 4.3 फीसदी थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि अप्रैल महीने में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई दर घटकर 4.83 फीसदी पर आ गई है। इससे पिछले महीने मार्च में खुदरा महंगाई दर 4.85 फीसदी रही थी, जबकि अप्रैल, 2023 में यह 4.3 फीसदी थी।

एनएसओ के मुताबिक रसोई में इस्तेमाल होने वाली कई वस्तुओं के दाम घटने से खुदरा महंगाई दर में यह गिरावट आई है। हालांकि, आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल में खाद्य वस्तुओं की खुदरा महंगाई मामूली बढ़ोतरी के साथ 8.70 फीसदी रही है, जबकि इससे पिछले महीने मार्च में यह 8.52 फीसदी के स्तर पर थी। आंकड़ों के मुताबिक ग्रामीण इलाकों के लिए महंगाई दर 5.43 फीसदी और शहरी इलाकों के लिए 4.11 फीसदी रही।

## नि:संतान दम्पत्तियों के लिए उम्मीद और मदद लेकर आया अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल

**लखनऊ।** राजधानी के अपोलोमेडिक्स अस्पताल ने रविवार को एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में संतान प्राप्ति की इच्छा रखने वाले निःसंतान दंपत्तियों का मार्गदर्शन किया गया और उनको परामर्श प्रदान किया गया। यह निशुल्क परामर्श शिविर इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) ओपीडी के चौथे तल पर आयोजित किया गया था। इसका उद्देश्य उन दंपत्तियों को सही जानकारी और सहयोग प्रदान करना था जो प्रजनन संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। अपोलोमेडिक्स अस्पताल ने निःसंतान दंपत्तियों के लिए सभी सेवाओं पर 20त्न की विशेष छूट की घोषणा की है। साथ ही, आईवीएफ पैकेजों पर अतिरिक्त 10,000 की छूट भी दी गई है। इससे जरूरतमंद लोगों के लिए प्रजनन उपचार को और अधिक सुलभ बनाया जा सकेगा। इस कार्यक्रम में अपोलोमेडिक्स की इनफर्टिलिटी एक्सपर्ट डॉ. राधिका बाजपेई उपस्थित थीं। उनकी विशेषज्ञता और सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार ने उपस्थित लोगों को राहत और उम्मीद प्रदान की।



डॉ. बाजपेई ने प्रजनन संबंधी समस्याओं के समाधान में समग्र देखभाल के महत्व पर बल देते हुए कहा, प्रत्येक दंपत्ति को माता-पिता बनने के सफर में व्यापक समर्थन और व्यक्तिगत ध्यान देने की आवश्यकता होती है। हमारा लक्ष्य न केवल चिकित्सीय समाधान प्रदान करना है, बल्कि भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक सहायता भी देना है ताकि दंपत्तियों को जीवन के इस चुनौतीपूर्ण दौर से पार पाने में मदद मिल सके। अपोलोमेडिक्स सुपरस्पेशलिटी अस्पताल लखनऊ के एमडी एवं सीईओ डॉ. मयंक सोमानी ने परिस्थितियों की परवाह किए बिना सभी व्यक्तियों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा और सहानुभूतिपूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए अस्पताल की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि ÷अपोलोमेडिक्स अस्पताल में, हम प्रत्येक व्यक्ति के स्वास्थ्य देखभाल और नए समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, खासकर तब जब निःसंतान दंपत्तियों के माता-पिता बनने के सपने को पूरा करने की बात आती है। इस निःशुल्क परामर्श शिविर में सभी लोगों की सकारात्मक प्रतिक्रिया देखी गई। अपोलोमेडिक्स अस्पताल लखनऊ समुदाय की विविध स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और जरूरतमंद लोगों को आशा, मार्गदर्शन और समर्थन प्रदान करने वाले कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखेगा।

## मई 2024 कम्यूनिटी डेः बाउंस्वीट

हम मई 2024 में होने वाले पोकेमॉन गो कम्युनिटी डे की घोषणा करते हुए बेहद उत्साहित हैं, जो रविवार, 19 मई 2024 को आयोजित किया जाएगा। इस कम्युनिटी डे के




दौरान, अपने आस-पास के ट्रेनरों के साथ रेड, ट्रेड और एक्सप्लोर करें, जिसमें बाउंस्वीट को विशेष रुप से फीचर किया जाएगा।

हमारे कम्युनिटी डे मीट-अप रविवार, 19 मई 2024 को स्थानीय समय (भारत में IST) अनुसार दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक होंगे। वर्चुअल ट्रेनर मीटअप भारत के 21 शहरों में आयोजित किए जाएंगे, जिनमें नई दिल्ली का लोधी गार्डन, मुंबई का हॉर्निमन सर्कल गार्डन, पुणे का विमान नगर में स्थित फीनिक्स मार्केटसिटी, गुरुग्राम का लीजर वैली पार्क, जयपुर का जवाहर सर्कल, बेंगलुरु का कब्बन पार्क, कानपुर का कारगिल पार्क, चंडीगढ़ का जाकिर हुसैन रोज़ गार्डन, अगरतला का चिल्ड्रन पार्क, बर्धमान का मालिर मठ, वडोदरा का कामतीबाग, इंदौर का लालबाग गार्डन, कोलकाता का रवीन्द्र सरोवर झील में लायंस सफारी पार्क, वाराणसी का शहीद उद्यान नगर निगम, पटना का विज्ञान केंद्र, चेन्नई का अन्ना नगर में स्थित टॉवर पार्क, हैदराबाद का इंदिरा पार्क, शांतिपुर का सार्वजनिक पुस्तकालय खेल का मैदान, लखनऊ का फन रिपब्लिक मॉल, अहमदाबाद का साबरमती आश्रम, विशाखापत्तनम का केंद्रीय उद्यान और तिरुवनंतपुरम का नेपियर संग्रहालय शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पोकेमॉन मेले के दौरान, पुणे के विमान नगर में स्थित फीनिक्स मार्केटसिटी में एक विशेष पोकेमॉन गो मई कम्युनिटी डे मीटअप होगा, जिसमें आकर्षक पोकेमॉन से संबंधित गतिविधियों की एक श्रृंखला शामिल होगी।

फीचर्ड पोकेमॉन

बाउंस्वीट जंगली इलाकों में अधिक बार दिखाई देगा।

अगर आप खुशनसीब हुए, तो आपको एक शाइनी मिलेगा!

फ़ीचर्ड अटैक

इवेंट के दौरान या उसके पांच घंटे बाद तक डांसीरीनी (बाउंस्वीट के विकसित रूप) को विकसित कर एक ऐसा शीरीक्वीनी पाएं जिसे चार्ज्ड अटैक हाई जम्प किक आता है।

मैजिकल लीफ़

ट्रेनर बैटल- 110 शक्ति और उपयोगकर्ता की रक्षा को बहुत कम करने का मौका।

जिम और रेड- 90 पावर

कम्युनिटी डे - स्पेशल रिसर्च स्टोरी

भारतीय 29 में, आप बाउंस्वीट कम्युनिटी डे -एक्सक्लूसिव स्पेशल रिसर्च स्टोरी एक्सेस कर पाएंगे।

स्पेशल रिसर्च के टिकट की जानकारी के लिए जुड़े रहें।

न भूलें - अब आप टिकट खरीदने और अपने किसी भी ऐसे दोस्त को गिफ़्ट में देने में सक्षम हैं, जिनके साथ आपने बहुत अच्छे दोस्त या उच्चतर दोस्ती का लेवल हासिल किया है। टिकट गिफ़्ट में देने के लिए, इन-गेम शॉप में स्पेशल रिसर्च टिकट पर टैप करें, फिर खरीदें बटन के बजाय गिफ़्ट बटन पर टैप करें।

## डीफेंडर ज़्यादा विकल्पों और बेहतर पावर के साथ लक्ज़री एडवेंचर को नए स्तर तक ले जाने के लिए तैयार

**मुंबई।** डीफेंडर, ब्राण्ड की नई पेशकश, नए 110 सेडोना एडीशन के साथ लक्ज़री एडवेंचर को नए स्तर पर ले जाने के लिए तेयार है, जिसके सहज विनिर्देशनों के साथ परफेक्ट डीफेंडर को चुनना कहीं अधिक आसान हो जाएगा। नए सिग्नेचर इंटीरियर पैक के साथ यात्री के आराम को और अधिक बढ़ाया गया है और डीफेंडर 130 के क्लाइंट्स के लिए लक्ज़री नया कैप्टन चेयर्स पैक पेश किया गया है। सैकण्डरी रो के लिए नए सीटिंग ऑप्शन राइडर के अनुभव को कई गुना बेहतर बना देते हैं, जिसमें दो अलग लक्ज़री सीटें हैं, इन सीटों में दोनों ओर आर्म रेस्ट और आरामदायक विंग्ड हैडरेस्ट दिए गए हैं। दोनों सीटों को एक ऐस्ले से अलग किया यगा है, जो तीसरी रो के लिए आसान एक्सेस देता है। नया डी350 पावरट्रेन, पावरफुल और फ्लेक्सिबल नए इंजन का विकल्प पेश करता है।मार्क कैमरॉन, मैनेजिंग




डायरेक्टर, डीफेंडर ने कहा, ''हम डिफेंडर में लगातार सुधार लाना चाहते हैं, यह पहले से शानदार वाहन है, जो कुछ भी कर सकता है और कहीं भी जा सकता है। नए सेडोना एडीशन में बेहतर इंटीरियर और अब तक के सबसे पावरफुल डीफेंडर डीज़ल इंजन के साथ हमारे क्लाइंट्स के लिए पहले से कहीं अधिक विकल्प उपलब्ध हैं। और डीफेंडर 130 नए कैप्टन चेयर्स के चलते अब सात लोग तक भी आराम से यात्रा कर सकते हैं और एडवेंचर के साथ घूमने का आनंद उठा सकते हैं।''सेडोना, एरीज़ोना, नए 110 सेडोना एडीशन के रंग - रोमांच, आकर्षक प्राकृतिक सौंदर्य से प्रेरित है। इसका प्राकृतिक डीप रैड कलर आयरन से भरपूर सैण्डस्टोन जैसा लुक देता हे, जिसे इस एक्सक्लुज़िव नए मॉडल में पेश किया गया है। डीफेंडर अब लेकर आए हैं डीज़ल रेंज में पावरफुल अपग्रेड नए डी350 इंजन के साथ, जो पिडले डी300 इंजन की जगह पर दिया गया है। 258 किलोवॉट (350)- 37 किलोवॉट के अपलिफ्ट (50)- अधिक टोर्क 50 एनएम को बढ़ाकर 700 एनएम) के साथ डीफेंडर अब ज़्यादा प्रत्यास्थ है, तेज़ रिस्पॉन्स देती है और पहले से कहीं अधिक सहज है।

# कभी प्रधानमंत्री को डांटती थी अमेठी की महिलाएं : प्रियंका

अवधनामा संवाददाता



**गरीबी के दलदल में फंसा है देश का किसान उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर रही सरकार**

**अमेठी।** यह वही अमेठी है जहां की महिलाएं कभी प्रधानमंत्री को डांटती थी आज अमेठी की जनता को डराए धमकाये जाने का काम किया जाता है। देश का किसान गरीबी के दलदल में फंसा है सरकार उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर रही है। उक्त वक्तव्य सोमवार को प्रियंका गांधी ने अमेठी के संग्रामपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए दिए।

प्रियंका गांधी सोमवार को कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा के लिए विधानसभा क्षेत्र अमेठी में कई कार्यक्रमों में पहुंचकर जनता संबोधित की।संग्रामपुर के शुकुलपुर गांव में उन्होंने जनता को का अभिवादन करने के बाद कहा कि मुझे याद है की 1999 में इन्हीं बड़े-बड़े पेड़ों वाले बाग में आई थी माता जी के लिए चुनाव प्रचार की थी आप लोगों ने भरपूर आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा जब मैं बचपन में पिताजी के साथ आई थी तो अमेठी की जमीन सफेद दिखाई देती थी जब मैं उनसे पूछती थी कि यहां की जमीन सफेद क्यों है तो राजीव गांधी बताया करते थे कि यहां के जमीन में नमक ज्यादा है उन्होंने पूरी मेहनत लगन और श्रद्धा के साथ काम किया आज अमेठी में ऊसर नहीं दिखाई देता हर तरफ हरियाली है। यह राजीव गांधी का अमेठी के प्रति अटूट प्रेम और लगाव था हमारी माता जी ने भी पिताजी के सपनों को साकार करने के लिए पूरी लगन के साथ अमेठी में काम शुरू किया बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियां लगवाई गई। हमारे भाई राहुल गांधी ने भी उसी सिलसिले को आगे बढ़ाया लेकिन भाजपा ने यहां मेगा फूड पार्क नहीं बनने दिया। तमाम बड़ी परियोजनाओं को यहां से हटा दिया गया। उन्होंने कहा अमेठी से हमारे परिवार का प्रेम और श्रद्धा का रिश्ता है। पिछले चुनाव में जो लोग आए वह यहां किस रिश्ते से आए उनका मात्र एक मकसद था की अमेठी में जाकर राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव लड़ना और झूठ फैलाना चीखना चिल्लाना। हमारे परिवार को गाली देने के अलावा वह मंच से कोई एक काम नहीं बता सकती जो उन्होंने अमेठी में किया हो। इसके बाद वह सीधा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमलावर हुई और कहा कि 10 साल तक जो व्यक्ति देश के प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठा हो और वह यह कहे कि कांग्रेस आने वाली है आपके दो मकान में से एक मकान ले लेगी दो में एक भैंस ले लेगी मंगलसूत्र छीन लेगी उसे मुसलमान को दे देगी दुनिया के सबसे सक्षम नेता बनते हैं लेकिन उनकी सोच पर मुझे तरस आता है।

# मतदेय स्थलों पर बुनियादी समस्याओं की कमी न हो, व्यवस्थाएं चाक चौबंद हो : प्रेक्षक

अवधनामा ब्यूरो



**कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सामान्य प्रेक्षक दीपांकर चौधरी की अध्यक्षता में बैठक**

**कुशीनगर।** प्रेक्षक दीपांकर चौधरी की अध्यक्षता में तथा जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आज चुनाव के दृष्टिगत बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक दौरान प्रेक्षक मतदान कार्मिको की तैनाती के सापेक्ष उपलब्ध कार्मिक, मतदान कार्मिको का प्रशिक्षण, मतदाता सूची, नामांकन प्रक्रिया, पोलिंग पार्टी के रवानगी स्थल, ईवीएम वीवी पैट मशीनो के संग्रहण स्थल, स्ट्रांग रूम तथा प्रत्येक बूथो पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित (ए एम एफ) न्यूनतम सुविधा सुनिश्चित करने, एफएसटी, एसएसटी, वीवीटी टीमो के कार्य प्रणाली, सेक्टर मजिस्ट्रे की ट्रेनिंग, रूट चार्ट, ट्रैफिक एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा प्रतिकूल मौसम के दृष्टिगत की जा रही तैयारियो के सम्बन्ध में पूछताछ की। बैठक दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद कुशीनगर में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं कुशलता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध हैं। चुनाव के दृष्टिगत समस्त आवश्यकतानुसार तैयारिया पूर्ण कर ली गयी हैं।

सातो विधानसभा के मतदेय स्थलों पर स्वच्छ पेयजल, शौचालय, विद्युत, प्रकाश, रैम्प आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गयी हैं जिसका निरीक्षण नायब तहसीलदार, तहसीलदार, उपजिलाधिकारी एंव सेक्टर मजिस्ट्रेटो द्वारा करा लिया गया है। निरीक्षण के दौरान आवश्यक (एएमएफ) न्यूनतम सुनिश्चित सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं। मतदान कार्मिको यथा पीठासीन अधिकारी, मतदान कार्मिक प्रथम के प्रथम चरण का प्रशिक्षण उदित नारायण इंटर कालेज में पूर्ण करा लिया गया हैं। प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन के अन्तर्गत की जाने वाली समस्त कार्यवाहियो, ईवीएम, वीवी पैट मशीनो से सम्बन्धित समस्त जानकारियां, कर्तव्यो से उन्हे भली भांति प्रशिक्षण दे दिया गया है।

प्रथम रैंडमाइजेशन राजनैतिक दलो के उपस्थित में पूर्ण करा लिया गया तथा ईवीएम एवं वीवी पैट मशीनो का (वर्गीकरण/छटाई) का भी कार्य पूर्ण हो चुका है मतदान कार्मिको हेतु वाहनो के उपलब्धता भी सुनिश्चित कर ली गयी हैं, उनके रूट चार्ट का भी निरीक्षण कर लिया गया है। प्रत्येक पोलिंग पार्टी के साथ पुलिस कार्मिक भी उपस्थित रहेगें। पोलिंग पार्टी रवानगी बुद्धा पार्क रविंद्र नगर, जिला स्टेडियम, पुलिस लाइन मैदान रविंद्र नगर घूस से किया जायेगा तथा संग्रहण स्थल उदित नारायण इंटर कालेज बनाया गया हैं। प्रतिकूल मौसम को देखते हुए सभी मतदेय स्थलो पर स्वच्छ पेय जल, कैनोपी, छाया तथा पर्याप्त मात्रा में बैठने के लिए कुर्सीयो की भी व्यवस्था की जायेगी। समस्त एफएसटी उड़नदस्ता टीम, स्टैटिक सर्विलांस टीम, विडियो अवलोकन टीम लगातार क्रियाशील हैं, सभी सेक्टर तथा जोनल मजिस्ट्रेटो का प्रशिक्षण भी पूर्ण करा लिया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रेक्षक को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे प्रेक्षक महोदय के निर्देश के क्रम में लोकसभा सामान्य निर्वाचन की समस्त कार्यवाहिया पूर्ण की जायेगी तथा समस्त मतदातागणों को एक निष्पक्ष एवं पारदर्शी माहौल प्रदान किया जायेगा।

## मण्डलायुक्त और आईजी ने किया निरीक्षण



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** मुख्यमंत्री के प्रस्तावित जनसभा कार्यक्रम के दृष्टिगत मण्डलायुक्त अयोध्या मण्डल अयोध्या पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र अयोध्या जिलाधिकारी अमेठी व पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा थानाक्षेत्र जगदीशपुर स्थित जनसभा स्थल व हैलीपैड का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। कार्यक्रम के दौरान शान्ति सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत समुचित पुलिस प्रबन्ध कर कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## बसपा प्रत्याशी समेत पांच ने दाखिल किया नामांकन



**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** लोकसभा चुनाव के लिए चल रहे नामांकन प्रक्रिया के तहत सोमवार को कुशीनगर लोकसभा सीट के लिए पांच प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। श्याम बिहारी-भागीदारी पार्टी, उमेश -भारतीय शक्ति चेतना, वेद प्रकाश सुभासपा, शिवकुमार शर्मा-बहुजन मुक्ति पार्टी, शुभनारायण चौहान -बहुजन समाज पार्टी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। इसके अतिरिक्त 04 प्रत्याशी/प्रतिनिधियों ने कुल 05 सेट नामांकन पत्र प्राप्त किया। जिसके अंतर्गत मोसाहेब अली निर्दल द्वारा 01 सेट में, शुभनारायण चौहान बीएसपी द्वारा 02 सेट में, गिरधारी निर्दल द्वारा 01 सेट में, चंदन कुमार यादव द्वारा 01 सेट में पर्चा लिया गया। इस प्रकार आज कुल 05 सेट में पर्चा वितरण हुआ, तथा अब तक कुल मिलाकर विभिन्न प्रत्याशी/प्रतिनिधि को कुल 41 सेट नामांकन पत्र वितरण किया जा चुका है।

## जिला पंचायत राज अधिकारी की जांच में सही निकली अंत्येष्टि स्थल की छत गिरने की सूचना

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** सोमवार को जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह को किसी व्यक्ति द्वारा दूरभाष पर सूचना दी गई की तरकुलवा विकासखंड के कैथवलिया में निर्माणधीन अंत्येष्टि स्थल का छत गिर गया है। जिलाधिकारी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जिला पंचायत राज अधिकारी सर्वेश पाण्डेय को मौके पर जांच एवं सत्यापन के लिए भेजा। जिला पंचायत राज अधिकारी की जांच में मामला सही पाया गया।जिला पंचायत राज अधिकारी ने अपने आख्या में डीएम को अवगत कराया है कि ग्राम पंचायत कैथवलिया में निर्माणाधीन अंत्येष्टि स्थल की छत गिर गई है। इससे मानक के विपरीत कार्य कराए जाने एवं शासकीय धन का दुरुपयोग किया जाना परिलक्षित होता है। अतः जिलाधिकारी ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए उक्त अंत्येष्टि स्थल की तकनीकी जांच के लिए तीन सदस्यीय टीम गठित कर दी है। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग देवरिया के सहायक अभियंता पीपी सिंह, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग देवरिया के अवर अभियंता मनीष सिंह व सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी श्रवण कुमार चौरसिया को आदेशित किया है कि एक सप्ताह के भीतर जांच कर अपनी आख्या प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी के इस कार्रवाई से पूरे जिले में हड़कंप मचा हुआ है।

# निर्वाचन कंट्रोल रूम का प्रेक्षक ने किया निरीक्षण

## आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन करें सुनिश्चितः सामान्य प्रेक्षक

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** लोकसभा चुनाव को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 65-कुशीनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य चुनाव प्रेक्षक दीपांकर चौधरी ने सोमवार को निर्वाचन कंट्रोल एंड कमांड सेंटर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में लगाए गए एकल परमिशन विंडो टीम, (वीवीटी) वीडियो अवलोकन टीम, (एमसीएमसी) मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति, डिस्ट्रिक्ट कॉन्टैक्ट सेंटर, सी विजिल शिकायत टीम का निरीक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा की भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों एफएसटी एवं एसएसटी टीम एवं चुनाव के दृष्टिगत लगाई गई सभी टीम अनुपालन करे, सभी टीम के नोडल अधिकारी को दिए गए जिम्मेदारियों का निर्वाहन कुशलतापूर्वक संपन्न करें। कहा कि सभी लोग आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराना है। उन्होंने बताया की उनका मोबाइल नंबर 9450831507 है। इनके लाईजनिंग अधिकारी अजय सिंह उप निबंधक पडरौना है। प्रवास पथिक निवास पर है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के नियमों व आदर्श आचार संहिता के अनुरूप जनपद कुशीनगर में लोकसभा निर्वाचन सम्पन्न होगा। जनपद का कोई भी नागरिक/प्रत्याशी/राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, लोकसभा निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन, कानून व्यवस्था व शांति हेतु, अवैध सामग्रियों के वितरण व प्रलोभन आदि से सम्बन्धित विभिन्न आयामों के परिपेक्ष्य में सामान्य प्रेक्षक के मोबाइल नम्बर 9450831507 पर सूचित कर सकता है। इनके लाईजनिंग अधिकारी के मोबाइल नम्बर 94578 63668 पर भी संपर्क कर सूचित किया जा सकता है। साथ ही पथिक निवास में निर्धारित विजिटिंग आवर्स प्रातः 10 बजे से 11.00 बजे में मुलाकात कर अपनी शिकायत/जिज्ञासा/बात रख सकते है।

## जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मॉक पोलिंग के द्वारा दी मतदान प्रक्रिया की जानकारी

**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप नोडल के नेतृत्व में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आज उच्च प्राथमिक विद्यालय परसिया भण्डारी, देवरिया सदर में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। विद्यालय की छात्रा सृष्टि, रंजना एवं शिखा ने स्वागत गीत, सरस्वती बन्दना एवं मतदाता जागरूकता गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने कहा कि जाति, धर्म, वर्ग, मजहब से ऊपर उठकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर। इस उत्सव को मनाना है। साथ ही उन्होंने बच्चों को गृहकार्य दिया कि 1 जून को अपने परिवार के समस्त मतदाताओं को पहले मतदान फिर जलपान याद दिलाये। बच्चों द्वारा मतदान प्रक्रिया का डेमो दिया गया जिसमें मुख्य अतिथि शालिनी श्रीवास्तव,ग्राम प्रधान सुनील सिंह, प्रधानाध्यापक शमीम अहमद ने मतदान किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी ग्राम वासियों उपस्थित जन समुदाय को मतदान की शपथ दिलाई तथा हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत सभी में हस्ताक्षर करके 1 जून को मतदान करने एवं अन्य लोगों को प्रेरित करने की शपथ ली। मतदाता जागरूकता संबंधी रंगोली, भाषण एवं निबंध में अव्वल बच्चों को प्रशस्ति पत्र बीएसए द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक सामुदायिक शिक्षा आलोक पाण्डे, स्वीप नोडल आशुतोष नाथ तिवारी, शिखर शिवम् त्रिपाठी के साथ-साथ विद्यालय परिवार के अकबर अली, नरेन्द्र तिवारी, खेताराय, संयोगिता शर्मा, अर्चना, वृक्षाली, माधुरी ममता संगीता, उर्मिला, अमरेन्द्र यादव एवं अश्वनी यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन बालेंदु मिश्र ने किया।





## नजर आने लगी है भाजपा की बौखलाहट : आलोक

**अमेठी।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आलोक शर्मा ने सोमवार को कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की बौखलाहट नजर आ रही है। जिसके चलते पूर्व एमएलसी दीपक सिंह पर विभिन्न धाराओं में एक झूठा मुकदमा दायर किया गया। कहा की आप समझ सकते हैं कि किस तरह से हमारे कार्यालय के बाहर कुछ दिन पहले हमारी गाड़ियां रात को तोड़ी गई। पिछले 5 वर्षो में इन्होंने संस्थाओं को बंद करने का काम किया। भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए आलोक शर्मा ने कहा कि अमेठी की जनता को बताइए कितने रिक्रूटमेंट किया वह कंबल का कारखाना क्यों बंद हुआ। दिल्ली की कोई एनजीओ है जिसने अमेठी का हक मारा और इस संस्थान में क्या अपने सांसद निधि से भी पैसा दिया है। बड़ा आरोप लगाते हुए कांग्रेस प्रवक्ता आलोक शर्मा ने कहा कि प्रशासन का दुरुपयोग करके आप अमेठी की जनता को डराना धमकाना बंद करें।

# निष्ठावान कार्यकर्ता भाजपा की बड़ी पूंजीः सूर्यप्रताप

अवधनामा संवाददाता



**भाजपा सरकार ने दिया सर्व समाज को सम्मान**

**देवरिया।** देसही देवरिया के पकड़ी वीरभद्र में कार्यकर्ता बैठक को सम्बोधित करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि भारतीय संस्कार की झलक हमारे पार्टी के कार्यकर्ताओं में देखने को मिलती है हमारे यही संस्कारित और अनुशासित कार्यकर्ता हमारी पूंजी हैं और इन्ही के बल पर लोकतंत्र के हर उत्सव में चाहे वह लोकसभा का चुनाव हो, विधानसभा का चुनाव हो, नगर निकायों का चुनाव हो, त्रिस्तरीय चुनाव हो या किसी भी तरह का चुनाव हो हमारे कार्यकर्ता निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं।

18 करोड़ से ऊपर की संख्या के साथ आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है जो इस बात का प्रमाण है कि देश की जनता का भरोसा पार्टी के कुशल नेतृत्व और राष्ट्रवादी विचारधारा की सोच पर विश्वास है, जनता को ये मालूम है कि हमारा संगठन राष्ट्रहित के मुद्दों तथा सबका साथ और सबका विकास के सोच के साथ सभी के हित की बात करता है। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि ने कहा कि जाती पाती से ऊपर उठकर एक समानतावादी समाज का निर्माण करना, जहां सभी सुखी हों, समृद्ध हों तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक पहुंच सके ऐसी विचारधारा सिर्फ भाजपा की है। आज भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं, देश और प्रदेश में अराजकता का माहौल समाप्त हुआ है तथा सुशाशन का राज कायम हुआ है। आज बेटियां सुरक्षित हैं, महिलाएं भयमुक्त वातावरण में कार्य कर रही हैं, भारत पूरी दुनिया के अंदर बहुत तेजी के साथ आर्थिक रूप से मजबूत हुआ है। लेकिन विपक्ष को सिर्फ महंगाई दिखाई दे रही है वो जनता के बीच भ्रम फैला रहे हैं कि भाजपा जीत गई तो चुनाव समाप्त हो जायेंगे, आरक्षण समाप्त हो जायेगा, बेरोजगारी बढ़ जाएगी, धार्मिक भावनाओं को भड़काकर राजनीति की रोटी सेकना विपक्षियों की मानसिकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आवाह्न करते हुए कहा कि आज से 17 दिन चुनाव रह गया है अब हमे अपनी पूरी ताकत के साथ घर घर जाकर पार्टी की उपलब्धियों को बताना है और 1 जून को अपने अपने बूथों पर अधिक से अधिक मतदान कराना है। बैठक का संचालन मंडल अध्यक्ष विजय श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक अवधेश सिंह, नथुनी सिंह कुशवाहा, गंगा सिंह कुशवाहा, सुजीत प्रताप सिंह, अजीत सिंह, प्रमोद सिंह, मुन्ना राय, अनिल श्रीवास्तव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से दो घायल

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत पिपराइच कप्तानगंज मार्ग स्थित काली मंदिर के समीप रविवार की देर शाम ट्रैक्टर ट्राली के चपेट में आने से दो युवक घायल हो गए। प्राप्त सूचना के मुताबिक बाइक चालक विपिन कुमार पुत्र मुन्ना सिंह उम्र 20 वर्ष निवासी सिधावल थाना पिपराइच जनपद गोरखपुर दूसरा आर्यन कुमार पुत्र दिलीप मद्धेशिया उम्र 17 वर्ष निवासी रामपुर माफी थाना अहिरौली बाजार जनपद कुशीनगर दोनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर जगदीशपुर चौराहे से अपने घर जा रहे थे। अभी वह जगदीशपुर स्थित काली मंदिर के समीप पहुंचे ही थे कि तभी सामने से आ रही तेज़ रफ़्तार ट्रैक्टर ट्राली के चपेट में आ गए। जिसमें आर्यन गंभीर रूप से घायल हो गया।वहीं विपिन को भी हल्की चोटें आई हैं। वहां मौजूद आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए भेजकर इसकी सूचना परिजनों को दी। आर्यन का इलाज गोरखपुर में स्थित कमला हास्पिटल पादरी बाजार में चल रहा है।

# बूथ अध्यक्ष चुनावी महासमर के होते हैं सेनापति : आनंद

अवधनामा संवाददाता



**भाटपार रानी।** सोमवार को स्थानीय उपनगर स्थित निर्मल मैरिज हॉल में भारतीय जनता पार्टी भाटपार रानी विधानसभा क्षेत्र के बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ला एवं अन्य अतिथियों के द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

विधानसभा प्रभारी अजय उपाध्याय ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं का वृत्त लिया। जिला महामंत्री प्रमोद शाही ने बूथ स्तर पर होने बीस कार्यो को विस्तृत रूप से कार्यकर्ताओं को बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ला ने कहा कि बूथ अध्यक्ष एवं बूथ के कार्यकर्ता चुनावी महासमर के सेनापति होते हैं। इनके परिश्रम के बदौलत ही भारतीय जनता पार्टी देश एवं प्रदेश में अपना परचम लहरा रही है। उन्होंने कहा कि बूथ के कार्यकर्ता एवं पन्ना प्रमुख केवल अपने बूथ के मतदाताओं से लगातार संपर्क करते रहे तो कोई भी हमें बूथ एवं चुनाव जीतने से नहीं रोक सकता। सांसद रविंद्र कुशवाहा ने कहा कि मेरे लिए कार्यकर्ता सर्वोपरि है। मैंने दस साल में कार्यकर्ताओं के हित में कार्य किया हूं और आगे भी करता रहूंगा। विधायक सभाकुवंर कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दस साल के कार्यकाल में पूरी दुनिया में मां भारती की प्रतिष्ठा बढ़ी है।। लोकसभा संयोजक विनोद शंकर दुबे ने कहा कि हमारा बूथ सबसे मजबूत का केवल नारा ही नहीं लगाना है बल्कि अपने-अपने बूथ को जीताने के लिए परिश्रम भी करना है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चंद तिवारी, प्रदीप सिंह, अजय कुमार दूबे, राजकुमार शाही, बलराम उपाध्याय, श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, विधानसभा संयोजक कुंज बिहारी, अश्वनी कुमार सिंह, सिंह, बिंदा कुशवाहा, त्रिपुनायक विश्वकर्मा, जयनाथ कुशवाहा, दिलिप सिंह बघेल, सुरेश तिवारी, अनिल शाही, संजय पटेल, शशि रंजन तिवारी, राजेंद्र जायसवाल, मंटू पटेल, अमित शाही, मनोज वर्मा, जितेंद्र कुशवाहा,राजन कुशवाहा, गुड्डू गोस्वामी, इन्दूभूषण कुशवाहा, संजय सिंह, संतोष पटेल सहित बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक एवं शक्ति केंद्र प्रभारी उपस्थित थे।

# फ्री टीबी हेल्थ कैम्प में 103 मरीजों का हुआ रजिस्ट्रेशन एवं 102 की हुई एक्सरे जांच

अवधनामा संवाददाता



**15 एक्सरे में सम्भावित रोगी मिले, जिनके बलगम जांच के लिए एकत्रित हुए**

**ग्रामीण इलाकों में कैम्प लगाकर होगी टीबी रोगियों की पहचानः आशुतोष**

**फ्री स्वास्थ्य कैम्प का ग्रामीण उठाये लाभः आशीष**

**कसया, कुशीनगर।** सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया एवं डीटीओ डॉ एस. एन. त्रिपाठी के आदेशानुसार तथा एमोटीसी डॉ मुकेश यादव के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी यूनिट कसया के अन्तर्गत ग्राम-चकदेईया के पंचायत भवन पर सोमवार को सेंटर फॉर हेल्थ रिसर्च एवं इनोवेशन सी 19 कार्यक्रम एवं टीबी यूनिट के कर्मचारियों के सहयोग से फ्री टीबी हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें आस-पास के गांवों के लगभग 103 मरीजों का रजिस्ट्रेशन कर उनकी फ्री में जांच की गयी।

कैम्प का शुभारंभ सुबह 9 बजे से प्रारंभ हुआ जो अपराह्न 3 बजे तक चला। सीएचसी की टीम से डॉ आशीष दुबे द्वारा रोगियों का उपचार किया गया तथा उन्होंने ने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य कैम्प का ग्रामीणों को भरपूर लाभ लेना चाहिये क्योकि उनके घर के पास ही जाँच एवं उपचार की व्यवस्था निःशुल्क होती है। तो वही वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष कुमार मिश्र ने कहा कि समय समय पर ग्रामीणों इलाको में ऐसे ही फ्री टीबी हेल्थ कैम्प लगाकर टीबी रोगियों की पहचान करके उनका उपचार किया जायेगा।

हेल्थ कैम्प में कुल आये 103 मरीजो का सीएचओ स्वाति सिंह एवं मोनिका द्वारा उनके स्वास्थ्य का परीक्षण जैसे-बीपी,सुगर की जाँच की गयी तथा दवाओं का भी वितरण किया गया तो वही एसटीएस शाहिद अंसारी द्वारा सम्भावित टीबी रोगियो की काउंसलिंग की गयी। सी 19 कार्यक्रम के जिला पर्यवेक्षक अमरीष शुक्ला एवं उनकी टीम में समुदाय समन्वयक सतेंद्र कुमार एवं रेडियोग्राफर हरिओम द्वारा कुल 102 मरीजो का चेस्ट एक्सरे किया गया जिसमें 15 सम्भावित रोगी एक्सरे में पॉज़िटिव पाये गया जिनके बलगम के नमूने एकत्रित कर माइक्रोस्कोपी एवं सीबी नाट के लिये लाया गया। इस दौरान सैम्पल ट्रांसपोर्टर धनश्याम प्रसाद, संगिनी इंद्रावती एवं आशा होसिल देवी, पुष्पा देवी, रिंकी देवी, इंद्रावती देवी, सरिता शर्मा, अंजली, कविता, निर्मला, कुशमावती, प्रेमलता सहित ग्रामीण पुरुष एव महिलाएं उपस्थित रही।

अवधनामा

लखनऊ, मंगलवार, 14 मई, 2024



# पानी की समस्या को लेकर जल संस्थान कार्यालय पहुंचे पार्षद कुन्दन पाल

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** वार्ड नंबर 17 सिविल लाईन द्वितीय में पेयजल संकट गहराया हुआ है, पेयजल संकट के निस्तारण के लिए वार्ड पार्षद कुन्दन पाल द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे है, जिला प्रशासन व जल संस्थान के सहयोग से पानी टैंकरों से पानी पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है, लेकिन कई स्थानों पर टैंकरों के अभाव में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। रविवार को वार्ड पार्षद स्वयं पानी की समस्या को लेकर जल संस्थान कार्यालय पहुंचे और वहां मौजूद कर्मचारियों को पानी की समस्या बताई, जिसके बाद तत्काल टैंकर भेजकर पानी की समस्या का हल किया गया। यही नहीं वार्ड पार्षद द्वारा जो बुजुर्ग है, पानी नहीं भर सकते उनका पानी स्वयं डिब्बों में भरकर



उनके घरों तक पहुंचाया। इधर पार्षद कुन्दन पाल ने जिला प्रशासन व जल संस्थान के कर्मचारियों के कार्य की सराहना की है। वार्ड नंबर 17 सिविल लाइन द्वितीय में देवगढ़ रोड़, आकाश होटल वाली गली, बरया भवन, झोपड़ पट्टी, वर्णी कॉलेज व क्षेत्रपाल मंदिर के पीछे, गुल्लन आटा चक्की के सामने, कपिल गेस्ट हाऊस के पीछे, विश्राम झां व रवि चौबे के मकान के पास, उद्योग केन्द्र के पीछे सहित ऐसे अनेक स्थान है, जहां पर पेयजल संकट गहराया हुआ है। पेयजल संकट की समस्या को लेकर वार्ड पार्षद कुन्दन पाल जिलाधिकारी व जल संस्थान के अधिकारियों को ज्ञापन दे रहे है। रविवार को विश्राम झां के मकान के पास पेयजल की समस्या से लोग परेशान थे, समस्या को लेकर वार्ड पार्षद नजाई बाजार स्थित जल संस्थान कार्यालय पहुंचे, वहां मौजूद कर्मचारियों को समस्या से अवगत कराया, जिसके बाद तत्काल जल संस्थान के कर्मचारियों द्वारा टैंकर भेजकर पानी की समस्या का निस्तारण कराया गया। वहीं आकाश होटल के बगल वाली गली में, झोपड़ पट्टी सहित अन्य स्थानों पर हैण्डपम्प भी खराब पड़े है, जिन्हें ठीक कराने के लिए भी कहा गया, जिस पर मौजूद कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि सोमवार को खराब हैण्डपम्पों की मरम्मत करने का आश्वासन दिया गया।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री का बानपुर पुलिस ने किया भाण्डाफोड़

**एएसपी ने पुलिस लाइन में पत्रकारों को दी जानकारी**

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** थाना बानपुर पुलिस ने एसओजी टीम की मदद से कुख्यात हिस्ट्रीशीटर को पांच अवैध देशी तमंचे व एक देशी रिवाल्वर और कई कारतूसों के साथ हिरासत में लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने अवैध शस्त्रों की फैक्ट्री का भाण्डाफोड़ करते हुये पूरे प्रकरण की जानकारी पुलिस लाइन स्थित सभागार में पत्रकारों को दी। एएसपी ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस द्वारा अपराधियों व अपराध के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

बानपुर पुलिस ने बताया कि जब वह गश्त कर रहे थे कि तभी मुखबिर से उन्हें सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर उन्होंने एसओजी टीम के साथ संयुक्त कार्यवाही करते हुये ग्राम कैलगुवां निवासी पुष्पेन्द्र यादव पुत्र संतोष यादव को जामुनी नदी किनारे, खण्डहरनुमा मकान से अवैध शस्त्र बनाते हुये हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि मौके का फायदा उठाते हुये मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ निवासी छोटू नाम का युवक भागने में कामयाब रहा। पुलिस ने पुष्पेन्द्र यादव के कब्जे से 05 अदद तमंचा देशी 315 बोर नाजायज व 01 अदद देशी रिवाल्वर 32 बोर नाजायज डिफेक्टेड तथा 02 अदद देशी तमंचा 315 बोर अर्धनिर्मित व 02 अदद 12 बोर देशी तमंचा डिफेक्टेड , 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज व 03 अदद कारतूस 12 बोर , अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण व सामग्री (शस्त्र फैक्टरी) बरामद किया है।

# शान्तिपूर्ण मतदान के लिए निरन्तर भ्रमणशील रहीं डीएम व एसपी

**आयुक्त, डीआईजी व प्रेक्षकगण ने भी किया क्षेत्र का भ्रमण**



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मतदान को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला सहित जनपद के अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी तथा मतदान व्यवस्था के लिए नियुक्त किये गये ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा उनके समकक्ष पुलिस अधिकारी निरन्तर भ्रमणशील रहकर मतदान प्रक्रिया का जायज़ा लेते रहे तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे। इसके अतिरिक्त आयुक्त देवीपाटन मण्डल गोण्डा योगेश्वर राम मिश्र, डीआईजी अमरेन्द्र प्रसाद सिंह तथा भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जनपद के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल राज राय, पुलिस प्रेक्षक के.एस.एस.वी. सुब्बारेड्डी व व्यय टी. सेंथिल मुरूगन भी क्षेत्र का भ्रमण कर मतदान प्रक्रिया का जायज़ा लेते रहे। मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान जहॉ जिलाधिकारी मतदान केन्द्र के अन्दर जाकर मतदान प्रतिशत, मतदान कार्मिकों तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा ले रही थीं वहीं पुलिस अधीक्षक मतदान केन्द्र के बाहर सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात सुरक्षा कार्मिकों को शान्ति पूर्ण मतदान सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दे रहीं थीं। निरीक्षण के दौरान सभी ज़ोनल मजिस्ट्रेट को निर्देश दिया गया कि नियमित रूप से स्वयं भी भ्रमण शील रहें तथा यह सुनिश्चित करें कि सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस आफिसर भी बेहतर तालमेल के साथ निरन्तर भ्रमणशील रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### सीवीएसी बोर्ड में सृष्टि ने किया जिले का नाम रोशन



**सुलतानपुर।** नगर क्षेत्र के स्टेला मारिश कान्वेंट हाई स्कूल की छात्रा ने 94 प्रतिशत अंक लाकर जिले का नाम रोशन किया है। पयागीपुर के दीप नगर निवासी सृष्टि सिंह पुत्री अमित कुमार सिंह ने जिले के साथ मोहल्ले का नाम रोशन किया है। पुत्री की कामयाबी पर दीप नगर निवासी दीपक मिश्रा संपादक, अखिलेश सिंह प्रधानाचार्य, डा0आर0 ऐ0 पांडेय, वा राम सिंह ने उज्वल भविष्य की कामना किया है। अवगत कराते चले सृष्टि की माँ दीपमाला सिंह दूबेपुर खंड विकास क्षेत्र प्राथमिक विद्यालय में अध्यापिका है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता एवं टीचरों को दिया है।

### पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम



**सिरसागंज।** सिरसागंज पब्लिक स्कूल के 12 वी के छात्र प्रतीक कुमार ने 96.40ः ख्याति यादव ने 94ः अदिति कुमारी ने 92ः लाकर स्कूल परिवार नगर और अपने परिवार का नाम रोशन किया। बता दे मैथ से सिरसागंज पब्लिक स्कूल के छात्र प्रतीक कुमार ने सिरसागंज नगर और सिरसागंज तहसील टॉप किया है। बताया गया प्रतीक के पिता कोल्ड स्टोर में मुनीम का कार्य करते हैं। बताया गया पेंटिंग में प्रतीक, मोहित, अदिति, गौरी, प्राची ने 100 में से 100 अंक हासिल किए। वही ख्याती यादव ने केमिस्ट्री में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। इसके साथ ही स्कूल के मैनेजर लक्ष्मी चंद्र यादव और प्रिंसिपल राजेश कुमार तथा शिक्षक शिक्षकों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा मिठाईयां खिलाकर मेधावियों को बधाइयां दी।

### सीबीएसई 12वीं में प्रवीण विद्यापीठ के छात्र-छात्राओं ने किया नगर का नाम रोशन



**सिरसागंज।** प्रवीण विद्यापीठ के मेधावी छात्र माधव कुलश्रेष्ठ ने 94.4 परसेंट,हिमांशु ने 88.4 परसेंट,रजत ने 86.8 परसेंट तथा प्रियांशु गुप्ता ने 85 परसेंट लाकर विद्यालय परिवार और नगर का नाम रोशन कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। प्रवीण विद्यापीठ के डायरेक्टर दीपक जादौन ने इस उपलब्धि के लिए शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी है। वही रिजल्ट आने के बाद मेधावियों के परिवार में खुशी का माहौल है। उनके घर मिठाई खाने और खिलाने का दौर चल रहा है। बता दे केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीबीएसई बोर्ड) ने सोमबार को 12वीं के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए है।

### एनडी कॉलेज के प्रो. मनोज कुमार यादव की बेटी ने किया शिकोहाबाद का नाम रोशन



**शिकोहाबाद।** ज्ञानदीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा अनुष्का ने सीबीएसई इंटर की परीक्षा में जनपद में दूसरा स्थान पाया है। अनुष्का ने ने 500 में से 493 अंक यानि 98.6 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। शंभू नगर शिकोहाबाद निवासी छात्रा के पिता प्रो. मनोज कुमार यादव एनडी कॉलेज में केमिस्ट्री के विभागाध्यक्ष पद पर कार्यरत हैं, जबकि मां डा कविता यादव भी रसायन विज्ञान विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर है। छात्रा ने बताया कि वह प्रतिदिन करीब 5 से छह घंटे पढ़ाई करती है। छात्रा ने बताया कि वो सिविल सर्विस की तैयारी कर आईपीएस बनकर लोगों की सेवा करना चाहती है। बड़ी बहिन अंबिका ग्रेजुएशन कर रही है। छात्रा ने केवल पॉलिटिकल की कोचिंग ली थी। राजनेता के तौर पर कोई पसंद नहीं है।

## मतदान को लेकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

**बार (ललितपुर)।** राजकीय महाविद्यालय पुलवारा में मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत विद्यार्थियों को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। विद्यालय के प्राचार्य डा.नरेन्द्र सिंह ने महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत विद्यार्थियों से अपील की कि लोकतन्त्र के पावन पर्व पर आप सभी अपने मताधिकार का प्रयोग करें और अपने घर पास पड़ोस सभी को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। जिससे शत-प्रतिशत मतदान हो सके। इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता पवन रिछारिया द्वारा समस्त विद्यार्थियों से लोकतन्त्र के पावन पर्व पर अपनी आहुति देने के लिए कहा। इस अवसर पर गौरव दुबे, मानवेन्द्र, महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अन्त में प्राचार्य महोदय द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# मेनका गाँधी की जनसुलभता और सभी जातियों में स्वीकार्यता ही बनेगा जीत का आधार

**जमीनी स्तर पर सक्रिय बीजेपी संगठन और सपा की आपसी अंतर्कलह ने मेनका गाँधी को किया और मजबूत**

डा0 अवधेश शुक्ला



**सुल्तानपुर।** भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने अपने वर्तमान सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी को सुलातनपुर लोकसभा चुनाव में उतार कर दूसरी बार भी विश्वास जताया है। सपा ने सबसे पहले लोकसभा का टिकट भीम निषाद को देककर मैदान में उतारा। भीम निषाद ने सुल्तानपुर के चुनावी दौरे ने लोकसभा चुनाव को रोचक बना दिया था। लेकिन भीम निषाद के द्वारा पैसा बाटने का वीडियो वायरल होने, सपा के जनपदीय संगठन की आपसी अंतर्कलह के साथ सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव ने एक बार फिर अपनी राजनीतिक अपरिपक्वता का परिचय देते हुए हुए सुलतानपुर लोकसभा चुनाव में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कर रहे भीम निषाद का टिकट काटकर राम भुवाल निषाद को टिकट दे दिया। टिकट कटने पर भीम निषाद सपा सुप्रीमो अखिलेश के दरवाजे पर धरने पर बैठ गए थे। इनके टिकट कटने की बात को लेकर निषादों में सपा के प्रति काफ़ी आक्रोश आज भी है। भीम निषाद के समर्थकों का कहना है की भीम निषाद का टिकट काट के साथ सपा ने धोखा किया। दूसरी तरफ मेनका गांधी ने अपने नामांकन में निषादों के स्वीकार्य नेता और कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, प्रभारी मंत्री आशीष पटेल और आर ए वर्मा के साथ नामांकन कर मतदाताओं को संदेश दिया कि निषाद और कुर्मी बिरादरी के लोग हमारे साथ हैं। वे सरकार में विभिन्न मंत्रियों के पद को भी सुशोभित कर सरकार चला रहे हैं।

नामांकन के समय संजय निषाद ने कहा था की सत्तर प्रतिशत हमारा है सिर्फ तीस प्रतिशत में बटवारा है। वास्तविक धरातल पर निषाद मतदाता भी कह रहा है कि ÷हमारी जाति के सर्वस्वीकार नेता संजय निषाद वर्तमान सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं और सरकार चला रहे है। हमने प्रभु राम को जिस तरह गंगा नदी पार कराया है उसी तरह अबकी बार भाजपा को 400 पार कराकर ही चैन से बैठेंगे। भाजपा हमारी पार्टी है। हम सभी लोग एक साथ मां मेनका के साथ खड़े हैं।सांसद मेनका गांधी अपने तूफानी चुनावी दौरे के छत्तीसवें दिन तक 610 गाँवों में सभा कर जनता से संवाद किया। जनता में अपना विश्वास कायम कर उनकी समस्याओं का निःस्वार्थ भाव से समाधान कर रही हैं। मेनका गांधी की आम जनता से सीधा संवाद करना ही उनकी शक्ति है। मेनका गाँधी आज चुनावी दौरे में निकलने से पहले सुबह लगभग आठ बजे सैकड़ों पीड़ित की समस्या सुनकर उनका समाधान कर रही हैं। दूसरी तरफ सपा पार्टी अपने जनपदीय संगठन के अंतर्कलह रूपी कील को जितना ठोकपीट कर सही करने का प्रयास करती है उतनी ही निकल कर सपा को चुभने लगती है। जैसे समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव को धार देने के लिए पीताम्बर सेन को सुल्तानपुर का सह चुनाव प्रभारी बनाया। सह चुनाव प्रभारी बनने के दूसरे दिन ही पीताम्बर सेन ने बिना नाम लिए ही जिले के 3 पूर्व सपा विधायकों पार हमला बोलते हुए कहा कि ये नेता जनपद में पार्टी को दीमक की तरह चाट कर खोखला करने में जुटे हैं और 2017, 2022 की तरह इन तीनों विधायकों का आगामी विधान सभा चुनाव 2027 में भी हारने के दबदबा कायम रहेगा।

# सरस्वती विद्या मन्दिर का हाईस्कूल परीक्षाफल रहा शत प्रतिशत



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** हाईस्कूल में छात्र अलौकिक यादव 96.6 प्रतिशत और इण्टर के छात्र भैया सौभाग्य जी जायसवाल ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल के 22 छात्रों को 95 प्रतिशत से भी अधिक अंक मिले हैं। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड CBSE का इन्टरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित होते ही उत्तीर्ण छात्र छात्र-छात्राओं की बांछे खिल उठीं। सुलतानपुर नगर स्थित शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी सुप्रतिष्ठित संस्था सरस्वती विद्या मन्दिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्ञान कुंज विवेकानंद नगर सुल्तानपुर के भैया बहनें खुशी से झूम उठे। विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय का दसवीं कक्षा का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा है। 10A के छात्र भैया अलौकिक यादव ने 96.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम 10E के आयुष प्रताप वर्मा, यश शर्मा तथा 10 प्रतिशत की बहन महक श्रीवास्तव ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय और 10A के भैया सम्भव सिंह तथा 10E के ओम यादव ने 96.2 अंकों के साथ संयुक्त रूप में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## दिव्यांग मतदाता की सारथी बनी डीएम मोनिका रानी

**बहराइच।** महिला महाविद्यालय में स्थापित पिंक बूथ पर मतदान के लिए पहुंची जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सर्वप्रथम दिव्यांग मतदाता मोहम्मद अहमद का स्वागत कर उनकी व्हील चेयर को सहारा देकर मतदान कम्पार्टमेन्ट तक लेकर गई और दिव्यांग मतदाता को वोट डालने में सहयोग प्रदान किया। दिव्यांग मतदाता द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग कर लेने के पश्चात स्वयं मतदान किया। इस अवसर डीएम मोनिका रानी ने जिले के मतदाताओं से अपील की कि मतदान केन्द्र पर आकर अनिवार्य रूप से मतदान करें। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि लगभग सभी मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग मतदाताओं द्वारा पहला वोट डाला गया है। डीएम ने बात पर भी खुशी जतायी कि जिले के ट्रांसजेण्डर मतदाता भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**एसी 25000 वोल्ट कर्षण को चालू करना**

**"सड़क उपयोग कर्ताओं को चेतावनी"**

जनसाधारण की सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि पूर्वोत्तर रेलवे के इलेक्ट्रिक लोकोशेड/गोण्डा यार्ड की समस्त विद्युतीकृत रेलवे लाइनो की ओएचई पर 25000 वोल्ट ए. सी. विद्युत कर्षण आरम्भ करने के लिए सभी समपारों पर सड़क सतह से 4.78 मीटर की स्पष्ट ऊँचाई पर गेजें लगाई गई हैं ताकि बहुत अधिक ऊँचाई वाले लोडेड सड़क वाहन को विद्युतमय कर्षण तार की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क में आने से रोका जा सके। जनसाधारण को एतद्द्वार अधिसूचित किया जाता है कि सड़क वाहनों के लदान के प्रयोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट ऊँचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहन में ढ़ोए जा रहे लोड से किसी भी स्थिति में ऊँचाई गेजों का अतिक्रमण न करें। अत्यधिक ऊँचाई के लोड के खतरे निम्नानुसार हैः- 1. ऊँचाई गेज के लिए खतरा और उसके फलस्वरूप सड़क और रेलवे लाइन पर बाधा।, 2. वाहन पर ले जाई जा रही सामग्रियों या उपस्कर को खतरा।, 3. चालकों की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क के कारण आग लगने का खतरा और जीवन की हानि का खतरा।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/निर्माण मुजाधि/विद्युत-35 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियन्ता/सेतु कर्मशाला, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारो द्वारा ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | निविदा सं० | 02/डब्ल्यू0/बीडब्ल्यूएस/सीबी/एल0के0ओ0/2024-25 |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम: | लखनऊ मंडल के अंतर्गत पीएससी स्लैब के साथ 12.2 मीटर तक स्टील गर्डर के प्रतिस्थापन के लिए पीएससी स्लैब का कास्टिंग का कार्य पुल सं0 5(2*3.05), 10A(1*3.05), 196(1*3.05), 18A(3*5.82), 29DN (1*2.25), 495DN (1*2.3), 444UP (3*5.30), 63A (2*4.57), 300 (1*6.10), 252(2*6.10), 196 (1*3.05), 292B(1*2.74), 291(1*2.74), 10ए(1*3.50), 151(2*3.66), 85(2*6.1+1*12.20), 224(2*6.1+1*12.20), 47 (1*0.30), 151(2*3.66), 151(7*9.14), 14डीएन(1*9.15), 151(7*9.14), 539डीएन(1*7.32),87एयूपी(1*9.15),1यूपी(1*9.15), 472डीएन(1*9.15), 361(3*9.14) 375(2*9.14) 131ए(2*9.15), 252 (2*7.00), 15 डीएन (1*12.2)और स्लैब कास्टिंग कार्य से संबंधित सुविधाओं का विकास करना |
| 2 | अनुमानित लागत | रू० 95902831.9 |
| 3 | बोली सुरक्षा राशि | रू० 629600/- |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह |
| 5 | निविदा डालने की प्रारम्भिक तिथि | 24.05.2024 |
| 6 | निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि तथा समय | निविदा 07.06.2024 को 15.00 बजे तक जमा किए जा सकेगे एंव निविदा उसी दिन खोली जायेगी। |
| 7 | न्यूनतम पात्रता की शर्तें: | |
| अ | तकनीकी: | (ए) निविदा कार ने पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य को सफलतापूर्वक पूरा या प्रर्याप्त रूप से पूरा किया हो, जिस महीने में निविदाआमंत्रित की गयी थी, उससे पहले के महीने के अन्तिम दिन को समाप्त करना होगा। तीन समान कार्य जिनकी लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 30 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। **या** दो समान कार्य जिनका लागत, निविदा की विज्ञापित मूल्य के 40 प्रतिशत के बराबर राशि से कम न हो। **या** एक समानकार्य की लागत, निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60 प्रतिशत के बराबर राशि से कम नही होनी चाहिए। |
| ब | वित्तीय: | निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार V/N (वी/एन ) या 'V' (वी) जो भी कम होय जहाँ V (वी) = निविदा की विज्ञापित मूल्य करोंड़ रूपये में। N (एन) =कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या, जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गयी है। औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कुल संविदात्मक भुगतान के औसत के रूप में की जायेगी, लेखा परीक्षित बैलेन्स शीट के अनुसार। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तक तैयार/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष की लेखा परीक्षित तुलन-पत्र पर विचार किया जाएगा। |
| 8 | एक समान कार्य: | किसी भी पुल के काम में प्री-स्ट्रेस्ड कंक्रीट गर्डर/पीएससी स्लैब का निर्माण एक अलग या संयुक्त कार्य में। |
| 9 | वेबसाइट का विवरण एवं कार्यालय का नाम जहाँ निविदा का विवरण देखा जा सकता है : | www.ireps.gov.in, कार्यालय उप मुख्य अभियन्ता/से0 कर्म०, उत्तर रेलवे चारबाग, लखनऊ। |

नोट :- 1. ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अर्न्तगत पंजीकृत होना अनिवार्य है। 2. समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। 3. मैनुउल निविदाये स्वीकृत नही की जायेगी। 4. निविदा प्रपत्र की लागत जो निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है। 5. बोली सुरक्षा राशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग, पेमेंट गेटवे या बैक गारंटी जैसा कि निविदा प्रपत्र में निर्दिष्ट किया गया है, द्वारा स्वीकृत की जायेगी।

निविदा सू०सं०-02/डब्ल्यू/बी0डब्ल्यू०एस०/सी0बी0/एल0के0ओ/2024-25
दिनांक 11.05.2024 1438/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## फार्मेट सी-1

**(अभ्यर्थी के द्वारा समाचार पत्रों, दूरदर्शन में प्रकाशित करने हेतु)**
**आपराधिक प्रकरणों के संबंध में घोषणा-**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

**अभ्यर्थी का नाम एवं पताः** अवधेश प्रसाद म.नं. 59 पूरे लच्छन तिवारी, ग्राम व पोस्ट-सुरवारी, तहसील-सोहावल जिला-अयोध्या

**राजनैतिक दल का नामः** समाजवादी पार्टी

**(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां 'निर्दलीय' लिखें):**

**निर्वाचन का नामः** लोकसभा

**निर्वाचन क्षेत्र का नामः** 54-फैजाबाद (सामान्य)

मैं **अवधेश प्रसाद** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं:-

**(ए) लंबित आपराधिक प्रकरण**

| क्रम सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अपर मुख्य-न्यायाधीश द्वितीय-फैजाबाद (अयोध्या) | 534/12 लंबित | लंबित | 188 आईपीसी, आचार संहिता का उल्लंघन |

**(बी)दण्डनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण**

| क्रम. सं. | न्यायालय का नाम एवं आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियां) | कार्यालय (यों)और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| | शून्य | शून्य | शून्य |

राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

## फार्मेट सी-2

**(राजनीतिक दल द्वारा वेबसाइट, समाचार-पत्रों/ टी.बी. में प्रकाशन हेतु)**
**पार्टी द्वारा खड़े किए गए अभ्यर्थियों के अपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में घोषणा-**

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य) में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार)

**नाम और राजनैतिक दल का नामः** अवधेश प्रसाद, समाजवादी पार्टी

**निर्वाचन का नामः** लोकसभा का निर्वाचन-2024

**राज्य/संघ शासित क्षेत्र का नामः** उत्तर प्रदेश

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम सं. | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | अभ्यर्थी का नाम | (ए) लंबित आपराधिक प्रकरण | | (बी)दण्डनीय अपराध का दोषसिद्धि प्रकरण के संबंध में विवरण | | |
| | | | न्यायालय का नाम, प्रकरण संख्या एवं प्रकरण (नों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों के अनुभाग और अपराध (ओं) का संक्षित विवरण | न्यायालय का नाम एवं आदेशों की तिथि (यां) | अपराध(धों) का विवरण और लगाया गया दण्ड | अधिकतम लगाया गया दण्ड |
| 1 | 273-मिल्कीपुर (अ.जा.) | अवधेश प्रसाद | अपर मुख्य न्यायाधीश द्वितीय फैजाबाद (अयो.) 534/12 लंबित | 188 आईपी.सी. आचार संहिता का उल्लंघन | शून्य | शून्य | शून्य |

राज्य सभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।

# नमामि गंगे में खोदी गई सड़क को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



अवधनामा संवाददाता

**भरुआ सुमेरपुर।** ग्राम पंचायत बण्डा में नमामि गंगे योजना के ठेकेदार की मनमानी से त्रस्त ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करके समस्याओं का ज्ञापन प्रधान को सौंपकर मुख्य सड़क बनवाने की मांग की है।

नमामि गंगे योजना की पाइपलाइन बिछाने के लिए ठेकेदार ने ग्राम पंचायत की मुख्य सड़क को ध्वस्त कर दिया है। इससे घरों में निकलने वाला गंदा पानी रास्ते में भर रहा है और आवागमन में ग्रामीणों को मुसीबतें हो रही है। ग्रामीणों ने खराब सड़क को लेकर सोमवार को प्रदर्शन करते हुए प्रधान प्रतिनिधि महेंद्र सिंह को ज्ञापन सौंपकर मुख्य मार्ग बनवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा कि अगर समय रहते सड़क मार्ग को दुरुस्त नहीं किया गया तो वह पंचायत में होने वाले सरकारी कार्यक्रमों का बहिष्कार करेंगे।

ज्ञापन देने वालों में रहीम खान, अल्ली खान, नवाब खान, हरिप्रसाद प्रजापति, मूल्लू यादव, अरुण कुमार गुप्ता, नवाब सिंह, प्रभु दयाल धुरिया, संतराम सविता आदि शामिल रहे। ग्राम प्रधान ने ठेकेदार को सड़क बनवाने के लिए पत्राचार किया है। साथ ही ग्रामीणों की समस्या से एडीएम नमामि गंगे को पत्र भेजकर अवगत कराया है।

# बीएलओ मतदाता पर्ची देकर कर रहे मतदान की अपील

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर उपलब्ध कराई गई मतदाता पर्ची का वितरण बीएलओ के माध्यम से जिला निर्वाचन कार्यालय मतदाताओं की अपील के साथ घर-घर वितरण करवा रहा है । बताते चलें कि सभी को जागरूक तथा उनके मतदाता क्रमांक और उनके मतदान केंद्र की जानकारी निर्वाचन आयोग ने मतदाता पर्ची के माध्यम से वोटरों तक पहुंचाने का माध्यम मतदाता पर्ची रखा है। जिससे कि मतदान के समय मतदाता सूची में उनका नाम ढूंढने में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। जिसके अनुपालन में दिनांक 9 से 13 मई तक मतदाताओं को मतदाता पर्ची उपलब्ध करायी जा रही है। इसी क्रम में आज मतदेय स्थल संख्या 94 आर्य समाज विद्यालय हमीरपुर के बीएलओ अकबर अली द्वारा मोहल्ला सैयद वाड़ा, मंझुपुर, बदनपुर मतदाताओं के घर-घर जाकर उनकी मतदाता पर्ची प्राप्त कराई गई साथ जनपद का स्वीप कोऑर्डिनेटर होने के साथ मतदाताओं से मतदान हेतु वोटर पर्ची एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की अपील देकर उनको अपने-अपने बूथ पर मतदान करने का संकल्प दिलाया।

# डीएम व आब्जर्वर ने सेक्टर ऑफिसर जोनल ऑफिसर तथा माइक्रो आब्जर्वर के साथ की बैठक

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी / जिलाधिकारी राहुल पांडे एवं प्रेक्षक प्रियंका दास की अध्यक्षता में दिनांक 13.05.2024 को सेक्टर ऑफिसर जोनल ऑफिसर एवं माइक्रो आब्जर्वर के साथ बैठक की गई। उक्त बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सेक्टर मजिस्ट्रेट को मतदान से पूर्व मतदान दिवस एवं मतदान के उपरांत की जाने वाली कार्यवाहियों के संबंध में विस्तृत निर्देश प्रदान किए गए। सेक्टर ऑफिसर को निर्देशित किया गया कि पोलिंग पार्टियों के रवानगी के समय यह सुनिश्चित करने की सभी पोलिंग पार्टियों बस में सवार हो गई है एवं उनके पास निर्वाचन हेतु पर्याप्त स्टेशनरी एवं सामग्री है। मध्य स्थलों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की जांच कर ली जाए। और माकपोल के समय एवं मतदान के समय डिफेक्टिव होने वाली मशीनों के बदलाव के संबंध में विशेष ध्यान रखा जा। वेब कास्टिंग हेतु चयनित मिलते स्थलों पर कैमरे की पोजिशनिंग सही रखी जाए जिससे की मतदान की गोपनीयता भंग न हो। वेब कैमरा ऐसा भी ना लगा हो कि उसमें कुछ रिकॉर्ड ही ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए की मतदाता मतदान के दौरान फोटो या वीडियो ना बनाएं मतदाता फोन लेकर मध्य स्थल में प्रवेश नहीं करेंगे। माइक्रो आब्जर्वर चेकलिस्ट के अनुसार निर्धारित बिंदुओं पर समस्त माइक्रो ऑफिसर को निर्देश प्रदान किया गया।

# पीएम की सभा के लिए तैयार होगा जर्मन हैंगर पंडाल

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** लोकसभा चुनाव के बीच कस्बा राठ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित चुनावी जनसभा को लेकर तैयारी तेज कर दी गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक अपने कार्यकर्ताओं के साथ लगातार बैठक कर सभी को अपनी जिम्मेदारी सौंप रहे हैं। पीएम की इस जनसभा के लिए जर्मन हैंगर पांडाल तैयार किया गया जाएगा। इसमें करीब डेढ़ लाख लोगों की बैठने की व्यवस्था होगी। इसके अलावा अन्य कई इंतजाम भी रखे जाएंगे। लोगों को लाने के लिए चार सौ बसे और दो हजार छोटे वाहन लगाए जा रहे हैं। जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और रैली को सफल बनाने की रणनीति तैयार की। जिलाध्यक्ष ने बताया कि आगामी 17 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कस्बा राठ के बीएनबी इंटर कॉलेज में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके लिए तैयारी तेजी से की जा रही है। उन्होंने बताया कि सभा में करीब डेढ़ लाख लोगों के आने की व्यवस्था की जा रही है। हमीरपुर, महोबा, जालौन, उरई, बादा आदि क्षेत्र से लोग बुलाए जाएंगे। दो राजमंत्री व लोकसभा क्षेत्र के नौ विधायक समेत कुल डेढ़ सौ कार्यकर्ता पीएम की रैली की तैयारी में लगे हुए हैं।दो-दो सौ फीट के तीन जर्मन हैंगर पांडाल तैयार होंगे। जिसमें लोगों को बैठने की व्यवस्था की जाएगी। पीएम के आगमन की तैयारी में जहां पार्टी के लोग पूरी तमन्ना से लगे हुए हैं। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के माध्यम से प्रशासन भी अलर्ट है।

# हमारा जन प्रतिनिधी कैसा है, कौन है और कैसे मिलेगे अपने जनप्रतिनिधी से

अवधनामा संवाददाता

**चुनाव से पूर्व जाने अपने जनप्रतिनिधी को आपके सवाल और उनके जवाब**

**बाँदा।** पूरा देश 18वीं लोकसभा बनाने जा रहा है, चुनाव का महापर्व चल रहा है , अधिक से अधिक मतदान के लिये चुनाव आयोग प्रयास कर रहा है , ऐसे मे आम जनमानस का कर्तव्य है कि हम एक साफ स्वच्छ छवि का जन प्रतिनिधी चुने , जो हमारे साथ 2024 से 2029 तक साथ चलने वाला हो। इस लोकसभा मे कुल 543 प्रतिनिधी जनता द्वारा चुने जायेगे जिसमें से एक जन प्रतिनिधी बाँदा चित्रकूट संसदीय क्षेत्र से भी संसद भवन भेजा जायेगा , अब वो भाग्यशाली जनप्रतिनिधी कौन होगा ये तो आगामी 20 मई को ईवीएम मे बंद हो जायेगा और फिर 4जून को तय होगा अपना सांसद।

बांदा चित्रकूट लोकसभा क्षेत्र में कभी किसी एक दल का वर्चस्व नहीं रहा। कभी कांग्रेस का जलवा रहा, तो कभी कम्युनिस्ट ने बाजी मारी। सपा-बसपा को भी मिला मौका। भाजपा 10 सालों से काबिज है। वहीं कांग्रेस को 40 साल से जीत नसीब नहीं हुई। बांदा चित्रकूट में जातीय समीकरण की बात करें तो सबसे ज्यादा करीब 6 लाख सवर्ण मतदाता है। वहीं नंबर दो पर पिछड़े वर्ग के मतदाता हैं। एससी एसटी वोटर करीब साढ़े तीन लाख है, जबकि मुस्लिम मतदाता करीब एक लाख है। पिछले जितने भी लोकसभा या विधानसभा चुनाव हुए हैं। इनमें जातीय समीकरण का फैक्टर ही काम करता रहा है। अब जबकि चुनावी शंखनाद हो चुका है रणभेरियां बज गयी है तब ऐसे मे साम दाम दण्ड भेद जैसे सभी अस्त्र और शस्त्र लेकर प्रत्यासी मैदान मे है , ऐसे मे जनमानस को भी यह समझना होगा कि हम किसको और किन मुद्दों पर वोट करें।

**क्या होगे मुद्दे इस लोकसभा मे** – वैसे तो बुंदेलखंड मे हमेशा से शिक्षा , चिकित्सा , पलायन , रोजगार के साथ साथ विकास का मुद्दा रहा है परंतु इस बार विकास के साथ साथ युवा वर्ग अपने लिये स्वरोजगार , किसान अपने लिये फसल का अच्छा मूल्य , मरीज अपने लिये उत्तम चिकित्सा सुविधाये जैसे मुद्दों पर खुलकर बात कर रहा है , वहीं एक मुद्दा इस बाँदा चित्रकूट मे हावी हो रहा है जो पिछले चुनाव मे लगभग शून्य था वो है जातीय मुद्दा है , इस बार लोकसभा के लिये दो पटेल प्रत्यासी मैदान है तो उनके सामने एक ब्राह्मण युवा मैदान है , सपा और भाजपा ने जहां अनुभवी और प्रौढ प्रत्यासी पर जोर दिया है वहीं बसपा ने युवा जोश से भरे राजनीति की सीढी चढ रहे ब्राह्मण प्रत्यासी पर अपना साथी बनाया है। जातीय समीकरण क्या कहते है - बाँदा चित्रकूट लोकसभा मे लगभग 16 लाख मतदाता है जिनमे से ब्राह्मण मतदाता सर्वाधिक है जिनकी संख्या लगभग साढे तीन लाख है , दूसरे नं. पर हरिजन है जिनकी संख्या तीन लाख है वहीं कोरी समुदाय धोबी समुदाय और सोनकर एवं बाल्मीकी और कोल आदि मिलाकर डेढ लाख मतदाता है जो अतिपिछडे वर्ग से हैं। मुस्लिम मतदाताओ की बात करे तो उनकी संख्या लगभग एक लाख है अब पटेल समुदाय की बात करें तो लगभग डेढलाख है और क्षत्रिय वैश्य जोडकर ढायी लाख के आसपास है ये सभी आंकडे लोकसभा मे अपना कमाल दिखायेगी। अवधनामा के अगले अंको मे इन सभी प्रत्यासियों के साथ वार्ता करके उनसे लोकसभा जीतने और जीतकर आने के बाद उनके क्या क्या कार्य प्राथमिकता से होगें इस पर चर्चा होगी। बाँदा चित्रकूट से जो भी मतदाता अपने प्रत्यासियो से सवाल और उनके जवाब चाहता है वो अवधनामा संवाददाता से मो. नं. 8931003200 पर संपर्क कर सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### कूड़े के ढेर में लगाई गई आग ने नगरपालिका प्रशासन की लापरवाही से लिया विकराल रूप



**हमीरपुर।** नगर पालिका प्रशासन की लापरवाही के चलते सिटी फारेस्ट के पास फेंके जाने वाले कूड़े में लगी आग ने विकराल रूप धारण करते हुए जंगल को अपने आगोश में लेना शुरू कर दिया है। फिलहाल फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां आग पर काबू पाने की कोशिश में लगी थी। हमीरपुर सदर नगर पालिका नगर का कूड़ा सिटी फारेस्ट के पास रोहाइन नाले के किनारे फिंकवाती है। जिसमें अक्सर नगर पालिका कर्मी आग लगा कर छोड़ देते हैं और यह कूड़ा दिन दिन भर सुलगता रहता है। लेकिन उसी कूड़े में लगाई गई आग ने शाम होते-होते विकराल रूप धारण कर लिया था। कूड़े में लगी विकराल आग ने जंगल को अपनी आगोश में लेना शुरू कर दिया था और इसका दायरा बढ़ता ही गया। फिलहाल आग की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गई गाड़ियां मौके पर पहुंची। जो आग पर काबू पाने की कोशिश कर रही थी, लेकिन उबड़-खाबड़ इलाका होने की वजह से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां नीचे नहीं उतर पा रही हैं। फिलहाल इस मामले में नगर पालिका प्रशासन ने तक चुप्पी साध रखी है।

### सपा के सिपाही गांव गांव मंग रहे है वोट



**मौदहा हमीरपुर।** हमीरपुर महोबा तिंदवारी लोकसभा संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजेंद्र सिंह राजपूत लोधी के पक्ष में मतदान करनें के लिए विगत एक माह से समाजवादी पार्टी के वफादार सिपाही लगातार क्षेत्र में वोट मांगते हुए नजर आ रहे है। इन में मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश सचिव पूर्व नगर अध्यक्ष शादाब हुसैन बिट्टू, लतीफ अहमद उर्फ बच्चा नेता, रणबहादुर यादव व नगर अध्यक्ष मोहम्मद साबिर उर्फ़ हलीम पूर्व सभासद उपरौस, पप्पू गुप्ता बंटी निषाद राजेंद्र पाल शकील, पुष्पेंद्र यादव राहुल पाल सुरेश प्रजापति व अन्य पार्टी के कार्यकर्ता अपनें पार्टी के प्रत्याशी को सफल बनाने हेतु दिन रात मेहनत कर रहे हैं।

### हिण्डाल्को द्वारा सात जगहों पर की गई राहगीरों के लिए प्याऊ की व्यवस्था



**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेणुकूट हमेशा अपने लोकहित के कार्यों के माध्यम से समुदाय कल्याण और सतत विकास की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता रहा है। इसी क्रम में हिण्डाल्को सीएसआर द्वारा नगरीय क्षेत्र के मुर्धवा से लेकर एबीपीएस स्कूल तक जाने वाले मार्ग के मध्य सात जगह पर नए प्याऊ की व्यवस्था की गई है। इन प्याऊ की व्यवस्था हो जाने से इस मार्ग पर आने-जाने वाले राहगीरों को स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। जिससे इस चिलचिलाती गर्मी में राहगीरों को प्यास बुझाने में मदद मिल सकेगी। इन प्याऊ के स्थानों का चयन राहगीरों को अधिकतम लाभ हेतु तथा उनकी सहज पहुँच योग्य बनाने के लिए किया गया है। यह सात स्थान- चार नल के समीप, वी-मार्ट के पास, बाबा पेट्रोल पम्प, फुटबॉल ग्राउंड, एबीपीएस स्कूल के नजदीक, गोविंद पेट्रोल पम्प, रेणुकूट बस स्टैंड के निकट हैं, जहां आने- जाने वाले राहगीर रुक कर अपनी प्यास बुझा सकते हैं। हिण्डाल्को की इस पहल की चारों ओर सराहना हो रही है।

### खेत में खड़ी मूंग की फसल बकरी से चरवाने को लेकर हुई मारपीट

**हमीरपुर।** खेत मे खड़ी मूंग की फसल बकरियों से चरवाने से मना करने पर महिला के साथ पांच लोगों ने घर पर घुसकर मारपीट की जिसकी तहरीर पीड़िता द्वारा थाने में दी गई है। कुरारा थाना क्षेत्र के मनकी चौकी अंतर्गत गांव बिलौटा निवासिनी महिला ममता पत्नी सुरेश निषाद ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके खेत मे मूंग की फसल बोई है।

## मतदाताओ को आमंत्रण पत्र भेजा

**हमीरपुर।** स्वीप कार्यक्रम अन्तर्गत राहुल पाण्डेय जिलाधिकारी एवं चन्द्र शेखर शुक्ला मुख्य विकास अधिकारी नोडल अधिकारी स्वीप ने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में आयोजित कार्यक्रम से जनपद हमीरपुर के मतदाताओ को आगामी लोकसभा निर्वाचन पांचवें चरण दिनांक 20 मई 2024 को अपने अपने मतदान स्थल पर मतदान हेतु आमंत्रित करते हुए आमंत्रण पत्र जारी किया।

आमंत्रण पत्र डिजिटल एवं आफलाइन दोनों माध्यमों से मतदाताओं को पहुंचाया जा रहा है। इसको भेजनें का उत्तरदायित्व अकबर अली स्वीप कोऑर्डिनेटर हमीरपुर के माध्यम से जनपद के समस्त मतदेय स्थल के बीएलओ व सुपरवाइजर को दिया गया है। जो प्रत्येक मतदाता तक आमंत्रण पत्र भेजकर मतदान हेतु आमंत्रित करेंगे।

# अयान ने जनपद में पहला स्थान हासिल कर किया टाप



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** सीबीएसई बोर्ड हाई स्कूल का परिणाम घोषित हुआ जिसमें जनपद हमीरपुर के अयान अली पुत्र अकबर अली, सेठ आनंद राम जयपुरिया स्कूल ने 97 प्रतिशत अंक पाकर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अयान अली को सर्वाधिक गणित विषय में 99 अंक मिले। अयान ने बताया कि वह आईआईटी कर भारतीय प्रशासनिक सेवा आईएएस अधिकारी के रूप में देश की सेवा करना चाहतें हैं।

बताते चले कि अयान ने विगत वर्षो में ओलम्पियाड में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इनके पिता अकबर अली बेसिक शिक्षा विभाग में अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं तथा उनको भी उत्तर प्रदेश शासन द्वारा राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इनके बड़े भाई व बहन ने भी जनपद व प्रदेश में मैरिट में सर्वश्रेष्ठ स्थान पाकर जनपद का नाम रोशन किया था। इनके जनपद हमीरपुर में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय, परिवार एवं मुहल्ले में बधाईयां मिल रही है।

# एनटीपीसी विंध्याचल स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा वीपीएल-2024 क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा समय समय पर विभिन्न खेल कार्यक्रमों का आयोजन करती रहती है। इसी कड़ी में दिनांक 10.05.2024 को परियोजना के एनएच3 ग्राउंड में स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा 14 दिवसीय वीपीएल-2024 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में टोटल 08 टीमों से 140 प्रतिभागीगण बड़े ही उत्साह के साथ भाग ले रहे है। उद्घाटन मैच टीम विंध्य वेवराइडर्स बनाम टीम बीरा बॉयज़ के बीच खेला गया। टीम BIRA BOYZ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए विंध्य वेवराइडर्स की टीम ने 70 रनों का लक्ष्य रखा. इस लक्ष्य के जवाब में बीरा बॉयज़ 55 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई, इसलिए इस टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच विंध्य वेवराइडर्स ने 14 रन से जीत लिया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुये मुख्य महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा नें अपने उद्बोधन में कहा कि स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए सयंत्र में कार्य करने के साथ-साथ अपने दैनिक दिनचर्या में खेल-कूद को भी महत्व देना चाहिये। साथ ही उन्होनें सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और दैनिक जीवन में खेलों के महत्व के बारे में भी बताया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा उपस्थित रहें। साथ ही आयोजन के दौरान महाप्रबंधक (प्रचालन) पार्थ नाग, महाप्रबंधक (आर एल आई) त्रिलोक सिंह, एवं स्पोर्टस काउंसिल के अध्यक्ष व महाप्रबंधक(ग्रीन केमिकल्स) सुजय कर्माकर, जनरल सेक्रेटरी स्पोर्ट्स काउंसिल ओपी सिंह के साथ-साथ स्पोर्ट्स काउंसिल के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

## लोकसभा व दुद्धी उप चुनाव विधानसभा के उम्मीदवार का हुआ नामांकन

**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सोमवार को इंडिया गठबंधन के साथ हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं द्वारा जुलूस निकालकर कलेक्ट्रेट गेट तक पहुंच गया वहीं कार्यकर्ताओं का उत्साह व जोश के साथ इंडिया गठबंधन लोकसभा रावटसगंज व उप चुनाव दुद्धी विधानसभा के प्रत्याशियों का नामांकन दाखिल हुआ। समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामराज गोंड़, आम आदमी पार्टी व अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व विधायक रमेश दुबे पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा पूर्व जिला अध्यक्ष विजय यादव के नेतृत्व में प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पढ़ते हुए वहां मौजूद कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# केंद्रीय विद्यालय चोपन इण्टर व हाईस्कूल का परिणाम रहा शत प्रतिशत



**केंद्रीय विद्यालय चोपन के देवांस राय हाईस्कूल तो पंखुरी वर्मा, शिफा खान इंटर की बनी टापर**

अवधनामा संवाददाता

**चोपन/सोनभद्र।** सोमवार को स्थानीय केंद्रीय विद्यालय चोपन का सीबीएसई बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ जिसमें केंद्रीय विद्यालय इंटरमीडिएट व हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा 2024 का परिणाम विगत वर्षों की भर्ती इस वर्ष भी शानदार रहा इंटरमीडिएट परीक्षा में विज्ञान वर्ग की पंखुड़ी वर्मा 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान,साहिल शर्मा 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व अंशिका जायसवाल ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। वहीं इण्टरमिडिएट वाणिज्य वर्ग में शिफा खान 94.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, प्रिया अग्रवाल 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व कौशिकी मिश्रा ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया। वहीं हाईस्कूल में देवांश राय ने 97.2 प्रतिशतअंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अवक्षम श्रियाम ने 96 प्रतिशतअंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व शिवम् ने 89.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया । विद्यालय के प्रधानाचार्य अमरनाथ में उत्कृष प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और सहयोगी शिक्षकों को धन्यवाद दिया साथी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राओं के अभिभावकों की सक्रिय योगदान की सराहना भी की।

## सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में एमबीएम पब्लिक स्कूल का रिजल्ट रहा शत-प्रतिशत

**हाईस्कूल में श्रद्धा चौबे व इंटर में हिमांशु ने मारी बाजी**

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सेकेण्ड्री एजुकेशन द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं बारहवीं का परीक्षा परिणाम आज दिनांक 13 मई को अपरान्ह 12 बजे घोषित हुआ। माँ वैष्णों माडर्न पब्लिक स्कूल राबर्ट्सगंज में कक्षा 10 एवं 12 के परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ठ रहा जिसमें कक्षा 10 के टापर श्रेणीयों में श्रद्धा चौबे 95 प्रतिशत, शाश्वत चौबे 93 प्रतिशत, आकाश सिंह 91.8 प्रतिशत, अक्षरा सिंह 91.8 प्रतिशत, हर्षित त्रिपाठी 91.4 प्रतिशत, पृथ्वी 91.2 प्रतिशत, आयुष गुप्ता 91 प्रतिशत श्रेजल सिंह 90.6 प्रतिशत, शुभम मिश्रा 90.4 प्रतिशत, आयुषी, हर्ष, निखिल, 90.2 प्रतिशत अंक रहा। इसके साथ ही इंटर (कक्षा 12) के प्रमुख टॉपर हिमांशु गिरी 92.6 प्रतिशत, अमन पाठक 91 प्रतिशत, शशांक त्रिपाठी 90.4 प्रतिशत प्रिंस चौरसिया 90 प्रतिशत, भार्गवी चौबे 88.4 प्रतिशत, अंजली यादव 88.2 प्रतिशत व अनस रज़ा 88 प्रतिशत प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय को गौरान्वित किया। विद्यालय के प्रबंधक रमाशंकर ने बच्चों के अत्युत्तम प्रदर्शन पर अभिनंदन व्यक्त करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य कि कामना की, विद्यालय के प्रधानाचार्य सत्यदेव कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों के उत्कृष्ठ प्रदर्शन का श्रेय बच्चों के मेहनत व शिक्षकों के बेहतर मार्गदर्शन के बिना संभव नहीं हो पाता। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक कृष्णानंद मिश्रा, विशेष कुमार पाठक, अमित त्रिपाठी, अमित पटेल, जय प्रकाश, सोहन पाठक व कृष्णा मिश्रा ने बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

## एबीपीएस रेणुसागर का 10वी व 12वीं कक्षा का बोर्ड-रिजल्ट घोषित शत- प्रतिशत हुए पास

**96.6 प्रतिशत अंकों के साथ 10वीं में अल्लुरी श्रीपद वल्लभ व 12वीं में रोशन कुमार सिंह 92.8 प्रतिशत पाकर टॉपर**

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/अनपरा।** आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेणुसागर की 12 वीं कक्षा की परीक्षा में कुल 47 और 10 वीं की परीक्षा में 41 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जिसमे क्रमश रोशन कुमार सिंह 92.8,अंकों के साथ प्रथम, द्वितीय स्थान पर शुभ श्रीवास्तव 92 प्रतिशत अंक व तृतीय स्थान पर 90.6 अंकों के साथ कृति गौतम रही। इसी क्रम में 10 वीं कक्षा की परीक्षा में कुल 41 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जिसमे क्रमश प्रथम अल्लुरी श्रीपद वल्लभ 96.6,प्रतिशत अंक द्वितीय रूद्राक्ष सिंह 95.2 प्रतिशत अंक व तृतीय स्थान पर सक्षम सिंह 94 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया । एबीपीएस रेणुसागर का 10वी व 12वीं कक्षा में कुल 88 बच्चो ने भाग लिया जिसमे शानदार शत- प्रतिशत बच्चे पास हुए। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष व रेणुसागर के यूनिट हेड आर पी सिंह ने सभी सफल छात्रों तथा उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी है तथा अधिक परिश्रम करने एवं रेणुसागर का नाम रोशन करने का आह्वान किया है।

विद्यालय के प्रबंधक शैलेश विक्रम सिंह ने सभी सफल छात्रों को अपनी शुभकामना देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह ने भी सभी सफल छात्रों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा है कि ऐसा परीक्षाफल छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों के कठिन परिश्रम और आपसी सहयोग के कारण ही संभव होता है।

# माँ बच्चों को सदैव सफलता की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करती है: इंदू सिंह

अवधनामा संवाददाता




**सोनभद्र/अनपरा।** दिशिता बाल मंदिर स्कूल में मातृ दिवस का आयोजन कर धूमधाम धाम से मनाया गया,जिसमे बच्चो ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर बच्चे अपनी माँ के साथ डांस किये तथा मातृ दिवस पर अपनी माताओ का गुणगान किया। इस अवसर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दिशिता महिला मंडल की प्रमुख इंदू सिंह ने उपस्थित सभी को संबोधित करते हुए कहा कि संसार के सभी रिश्तों में माँ का रिश्ता सबसे पवित्र और सर्वोपरि है। माँ वही होती है जो हमें जन्म देती है, हमारा पालन-पोषण करती है और बिना किसी शर्त के हमारे सुख-दुख में हमारी सहयोगी बनती है। उनके अथाह त्याग, अपार स्नेह और निस्वार्थ प्रेम के आगे शब्द भी फीके पड़ जाते हैं। मातृ दिवस के अवसर पर हम अपनी माँ के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं और उनके ऋण को चुकाने का एक छोटा सा प्रयास करते हैं। माँ हमें सदैव सफलता की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने उपस्थित सभी माताओं को मातृ दिवस की हार्दिक शुभकामना दी तथा बच्चो के उज्जवल भभिस्य कि कामना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिशिता महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्याओं के आलावा बच्चों की माताएं व स्कूल की अध्यापिकाएं, गार्जियन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# 2014 से पहले भारत बदहाल था: मुख्यमंत्री

- बुंदेलखंड का तेजी से हो रहा विकास: मुख्यमंत्री
- इससे पहले सरकारें यहां कें संसाधनों का सिर्फ दोहन करती थीं: योगी



अवधनामा ब्यूरो

**बांदा/लखनऊ।** मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ नें यहां अतर्रा में चुनावी सभा में जमकर राजनीतिक एवं कूटनीति से भरी रंगबाजी दिखाई। जनता की वाह -वाही लूटने कें साथ ही अबकी बार चार सौ पार का नारा भी बुलंद कराया। कहा की बुंदेलखंड का तेजी से विकास हो रहा है। इसके पहले की सरकारें यहां कें संसाधनों का सिर्फ दोहन कर रहीं थीं।उन्होंने पूर्व की कांग्रेस, सपा, बसपा सरकारों पर जमकर निशाना साधा। चेतावनी दी की यदि इंडिया गठबंधन की सरकार आई तो वह विरासत टैक्स लगाकर जनता की प्रापर्टी हड़पने का कार्य करेंगी।

सीएम योगी नें चित्रकूट, कालिंजर एवं बांदा की धार्मिकता एवं ऐतिहासिकता को याद कर चुनावी मुद्दे को धार्मिकता एवं राममंदिर से जोड़ कर जन समूह में भाजपा के पक्ष में उत्साह भरा। चित्रकूट कें विकास के लिये पीएम मोदी एवं अपनी संकल्पता जाहिर की।

उन्होने कहा की सपा ने युवाओं के हाथों में तमंचा पकड़ाया था। हमने टैबलेट थमाया है। इस दौरान उन्होंने बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे, चित्रकूट में डिफेंस कारिडोर की चर्चा करते हुये उल्लेखनीय उपलब्धि बताई। बुंदेलखंड को पेयजल संकट से मुक्ति कें लिये हरघर नल जल योजना को सार्थक बताया।

इस दौरान मुफ्त राशन, 70 साल से ऊपर आयु वालों को आयुष्मान कार्ड बनाने का जिक्र किया। सीएम नें कहा कि 2014 से पहले भारत क्या था, एक बदहाल भारत था। आज देश की जनता विकसित भारत के रूप में नए भारत को देख रही है। राष्ट्रवाद के साथ खड़ी है। कहा की जनता कें रुझान को देखते हुये भाजपा को प्रदेश की सभी सीटें मिलनी तय है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग हिंदुस्तान में रहकर पाकिस्तान का राग अलाप रहें हैं, पाकिस्तान चले जाये, वहां भूखों मरें लेकिन भारत पर बोझ न बनें। सीएम नें भाजपा प्रत्याशी आरके पटेल को जिताने की अपील की। उनके संबोधन कें पूर्व जनसभा को राज्य मंत्री रामकेश निषाद, विधायक प्रकाश दिवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल आदि नें भी संबोधित किया।

## डबल इंजन सरकार से प्रदेश का तेजी से हुआ विकास

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को मीरजापुर लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल की नामांकन सभा को संबोधित किया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा की डबल इंजन सरकार के माध्यम से प्रदेश का विकास जोरों से हुआ है। मोदी की लोकप्रियता देखकर विपक्ष के लोग परेशान हैं और यही कारण है कि चुनाव प्रचार के लिए भी नही निकल रहे है। नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने की बाद भारत की राजनीति में बड़ा बदलाव आया है और राजनीति गरीब, किसान, महिला तथा नौजवान की बेहतरी के लिए केन्द्रित हुई है।

# मैंने नफरत के बीच मोहब्बत की दुकान खोली आपने शॉपिंग मॉल खोल दिया: राहुल गांधी

- मैं करोड़ों को लखपति बनाने का काम करूंगा
- चार जून के बाद करोड़ों गरीबों की लिस्ट बननी शुरू हो जाएगी: राहुल




अवधनामा ब्यूरो

**रायबरेली/लखनऊ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि कश्मीर से कन्या कुमारी तक पैदल यात्रा करके मैंने नफरत के बीच मोहब्बत की दुकान खोली थी। सोमवार को सुबह जब मैं रायबरेली पहुंचा तो देखा कि यहां तो लोगों मोहब्बत का शॉपिंग माल ही खोल दिया है। वह लालगंज के बैसवारा इंटर कॉलेज में आयोजित एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी चार सौ सीटें लाकर संविधान को बदल देना चाहते हैं। संविधान बदलने के बाद फिर आप लोग जानते हैं कि क्या होगा? देश में अडानी अंबानी की सरकार चलने लगेगी फिर वही होगा जो वह चाहेंगें लेकिन देश की जनता ऐसा होने नहीं देगी। यह चुनाव जनता का चुनाव है। संविधान को बचाने का चुनाव है। मोदी की सेना में लाई गई अग्निवीर योजना पर तंज कसते हुए कहा कि उसमें भी मोदी सरकार केवल अमीरों के युवकों को भरेगी। यदि लड़ाई में अग्निवीर मर जाता है तो उसे शहीद का दर्जा नहीं दिया जाएगा। चार जून का इंतजार करिए। इस अग्निवीर योजना को मैं कूडेंदान में फेंक दूंगा। मोदी ने 20-25 बड़े लोगों को करोड़ों का फायदा पहुंचाने का काम किया है। मैं करोड़ों को लखपति बनाने का काम करूंगा। चार जून के बाद करोड़ों गरीबों की लिस्ट बननी शुरू हो जाएगी।

## छात्राओं ने किया स्कूल का नाम रौशन



**लखनऊ।** इंद्रा नगर के रहने वाले कमल कुमार सेवारामनी की बेटी फलक सेवारामनी सेंट्रल अकादमी स्कूल की सीबीएसई बोर्ड की छात्रा हैं उन्होंने 94 प्रतिशत अंक हासिल करके स्कूल का नाम रौशन किया। वहीं उनकी दूसरी बेटी तनुश्री सेवारामनी जो रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल स्कूल में सीबीएसई बोर्ड की कक्षा 12 की छात्रा हैं। उन्होंने 94.4 प्रतिशत अंक हासिल करके स्कूल का नाम रौशन किया।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**लखनऊ।** नगर निगम द्वारा संचालित चिल्ड्रेन पैलेस प्री नर्सरी स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका सविता सिंह ने अभिभावकों से चुनाव में शत प्रतिशत वोट करने की अपील की, साथ ही अपने करीबियों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

## स्टडी प्वाइंट क्लासेज द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन



**लखनऊ।** आज स्टडी प्वाइंट क्लासेज, मक्कागंज, लखनऊ द्वारा अपने छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए कैफे ब्रॉडवे 9 के पास सीतापुर रोड डालीगंज रेलवे क्रॉसिंग पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस वर्ष यूपी और सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रतिभा राज ने विद्यार्थियों को माला पहनाकर उन्हें ट्रॉफी प्रदान कर प्रोत्साहित किया त, बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा शिक्षा के साथ-साथ प्रशिक्षण पर भी ध्यान देना चाहिए। बच्चों ने अच्छे नंबर लाकर इलाका और स्टडी प्वाइंट क्लासेस का नाम रोशन किया इस सम्मान समारोह में स्टडी प्वाइंट के सभी शिक्षक एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# रैबीज फ्री प्रदेश बनाने के लिए डॉक्टरों ने लिया संकल्प

- भविष्य में हर बड़े शहर में सेंटर खोलने की योजना



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सोसाइटी ऑफ एक्यूट केयर, ट्रॉमा एंड इमरजेंसी मेडिसिन द्वारा मानव रैबीज की रोकथाम और प्रबंधन विषय पर एक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में इस क्षेत्र के विशेषज्ञों डॉक्टरों ने इस विषय पर अपने विचार रखे। डॉ. एम एन सिद्दीकी की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में पद्म श्री डॉ. ओमेश कुमार भारती मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद थे। यहां डॉक्टरों ने रेबीज रोकथाम को लेकर हो रहे नए-नए प्रयासों पर प्रस्तुति दी। डॉ. पंकज सक्सेना, संयुक्त निदेशक, छ्लक्ष-क्क मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस कार्यक्रम में लखनऊ के साथ देश के कई वरिष्ठ चिकित्सक शामिल हुए।

मेडिकल की पढ़ाई कर रहे नवोदित डॉक्टरों ने भी इस कार्यक्रम में शिरकत की। सैक्टम के संस्थापक और अध्यक्ष डॉ. लोकेंद्र गुप्ता ने इस क्षेत्र में सुधार और विकास की संभावनाओं पर अपनी बात रखी। इस कार्यक्रम में संस्था ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ रेबीज फ्री लखनऊ और अयोध्या कार्यक्रम पर सहयोग करने की घोषणा की।

# इंडी गठबंधन में एक भी ईमानदार नेता नहीं: केशव

- समाजवादी पार्टी ने राजनीति का अपराधीकरण किया



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को भाजपा प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह वर्मा के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने जालौन जिले के माधौगढ़ में स्वर्गीय वीर बहादुर महाविद्यालय पहुंचे। उन्होंने कहा कि गुंडे, माफियाओं को संरक्षण देने वाले और उनकी कब्र पर जाकर फातिहा पढ़ने वाले लोगो से लोकतंत्र को खतरा है। श्री मौर्य ने कहा पूरे इंडी गठबंधन में एक भी ईमानदार नेता नहीं है, सब के सब भ्रष्टाचार में डूबे हैं। सारे बेईमान लोग ईमानदारी से काम कर रहे मोदी के विरोध में काम कर रहे हैं। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों की भलाई के लिए अनेक काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि आपने कमल का बटन दबाया, जिसके बाद गरीबों को आवास, महिलाओं को शौचालय, किसानों को सम्मान निधि, कश्मीर से धारा 370 को हटाया, राम लला का मंदिर निर्माण और दुनिया में 11 नंबर की अर्थव्यवस्था को पांचवे नंबर पर लाकर मोदी सरकार ने ऐतिहासिक काम किया है। उन्होंने कहा कि 2024 में मोदी के देश के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही देश की अर्थव्यवस्था विश्व में तीसरे स्थान पर होगी। श्री मौर्य ने कहा कि 2017 में जब सपा कांग्रेस ने गठबंधन किया तो भाजपा को 325 सीट मिली। 2019 में बसपा और सपा ने गठबंधन किया, तब भी बीजेपी को 64 सीट मिली और इस बार तो बीजेपी 80 की 80 सीट जीतने जा रही है, इनका गठबंधन फेल है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने राजनीति का अपराधीकरण किया। यही कारण है कि वह सत्ता से बाहर चले गए और अब वह वापस आने वाले नहीं है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी रायबरेली और अखिलेश यादव कन्नौज से हार रहे है। यह सभी इसलिए एक साथ आए हैं, जिससे एक गरीब का बेटा प्रधानमंत्री तीसरी बार न बन सके, क्योंकि वह गरीबों की भलाई करने में लगे हुए हैं।

## दोनों ही चरणों में जनता ने विपक्ष का सूपड़ा साफ किया

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने सोमवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रदेश के सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर के साथ पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि चार चरण का चुनाव संपन्न हो चुका है। चार चरणों में भाजपा के पक्ष में जो माहौल बना है उससे यह साफ है कि मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा को जनादेश मिल रहा है।

स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि जनता जनार्दन ने अब प्रदेश की सभी 80 सीटों पर कमल खिलाने का स्पष्ट मन बना लिया है। दोनों ही चरणों में जनता ने विपक्ष का सूपड़ा साफ कर दिया है। बीते तीन चरणों में हार की हताशा में सपाई और इंडी पार्टनर्स तीसरे चरण में हिंसा पर उतारू हो गये। उनके नेता अपने बयानों से लोगों को भड़काने का कुकृत्य करने लगे हैं।

## प्रवास कार्यक्रम

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार 14 मई 2024, को वाराणसी, अमेठी, बाराबंकी और लखनऊ के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सुबह 10:45 बजे वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नामांकन में उपस्थित रहेंगे तथा दोपहर 12 बजे रूद्राक्ष कन्वेशन सेंटर वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ कार्यकर्ता सम्मेलन में सम्मिलित होगें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर 02:55 बजे मुबारकपुर, जायस रोड, जगदीशपुर, अमेठी में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगें तथा सायं 04 बजे दरियाबाद रेलवे स्टेशन के पास मैदान, बाराबंकी में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगें। तत्पश्चात् सायं 07 बजे अवध चौराहा, कैंट, लखनऊ में जनसभा को सम्बोधित करेंगें।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी

**लखनऊ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी मंगलवार 14 मई 2024, को वाराणसी और अमेठी के प्रवास पर रहेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी वाराणसी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नामांकन में उपस्थित रहेंगे तथा विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित रहेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी दोपहर 02:30 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ हिन्दुस्तान ऐरोनॉटिक्स लिमिटेड (एच.ए.एल.) कोरवां, मुंशीगंज अमेठी में आयोजित जनसभा में सम्मिलित होगें।

### उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मंगलवार 14 मई को बाराबंकी, बस्ती और अम्बेडकरनगर के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सुबह 11 बजे लोधेश्वर मंदिर महादेवा के बगल मैदान, रामनगर, बाराबंकी में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे तथा दोपहर 12:30 शिवपुर, टनिच बभनान, एफसीआई गोदाम के सामने कप्तानगंज, बस्ती में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके पश्चात् दोपहर 02 बजे बैरमपुर बगिया, इल्तफातगंज, अम्बेडकरनगर में आयोजित सामाजिक सम्मेलन को सम्बोधित करेंगें।

### उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मंगलवार 14 मई को लखनऊ के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सायं 7 बजे अवध चौराहा कैण्ट, लखनऊ में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

### पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. हर्षवर्धन

लखनऊ। पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. हर्षवर्धन मंगलवार 14 मई को गोरखपुर के प्रवास पर रहेंगे। पूर्व केन्द्रीय मंत्री डा. हर्षवर्धन सायं 6 बजे गोरखपुर क्लब, गोरखपुर में आयोजित चिकित्सक सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

# राजनाथ सिंह का मुसलमानों के साथ दिल का रिश्ता है: आनन्द द्विवेदी



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मौसम के उतार-चढ़ाव के बीच चुनावी तामपान धीरे-धीरे ही सही लेकिन गर्म होना शुरू हो गया है। यह कहा जा रहा है कि जैसे-जैसे मतदान की तारीख करीब आती जाएगी, वैसे-वैसे चुनावी तापमान और बढ़ेगा। विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा राजधानी में चुनाव प्रचार जारी है। इसी क्रम में चौक राजाबाज़ार वार्ड के कटरा मोहल्ले में बीजेपी के मंडल उपाध्यक्ष सैय्यद हैदर अब्बास मीनू के द्वारा पार्टी उम्मीदवार राजनाथ सिंह के समर्थन मे आयोजित गई एक चुनावी सभा में स्थानीय मुसलमानों के बीच भारी उत्साह नज़र आया। इस चुनावी सभा मे आमंत्रित मुख्य अतिथि बीजेपी के शहर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, बीजेपी के वरिष्ठ नेता व पूर्व पार्षद रजनीश गुप्ता, मौजूदा पार्षद राहुल मिश्रा, बीजेपी नेता मोहम्मद वसी हैदर उपस्थित थे। जिन्होंने चुनावी सभा को संबोधित किया। आनन्द द्विवेदी ने सभा को संबोधित करते हुए लोगों से अपील की कि जीत की हैट-ट्रिक बनाने जा रहे राजनाथ सिंह को इस बार पूर्व की तुलना में और भी भारी मतों से जिता कर राजधानी लखनऊ के नाम एक नए रिकार्ड को दर्ज करें। वहीं बीजेपी के वरिष्ठ नेता व पूर्व पार्षद रजनीश गुप्ता ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजनाथ सिंह की जीत हमारी आपकी जीत होगी, क्योंकि वे हम लोगों के ही बीच के हैं। मौजूदा पार्षद राहुल मिश्रा ने कहा कि राजधानी लखनऊ की सीट से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की राजनीतिक विरासत को संभाले हुए राजनाथ सिंह लखनऊ में काफी लोकप्रिय हैं और इसी कारण उनकी जीत को लेकर कोई शक नहीं, बस जीत का अंतर इस बार बड़ा होना चाहिए।

## मायावती झांसी में करेंगी चुनावी सभा

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बी.एस.पी.) की राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व सांसद मायावती, देश में 18वीं लोकसभा के लिए हो रहे आमचुनाव में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में देश भर में की जाने वाली जनसभाओं के क्रम में कल दिनांक 14 मई सन् 2024, दिन मंगलवार को झांसी में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बहन मायावती जी की यह चुनावी जनसभा यूपी के झाँसी ज़िला में गुरसराय स्थित त्यागमूर्ति आत्माराम खेर इण्टर कालेज के बालक विभाग मैदान में आयोजित की गयी है। उल्लेखनीय है कि देश में 'बहुजन हिताय व बहुजन सुखाय' के व्यापक हित व कल्याण के मद्देनजर ही बी.एस.पी., इस लोकसभा आमचुनाव में किसी भी, पार्टी अथवा गठबन्धन आदि से कोई तालमेल या समझौता किये बिना ही पूरे देश में अपनी पार्टी के लोगों के ही तन, मन, धन के बल पर पूरी तैयारी व दमदारी के साथ अकेले यह संसदीय आमचुनाव लड़ रही है।

# आप अपना नमक खा रहे, भाजपा और आरएसएस का नहीं, कोई अपनी जेब से नहीं खिला रहा: मायावती

- जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही भारतीय जनता पार्टी
- मुस्लिमों का हो रहा उत्पीड़न: मायावती



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने सोमवार को सरोजनीनगर में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभा में भाजपा और आरएसएस पर नमक के बदले वोट मांगने का आरोप लगाते हुए कहा कि गरीबों को मुफ्त राशन जनता के टैक्स के पैसों से दिया जा रहा है। वह अपनी जेब से आपको राशन नहीं दे रहे हैं। आप अपना नमक खा रहे हैं, भाजपा और आरएसएस का नहीं।

उन्होंने कहा कि केंद्र में बसपा की सरकार बनने पर अवध को अलग राज्य बनाया जाएगा, जिसमें लखनऊ भी शामिल होगा। बीते कई सालों से इसकी लगातार मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि चुनाव फ्री और फेयर हुआ तो इस बार केंद्र में भाजपा की सरकार आसानी से नहीं बनेगी। कोई भी जुमलेबाजी, नाटकबाजी और गारंटी काम नहीं आएगी। भाजपा सरकार पर दस साल से पूंजीपतियों और धन्नासेठों को मालामाल करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यही इनका संगठन चलाते हैं और चुनाव लड़वाते हैं। इलेक्टोरल बांड से यह साबित भी हो चुका है। बसपा को छोड़कर सभी दलों ने धन्नासेठों से पैसा लिया है। हमारी पार्टी संगठन चलाने और चुनाव लड़ने के लिए केवल कार्यकर्ताओं से थोड़ा पैसा लेती है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपनी गलत नीतियों के कारण केंद्र और राज्यों की सत्ता से बाहर होना पड़ा। यही हालत उसके सहयोगी दलों की भी हुई। कांग्रेस की तरह भाजपा ने भी जांच एजेंसियों का राजनीतिकरण कर दुरुपयोग किया है। इनको केंद्र की सत्ता में आने से रोकना है। देश में गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई बढ़ रही है और भ्रष्टाचार कम होने का नाम नहीं ले रहा है। ये दल साम, दाम, दंड, भेद अपनाकर सत्ता में आना चाहते हैं। आपको ओपिनियन पोल, सर्वे आदि से गुमराह नहीं होना है। किसी के लुभावने घोषणा पत्र के बहकावे में नहीं आना है। बसपा काम करने पर यकीन करती है, इसलिए कोई घोषणा पत्र जारी नहीं करती है। कहा, हमने अपनी सरकार में लखनऊ की पहचान को बदल दिया था। अब लोग यूपी आने पर लखनऊ जाने को बोलते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र में बसपा सरकार बनने पर हिंदुत्व की आड़ में मुस्लिमों का द्वेष की भावना से किया जा रहा उत्पीड़न भी रोका जाएगा। कांग्रेस की तरह भाजपा की भी जातिवादी और सांप्रदायिक सोच है। यह दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, मुस्लिमों का विकास और उत्थान नहीं कर सके। सपा सरकार में तो अखिलेश यादव ने पदोन्नति में आरक्षण को ही खत्म कर दिया था।

# इरम पब्लिक कॉलेज के छात्रों का बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन





अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद् के आज घोषित नतीजों में इरम पब्लिक कॉलेज के छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया। इस अवसर पर इरम शैक्षणिक समूह के प्रबंधक डॉ. बज्मी युनूस ने बताया कि इण्टर परीक्षा में मुसफ्फा फातिमा हाई स्कूल में गौरी सिंह ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। कई छात्रों ने 93 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये। इस अवसर पर संस्था के निदेशक ख्वाज़ा फैज़ी युनूस एवं सचिव सैफी युनूस एवं प्रधानाचार्या सहर सुल्तान ने सफल छात्रों को बधाई दी एवं बेहतरीन भविष्य की कामना की।

# प्रेस छायाकार, न्यूज़ चैनल कैमरामैन व फोटोग्राफी विधा से जुड़े लोगों को एसएम पारी सम्मान

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मीडिया फोटोग्राफर्स क्लब की ओर से विकासदीप में आयोजित भव्य समारोह में प्रेस छायाकार, न्यूज़ चैनल कैमरामैन व फोटोग्राफी विधा से जुड़े लोगों को एसएम पारी सम्मान से नवाजा गया। मई दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में निशुल्क चिकित्सा शिविर और काव्य समारोह का आयोजन भी फोटो वायस पत्रिका की सम्पादक मंजू श्रीवास्तव के संयोजन में हुआ। कार्यक्रम मीडिया फोटोग्राफर क्लब के संस्थापक एसएम पारी को समर्पित था। अतिथियों के रुप में संजय गुप्ता, मनीष शुक्ला, गुड्डू त्रिपाठी, श्याम सिंह पंवार, आनंदेश्वर पाण्डेय ने स्मृति चिन्ह भेंट कर फोटोग्राफर योगेश आदित्य, चिकित्सक डा. उमंग खन्ना, पत्रकार शबाहत हुसैन विजेता, शायर डा.सुल्तान शाकिर हाशमी, फ़ूड मैन विशाल सिंह,



पत्रकार अशोक नवरत्न, एसआई शहनाज शिंदे, दिवाकर खरे, देवीदयाल अग्रवाल को एसएम पारी सम्मान प्रदान किया। सुबह लगे निःशुल्क चिकित्सा शिविर में लालकुआं, छितवापुर, चारबाग, हुसैनगंज के नागरिक भी लाभ लेने पहुंचे। रजनीश यादव, संदीप रस्तोगी, अशोक दत्ता, नीरज जायसवाल, आरबी थापा, अभिषेक चौधरी, एएन रावत, कमाल वेग, नदीम जाफर, सीपी पाण्डेय, आकाश गौतम, विजय सिंह सनी, सुनील रावत, मनु चन्द्रा, प्रताप कुमार, सविनय श्रीवास्तव, मो.जुबेर, विनय कुमार, रवि साहू, मो.शमीम, सुरेन्द्र कुमार, जरगाम हैदर, सज्जाद बाकर, अजय शर्मा, पंकज श्रीवास्तव, हेमवंत सिंह, गजेन्द्र सिंह रावत, अभिषेक माथुर, अमित वर्मा, मुकेश गुप्ता, बृजेश भाटिया, सोमेश गुहा, रवि यादव, राज किशोर रज्जू, राजेश कुमार, महेश दीक्षित, नवनीत गुप्ता, देवेश श्रीवास्तव, दिव्यांश श्रीवास्तव, प्रेमचंद, पंकज त्रिपाठी, नईम अहमद वरश, अरशाना, अतुल कुमार मिश्रा, संजय अस्थाना, राजीव रावत, एजाज अली, अविनाश निगम, सत्य प्रकाश गुप्ता, मोहम्मद फैसल, परमानन्द प्रसाद, ज्योति किरन, हेमलता, राजेश कुमार व समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

# डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर गुडम्बा में एलडीए ने की कार्रवाई

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर सोमवार को प्रवर्तन जोन-5 टीम ने गुड़म्बा में कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना अवैध रूप से बनाए जा रहे सिटी क्लब मैरिज लॉन सहित तीन व्यवसायिक निर्माणों को सील किया गया। प्रवर्तन जोन-5 के जोनल अधिकारी राजकुमार सिंह ने बताया कि राजेश मौर्य व अन्य की ओर से गुड़म्बा के गौराबाग में कुर्सी रोड पर अवैध रूप से सिटी क्लब फेस-2 के नाम से मैरिज लॉन का निर्माण करा संचालित किया जा रहा था। वहीं आशीष यादव व अन्य की ओर से गुड़म्बा के कल्याणपुर पश्चिम के अर्जुन एन्क्लेव में कृतिका मोटर्स के पास भूतल व प्रथम तल पर दुकानों का निर्माण कराया जा रहा था। इसके अलावा मोहम्मद कैफ व अन्य की ओर से गुड़म्बा के अबरार नगर में नासा हॉस्पिटल के सामने अवैध रूप से दो मंजिला शॉपिंग कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया गया था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किये गये अवैध निर्माण कार्यों के खिलाफ विहित न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे। सोमवार को सहायक अभियंता प्रवीण कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता सुरेन्द्र द्विवेदी व शिव कुंवर ने सीलिंग की कार्रवाई कराते हुए तीनों परिसरों को सील कराया।